

वाराणसी, गुरुवार 19 दिसम्बर, 2024

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

पौष, कृष्ण पक्ष 4, वर्ष 13, अंक 311, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : आखिर हम कितना पीछे जाएंगे

अन्दर : रविचंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास




# बेकाबू नेवी बोट ने यात्री नाव को मारी टक्कर, 13 की मौत


## गेटवे ऑफ इंडिया के पास हुए हादसे में 101 लोग बचाए गए

**दुर्घटना**

### नाव में सवार थे 110 लोग सीएम फडणवीस ने दिया जांच का आदेश

**मुंबई।** मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया के पास नौसेना जहाज के एलीफेंटा द्वीप जा रहे नीलकमल नामक एक यात्री जहाज से टकराने से बड़ा हादसा हो गया। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक इस हादसे में तीन नौसेना के जवान समेत कुल 13 लोगों की मौत होने की खबर सामने आ रही है। वहीं 101 अन्य यात्रियों को बचाए जाने की बात कही जा रही है। जबकि कई लोगों की तलाश अभी भी जारी है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा मुंबई के पास बुचर द्वीप पर नौसेना की एक नाव दोपहर करीब 3.55 बजे 'नीलकमल' यात्री जहाज से टकरा गई। शाम 7.30 बजे तक की जानकारी के अनुसार 101 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है और 13 लोगों की मौत हो गई है। 13 मृतकों में 10 नागरिक और 3 नौसेना के जवान हैं।



उन्होंने कहा कि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें नौसेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 11 क्राफ्ट और 4 हेलीकॉप्टरों का उपयोग करते हुए नौसेना, तटरक्षक और पुलिस ने बचाव अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि लापता लोगों के बारे में अंतिम जानकारी कल सुबह उपलब्ध होगी। जानकारी के अनुसार नौका में लगभग 110 लोग सवार थे, हालांकि सटीक संख्या की पुष्टि नहीं हो पाई है। यह नौका मुंबई के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एलीफेंटा द्वीप की ओर जा रही थी, जब करीब शाम 4 बजे एक छोटी नाव उससे टकरा गई और इसके बाद नौका पलट गई। घटना के तुरंत बाद जारी वीडियो में बचाव अभियान चलता हुआ दिखाया गया। वहीं रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि नौसेना और तटरक्षक बल ने बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया है। नौसेना की 11 नावें और मरीन पुलिस की तीन नावें और तटरक्षक बल की एक नाव को इलाके में तैनात किया गया है।रक्षा अधिकारी ने आगे बताया कि अन्य एक दर्जन से ज्यादा यात्रियों की खोज और बचाव अभियान में चार हेलीकॉप्टर शामिल है, वहीं इसमें स्थानीय पुलिस, जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण और इलाके के मछुआरे भी बचाव कार्य में शामिल हैं।

### मृतकों के परिवारों को 5-5 लाख आर्थिक सहायता की घोषणा

मुख्यमंत्री फडणवीस ने बोट हादसे में मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता घोषित की है। उन्होंने कहा कि यह राशि मुख्यमंत्री सहायता निधि से प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस घटना की विस्तृत जांच होगी। नौसेना के साथ पुलिस भी मामले की जांच करेगी।



# आंबेडकर पर संसद के अंदर और बाहर संग्राम



**नई दिल्ली।** संसद में मंगलवार को बाबा साहब आंबेडकर पर अमित शाह के टिप्पणी किए जाने पर सियासी तूफान खड़ा हो गया है। विपक्ष जहां गृहमंत्री अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग पर अड़ा है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका बचाव करते हुए कहा कि शाह ने आंबेडकर का अपमान करने वालों के काले इतिहास को उजागर किया है। विपक्षी सांसदों ने संसद के बाहर बाबा साहब की हाथ में तस्वीर लेकर जोरदार प्रदर्शन भी किया। इसके पहले संसद में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, कांग्रेस, नेहरू और गांधी फैमिली को नीचा दिखाने के लिए अमित शाह ने यह बातें मंगलवार की हैं, जो व्यक्ति ऐसी बातें बोल रहा है और सारे देश में टीवी पर लाइव चल रही हैं, उनको प्रधानमंत्री टोक नहीं रहे हैं। जिस विचारधारा को आंबेडकर नहीं मानते, स्वर्ग और नर्क की बात उन्होंने कभी कही नहीं। वैसी बातें लेकर गृह मंत्री बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदीजी ने गृहमंत्री को डिफेंड करने के लिए 6 ट्वीट किए। क्या जरूरत थी ऐसा करने की। अगर कोई अंबेडकर के बारे में गलत बोलता है, तो उसको अपनी कैबिनेट से निकाल देना चाहिए था। लेकिन दोनों बड़े गहरे दोस्त हैं, एक-दूसरे के पाप को सपोर्ट करते हैं। इन्होंने पाप किया, गलत बोला तो मोदीजी सपोर्ट करते हैं, मोदीजी करते हैं तो वो सपोर्ट करते हैं। उनकी वही मानसिकता है इसीलिए आंबेडकर के बारे में ऐसी बात बोलीं। अमित शाह को माफीनामा देना चाहिए। मोदीजी को अगर जरा भी अंबेडकर के बारे में श्रद्धा है तो रात 12 बजे से पहले शाह को बर्खास्त कर देना चाहिए। नहीं तो देशभर में प्रदर्शन होगा। शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान कहा था , अभी एक फैशन हो गया है। आंबेडकर, आंबेडकर... इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। पीएम नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बाबा साहब अंबेडकर पर अमित शाह द्वारा की टिप्पणी का बचाव करते नजर आए उन्होंने कहा कि शाह ने अंबेडकर का अपमान करने के कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया है, जिसके बाद वे उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से स्पष्ट रूप से स्तब्ध हैं। एक्स पर पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सालों तक सत्ता में रही, लेकिन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों को सशक्त बनाने के लिए कुछ नहीं किया। पीएम मोदी ने कहा कि संसद में अमित शाह ने डॉ. अंबेडकर का अपमान करने और एससी-एसटी समुदायों की अनदेखी करने के कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया है। यही कारण है कि वे अब नाटकीयता में लिप्त हैं! उनकी लोग सच्चाई जानते हैं।

**वार-पलटवार**

### पीएम मोदी ने जहां अमित शाह का बचाव किया वहीं कांग्रेस ने गृहमंत्री का इस्तीफा मांगा


NARAYANDAS

नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स (प्रा०लि०)

सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण

• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •

रथयात्रा : 8303173010

अर्दली बाजार : 9696470424

ठठेरी बाजार : 8318650589

SUNDAY OPEN

•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी

•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•


## किसान आंदोलन के बीच कृषि मामलों की स्टैंडिंग कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली ।** संसद की कृषि मामलों की स्टैंडिंग कमेटी ने अपनी सिफारिशों में न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और कथित रूप से किसानों की आत्महत्या की वजह से कर्ज माफी की सिफारिश की है। इस कमेटी के चेयरमैन कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी हैं। रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा गया है। कमेटी ने तर्क देकर कहा है कि इस तरह के उपाय से किसानों के आत्महत्या के मामलों में काफी कमी आ सकती है और उनकी (किसानों को) वित्तीय स्थिति बेहतर की जा सकती है। कांग्रेस सांसद चन्नी की अध्यक्षता वाली कृषि, पशुपालन और फूड प्रोसेसिंग पर संसद की स्थायी समिति ने कानूनी रूप से गारंटीशुदा एमएसपी के संभावित लाभ पर प्रकाश डालते हुए संसद को एक रिपोर्ट सौंपी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि कमेटी दृढ़ता से अनुशंसा करती है कि कृषि और किसान कल्याण विभाग जल्द से जल्द कानूनी गारंटी के रूप में एमएसपी को लागू करने के लिए एक रूपरेखा घोषित करे।

## फायरिंग रेंज में ब्लास्ट दो जवानों की मौत

**बीकानेर ।** राजस्थान के बीकानेर में महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के नॉर्थ कैंप में प्रैक्टिस के दौरान ब्लास्ट होने से 2 जवानों की मौत हो गई। एक जवान गंभीर रूप से घायल है। उन्हें सूरतगढ़ के मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में 4 दिन में यह दूसरा हादसा है। दोनों हादसों में 3 जवानों की मौत हुई है। सेना के प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने बताया- हादसा फायरिंग रेंज के चार्ली सेंटर पर हुआ, जहां सैन्य अभ्यास चल रहा था।

# प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान बड़ी घटना हुई है। प्रदर्शन में शामिल युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात पांडेय की मौत हो गई है। कांग्रेस ने पुलिस की धक्कामुक्की और नोकझोंक को घटना का कारण बताया है। घटना की जानकारी मिलने पर यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी सिविल अस्पताल पहुंचे। मौत का कारण अभी पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। इससे पहले पुलिस की धक्कामुक्की के कारण प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी बेहोश हो गए थे। युवा कांग्रेसी की मौत पर कांग्रेस ने पुलिस के बल प्रयोग और नुकीले बैरिकेड्स को कारण बताया है। कांग्रेस ने कहा कि आज विधानसभा घेराव करने जा रहे कांग्रेसजनों को रोकने के लिए पुलिस द्वारा किये जा रहे धक्का-मुक्की व बल प्रयोग से गोरखपुर निवासी युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात पाण्डेय की मौत हो गई है। इस घटना से पूरा कांग्रेस परिवार आहत और आक्रोशित है।प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एक्स पर लिखा कि विधानसभा घेराव के लिए जाते समय पुलिसिया बर्बरता के कारण हमारे युवा साथी प्रभात पाण्डेय नहीं रहे। यह घटना बेहद दुःखद और निंदनीय है। इस दुर्घटना से हमारा कांग्रेस परिवार आहत और आक्रोशित है।कांग्रेस ने जन सरोकार के मुद्दों पर योगी सरकार के विफल रहने का आरोप लगाते हुए लखनऊ में हजारों कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता बुधवार को विधानसभा को घेरने के इरादे से कार्यालय मुख्यालय पर एकत्र हुए थे। पुलिस के सख्त पहरे के चलते उनका अभियान पार्टी दफ्तर से चंद कदम दूर तक ही चल सका।

**नोकझोंक**

### कांग्रेस ने पुलिस के बल प्रयोग और नुकीले बैरिकेड्स को कारण बताया

## हिरासत में लेते ही प्रदेश अध्यक्ष अजय राय बेहोश

**तबीयत बिगड़ी**

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस का बल प्रयोग

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा को घेरने की कोशिश में बुधवार को कांग्रेस नेताओं और पुलिस के बीच जबरदस्त कहासुनी और झड़प हो गई। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय खुद पुलिस की बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। नीचे उतरे तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच नोकझोंक शुरू हो गई। पुलिस ने बल प्रयोग किया तो अजय राय की हालत खराब हो गई। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। अजय राय के गिरते ही कांग्रेसियों ने हंगामा शुरू कर दिया। पानी छिड़ककर अजय राय को होश में लाया गया। कांग्रेस ने जन सरोकार के मुद्दों पर योगी सरकार के विफल रहने का आरोप लगाते हुए विधानसभा को घेरने का कई दिनों पहले ही ऐलान किया था। इसी के तहत बुधवार की सुबह ही प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, महासचिव अविनाश पांडे समेत तमाम नेता कांग्रेस मुख्यालय में एकत्र हुए लेकिन पुलिस के चाक चौबंद इंतजामों के बीच उन्हे बाहर निकलने की इजाजत नहीं दी गई।दफ्तर के बाहर सुबह से ही बड़ी संख्या में पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानो को तैनात कर दिया गया था। कांग्रेस पार्टी दफ्तर मार्ग पर डबल लेयर्ड बैरीकेडिंग लगायी गई। नाकाबंदी मजबूत करने के लिए बैरीकेडिंग के साथ सड़कों पर गड्ढा कर बल्लियां भी लगा दी गई।इसके बाद भी कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने ऐलान के मुताबित विधानसभा को घेरने के लिए सड़क पर आ गए। पुलिस की बैरिकेडिंग के ऊपर अजय राय समेत तमाम कार्यकर्ता चढ़ गए। पुलिस के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी भी शुरू कर दी।



## संक्षेप

### सहारनपुर के सीएमओ पर एक लाख का जुर्माना

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश के बाद भी अस्पताल के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करने पर सहारनपुर के सीएमओ पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कहा है कि सीएमओ आदेश व कानून की अनदेखी कर रहे हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनादी रमेश की खंडपीठ ने सहारनपुर के अनाया हेल्थ सेंटर व अन्य की दाखिल याचिका पर दिया।

### बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेगी सपा

**नागपुर।** महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी ने दावा किया कि बीएमसी चुनाव सपा अकेले ही लड़ेगी। महाविकास अघाड़ी से पूरी तरह से किनारा करने पर अबू आजमी ने कहा कि हम सेक्युलर लोग हैं। बाबरी मस्जिद को ध्वस्त किया गया, ऐसा करने वाले लोगों को कोर्ट अपराधी मानता है, वहीं कुछ लोग कहेंगे कि हम उनको बधाई देना चाहते हैं। यह संविधान के खिलाफ है और ऐसे लोगों के साथ समाजवादी पार्टी नहीं रह सकती है। उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से इस पर बात हो गई। बीएमसी का चुनाव सपा अकेली लड़ेगी।

### हर कैटेगरी के बुजुर्गों को मुफ्त में मिलेगा इलाज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले घोषणा की कि 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों का मुफ्त इलाज होगा। उन्होंने बुधवार को बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना का ऐलान किया। केजरीवाल ने साफ कहा कि ये इलाज सभी बुजुर्गों को मुफ्त में मिलेगा, चाहे वह किसी भी कैटेगरी में आते हों।

## रेलवे महाकुंभ में फ्री ट्रेन यात्रा नहीं कराएगा

**नई दिल्ली।** प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेले के दौरान जनरल डिब्बे में बिना टिकट यात्रा से जुड़ी खबरों पर रेल मंत्रालय ने बुधवार को सफाई दी है। भारतीय रेलवे ने स्पष्ट किया कि यात्रियों को फ्री यात्रा की अनुमति देने वाली खबरें पूरी तरह से आधारहीन और अफवाह हैं। पहले खबर आई थी कि यात्री प्रयागराज से 200 से 250 किमी की दूरी तक की यात्रा मुफ्त में कर सकते हैं। रेल मंत्रालय ने कहा, भारतीय रेलवे के संज्ञान में आया है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी, हम इन रिपोर्ट्स का खंडन करते हैं।



# 'लोग इंतजार कर रहे प्रदर्शन में जाओ'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने लखनऊ चलो आंदोलन और विधानसभा के घेराव प्रदर्शन में शामिल पार्टी कार्यकताओं की गिरफ्तारी और नेताओं को नजरबंद करने का मामला उठाने की कोशिश की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन के बाहर का मामला बिना नोटिस के उठाने के आधार पर मोना की बातों को सदन की कार्यवाही से बाहर करने का निर्देश दिया और कहा कि सदस्यों के पास कई विशेषाधिकार हैं लेकिन सदन को बंधक बनाने का अधिकार नहीं है। सरकार कानून-व्यवस्था देखती है और कोई अव्यवस्था फैलाता है तो उसमें कार्रवाई होती है। एकतरफा जानकारी पर स्पीकर कोई व्यवस्था नहीं दे सकता है। सदन में आराधना मिश्रा मोना ने शोरगुल के बीच कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया है और बलपूर्वक उनकी आवाज दबाई जा रही है। आराधना के आरोप पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने जवाब में कहा- वो तो अपनी बात कह रही थीं। कोई ऐसा विषय नहीं है, जिसके ऊपर ये उद्वेलित हों। कोई ऐसा कारण नहीं है जिसके लिए वहां धरना-प्रदर्शन हो। इनकी बात सुनी जाती है। इनको ज्यादा से ज्यादा समय दिया जाता है। किस बात के लिए धरना दे रहे हैं। योगी सरकार में अच्छी-खासी कानून-व्यवस्था चल रही है।

**टिप्पणी**

### सतीश महाना बोले- मोनाजी को कोई नहीं रोकेगा

# बर्क को गिरफ्तारी का डर, हाईकोर्ट पहुंचे



**प्रयागराज ।** संभल से सपा सांसद जिया उर्रहमान बर्क को गिरफ्तारी का डर सताने लगा है। बर्क ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को खारिज करने की मांग की है। इतना ही नहीं उन्होंने अदालत का अंतिम फैसला आने तक गिरफ्तारी व पुलिस की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने की अपील की है।

सांसद वर्क की अर्जी पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होने की उम्मीद है। सर्दियों की छुट्टी से पहले शुक्रवार को हाईकोर्ट में कामकाज का अंतिम दिन है। 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा में नामजद आरोपी बनने के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं।

**संकट में**

### बर्क ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को खारिज करने की मांग की

# भाजपा नेता के ऑफिस पर चला योगी का बुलडोजर

**बलिया।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता के ही दफ्तर पर योगी का बुलडोजर चल गया है। नगर पालिका प्रशासन ने दफ्तर को अवैध कब्जा और अतिक्रमण बताते हुए बुलडोजर से ढहा दिया है। इससे नाराज भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। मंगलवार को बलिया नगर पालिका परिषद जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम जिला मुख्यालय के चित्तू पांडेय क्षेत्र स्थित इंदिरा मार्केट में अतिक्रमण कर बनाए गए भाजपा जिला उपाध्यक्ष के शिविर कार्यालय पर पहुंची और बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की थी। इसके विरोध में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। सिंह ने धरना स्थल पर बैनर लगाया है, जिस पर लिखा है, 'जिला प्रशासन की अन्यायपूर्ण और तुगलकी कार्रवाई के विरोध में विशाल धरना।'उन्होंने धरना स्थल पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पिछले 40 वर्ष से वह शिविर कार्यालय पर बैठकर कार्य करते थे, जिसे मंगलवार को तोड़ दिया गया। सिंह ने कहा कि कार्रवाई करने से पहले मुझसे बात की जानी चाहिए थी। अगर अधिकारी सरकारी मुलाजिम हैं, तो मैं भी सत्ताधारी पार्टी का पदाधिकारी हूं। सरकार मेरी है। मेरे साथ बैठकर बात कर ली होती।'उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन 'सपा के निर्देश' पर काम कर रहा है और प्रशासनिक अधिकारी विपक्षी पार्टी के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। सिंह ने बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय को पत्र भेजकर अपने अनिश्चितकालीन धरने की जानकारी दी है।



# वन नेशन-वन इलेक्शन पर जेपीसी में प्रियंका का नाम

**नई दिल्ली।** एक देश, एक चुनाव के लिए संसद में मंगलवार को पेश हुए 129 वें संविधान (संशोधन) बिल की समीक्षा के लिए बनने वाली ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) में कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल हो सकती हैं। कांग्रेस ने जेपीसी के लिए चार सांसदों के नाम नॉमिनेट किए हैं। इनमें प्रियंका के अलावा मनीष तिवारी, रणदीप सिंह सुरजेवाला और सुखदेव भगत सिंह शामिल हैं। वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने साकेत गोखले और कल्याण बनर्जी का नाम आगे बढ़ाया है। बीते दिन बिल पेश किए जाने पर विपक्ष के विरोध को देखते हुए अमित शाह ने सदन में कहा कि बिल जब कैबिनेट में आया था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेजना चाहिए। कानून मंत्री ऐसा प्रस्ताव कर सकते हैं। कानून मंत्री मेघवाल ने 17 दिसंबर को लोकसभा में एक देश-एक चुनाव को लेकर संविधान संशोधन बिल रखा था। विपक्षी सांसदों ने इसका विरोध किया। इसके बाद बिल पेश करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कराई गई। कुछ सांसदों की आपत्ति के बाद वोट संशोधित करने के लिए पर्ची से दोबारा मतदान हुआ।



**चयन**

### कांग्रेस ने 3 और सांसदों को नॉमिनेट किया, लोकसभा में कल हुआ था बिल का विरोध

# शहीदों के सपनों का 'भारत बनाओ निजीकरण हटाओ' पर भरी हुंकार

जनसंदेश न्यूज

**आह्वान**

**विद्युत कर्मचारियों ने देश भर व वाराणसी के साथी कर्मचारियों से किया आह्वान**



**वाराणसी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति वाराणसी द्वारा बुधवार को निर्णय लिया गया कि गुरुवार को देश के अन्य प्रान्तों के बिजली कर्मियों के साथ ही बनारस के बिजलीकर्मी भिखारीपुर स्थित हनुमानजी मंदिर पर कार्यालय अवकाश के बाद शाम-5 बजे से शहीदों के सपनों का भारत बनाओ-बिजली का निजीकरण हटाओ दिवस मनाएंगे। 19 दिसम्बर को काकोरी क्रान्ति के अमर शहीदों के बलिदान दिवस पर पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह और राजेंद्र लाहिड़ी के चित्रों पर श्रद्धांजलि अर्पित कर लगभग 27 लाख बिजली कर्मचारी पूरे देश में शहीदों के सपनों का भारत बनाओ-बिजली का निजीकरण हटाओ दिवस मनाएंगे। उप्र के सभी जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर सायं 5 बजे के बाद सभाएं की जाएंगी जिसमें पॉवर कारपोरेशन को निजीकरण से बचाने हेतु शहीदों के चित्र के सामने शपथ ली जाएगी। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि ऊर्जा मंत्री ने कल यह वक्तव्य दिया है कि उत्तर प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर बिजली का निजीकरण किया जाना इसलिए आवश्यक हो गया क्योंकि पावर कारपोरेशन में कोई प्रेरक तत्व नहीं है। संघर्ष समिति ने कहा कि ऊर्जा मंत्री ने अपने बयान में यह भी कहा है कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार में बिजली के क्षेत्र में प्रतिमान परिवर्तन हुआ है और मौजूदा सरकार के समय में देश में सर्वाधिक बिजली आपूर्ति 30618 मेगावॉट का रिकॉर्ड उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों के सहयोग से बनाया गया है। अब सवाल यह उठता है कि यदि कोई प्रेरक तत्व ही नहीं था तो बिजली कर्मियों ने योगी सरकार में यह प्रतिमान परिवर्तन कर दिया। यदि सरकार और प्रबन्धन से मोटीवेशन मिलता है तो उप्र के बिजली कर्मी और भी बड़ा कीर्तिमान स्थापित करने में सक्षम हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन द्वारा दिए गए गलत और झूठे आंकड़ों के आधार पर बिजली का निजीकरण किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री को पावर कॉरपोरेशन द्वारा दिए गए आंकड़ों की जांच करनी चाहिए। संघर्ष समिति ने कहा कि यदि समान स्तर का खेल का मैदान मिले तो उप्र के बिजली कर्मचारी किसी भी निजी कंपनी को पछाड़ देने की क्षमता रखते है। अतः सरकार को जल्दबाजी में प्रदेश के 42 जनपदों के निजीकरण का फैसला वापस लेना चाहिए अन्यथा इस गलत निर्णय का प्रायश्चित आम उपभोक्ताओं को बहुत महंगी बिजली खरीद कर जिंदगी भर करना पड़ेगा।

## मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सहित पांच कर्मचारियों का वेतन रोका

जनसंदेश न्यूज

**कार्य में लापरवाही**

**राजस्व से जुड़ा एक कर्मचारी निलम्बित, पांच कर्मचारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि**

**वाराणसी।** नगर आयुक्त बुधवार को एक्शन मोड़ में रहे। कार्य में लापरवाही बरते जाने और निदेर्शों का अनुपालन नहीं किए जाने के आरोप में जहां मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर सहित पांच राजस्व/ कर निरीक्षकों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया,वहीं इन पांचो कर्मचारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए एक नायब मोहर्रिर को निलम्बित कर दिया है।

पूर्व में नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने कर वसूली से सम्बन्धित कई बैठकों में गृहकर वसूली मानक के अनुरूप करने और भवनों में क्यू.आर.कोड लगाये जाने हेतु निर्देशित किया था। इसके बाद भेलूपुर जोन में सबसे पहले मई 2024 में क्यू.आर. कोड लगाये जाने की कार्यवाही शुरू की गयी थी, जिसकी लगातार समीक्षा की जा रही थी।

जिस कार्य को शत-प्रतिशत जहां किया जाना बताया गया,वहीं क्यू.आर.कोड लगाये जाने हेतु भ्रामक एवं झूठा प्रमाण पत्र दिया गया था। इसको लेकर नगर आयुक्त ने जहां नाराजगी जाहिर की थी ,वहीं सख्त कारवाई भी किए जाने की चेतावनी दी थी। इस मामले में नगर आयुक्त ने बुधवार को 06 कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की।

जिसमें सभी कर्मचरी भेलूपुर जोन में तैनात हैं। जिनमें आलोक रंजन उपाध्याय, कर निरीक्षक श्रेणी दो को निलम्बित कर दिये गए है जबकि संतोष कुमार कर निरीक्षक श्रेणी दो, सुरजीत सिंह, राजस्व निरीक्षक, अमरजीत तिवारी, राजस्व निरीक्षक, विकास राव,राजस्व निरीक्षक, मंशा राम कर निरीक्षक श्रेणी दो, लोगों का अग्रिम आदेश तक जहां वेतन रोक दिया गया है ,वहीं उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि भी दी गयी है।

## शराब के साथ गिरफ्तार

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) ने बुधवार को एक युवक को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी, पुलिस उप महानिरीक्षक रेलवे राहुल राज, पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग प्रयागराज अभिषेक यादव, पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी कुंवर प्रभात के आदेशानुसार रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्मों व सर्कुलेटिंग एरिया में चोरी की घटनाओ की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी के तहत चलाये जा रहे अभियान के तहत बुधवार को जांच के दौरान प्लेटफार्म नं-एक पर काशी साइड नाम पट्टीका के पास एक युवक को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये युवक की पहचान राज किशोर ताती (20)पुत्र गनउर दास निवासी ग्राम माधोपुर झकौली बहेरा दरभंगा (बिहार) के रूप में की गयी है। बताया कि बरामद कुल 46 बोतलों की कीमत लगभग 5060 रुपये आंकी गयी है।

## दहेज प्रताड़ना में पति समेत तीन दोषमुक्त



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** दहेज के लिए विवाहिता को मारने-पीटने व प्रताड़ित करने के मामले में पति, सास व ससुर को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट (तृतीय) प्रियल शर्मा की अदालत ने मुकदमे के विचारण के बाद सकलेनाबाद, गाजीपुर निवासी आरोपित पति तुषार सिंह, सास पूनम सिंह व ससुर सच्चिदानंद सिंह को आरोप सिद्ध न होने पर दोषमुक्त कर दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता नागेश्वर प्रसाद (आकाश) एवं इंद्रसेन सिंह गौतम ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादिनी प्रगति सिंह ने महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसकी शादी सकलेनाबाद, गाजीपुर निवासी तुषार सिंह के साथ 29 नवंबर 2012 को हुई थी। आरोप था कि शादी के बाद से ही उसके पति तुषार सिंह, सास पूनम सिंह व ससुर सच्चिदानंद सिंह दहेज में स्विफ्ट कार, एसी और दो लाख रुपए नगद की मांग को लेकर आएदिन उसे मारते-पीटते व प्रताड़ित करने लगे। कुछ दिनों तक वह बर्दाश्त करती रही, लेकिन उनकी प्रताड़ना बढ़ने लगी। इस बीच उसके पति व सास ससुर उसे वाराणसी रेलवे स्टेशन पर छोड़कर चले गए और शादी में मिला उसका सारा सामान हड़प लिया। अदालत ने इस मामले में विचारण के बाद साक्ष्य के आभाव में संदेह का लाभ देते हुए सभी आरोपितों को दोषमुक्त कर दिया।

## गैंगस्टर ऐक्ट में दो साल की सजा

**वाराणसी।** सारनाथ थाना क्षेत्र के गैंगस्टर एक्ट के मामले में एक अभियुक्त को अदालत ने दंडित किया है। विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) मनोज कुमार सिंह की अदालत ने मुकदमे के विचारण के बाद दीनदयालपुर, सारनाथ निवासी अभियुक्त राम प्रसाद सोनकर को दो साल के कठोर कारावास व पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत में अभियोजन की ओर से एडीजीसी ज्योति शंकर उपाध्याय ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार सारनाथ थाना प्रभारी नागेश कुमार सिंह 30 अगस्त 2021 को क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान सूचना मिली कि अभियुक्तगण विशाल कुमार, अर्जुन राजभर, गुलाब हरिजन, राम प्रसाद सोनकर व विशाल प्रजापति का एक संगठित गिरोह है। यह लोग आपस में मिलकर एक-दूसरे के आर्थिक एवं भौतिक व बुनियादी लाभ के लिए नाजायज गिरोह बनाकर चोरी, छीनैती एवं लूट जैसे विभिन्न आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते है। इनके भय से इनके खिलाफ कोई गवाही देने की हिम्मत नहीं करता है। जिसके बाद इनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

## रमेश अध्यक्ष, जितेन्द्र महामंत्री



**वाराणसी।** तहसील बार एसोसिएशन की वार्षिक चुनाव में रमेश कुमार यादव अध्यक्ष बने। और जितेंद्र नारायण यादव महामंत्री चुने गए। इसके अलावा अन्य सभी पदों पर पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव समिति के अध्यक्ष कमला प्रसाद यादव ने विजई पदाधिकारी की घोषणा की। बुधवार को अध्यक्ष और महामंत्री पद पर दस बजे तहसील बार में मतदान शुरू हुई। मतदाताओं ने अपना मतों का प्रयोग तीन बजे तक दी। तीन बजे तक कुछ 189 मत पड़े। फिर साढ़े तीन बजे से मतगणना शुरू हुई। लगभग साढ़े चार बजे तक मतगणना समाप्त हुई। विजयी प्रत्याशी को घोषणा की गई। अध्यक्ष पद पर रमेश कुमार यादव ने 110 मत पाकर बिजई हुए। जबकि अशोक कुमार को 42 मत और राजू कुमार को 37 मत मिले । महामंत्री पद पर जितेन्द्र नारायण यादव को 110 मत पाकर विजई घोषित हुए। जबकि उनका प्रतिद्वंद्वी राधेश्याम शर्मा को 79 मत ही मिले। इसी दोनों पद पर मत दान बुधवार को हुई। शांति पूर्ण मतदान करने के लिए चुनाव समिति के सदस्यगण कृष्णचंद्र यादव, अनीस हैदर,राजीव गोस्वामी, राजेश कुमार यादव के अलावा सहयोग में तहसील बार के अध्यक्षीय रविन्द्र कुमार यादव महामंत्री सुरेन्द्र कुमार के अलावा सहयोग में पंकज कुमार श्रीवास्तव, हिमांशु आ वामी, क्षत्रेश सिंह , विशाल कुमार और राजकुमार सहयोग से मतदान शांति पूर्वक संपन्न हुआ। जबकि अन्य पदों पर पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष दीपदर्शन प्रसाद,लेखापरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह , संयुक्त सचिव प्रशाशन पद पर दिनेश कुमार, संयुक्त सचिव पुस्तकालय पद पर मनीष कुमार मौर्य, संयुक्त सचिव प्रकाशन पद पर आनंद कुमार, सदस्य प्रबंध समिति छह पदों पर संजय कुमार आर्य, राजेश कुमार राय,नौशाद अली,हेमंत कुमार सिंह , सुरेन्द्र कुमार व आनंद कुमार प्रजापति निर्विरोध निर्वाचित हुए।

### ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों को परेशानी

**वाराणसी।** पहाड़ी क्षेत्रों के साथ ही अन्य स्थानों पर दिख रहे घने कोहरे के चलते ट्रेनों की रफ्तार पर असर पड़ना शुरू हो गया है। बुधवार को भी लंबी दूरी की ट्रेनों में लेटलतीफी देखने को मिला। दो से छह घंटे तक ट्रेनें वाराणसी जंक्शन पर देरी से आयी। पूछताछ काउंटर से मिले विवरण के अनुसार बुधवार को वाराणसी जंक्शन पर पटना बीजी साबरमती फेयर स्पेशल साढ़े छह घंटे, फिरोजपुर धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस पांच घंटे, जोधपुर कामाख्या एक्सप्रेस दो घंटे, बरकाकाना वाराणसी मेमू डेढ़ घंटे, प्रयागराज रामबाग बलिया दो घंटे, मुम्बई एलटीटी बलिया कामायनी एक्सप्रेस दो घंटे, दादर गोरखपुर एक घंटे, योगनगरी ऋषिकेश हावड़ा दून एक्सप्रेस साढ़े पांच घंटे, राजगीर नयी दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस ढाई घंटे ,नयी दिल्ली बनारस काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस तीन घंटे देरी से आयी। इसमें बनारस स्टेशन (मंडुआडीह) पर आने वाली ट्रेनें भी शामिल हैं।

## द बनारस बार चुनाव पर बैठक

**वाराणसी।** दी बनारस बार एसोसिएशन, वाराणसी के वार्षिक चुनाव 2025 को लेकर बुधवार को एल्डर कमेटी द्वारा सहायक चुनाव अधिकारी संग बैठक की गई। बैठक चुनाव एल्डर कमेटी के चेयरमैन अशफाक अहमद की अध्यक्षता में हुई, जिसमें वरिष्ठ समिति सदस्य क्षत्रधारी सिंह ने बताया कि दी बनारस बार एसोसिएशन, वाराणसी का चुनाव 20 दिसंबर को सुबह 10 से 4 बजे तक होना है। बनारस बार एसोसिएशन में कुल 5367 अधिवक्ता मतदान करेंगे, जिसमें से आजीवन सदस्य 3457 व साधारण सदस्य 1910 हैं। मतदाताओ को मतदान देते समय बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश द्वारा जारी सीपीओ कार्ड या सीपीओ प्रमाण पत्र का मूल प्रति दिखाना अनिवार्य होगा। मोबाइल से खींचा गया सीपीओ कार्ड या प्रमाण पत्र का फोटो या फोटोकॉपी मान्य नहीं होगा। बाहरी व्यक्ति परिसर में चुनाव प्रचार प्रसार करते हुए पाए गए तो उनपर भी विधिक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के बाद एल्डर कमेटी के वरिष्ठ समिति सदस्य क्षत्रधारी सिंह व धर्मेंद्र नाथ शर्मा 'गुड्डू' के नेतृत्व में चुनाव पूर्व परिसर में लगे बैनर पोस्टर को भी हटवाया गया।

## राज्यसभा सांसद संजय सिंह पर भड़के मनोज तिवारी

जनसंदेश न्यूज

**साधा निशाना**

**`एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने आए थे**

**बाबतपुर।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को भाजपा के सांसद मनोज तिवारी दिल्ली के विमान से पहुचे। एक बयान के दौरान आप पार्टी के राज्य सभा सांसद संजय सिंह को घेरे में लेते हुए उन्होंने बताया कि छिछोरी राजनीति करते हैं संजय सिंह। बता दें कि एक निजी कार्यक्रम मे भाग लेने के लिये हवाई अड्डे पर पहुचे थे मनोज तिवारी। टर्मिनल भवन से बाहर निकालने के दौरान पत्रकारों से बातचीत के में संजय सिंह पर पलटवार करते हुए कहा कि उनकी भाषा निम्न कोटि की है।उनका भूतकाल विवादों से भरा हुआ है। राज्यसभा में निम्न स्तरीय भाषा इस्तेमाल करना सिर्फ आप पार्टी के नेताओं का काम है। आप नेताओं पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि बड़े भ्रष्टाचार के आरोप लगाते है संजय सिंह और उनके पार्टी के बड़े नेता राजनीति में सिर्फ लूट के लिए आये है। तिवारी ने कहा कि गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की पत्नी द्वारा संजय सिंह पर सौ करोड़ रुपए के मानहानि का दावा किया गया है इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रमोद सावंत का परिवार सदाचार व नैतिकता का एक उदाहरण है। छिछोरे नेताओं की बातो को जनता और कानून गंभीरता से ले रहा है ऐसे लोगों को जनता और कानून दोनों सजा देगी संजय सिंह को सीधे तौर पर अपराधी करार दिया। आप के नेता राजनीती मे केवल अपने निजी स्वार्थ व जनता को ठगने के लिये आये है उन्होंने ने सीधे तौर पर लोगो से अपील करते हुये कहा कि ऐसे नेताओं से सतर्क और सावधान रहना चाहिए। हवाई अड्डे से सीधे चौबेपुर निजी संस्थान कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए वहाँ से अपराह्न 3:15 बजे वापस हवाई अड्डे पर पहुचे और दिल्ली प्रस्थान कर गये।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत

**सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है की मेरा बीएससी प्रथम वर्ष का अंक पत्र व मूल प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 181090105424 वर्ष 2019 वास्तव में कही खो गया है। शुभम राय पुत्र आदित्य नारायण राय पता- इंद्रा नगर, वार्ड नंबर 6, नगर पंचायत, जिला-चंदौली।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 1715165 का अंकपत्र सह मूल प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। प्रियंका भारती पुत्री वीरेन्द्र राम, ग्राम-माहपुर, पोस्ट-करहां, थाना-मोहम्मदाबाद, जिला-मऊ।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता** है-डॉ. हरिहर चौबे लॉ कॉलेज, चौबेपुर खुर्द, वाराणसी में स्ववित्तपोषित योजना अन्तर्गत स्नातक स्तर पर विधि संकाय में एल.एल.बी. (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम में प्रवक्ताओं की योग्यता यू.जी.सी/वि.वि. परिनियमावली अनुसार। अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों/फोटो के साथ 7 दिन में महाविद्यालय पते पर भेजें। प्रबंधक-7525000102

## आरपीएफ ने कार्मिक विभाग को हराया



**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं मंडल क्रीड़ा अधिकारी बलेन्द्र पाल के नेतृत्व में मंडल के मिनी स्टेडियम में चल रही अंतर विभागीय टी-20 प्रतियोगिता में बुधवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच आर.पी.एफ और कार्मिक विभाग के बीच खेला गया।

रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 209 रन बनाए । रेलवे सुरक्षा बल की तरफ से बृजेश विश्वकर्मा ने 16 बॉल पर आठ चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन, अवनीश राय ने 49 बाल पर 10 चौके और दो छक्के की मदद से 76 रन, राम बहादुर ने 9 बॉल पर दो चौके और दो चौके की मदद से 20 रन तथा शेषनाथ यादव ने 22 बॉल पर एक चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाए ।कार्मिक विभाग की तरफ मृगेन्द्र सिंह ने चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट, विनोद मौर्य ने चार ओवर में 27 रन देकर दो विकेट लिए तथा अनिल श्रीवास्तव और अमन श्रीवास्तव को एक- एक विकेट प्राप्त हुआ ।210 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कार्मिक विभाग की पूरी टीम 20 ओवर मे 7 विकेट के नुकसान पर 178 रन ही बना सकी ।रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने 23 रन से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

कार्मिक विभाग की तरफ से सुनील वर्मा ने 19 पर चार चौकों की मदद से 25 रन, प्रभाकर चौहान ने 32 बॉल पर तीन चौके-छक्के और तीन छक्के की मदद से 48,राहुल कुमार ने 26 बाल पर चार चौके और चार छक्कों की मदद से शानदार 53 रन बनाए,विनोद मौर्य और अमन श्रीवास्तव ने 11-11 रनों का योगदान दिया ।आरपीएफ की तरफ से सतीश चंद्र ने चार ओवर में 43 रन देकर चार विकेट लिए शेषनाथ राम बहादुर और अवनीश राय को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ । 49 बॉल पर 76 रन बनाने वाले आरपीएफ के अवनीश राय को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रेलवे के वरिष्ठ खिलाड़ी इकबाल आजम खान के द्वारा दिया गया।

## सारनाथ का छात्र व छात्राओं ने किया भ्रमण

**पिंडरा।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत पिंडरा ब्लाक के छात्र छात्राओं को बुधवार को एक्सपोजर विजिट के तहत सारनाथ का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया और उन्हें सारनाथ के ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी दी गई। पिंडरा विकास खण्ड के मेधावी और एक्सपोजर विजिट के तहत चयनित 100 छात्र छात्राओं को शिक्षको का एक समूह उन्हें लेकर बस द्वारा रवाना हुआ। बीआरसी पिंडरा से बीईओ विनोद कुमार मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर सारनाथ भ्रमण हेतु रवाना किया। एक्सपोजर विजिट के तहत सारनाथ में पुरातात्विक स्थल, उपदेश स्थली, संग्रहालय का भ्रमण करके काफी प्रसन्न दिखे और बहुत कुछ आध्यात्मिक जानकारियां भी प्राप्त किया ।

जिसका नेतृत्व स्वयं पिंडरा ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार मिश्रा कर रहे थे। इस दौरान छात्र छात्राओ को विभाग द्वारा बैग व टीशर्ट भी दिया गया। एक्सपोजर विजिट टीम के साथ एआरपी अजय सिंह, नोडल शिक्षण संकुल डॉक्टर शिव प्रकाश सिंह, अखिलेश मिश्रा, विनय सिंह, गरिमा सिंह आकांक्षा केसरी, अनीता जैसल रही।

## पहले दिन नौ बड़े बकायेदारों पर की गई कार्रवाई

**ऐक्शन**

**नगर निगम की टीम उतरी सड़क पर, चला अभियान**

**कार्रवाई के पूर्व चार भवन स्वामियों ने 4.27 लाख किया जमा**

**वाराणसी।** नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के निर्देश पर महाप्रन्धक जलकल अनूप सिंह ने जलकर व सीवरकर के बड़े बकायेदारों के खिलाफ जबरदस्त अभियान चलाया। विभाग ने पहले दिन बुधवार से कार्यवाही शुरू कर दी है। पहले दिन ही नौ बड़े बकायेदारों का जहां पानी का कनेक्शन काट दिया,वहीं उनके भवन का सीवर कनेक्शन भी बन्द कर दिया। प्रथम चरण में 102 बड़े बकायेदारों को चिंह्ति किया गया है। जिन पर रु 2.5 करोड़ का जलकर एवं सीवरकर का बकाया है। इस दौरान चार भवन स्वामियों ने अपने कनेक्शन काटने के पूर्व तत्काल रु 4.27 लाख का भुगतान कर दिया और कनेक्शन कटे जाने से बचा लिया। नगर निगम की कार्यवाही के जद में ए. 29/108 आदमपुर वार्ड, ए. 36/335-सी आदमपुर वार्ड, एस.21/10, एस. 21/50, जे. 13/93-एम.टी., बी. 22/20 खोजवा, बी. 22/25 खोजवा, के भवनों का कनेक्शन काटा गया है। जलकल महाप्रबन्धक अनूप सिंह ने बताया है कि बड़े बकायेदारों की दूसरी सूची भी तैयार की जा रही है, जिनके विरुद्ध जल्द ही कार्रवाई की जायेगी।

### राजकीय नलकूप की मोटर जली किसान परेशान

**चौबेपुर।** क्षेत्र के कौआपुर राजकीय नलकूप संख्या 249 विगत एक पखवाड़े से बंद रहने से सिंचाई कार्य बाधित हो है ।इससे किसानों में रोष व्याप्त है। गरथौली के किसान सुभाष चौबे ने बताया कि कौआपुर नलकूप पर लगभग बीस वर्षों से बिना स्टार्टर के चलाया जाता है ।जिससे वर्ष में तीन से चार बार नलकूप की मोटर जलती रहती है ।बार बार शिकायत के बावजूद सिंचाई विभाग के अधिकारी ध्यान नही देते है ।जिससे एक पखवाड़े से मोटर जलने से गेहू की सिंचाई बाधित है।

## संक्षेप

### दुपट्टे के सहारे युवती ने की आत्महत्या

**चौबेपुर।** बुधवार को गले में दुपट्टा बांधकर युवती ने लोहे के एंगल के सहारे लटककर फांसी लगा ली।आत्महत्या की वजह पता नहीं चल पाई है। फिलहाल चौबेपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के उकथी निवासी संजना मौर्या (22) पुत्री सुक्खू मौर्य बुधवार सुबह वह घर का काम खत्म करने के बाद अपने घर के पीछे स्थित हैंडपंप से पानी लेकर आई तथा पुनःअपने रूम में चली गई दरवाजा अंदर से बन्द कर दी । लगभग ढाई घंटे के बाद मृतक की माँ बिंदु देवी ने दरवाजा खटखटाया तो संजना ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर परिवार के अन्य सदस्यों के सहयोग से दरवाजा को तोड़कर खोला गया तो संजना कमरे में लोहे के एंगल के सहारे अपने दुपट्टा से फांसी लगा रखी थी। इसके बाद निजी साधन से उसे शिवपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पुलिस आयुक्त के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**बड़ागांव।** थाना क्षेत्र के सातों महुआ स्थान पर बीते शनिवार की रात लोहता थाना क्षेत्र के कोरउत गांव के मिठाई राम को अज्ञात ट्रक द्वारा धक्का मारने से मिठाई राम बुरी तरह घायल हो गए पीआरबी 112व क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से निजी चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने बीएचयू के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया 5 दिन की इलाज के बाद मिठाई राम की मौत हो गई मौत के बाद मिठाई राम के पुत्र राजू गौंड ने बड़ागांव थाने मुकदमा के लिए गुहार लगाई थाने के द्वारा यह कहा गया कि पहले जावो क्रिया कर्म करो मुकदमा बाद में लिख जाएगा। क्रिया कर्म के बाद पुलिस मुकदमा लिखने के लिए आनाकानी करती रही इसके लिए राजू गौंड मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिलाधिकारी वाराणसी सहित पुलिस आयुक्त के यहां भी गुहार लगाई अंत में पुलिस आयुक्त के आदेश पर अज्ञात ट्रक के खिलाफ धारा 281 106 (1) के तहत मुकदमा दर्ज कर बड़ागांव पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### घर में घुसकर महिला की पिटाई

**बड़ागांव।** थाना क्षेत्र के खरावन भैंसा बड़ागांव निवासी संजना चौहान पत्नी रणधीर चौहान को 17 दिसंबर सुबह करीब 8 बजे पडोसी विजय शंकर, निर्मला, सीता व अरुण गाली गुप्ता देते हुए लात घूसो से मारने पीटने लगे शोर शराबा सुनकर कुछ लोग बीच बचाव किये जब संजना चौहान थाने जाने की बात की तो उपरोक्त लोगों द्वारा कहा गया कि थाने पर जाओगी तो तुम्हे जान से मार देंगे। संजना के प्रार्थना पत्र पर बड़ागांव पुलिस विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

### खुलासा करने वाली पुलिस टीम का सम्मान

**पिंडरा।** फुलपुर थाना क्षेत्र के कुआर स्थित काली माता मंदिर से हुए चोरी का खुलासा करने व आभूषण बरामद होने पर बाजार के व्यापारियों द्वारा फुलपुर पुलिस का सम्मान किया गया। बुधवार को सायंकाल में व्यापारियों के आमंत्रण पर पहुचे इंस्पेक्टर फुलपुर प्रवीण कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज आयुष ओझा समेत चोरी की खुलासा में शामिल पुलिसकर्मियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने माता काली के मंदिर में पूजन कर आशीर्वाद लिया। बताते चलें कि उक्त मंदिर दशकों पुरानी और दिव्य मानी जाती है। इसके चोरी होने से व्यापारी से लेकर भक्तगण व्यथित थे। चोरी का खुलासा होने पर प्रसन्नता जताई। इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान संजय जायसवाल, पुजारी काली प्रसाद, महेंद्र सिंह, कैलाश तिवारी, राकेश सिंह, अशोक सिंह, विक्की जायसवाल, शुभम जायसवाल समेत अनेक व्यापारी व भक्तगण उपस्थित रहे।

### पुलिस ने गिरफ्तार किया

**सिंधोरा।** कुछ दिन पूर्व हुई में फरार आरोपी अमित राजभर पुत्र कमला राजभर निवासी चारो सिंधोरा को आज सिंधोरा पुलिस ने गड़खरा गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। खबर के मुताबिक अमित राजभर ने एक लड़की को शादी का झांसा देकर होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बनाकर बार-बार ब्लैकमेल किया लड़की के प्रार्थना पत्र के ऊपर थाना सिंधोरा ने मुकदमा संख्या 190 /2024 की धारा 64(1) 351(2)308(1) मुकदमा दर्ज करके खोज बिन शुरू कर दिया आज मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** सारनाथ के तड़िया छाही में बुधवार को छेड़खानी के मामले में सारनाथ पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। बताया जाता है कि तड़िया छाही कि नाबालिक लड़की के साथ गांव के एक युवक ने छेड़छाड़ करने लगा। फिर परविजनो के मना करने पर अपशब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देने लगा। जिस पर पीड़िता के परविजनो ने स्थानीय थाने पर तड़िया छाही के ही सुनील राजभर उर्फ नेउर के खिलाफ तहरीर दी। जिस पर स्थानीय पुलिस ने युवक के खिलाफ छेड़खानी व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार

**वाराणसी।** लंका पुलिस ने लौटुवीर मंदिर के पास से दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। राकेश पाल लेढूपुर आशापुर सारनाथ दीपक राय बेटावर कला जमानिया गाजीपुर दीपक के गांव का रहने वाला एक बाल अपचारी है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चार चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया ।प्रभारी निरीक्षक लंका शिवाकांत मिश्रा ने बताया आरोपी लंका इलाके से वाहन को चुराए थे ।पुलिस चोरी गए वाहन के तलाश कर रही थी ।इस दौरान लौटूवीर में वाहन चोरों के आने की जानकारी मिली है। वाहन चुराकर बिहार सहित अन्य जगहों पर बेचते हैं ।गिरफ्तार करने वालों में उपनिरीक्षक पवन कुमार सिंह रोहित सिंह यादव सर्वेश सहित पुलिस कर्मी शामिल है।

### बरेका इंटर कॉलेज से बाइक चोरी

**वाराणसी।** मडुवाडीह थाना क्षेत्र के बरेका स्थित इंटर कालेज मैदान में एक युवक बुधवार को क्रिकेट खेलने पहुँचा था जब वह क्रिकेट खेलकर वापस आया तो उसकी बाइक चोरी हो गयी थी ।प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक विशाल पटेल पुत्र स्व. नागेंद्र पटेल निवासी अखरी, कुरहुआ ने अपनी बाइक टीवीएस अपाची गाड़ी नंबर वढ65ऊ़ल 5465 मैदान के गेट के पास खड़ी करके मैच खेलने चला गया था। मैच खेलकर जब युवक वापस आया तो देखा कि बाइक चोरी हो गयी थी। युवक ने आरोप लगाया कि जब युवक बाइक चोरी की तहरीर लेकर पहुँचा तो पुलिस उसी पर भड़क उठी।

**गाँधी स्मारक त्रिवेणी पी.जी. कालेज, बरदह, आजमगढ़**

**अल्पकालीन निविदा**

महाविद्यालय में कार्यालय एवं दो व्याख्यान कक्ष की छत को बनवाने हेतु अल्पकालीन निविदा प्रकाशित की जाती है। इच्छुक फर्म दिनांक 20.12.2024 से दिनांक 25.12.2024 के बीच महाविद्यालय के प्रबंधक कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं या डाक द्वारा भी अपनी निविदा भेज सकते हैं। निविदा दिनांक 27.12.2024 को खोला जाएगा। निविदा में बिल्डिंग बनाने की सामग्री सैटरिंग का खर्च तथा श्रमिक का खर्च भी निहित है।

**प्रबंधक-गाँधी स्मारक त्रिवेणी पी.जी. कालेज, बरदह, आजमगढ़**

**न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वि/रा) बलिया**
**वाद संख्या-08/2018 दफा-28 L. R. Act**
**मौजा-सिंगही, परगना-सि0 गर्वी**
**शान्ती देवी बनाम कमलेश देवी आदि**

1-राकेश, 2-मनोज पुत्रगण चन्द्रभूषण सा0-कमतैला, परगना-सि0 गर्वी, 3-शिव कुमारी स्त्री लहारी सा0-रामपुर, 4-सावित्री देवी स्त्री नरायन सा0-रामनगर उर्फ बसनही, परगना-सि0 गर्वी, 5-विद्या शंकर वर्मा, 6-रवि शंकर वर्मा पुत्रगण लखीचन्द सा0-प्रेमचक उर्फ उमरगंज, तहसील-बलिया हा0 मु0 डाइकटर स्टेशन रोड, शान्ती कुंज मार्केट, रसड़ा, परगना-लखनेश्वर, जिला-बलिया, 7-राम प्रवेश पुत्र गंगाविशुन सा0-सिंगही, परगना-सि0 गर्वी, 8-श्याम जी पु0 प्रेमशंकर, 9-मुन्नी देवी स्त्री प्रेमशंकर साकिनान स्टेशन रोड, रसड़ा, परगना-लखनेश्वर, 10-अरविन्द कुमार, 11-अशोक कुमार पुत्रगण केशव प्रसाद सा0-जयनगर, परगना-सि0 गर्वी, 12-विद्यावती देवी स्त्री रामाश्रय सा0-जाम, पर0-सि0 गर्वी, 13-रुकमिनी देवी स्त्री टेल्हू प्रसाद सा0-जाम, पर0-सि0 गर्वी, 14-शारदा देवी स्त्री राजेन्द्र प्रसाद सा0-कस्बा, रसड़ा मु0-पानी टंकी रोड, रसड़ा, परगना-लखनेश्वर, 15-श्रीमती संगीता देवी स्त्री अरविन्द कुमार गुप्ता, 16-श्रीमती माया देवी स्त्री हनुमान सा0-छितौनी, परगना-लखनेश्वर, जिला-बलिया। वजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक मुकदमा दायर किया है। जिसमें ता0 पेशी 20.12.2024 नियत की गयी है। लिहाजा नियत तिथि को मय अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होकर वाद की पैरवी करें। वरना वाद में एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

**अपरजिलाधिकारी (वि/रा), बलिया**

# वाराणसी मानव





## वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0)
79000/inc.GST


चांदी (99.50)
91700/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा






# दालमंडी में नाप-जोख से खलबली, फोर्स तैनात

**वाराणसी।** शहर के अत्याधिक सकरी गली में तब्दील हो चुकी दालमंडी को अतिक्रमणमुक्त कर वहां की सड़क को पुराने स्वरूप में लाने के लिए सरकारी मशीनरी के एक्शन में आते ही खलबली मच गयी है। दालमंडी के चौड़ीकरण को लेकर जहां प्रशासनिक एक्सरसाइज शुरू हैं, वहीं कार्रवाई को लेकर तरह- तरह की कयासबाजी भी होने लगी है। दालमंडी की सड़क कितनी चौड़ी होगी, पक्के निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा या सिर्फ नीचे के अतिक्रमण को हटाकर सड़क को चौड़ा किया जाएगा, इसका जवाब फिलहाल देने से जिम्मेदार अफसर कतरा रहे है। नगर निगम की टीम की दालमंडी में नापी- जोखी के बाद बुधवार को भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी।

दालमंडी में चौड़ीकरण की कवायद को लेकर नाप- जोख और अभिलेखों को खंगालने का सिलसिला शुरू हो गया है। सरकारी मशीनरी अपनी कागजी तैयारियों में जुटा है तो दालमंडी में वांशिदे भी अपने हक-हुकूक के लिए

### गहमागहमी

**नगर निगम की नाप- जोख के बाद अब अभिलेखों से किया जा रहा मिलान**

**दालमंडी को लेकर चल रही एक्सरसाइज के बारे में बताने से कतरा रहे अफसर**

दस्तावेजों को मजबूत करने में लगे हैं। दालमंडी के कुछ लोगों की ओर से पूरे चौक क्षेत्र के नक्शे के साथ ही दालमंडी का वर्ष- 1883- 84 का नक्शा दिखाते हुए प्रशासन से इसी नक्शे के आधार पर होने वाली कार्रवाई में सहयोग की बात कही जा रही है।

नगर निगम के अधिकारियों ने दालमंडी में की गयी नापी- जोखी के बारे में कुछ भी बताने से इनकार किया। जबकि सूत्रों का कहना है कि नगर निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में दालमंडी का सर्वे कर कई जगहों पर सड़क की मापी कराकर वास्तविक स्थिति का पता लगाया गया है। नगर निगम की नापी के बाद मौके की स्थिति का मिलान राजस्व अभिलेखों से किया जाएगा। राजस्व अभिलेख और बर्तमान की स्थिति के अंतर के आधार पर ही यह तय होगा कि दालमंडी में वर्तमान में कहां और कितना अतिक्रमण किया गया है। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो प्रशासनिक स्तर पर बड़े ही गुपचुप तरीके से राजस्व अभिलेखों को खंगालने का काम शुरू कर दिया गया है। दालमंडी में रहने वाले लोगों ने अपने- अपने स्त्रोतों से भी आगे की कार्रवाई का पता लगाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें कहीं से कोई जानकारी फिलहाल हासिल नहीं हुई। इसके चलते दालमंडी के चौड़ीकरण को लेकर वहां के वाशिंदों में ऊंहापोह की स्थिति बनी रही। दालमंडी में नापी- जोखी के बाद से भी भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी है। पुलिस अफसरों ने भी मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### नापी कर लगाया गया निशान

दालमंडी में सकरी हुई सड़क को चौड़ा करने के लिए मंगलवार को अपर नगर आयुक्त राजस्व अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में नगर निगम की टीम दालमंडी पहुंची थी। टीम में चौक छोर से लेकर नई सड़क तक मुआयना करने के बाद जगह- जगह सड़क की चौड़ाई को नापा और निशान लगाकर अपने रिकार्ड में लिया। लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबे दालमंडी बाजार की सीधी सड़क चौक और नई सड़क को जोड़ती है।

### कभी निकल जाता था ट्रैक्टर

काशी के पुरनियों का कहना है कि दालमंडी की सड़क से कभी ट्रैक्टर भी आसानी से निकल जाय करता था। आज सड़क सिमटने के कारण दो बाइक भी एक साथ निकालने में मुश्किल होती है। हालांकि समय- समय पर दालमंडी के अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाया जाता है। इसके चलते सड़क के अस्थाई अतिक्रमण कुछ दिनों के लिए हट जाते हैं, लेकिन स्थाई अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

### प्रशासन के सहयोग का दे रहे भरोसा

दालमंडी में नापी- जोखी के बाद बुधवार को क्षेत्र के कई लोगों ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में सहयोग की बात भी कही। उनका कहना था कि किसी ने यदि अवैध तरीके से निर्माण किया है तो उसे तोड़ा जाना चाहिए। वहीं कुछ लोगों ने दबी जुबान यह भी कहा कि अवैध निर्माण के समय ही उसे वीडीए व संबंधित विभाग को रोकना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया गया जिसके चलते बड़ी संख्या में नए निर्माण हो गए है।

### तो जद में आएंगे सैकड़ों निर्माण

श्री काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद यहां पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में हो रही निरंतर वृद्धि को देखते हुए दालमंडी की सड़क को आवागमन के लिए इस्तेमाल करने की मांग उठी। इसी पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने पिछले काशी दौरे पर आला अधिकारियों को दालमंडी क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त कर सड़क सुदृढ़ीकरण कराने का निर्देश दिया था। इसके बाद नगर निगम की टीम ने इस संकरे मार्ग को करीब 20 फीट चौड़ा करने की योजना बनाई है। सूत्रों का कहना है कि यदि इसको अमली जामा पहनाने के लिए कार्रवाई की गयी तो इसकी जद में दालमंडी क्षेत्र में हजारों दुकानें और पक्के निर्माण आएंगे।

# लड़कियों की क्षमता पहचानें : राज्यपाल

## आनंदीबेन ने महिलाओं से की अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की अपील

### सबल काशी का आगाज

**नौ से 14 वर्ष की 80 हजार बच्चियों का किया जाएगा टीकाकरण**



सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के मौके पर मौजूद राज्यपाल व अन्य लोग

**वाराणसी।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि बेटियों व महिलाओं को सशक्त बनाने से भविष्य के खर्च को 50 प्रतिशत तक कम कर सकते हैं। मां- बाप को बेटियों की ताकत को पहचानना चाहिए। महिलाओं को भी अपने स्वास्थ्य के प्रति स्वतः जागरूक होना चाहिए। महिलाओं का स्वास्थ्य बढ़िया होगा तभी वो अपने बच्चों का अच्छी तरह से देखभाल कर पायेंगी। राज्यपाल बुधवार को शिवपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (नगर क्षेत्र) में सर्वाइकल कैंसर जागरुकता कार्यक्रम के लिए आयोजित शिविर में जीवन रक्षा एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने बटन दबाकर 'सबल काशी' कार्यक्रम की शुरूआत की।

उन्होंने कहा कि यह सराहनीय है कि सरकार का ध्यान महिलाओं के उत्थान पर है। महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अपने गुजरात के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि नौ से 14 वर्ष की बच्चियों में इस अभियान की शुरूआत राजभवन में रहने वाले लोगों के बच्चियों के टीकाकरण से की गयी। उन्होंने कहा कि इस योजना से काशी की नौ से 14 वर्ष की 80 हजार बच्चियों को इस टीकाकरण अभियान से लाभ होगा। इससे बच्चियां स्वस्थ होकर समाज को सशक्त करेंगी। उन्होंने कहा कि 22 वर्ष तक की बच्चियों का भी टीकाकरण कर सकते हैं, लेकिन उसके लिये डोज की संख्या बढ़ानी होगी। उन्होंने सभी से अपने आसपास रहने वाली बच्चियों को भी इस टीकाकरण अभियान से जोड़ने अपील की। उन्होंने समाज से भी इसके लिए खर्च करने को कहा जिससे की बच्चियों के जीवन को स्वस्थ्य रखा जा सकें। जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस राजलिंगम, सीडीओ हिमांशु नागपाल, निदेशक युवा अनस्टॉपेबल ऋषि कुमार आदि उपस्थित रहे।

### बेटा-बेटी के बीच छोड़ें भेदभाव

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि बेटा- बेटी की सोच को हमें छोड़ना होगा। बेटा- बेटी के बीच के भेदभाव को त्यागना होगा, तभी बेटियां भविष्य में नाम कमाएगी। बेटी में जो ताकत है उसको पहचान कर उसे प्रोत्साहित करना होगा। आज बेटियां हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रही हैं। कोई भी क्षेत्र महिलाओं व बेटियों से अछूता नहीं रह गया है।

### बेटियों को मिला प्रमाण पत्र

कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने टीकाकरण कराने वाली 10 बालिकाओं को प्रमाण पत्र दिया। राज्यपाल ने मंच पर सृष्टि, आराध्या, आयुषी, आरुही, खुशबू, पायल, महिमा, आराध्या, खुशबु, मधु को प्रमाण पत्र दिया। इस दौरान ऐसे लोग जिनके जन्मजात विकृति का इलाज कर सही हुए उन्हें भी राज्यपाल ने प्रमाण पत्र वितरित किया। प्रमाण पत्र पाने वालों में मो अनस, रंजीत राजभर, आदित्य, लक्ष्मी, रूही राजभर, अंशिका शामिल थे।





### 100 बच्चियों का टीकाकरण

कार्यक्रम में 100 बच्चियों का निशुल्क एचपीवी टीकाकरण कर अभियान की शुरूआत की गयी। अभियान के तहत आगामी 15 दिवस में जनपद के सभी विद्यालयों की नौ से 14 वर्ष की छात्राओं का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन किया जायेगा। जिले की 80 हजार बच्चियों का वैक्सीनेशन छह माह के अंतराल पर दो बार किया जायेगा।

### संक्रमण से बचाती है वैक्सीन

एचपीवी टीका के बारे में जानकारी देते हुए विशेषज्ञों ने बताया कि एचपीवी के उन प्रकारों से बचाता है जो अक्सर गर्भाशय ग्रीवा, योनि और वुल्वर कैंसर का कारण बनते हैं। नौ से 14 साल की उम्र के किशोरियों के लिए एचपीवी टीकाकरण किया जाता है। एचपीवी वैक्सीन नौ तरह के एचपीवी वायरस से सुरक्षा करती है। इन नौ में से दो वायरस ऐसे होते हैं जो सर्विकल कैंसर के ज्यादातर मामलों के लिए जिम्मेदार होते हैं। इनकी वजह से ज्यादातर एनल, जेनिटल, सिर व गर्दन के कैंसर होते हैं। अध्ययनों में सामने आया है कि इस वैक्सीन की वजह से कम से कम दस साल तक एचपीवी संक्रमण से बचा जा सकता है। अब तक हुए शोध से पता चला है कि यह वैक्सीन सर्विकल कैंसर के मामलों में 90 फीसदी की कमी ला सकती है।

# कैंट स्टेशन से गिरफ्तार सभी कांग्रेसी हुए रिहा




**वाराणसी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर 18 दिसंबर को प्रस्तावित विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे महानगर कांग्रेस अध्यक्ष समेत कार्यकर्ताओं को पुलिस ने मंगलवार को कैंट स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया था। सभी गिरफ्तार कार्यकर्ताओं को बुधवार की शाम को पुलिस लाइन से रिहा किया गया। इसके पूर्व महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रात में कैंट स्टेशन पर पहुंचे तो वहां पहले से ही भारी पुलिस फोर्स तैनात थी। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को स्टेशन के अंदर जाने से रोकने का प्रयास किया, जिसमें महानगर अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं से पुलिस की नोकझोंक हुई। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने सभी कांग्रेसजनों को गिरफ्तार कर बस में बैठ कर पुलिस लाइन ले गई। भारी दुर्व्यवस्था के बीच रात भर सभी को वहीं रखा गया। पुलिस लाइन में गिरफ्तार कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि प्रदेश और केंद्र की सरकार लगातार लोकतंत्र और संविधान की हत्या कर रही है। गांधीवादी तरीके से कांग्रेस द्वारा विधानसभा घेरो कार्यक्रम को दबाने के लिए पूरे प्रदेश में हर जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के साथ ही घरों में नजरबंद कर उत्पीड़न किया गया। इसकी जितनी भी निंदा की जाए, वह काम है। यह लोकतंत्र व संविधान की हत्या है। कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में प्रदेश का हर नौजवान, किसान, गरीब व मजदूर मजबूती से खड़ा है और संघर्ष में साथ रहेगा। इन सभी को शाम 3:30 बजे पुलिस लाइन से मुचलके पर रिहा कर दिया गया। इस दौरान फसाहत हुसैन बाबू, सतनाम सिंह, डा. राजेश गुप्ता, वकील अंसारी,अशोक सिंह, असलम खां, संतोष मौर्य, हसन मेहदी कब्बन, आशीष गुप्ता, अब्दुल हमीद डोडे, अफसर खां, रोहित दुबे, पीयूष श्रीवास्तव, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, मो उज्जेर, मृत्युंजय श्रीवास्तव, रोहित मिश्रा, राम श्रृंगार पटेल, समेत सभी कार्यकर्ता रिहा हुए।

### मिली रिहाई

**विधानसभा का घेराव करने के लिए लखनऊ जाते समय किए गए थे गिरफ्तार**

**कैंट स्टेशन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर हुई थी नोकझोंक**

## बाबतपुर एयरपोर्ट पर बन रहा टर्मिनल

**वाराणसी।** लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। तीन साल में बनकर तैयार होने वाले 75000 वर्ग मीटर का नया टर्मिनल भवन पांच हजार यात्रियों की क्षमता का होगा। सालाना एक से डेढ़ करोड़ यात्रियों की आवाजाही इस एयरपोर्ट पर होगी। तीन मंजिला नए टर्मिनल बनने के बाद हर एक घंटे में 38 विमानों की आवाजाही होगी। एक साथ 36 विमान भी खड़े हो सकेंगे। वाराणसी समेत पूर्वांचल के यात्रियों को इससे बड़ी सहूलियत होगी। एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन का काम चल रहा है। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए 2870 करोड़ रुपये मंजूर हुए। विस्तारीकरण के लिए कुल 360 एकड़ भूमि को लिया जाना था, जिसमें से 180 एकड़ भूमि को अधिग्रहीत कर लिया गया। एयरपोर्ट के आसपास के घमहापुर, रघुनाथपुर, कर्मी, सगुनहा और बसनी, पठकान गांव की जमीनों का अधिग्रहण हुआ और किसानों को उनकी जमीनों का मुआवजा भी दे दिया गया।

# सरकारी नौकरी न मिले तो करें व्यवसाय

### सुझाव

**राज्यपाल ने संयुक्त दीक्षांत समारोह में छात्र- छात्राओं को प्रदान की डिग्री**

**मुख्य अतिथि ने कहा, विद्या से उन्नति ही मानव जीवन का उद्देश्य**

जनसंदेश न्यूज




**वाराणसी।** उप्र की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने बुधवार को महारानी गुलाब कुंवर महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पिंडरा व महारानी बनारस महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर तथा महाराज बलवंत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गंगापुर के संयुक्त दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की। समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर एस अहिल्या, कुलपति, कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय बंगलुरु ने कहा कि शिक्षा से विद्या और विद्या से उन्नति ही मानव जीवन का उद्देश्य है। संपन्न समाज की कल्पना में शिक्षित और संस्कारिक महिला की भूमिका प्रमुख होती है। उन्हीं से स्वतंत्रता और मानवता प्रभावित होती है। भारत आदर्श महिलाओं का देश है। प्राचीन काल की गार्गी या मैत्रेयी हों या आज वर्तमान काल की हमारे दूसरे के मंगलयान के सफल उड़ान में भाग लेने वाली महिला वैज्ञानिक हो, या भारत की राष्ट्रपति हो। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति ने कहा कि छात्र- छात्राएं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए योजना बनाएं और इस योजना के अनुसार आसानी से लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि छात्रों को मेरिट और टैलेंट के आधार पर सरकारी नौकरी मिल सकती है। जिन छात्रों को सरकारी नौकरी न मिले वो अपने कौशल और तकनीकी के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए व्यवसाय कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को शिक्षित होने की आवश्यकता बतायी। समारोह की शुरूआत मां सरस्वती और पूर्व काशी नरेश डॉ विभूति नारायण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। सनातन परंपरा के अनुसार वैदिक मंगलाचरण के बाद महाराज डॉ अनन्त नारायण सिंह ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट किया।

### 160 छात्र-छात्राओं को दी गयी डिग्री

संयुक्त दीक्षांत समारोह में 160 छात्र- छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। इसमें महारानी गुलाब कुंवर महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की 40 छात्राओं, महारानी बनारस महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की कुल 60 छात्राओं तथा महाराज बलवंत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय गंगापुर के कुल 60 छात्र- छात्राओं को उपाधि वितरित की गयी।

### तीन छात्राओं को मिला स्वर्ण पदक

संयुक्त दीक्षांत समारोह में तीनों महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली तीनों छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। प्रीति, सिफत परवीन और वैशाली को सर्वोच्च अंक प्राप्त करने का महारानी जयंती कुंवर स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया। समारोह का प्रारंभ शैक्षिक शिष्ट-यात्रा के साथ हुआ। जिसमें तीनों महाविद्यालय के प्राचार्यगण, प्रबंध समिति व विद्वत परिषद के सदस्य शामिल रहे।

## छह डॉल्फिन मित्र चयनित

**वाराणसी।** गंगा डॉल्फिन के संरक्षण के लिए डॉल्फिन मित्र बनाए गए है। वन संरक्षक व क्षेत्रीय निदेशक डॉ रवि कुमार सिंह ने बताया कि वाराणसी में छह तथा गाजीपुर में पांच डाल्फिन मित्र चयनित किये गये है। इनका मुख्य कार्य वाराणसी व गाजीपुर जनपदों में गंगा नदी में निरन्तर निगरानी रखते हुए डॉल्फिन को संरक्षित रखना व जन सामान्य को गंगा डॉल्फिन के विषय में जागरूक करना है। बता दें कि प्रोजेक्ट डॉल्फिन भारत में गंगा व उसकी सहायक नदियों मे डॉल्फिन के संरक्षण के लिए शुरू की गयी एक वन्यजीव संरक्षण योजना है। यह भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वर्ष- 2021 में शुरू किया था। -

# करसड़ा के लीचेट ट्रीटमेंट प्लांट का नवीनीकरण जल्द

**वाराणसी।** करसड़ा प्लान्ट पर निर्मित लीचेट ट्रीटमेंन्ट प्लान्ट का जहां जल्द नवीनीकरण होगा, वहीं आवश्यकता अनुसार नवीन तकनीकी पर आधारित मशीनरी भी लगायी जाएगी। इसको लेकर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा बुधवार को जहां सम्पूर्ण परिसर को देखा, और प्लांट एवं तकनीकी मशीनों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने करसड़ा प्लान्ट संचालक संस्था से प्लान्ट पर स्थित कार्यालय को सेन्ट्रेलाइज्ड वेन्टीलेशन सिस्टम के साथ नवीनीकरण किया जाने को कहा,वहीं मीटिंग हॉल में प्रोजेक्टर की व्यवस्था करने और मे. ईस्टर्न ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर प्रा.लि. द्वारा करसड़ा प्लान्ट पर ग्रीन बेल्ट बढ़ाये जाने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने करसड़ा प्लान्ट के इंचार्ज सहायक नगर आयुक्त इन्द्र विजय के कार्यालय में एक कम्प्यूटर सेट लगाने और प्रिन्टर सहित कम्प्यूटर ऑपरेटर को तैनात किया जाने को कहा। उन्होंने करसड़ा प्लान्ट पर पूर्व से स्थापित वेब ब्रिज हटाने और नये वेब ब्रिज को स्थापित किये जाने के लिए जोनल स्वच्छता अधिकारी रविचन्द्र निरंजन को निर्देशित किया,और नगर निगम द्वारा करसड़ा प्लान्ट पर निर्मित सीवर सिस्टम का नवीनीकरण किये जाने और प्लांट पर उपस्थित आर.डी.एफ. को रमना स्थित प्लान्ट पर भेजने का निर्देश दिया। इस दौरान नगर आयुक्त ने प्लान्ट पर मानसून शेड में पड़े कूड़े और दूसरे टिपिंग क्षेत्र व आस-पास में रहे कूड़े का कन्टोर मैपिंग कराकर उसका आंकलन कर लिए जाने का निर्देश देते हुए कहा कि मे. ईस्टर्न ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर प्रा.लि. द्वारा प्रोसेस कराए जाय ,जिसमें आने वाला कुल व्यय का वहन विभाग द्वारा किया जायेगा। नगर आयुक्त ने करसड़ा प्लान्ट पर प्रोसेसिंग होने वाले कूड़े का लॉग बुक की मॉनिटरिंग एवं सत्यापन का कार्य प्रतिदिन कराए जाने और इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाहीं नही किए जाने का निर्देश दिया ,वहीं इसके लिए सहायक नगर आयुक्त इन्द्रविजय सिंह को जिम्मेदारी सौपी। इस दौरान उन्होंने परिसर में एन.टी.पी.सी. द्वारा स्थापित वेस्ट टू एनर्जी प्लान्ट के कार्यो को भी परखा। इस दौरान यह तय कियाा गया कि वेस्ट टू एनर्जी प्लान्ट पर 01 वेब ब्रिज, 03 टैज्क्टर एवं 03 ट्राली, 02 ट्रॉमिल, 01 ड्रायर सिस्टम और डी.जी. शेट एन.टी.पी.सी.द्वारा नगर निगम को हस्तगत किये जाने एवं अन्य उपस्थित मशीनरी को हटाने के हेतु एन.टी.पी.सी. से पत्राचार किया जायेगा। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त दुष्यंत कुमार मौर्य, सहायक नगर आयुक्त इंद्र विजय सिंह, जोनल स्वच्छता अधिकारी रविचन्द्र निरजंन, सलाहकार सी.पी.सी.बी डा. नवनीत कुमार सहित करसड़ा प्लान्ट के संचालन हेतु चयनित नयी संस्था मे. ईस्टर्न ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर प्रा.लि. के प्रतिनिधि सुधीर सतनालीवाला, अक्षय सतनालीवाला, शुभम अग्रवाल आदि लोग उपस्थित थे।

### तैयारी

**आवश्यकतानुसार लगेगी नवीन तकनीकी पर आधारित मशीनरी**

**नगर आयुक्त ने किया करसड़ा प्लांट का निरीक्षण**



परख सच की
जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी की उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवायें

उपकार हॉस्पिटल
टाटा कैंसर मुम्बई एवं एम्स न्यू दिल्ली के अनुभवी कैंसर सर्जन
पूर्वांचल के एकमात्र लैप्रोस्कोपिक आंको सर्जन
डॉ. स्वप्निल पटेल
एम.एस. (सर्जरी) एम्स दिल्ली (गोल्ड मेडलिस्ट)
एम.सी.एच. (आंको सर्जरी) टाटा कैंसर हॉस्पिटल, मुम्बई
पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर, महामना कैंसर हॉस्पिटल
कैंसर का सम्पूर्ण ईलाज
बी.एच.यू. रोड सुन्दरपुर, वाराणसी 8787075907

स्वामी हरशंकरानन्द जी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
ओ0 पी0 डी0 मात्र 20 रुपये में
स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा सुविधा
श्वांस एवं टी.बी. रोग विभाग • आर्थोपेडिक सर्जरी (हड्डी रोग विभाग)
दंत रोग विभाग • आँख रोग विभाग • जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, कैंसर विभाग
ई.एन.टी. (नाक, कान, गला रोग) विभाग • यूरोलॉजी विभाग • न्यूरो सर्जरी विभाग
त्वचा रोग विभाग • गाइनीकोलॉजिकल सर्जरी (स्त्री रोग विभाग) • फिजियोथैरेपी विभाग
अत्याधुनिक आई.सी.यू., एन.आई.सी.यू. एवं डायलिसिस की आधुनिकतम व्यवस्था उपलब्ध
24/7 पैथोलॉजी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध
एन. 8/237, नेवादा, बी.एच.यू., डी.एल.डब्ल्यू रोड, सुन्दरपुर, वाराणसी Ph: 8090010892

# परीक्षा नतीजे में गड़बड़ी को लेकर भड़के विद्यार्थी

**नाराजगी**

**काशी विद्यापीठ में विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी**

**परीक्षा कराने वाली एजेंसी को बदलने समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जताया विरोध**




**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के परीक्षा परिणाम में गड़बड़ियों को लेकर छात्रों ने एजेंसी को बदलने की मांग की है। इसे लेकर बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कॉलेज प्रशासन के खिलाफ छात्रों ने जमकर नारेबाजी की। इससे पहले मंगलवार को छात्रावास का आवंटन ऑफलाइन करने और समर्थ पोर्टल की समस्या को दुरुस्त करने के साथ ही 11 सूत्रीय मांगपत्र को लेकर कुलपति प्रो. एके त्यागी को सौंपा है।

छात्र नेता आशुतोष तिवारी हर्षित ने बताया कि छात्रावास आवंटन में पुराने छात्रों को वरीयता नहीं मिल रही है। नए छात्रों का फॉर्म नहीं भरा रहा है। सम-विषम सेमेस्टर कोर्स का परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर जारी किया जाए। स्नातक स्तर पर विषय का परिवर्तन किया जाए, जिससे छात्रों को उनकी इच्छा अनुसार एक विषय मिले, जिससे वह आगे पीजी कोर्स में पढ़ाई कर सकें। 2024-25 के सभी छात्रावासों की तरह संपूर्णानंद छात्रावास के कमरों को भी शोध छात्रों को आवंटित किया जाए।

डॉ. भगवानदास केंद्रीय पुस्तकालय कंडोलेंस पर बंद हो जाता है। इस पर रोक लगनी चाहिए। बीपीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर काउंसिलिंग कराई जाए। परिसर के बैंक में जीरो बैलेंस पर छात्रों का अकाउंट खुलवाया जाए। कैंटीन की व्यवस्था चालू कराई जाए। प्रदर्शन में शिवम तिवारी, प्रफुल्ल पांडेय, करन सिंह, हेमंत मिश्रा, हर्ष राय उपस्थित थे। छात्र नेताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में रोप-वे कार्य में अधिक जमीन अधिग्रहण हो चुका है। अगर बिजली उपकेंद्र बनता है तो छात्रों के स्वास्थ्य को नुकसान होगा। हमारी मांगों को पूर्ण नहीं किया गया तो बाध्य होकर धरना-प्रदर्शन व अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।

## विद्यापीठ में दीक्षांत परिधान में ही डिग्री व मेडल लेंगे छात्र

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में 20 दिसंबर को 46वें दीक्षांत के दूसरे भाग में सिर्फ डिग्री वितरण होगा। 25 सितंबर को दीक्षांत में जिन कोर्स का रिजल्ट नहीं आया था, उन्हीं को उपाधियां और मेडल दिए जाएंगे। कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ही मुख्य अतिथि के तौर पर उपाधियों और मेडल का वितरण करेंगे। छात्र और छात्राओं को दीक्षांत परिधान में ही आना होगा। छात्रों को सफेद कुर्ता-पैजामा, पीला साफा और उत्तरीय तथा छात्राओं को लाल बॉर्डर वाली सफेद और क्रीम कलर की साड़ी, लाल ब्लाउज में आना होगा। अभी टॉप-10 मेडलिस्ट और उपाधि धारकों की सूची तैयार की जा रही है। वेबसाइट पर यूजी और पीजी के टॉपर्स की सूची जारी कर आपत्ति मांगी गई है।

## प्रो.शैलेश कुमार बनाए गए कार्यपरिषद के सदस्य

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव राकेश कुमार ने बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के उपबंधों के अनुसार चक्रानुक्रम में आवृत्ति से अधिनियम की धारा 20(1)(घ)(1) के अंतर्गत सामाजिक विज्ञान विभाग के आचार्य प्रो. शैलेश कुमार मिश्र को विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् के सदस्य बनाया है। कुलसचिव राकेश कुमार ने बताया कि उक्त सदस्य का कार्यकाल धारा 20 (2) के अनुसार एक वर्ष का होगा।

# निबंध लेखन में अर्चना मौर्या प्रथम



**प्रक्रिया होगी शुरू**

**संपूर्णानंद में फिट इंडिया वीक में 'खेल, व्यायाम और योग का हेल्थ पर प्रभाव' विषयक निबंध प्रतियोगिता**

**वाराणसी।** शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग के प्रभारी एवं सचिव डा. सत्येंद्र कुमार यादव के संयोजकत्व में फिट इंडिया वीक कार्यक्रम के द्वितीय दिवस बुधवार को 'खेल, व्यायाम और योग का स्वास्थ्य पर प्रभाव' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वेद विभाग के आचार्य डा. सत्येन्द्र कुमार यादव ने कहा कि व्यायाम से शरीर के एंडार्फिन स्तर बढ़ते हैं, जिससे दर्द कम होता है और स्वस्थ होने की भावना आती है । व्यायाम से मनोदशा और ऊर्जा का स्तर बेहतर होता है और डिप्रेशन से भी राहत मिलती है। खेलकूद से शारीरिक गतिविधि बढ़ती है और मोटापे का खतरा कम होता है. इससे पुरानी बीमारियों से भी बचा जा सकता है. खेलकूद से जीवन में ताजगी और स्फूर्ति आती है।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अर्चना मौर्या, द्वितीय स्थान पर कुमारी दीपिका एवं तृतीय स्थान पर शिव ओम दत्त मालवीय रहे। प्रतियोगिता का प्रारंभ चंद्रमौली तिवारी के वैदिक मंगलाचरण से हुआ । संयोजक एवं वेद विभाग के आचार्य डा. सत्येंद्र कुमार यादव ने विषय का उपस्थापन किया। न्याय वैशेषिक विभाग के आचार्य डा. कुंज बिहारी द्विवेदी ने योग एवं खेल से होने वाले लाभों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को नियमित योग एवं व्यायाम का अभ्यास करना चाहिए। धनुर्विद्या प्रशिक्षक आदित्य कुमार ने कहा कि खेल एवं व्यायाम को जीवन में धारण करने से हमें दवाओं से मुक्ति मिलती है।

## संक्षेप

### सफाईकर्मियों का वेतन रोकने की संस्तुति

**चिरईगांव।** ब्लाक के शंकरपुर,मढ़नी और गौराकलां गांव में प्लास्टिक व कूड़े का ढेर मिलने पर सहायक विकास अधिकारी चिरईगांव ने इन ग्राम सभाओं में तैनात सफाईकर्मियों का एक दिन वेतन रोकने की संस्तुति करते हुए पत्रावली जिला पंचायत राज अधिकारी को भेजी है। गलियों की साफ- सफाई ठीक न होने तथा सफाईकर्मियों की लापरवाही उजागर होने पर उन्होंने यह कार्रवाई की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सचिवों को रोस्टर के अनुसार सफाई कराने, गलियों में सफाईकर्मियों का नाम मोबाईल नंबर लिखवाने का निर्देश दिया।

### किसान मेला एवं सम्मेलन को सफल बनाने के लिए किसानों संग बैठक

**रोहनिया।** वीरभानपुर स्थित अपने आवास पर मंगलवार को पूर्व मंत्री सुरेन्द्र पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में मराठा सेवा संघ एवं किसान संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी की जयंती 19फरवरी से संगठित किसान अंदोलन के जनक स्वामी सहजानंद सरस्वती के जयंती 22 फरवरी तक राष्ट्रीय स्तर का किसान मेला एवं किसान सम्मेलन सहित विविध आयोजन को सफल बनाने हेतु रणनीति बनी। मराठा सेवा संघ के राष्ट्रीय संरक्षक अविनाश काकड़े ने कहा कि चार दिवसीय कार्यक्रम के विविध आयोजन में विचारों के आदान - प्रदान एवं अनुकरणीय कार्यो के अनुसरण हेतु राष्ट्रीय "किसान मेला लगेगा" जिसमें भारत वर्ष के विविध विचारो, संस्कृतियों के मेल हेतु सम्मेलन में भी होगा। किसान नेता विनय शंकर राय "मुन्ना" ने कहा कि कृषि प्रधान देश के किसानी पर गम्भीरतापूर्वक चिन्तन एवं मंथन कर किसानी के सम्मान एवं उत्थान हेतु सार्थक एवं वृहद रूप रेखा तैयार किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से अविनाश काकड़े, किसान नेता विनय शंकर राय "मुन्ना", विजय नरायण वर्मा, अमलेश पटेल, मेवा पटेल, प्रेम शाह, उदय प्रताप पटेल, अवधेश प्रताप, विजय गुप्ता, संजय यादव , खटाई लाल शर्मा, रमेश यादव, अंशु उपाध्याय, बब्लू पटेल सहित इत्यादि किसान शामिल थे ।

### लोकगायक भिखारी ठाकुर जयंती पर याद किए गए




**वाराणसी ।** विश्व भोजपुरी संघ द्वारा मैदागिन में ख्यात लोकगायक नाट्यकार कवि भिखारी ठाकुर को उनकी 137वीं जयंती पर याद करते नमन वंदन किया गया । अध्यक्षीय उद्बोधन करते विश्व भोजपुरी संघ के महासचिव अपूर्व नारायण तिवारी ने कहा कि कुतुबपुर गांव ,सारण बिहार में 18 दिसम्बर, सन 1887 को जन्मे भिखारी ठाकुर ने अपनी नृत्य मण्डली और नाट्य मंडली द्वारा बिदेसिया, गबरघिचोर,गंगा असनान, बेटी बेचवा,नाई बहार,पुत्र वध,बिरहा बहार आदि तमाम प्रासंगिक भोजपुरी कृतियों का सृजन और मंचन करके अपूर्व लोकप्रियता हासिल की थी । उन्हें भोजपुरी का शेक्सपीयर माना जाता है । अपने बेजोड़ लोकसाहित्य से वे सदैव प्रेरणास्त्रोत और एक युगपुरुष बने रहेंगे कार्यक्रम में में शंभूनाथ पांडेय, रतन गुरु,ओमप्रकाश शर्मा,डॉ.दिनेश सिंह, काशीनाथ तिवारी,जय कुमार चौधरी, धूरबटोर,तारकनाथ शर्मा ,राजन कसेरा आदि उपस्थित थे ।

### 23 को मनेगी जायेगी जनाबे फातिमा की जयंती

**वाराणसी।** खातून जन्नत हसन हुसैन की मां आखिरी रसूल की इकलौती बेटी शेरे खुदा हजरत अली की धर्मपत्नी बीबी फातिमा की 1453 वी जंयती देश और दुनिया के साथ शहर बनारस में भी पूरी अकीकत के साथ मनाई जाएगी। शिया हजरात इस दिन महफिल सजाएंगे और हर घर में खुशियां मनाई जाएगी। इस सिलसिले से काली महल स्थित अजाखाना इमदाद और फुरकान में साय?ःकाल 4 बजे महफिल का आयोजन होगा। जिसमें देश के जाने-माने उलेमा शिरकत करेंगे और कई शेयर अपने कलाम पेश करेंगे। इस अवसर पर जव्वादिया अरबी कॉलेज पहलाद घाट के छात्र सामूहिक रूप से बीबी फातिमा की खिदमत में खिराजे हकीकत पेश करेंगे। श्री हैदर ने बताया कि महफिल का सिलसिला रविवार से ही शुरू हो जाएगा जो पूरे सप्ताह तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में मौलाना सैयद शमीमुल हसन उल हसन मौलाना जमीरुल हसन मौलाना वाजिद अली मौलाना जहीन हैदर मौलाना बाकर बाल्यावी मौलाना युसूफ मशहदी मौलाना जायर हुसैन मौलाना इकबाल हैदर मौलाना तौसीफ रजा आदि लोग शामिल रहेंगे। इसके अलावा जो शायर अपने कलाम पेश करेंगे।

# एनटीए ने बीएचयू को भेजा नेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का डेटा

**प्रक्रिया होगी शुरू**

**पीएचडी के नियमों में बदलाव को लेकर विश्वविद्यालय में कमेटी का किया गठन**

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश की प्रक्रिया एक सप्ताह में शुरू हो सकती है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से नेट और जेआरएफ उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के डाटा का लिंक बीएचयू को उपलब्ध करा दिया गया है। पीएचडी के नियमों में बदलाव को लेकर विश्वविद्यालय में एक कमेटी गठित की गई है। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दे दी है।

कुलपति की मुहर लगने के बाद पीएचडी बुलेटिन में बदलाव किया जा सकता है। इसके बाद ऑनलाइन पोर्टल पर प्रवेश का लिंक जारी किया जाएगा। बीएचयू में दीक्षांत समारोह के ठीक बाद पीएचडी बुलेटिन जारी होना था, लेकिन कमेटी की अनुशंसा अब तक विचाराधीन है। जबकि छात्रों की ओर से 10 बिंदुओं में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के नियमों में बदलाव की मांग की गई थी। पिछले दो महीने से प्रवेश प्रक्रिया लटकी हुई है।

जून में नेट की परीक्षा दे चुके छात्रों को ही प्रवेश के लिए अनुमति दी गई थी, जिसका छात्रों ने कड़ा विरोध किया था। 18 अक्टूबर को परीक्षा परिणाम आ चुका है, लेकिन दो महीने बाद भी बीएचयू ने अब तक पीएचडी बुलेटिन जारी नहीं किया है। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के अनुसार, 2024-25 सत्र के पीएचडी प्रवेश में 1500 से ज्यादा सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। इसमें चारों संबद्ध कॉलेजों की भी 100 से ज्यादा सीटें होंगी। इस बार बीएचयू रिसर्च एंट्रेंस टेस्ट (आरईटी) के तहत पीएचडी कोर्स में प्रवेश नहीं लेगा। सिर्फ नेट, जेआरएफ और पीएचडी के लिए उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ही इंटरव्यू के लिए साक्षात्कार पत्र जारी किया जाएगा।

## काशी विद्यापीठ में वुशू टीम का चयन कल

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के क्रीड़ा विभाग में विश्वविद्यालय परिसर की वुशू (महिला/पुरुष) टीम का चयन 20 दिसंबर को सुबह 10 बजे से होगा। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सचिव डा. नवरत्न सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद में होगा। वुशू टीम टीम में विश्वविद्यालय परिसर, एनटीपीसी, गंगापुर परिसर, भैरव तालाब परिसर के खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। डॉ. सिंह ने बताया संस्थागत छात्र व छात्राएं अंतर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिता 2024-25 के लिए इलिजिबिलिटी प्रोफार्मा, हाईस्कूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र, इंटरमीडिएट अंक पत्र व प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र, फीस रसीद, आधार कार्ड, कोविड-19 के टीकाकरण की छाया प्रति, चार पासपोर्ट साईज फोटो के साथ विश्वविद्यालय परिसर के क्रीड़ा परिषद में वुशू (महिला/पुरुष) के प्रभारी डा. अमरेंद्र कुमार सिंह से संपर्क कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय एंडोमेट्रियोसिस सम्मेलन में जुटेंगे देश भर के विशेषज्ञ

**जमावड़ा**

**बीएचयू में तीन दिवसीय सम्मेलन में जुटेंगे विशेषज्ञ, महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है यह कार्यक्रम**



**वाराणसी।** एंडोमेट्रियोसिस सोसाइटी ऑफ इंडिया (ईएसआई) 20 से 22 दिसंबर तक बीएचयू में पहली राष्ट्रीय एंडोमेट्रियोसिस सम्मेलन का आयोजन कर रही है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रमुख स्त्री रोग विशेषज्ञों, एंडोमेट्रियोसिस विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और स्वास्थ्य पेशेवरों को शामिल किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य किशोरियों और महिलाओं को प्रभावित करने वाली इस बीमारी पर वैज्ञानिक चर्चा और सामाजिक जागरूकता बढ़ाना है।

बीएचयू के मीडिया कान्फ्रेंस हाल में बुधवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में स्त्री एवं प्रसूती रोग विभाग की विभागाध्यक्ष व राष्ट्रीय सम्मेलन की आयोजन सचिव प्रो. संगीता राय, प्रो. शिखा सचान, डा. ममता, डा. अनुराधा खन्ना, डा. सुधा सिंह, डा. नीलम ओहरी, डा. मधुलिका सिंह आदि ने यह जानकारी दी।

बताया एंडोमेट्रियोसिस एक दर्दनाक और पुरानी स्थिति है, जिसमें गर्भाशय की अंदरूनी परत के समान ऊतक गर्भाशय के बाहर बढ़ते हैं। यह आमतौर पर अंडाशय, फैलोपियन ट्यूब और श्रोणि ऊतकों को प्रभावित करता है और मासिक धर्म के दौरान गंभीर दर्द का कारण बन सकता है। गंभीर मामलों में यह प्रजनन क्षमता को भी प्रभावित कर सकता है। हालांकि लक्षणों और जटिलताओं को नियंत्रित करने के लिए उपचार उपलब्ध हैं, लेकिन अभी तक इसका पूर्ण इलाज नहीं खोजा जा सका है इसीलिए शोध और जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

यह सम्मेलन एंडोमेट्रियोसिस से जुड़े चिकित्सा और सामाजिक मुद्दों को संबोधित करेगा। ईएसआई के अध्यक्ष डा. पीएस महापात्रा और सचिव डा. पीके मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर क्षेत्र की समन्वयक डा. अनुराधा खन्ना, आयोजन अध्यक्ष डा. सुधा सिंह और डा. नीलम ओहरी तथा आयोजन सचिव डा. संगीता राय का भी योगदान होगा। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि आयुष मंत्री डा. दया शंकर मिश्र दयालु व विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी द्वारा किया जाएगा।

# लंबी कूद में सौरव, वैष्णवी को प्रथम स्थान

**एनुअल स्पोर्ट्स**

**खेलों से ही सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास : डॉ. ओमप्रकाश**

**हरिश्चंद्र महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का हुआ भव्य शुभारंभ**

**वाराणसी।** हरिशचंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बावन बीघा परिसर में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को डा. ब्रजेश पाठक द्वारा सरस्वती वंदना तथा महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा कुलगीत और स्वागत नृत्य की प्रस्तुति से हुआ। उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हरिश्चंद्र महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा. ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि खेल में किसी की हार जीत नहीं होती बल्कि खेलों से सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास होता है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में खेल भावना का प्रयोग जीवन के हर क्षेत्र में होना चाहिए। खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए डा. सिंह ने कहा कि ऐसी स्पधाओं में प्रतिभाग करना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर पंकज सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद में भी सक्रिय भागीदारी करते रहे, जिससे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही उत्तम बना रहेगा। 21वीं सदी में वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती पहचान को रेखांकित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर रजनीश कुंवर ने कहा कि आज हमारे देश में खेल संस्कृति को सरकार द्वारा पर्याप्त प्रोत्साहन मिल रहा है। ओलंपिक राष्ट्रमंडल खेल, एशियाड जैसे अंतरराष्ट्रीय खेल समारोहों में भारत का बढ़ता वर्चस्व इस तथ्य की पुष्टि करता है। विद्यार्थियों से आवाहन करते हुए उन्होंने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के समेकित विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय में संचालित विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट करके किया गया। दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, चक्र प्रक्षेप, लंबी कूद, गोला फेंक, जैवलिन थ्रो, ऊंची कूद जैसी स्पधाओं का आयोजन किया जाएगा। इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अलग-अलग पाठ्यक्रमों में से लगभग 2000 से अधिक प्रतिस्पर्धी अपनी दावेदारी प्रस्तुत करेंगे।

पहले दिन खेली गई प्रतियोगिता में लंबी कूद (पुरुष वर्ग) में बीए तृतीय सेमेस्टर के सौरव सिंह व महिला वर्ग में बीए प्रथम सेमेस्टर की वैष्णवी पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चक्र प्रक्षेप (पुरुष वर्ग) में बीए तृतीय वर्ष के सौरभ सिंह और महिला वर्ग में बीएड प्रथम सेमेस्टर की वर्षा कुमारी प्रथम रहीं।

400 मीटर दौड़ (महिला वर्ग) में बीए पंचम सेमेस्टर की सपना पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मसाल दौड़ में सौरभ कुमार यादव प्रथम रहे। मार्च पास्ट प्रतियोगिता में कला संकाय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उद्घाटन सत्र का संचालन प्रो. अनीता सिंह व खेल स्पर्धाओं का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी प्रोफेसर संजय सिंह ने किया। इस दौरान प्रो.अशोक सिंह, प्रो.अनिल कुमार, प्रो. विश्वनाथ वर्मा, प्रो. रिचा सिंह, प्रो.अनुपम शाही, प्रो. बीके निर्मल, प्रो. संजय श्रीवास्तव, प्रो. जगदीश सिंह, डा. आनंद द्विवेदी, डा. ओम शर्मा, सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. प्रभाकर सिंह ने किया।



# प्री पीएचडी कोर्स में 75 फीसदी हाजिरी अनिवार्य

**अनिवार्यता**

**महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में कक्षाओं का संचालन शुरू**

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में प्री पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। कोर्स वर्क में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। कक्षाएं शुरू होने से पहले अपने पूर्व या वर्तमान संस्थान से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर विभाग में जमा करना होगा। कक्षाएं मुख्य परिसर में ही चलेंगी। कॉलेजों में पंजीकृत छात्रों को अपने यहां से छह महीने का अवकाश लेना होगा।

इस सत्र में प्रवेश पा चुके गणित के शोध छात्रों की कोर्स वर्क वाली कक्षाएं 19 दिसंबर को चलाई जाएगी। कक्षाएं गणित विभाग में दोपहर एक बजे से चलेंगी। वहीं, समाजशास्त्र विभाग में प्रवेश लिए विद्यार्थियों की कोर्स वर्क की कक्षाएं चलेंगी।

**यूजीसी के अनुसार- 12 क्रेडिट की पढ़ाई अनिवार्य**

पीएचडी में एडमिशन के बाद सबसे पहले छह महीने तक कोर्स वर्क की क्लास चलती है। इसमें पीएचडी करने वालों को शुरूआत में निश्चित पाठ्यक्रम के अनुसार कक्षाएं कराई जाती हैं। यूजीसी की नई गाइडलाइन के अनुसार, पीएचडी कोर्स वर्क में 12 क्रेडिट की पढ़ाई अनिवार्य है। एक क्रेडिट में अध्ययन के 15 घंटे होते हैं।

शिक्षाशास्त्र विभाग में कोर्स वर्क की कक्षाएं छह जनवरी से शुरू होंगी। एनओसी चार जनवरी तक जमा करना होगा। हिंदी विभाग की कोर्स वर्क की कक्षा सात जनवरी से शुरू होंगी। 16 दिसंबर को अर्थशास्त्र से पीएचडी में प्रवेश लेने वालों की कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं।

# आचार्य पं रामप्रसाद त्रिपाठी से जुड़े संस्मरण को सुनाया



**स्मरण**

**नगर के विद्वतजनों ने आचार्यवर को दी श्रद्धांजलि**

**वाराणसी।** संस्कृत व्याकरण के प्रकांड विद्वान महामहोपाध्याय आचार्य स्वर्गीय पण्डित रामप्रसाद त्रिपाठी की 104 वीं जयंती के उपलक्ष्य में विद्वत सम्मान सभा का आयोजन दुगाकुंड स्थित धर्मसंघ शिक्षा मंडल में आयोजित हुआ। इस अवसर पर उपस्थित विद्वत जनों और विप्रजनों ने आचार्यवर की प्रेरणादायक जीवनी पर प्रकाश डालने के साथ ही उनके व्यक्तित्व, चरित्र व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो नरेंद्र नाथ पांडेय थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य पद्मभूषण प्रो देवी प्रसाद द्विवेदी थे। वहीं सारश्वत अतिथि काशी विश्वनाथ मन्दिर न्यास परिषद के पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री डॉ हरिहर कृपालु त्रिपाठी रहे।

संचालन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के व्याकरण विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो रामनारायण द्विवेदी ने किया। जबकि स्वागत भाषण प्रो रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी ने दिया। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट वक्ताओं ने आचार्य पं रामप्रसाद त्रिपाठी से जुड़े अपने -अपने संस्मरण सुनाया।

# छात्रों ने जाना इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप का महत्व

**कार्यक्रम**

**काशी विद्यापीठ में 'द इपोर्टेंस आफ इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप इन ह्यूमन लाइफ' विषयक एक दिवसीय कार्यशाला**




**वाराणसी।** हर प्रसाद गुप्त इन्क्यूबेशन फाउंडेशन, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के इन्क्यूबेटिड स्टार्टअप कंपनी हैप्पी लाईफ टेक्नोसाफ्ट प्रा. लि. द्वारा बुधवार को 'द इपोर्टेंस आफ इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप इन ह्यूमन लाईफ' विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संस्थान में आयोजित कार्यशाला में फाउंडेशन के इंटर्न प्रोजेक्ट मैनेजर निहाल सोनकर ने इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप के महत्व को विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि नवाचार छात्रों के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है, जो उन्हें अपनी क्षमता को उजागर करने, व्यक्तिगत विकास प्राप्त करने और समाज में योगदान देने में मदद करता है।

उन्होंने कहा कि नवाचारी सोच विकसित करके, छात्र समस्याओं को रचनात्मक तरीके से हल कर सकते हैं, नए अवसरों का पता लगा सकते हैं और जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। इन्टर्न प्रोजेक्ट मैनेजर साक्षी केसरी ने बताया कि जब आप अपने इनोवेशन को एंटरप्रेन्योरशिप में बदलते हैं तो आपके पास धन कमाने के साथ-साथ समस्याओं की पहचान एवं समाधान करने की क्षमता व्यावहारिक कौशल, टीम प्रबंधन ज्ञान के साथ-साथ चुनौतियों से लड़ने की क्षमता स्वतः विकसित होने लगती है। कंपनी के को-फाउंडर संदीप कुमार ने सभी को एक इंटर्न के रूप में अपनी कंपनी से जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को इंटर्न के रूप में जुड़ने के फायदे बताए।

कार्यशाला का आयोजन हर प्रसाद गुप्त इन्क्यूबेशन फाउंडेशन के निदेशक प्रो. मोहम्मद आरिफ एवं प्रबंध अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रो. सुधीर कुमार शुक्ला, प्रो. अभिषेक कुमार सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर ईशा, प्रियांशु, मनोहर यादव, प्रशांत, रितिका, नीलांशी, आकांक्षा, वैष्णवी, नाहिद आदि उपस्थित रहे।

# रेल चक्काजाम करने जा रहे लोगों को पुलिस ने रोका

आंदोलन

## पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को किया तितर-बितर



रेल चक्का जाम के दौरान जुटे लोग।



रेल चक्का जाम करने से पूर्व वार्ता करते संगठन के सदस्य।

**फेफना।** रेल प्रशासन की वादाखिलाफी को लेकर बुधवार को फेफना जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रेल चक्काजाम करने जा रहे क्षेत्रवासियों को पुलिस ने फेफना-गड़वार मार्ग स्थित रेलवे क्रासिंग पर रोक दिया। इस दौरान एसडीएम सदर एवं सीओ ने क्षेत्रीय संघर्ष समिति के संयोजक जनार्दन सिंह को समझाने बुझाने का प्रयास किया। वही, लोग नारेबाजी करते रहे। इस पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके लोगों को तितर बितर कर दिया। एक तरफ जहां वार्ता का क्रम चल रहा था, वहीं दूसरी तरफ लोग इधर-उधर खड़ा होकर पुलिस प्रशासन के रवैए को देखते रहे। इधर, रेल चक्काजाम के समर्थन में फेफना बाजार के व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकाने बंद रखा। भारी संख्या में आरपीएफ, जीआरपी तथा कई थानों की पुलिस की मौजूदगी के चलते क्षेत्रवासी रेलवे ट्रैक तक नहीं जा सके। रेल चक्काजाम करने जा रहे लोगों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाती रही। लोगों ने कहा कि फेफना जंक्शन रेलवे स्टेशन पर किसी भी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव ना होना आश्चर्यचकित करने वाला है। एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव, रेलवे क्रासिंग पर उपरिगामी सेतु का निर्माण, वरिष्ठ नागरिकों को पूर्व की भांति सुविधाएं बहाल करने, टिकट खिड़की, आरक्षण खिड़की एवं यात्री प्रतीक्षालय को स्टेशन से बाहर करने की मांग को लेकर लगभग 41 दिनों तक चले आंदोलन के परिणाम स्वरूप रेल प्रशासन ने तीन माह का समय लेते हुए मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। रेल प्रशासन को वादाखिलाफी महंगी पड़ेगी।

### 24 या 26 को वाराणसी जाएगा प्रतिनिधि मंडल

**फेफना।** उप जिलाधिकारी सदर तथा सीओ ने फेफना चौराहा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय संघर्ष समिति के संयोजक जनार्दन सिंह सहित अन्य प्रमुख लोगों से वार्ता किया। तत्पश्चात रेल प्रशासन वाराणसी से समिति के पदाधिकारियों से टेलीफोनिक वार्ता कराया। रेल प्रशासन वाराणसी द्वारा 24 या 26 दिसंबर को समिति के प्रतिनिधि मंडल को वार्ता हेतु बुलाने का आश्वासन दिया।

# मायके आयी महिला की गंगा में डूबने से मौत



महिला के गंगा में डूबने के बाद घाट पर जुटी भीड़।

**मझौंवा (बलिया)।** टहलने निकली विवाहिता का गंगा नदी के किनारे शाल और चप्पल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी प्रयास के बाद गंगा से महिला का शव बरामद किया और आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी। जानकारी के अनुसार हल्दी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंगा नदी के पचरूखियां गंगा घाट पर डूबने से एक महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मायके व ससुराल में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। बताया जा रहा है कि बैरिया थाना क्षेत्र के झंडा गिरी के मठिया (मधुबनी) निवासी सुमन देवी 40 वर्ष पत्नी हरीश भारती रेवती थाना क्षेत्र के पियरौटा गांव स्थित अपने मायके आयी थी। सुमन बुधवार की सुबह टहलने निकली थी, लेकिन देर तक नहीं लौटी। इस पर मायके के लोग उनकी तलाश में निकले। इस बीच, सुमन का शाल व चप्पल गंगा नदी के पचरूखिया घाट पर देख मायके वालों को अनहोनी की आशंका हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाल के सहारे महिला की तलाश शुरू की। इसी बीच काफी प्रयास के बाद सुमन का शव बरामद हुआ। हादसे के बाद सुमन के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। संभावना जताई जा रही है कि, सुमन शौच प्रक्रिया के तहत असंतुलित होने से डूब गई होगी।

# बोर्ड परीक्षा नजदीक, अभी भी कोर्स है अधूरा

बोले अभिभावक

## प्राइवेट विद्यालयों में पढ़ाई की स्थिति बेहतर

**बैरिया (बलिया)।** सरकार के लाख चाहने के बाद भी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व सरकार से सहायता प्राप्त इंटर कॉलेजों में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई शासन के मंशा के अनुरूप नहीं हो पा रही है। अधिकांश विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का कोर्स पूरा नहीं हो पाया है। जबकि बोर्ड की परीक्षा सिर पर है। वही प्राइवेट विद्यालयों में जिन्हें सरकार से कोई सहायता नहीं मिल पाता उनके बच्चों के पढ़ाई में बेहतर स्थिति है।

उल्लेखनीय है कि बैरिया तहसील क्षेत्र में दो राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, दो राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और एक दर्जन से अधिक सहायता प्राप्त इंटर कॉलेज व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है। जहां पढ़ाई तो हो रही है, किंतु छात्रों का कोर्स पूरा नहीं हो पाया है। विभाग ने अतिरिक्त कक्षाएं चलाकर कोर्स पूरा करने का निर्देश पिछले महीने जारी किया था, किंतु वह आदेश परवान नहीं चढ़ सका और कहीं भी कोर्स पूरा करने के लिए अतिरिक्त कक्षाएं नहीं चल पा रही है।

बैरिया निवासी अभिभावक अजय सिंह, करमानपुर निवासी अभिभावक विजय बहादुर सिंह, सोनबरसा निवासी अभिभावक प्रशांत उपाध्याय, लालगंज निवासी अभिभावक संजय गुप्ता का कहना है कि सरकार में सभी सहायता प्राप्त विद्यालयों में पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की तैनाती करती है। भारी भरकम वेतन हर महीने शिक्षकों को समय से मिल जा रहा है। बावजूद इसके बच्चों का कोर्स पूरा नहीं हो पा रहा है। कहीं ना कहीं व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। उक्त अभिभावकों का कहना है कि शिक्षकों को अपने दायित्व का स्वतः बोध करना चाहिए। अगर सरकार भारी भरकम वेतन दे रही है तो बच्चों का कोर्स भी अध्यापकों को पूरा करना चाहिए। कुछ सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण की स्थिति बहुत अच्छी है। तो कुछ की स्थिति दयनीय है। अभिभावकों ने जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, उप जिलाधिकारी बैरिया का ध्यान अपेक्षित करते हुए हस्तक्षेप की मांग की है ताकि बच्चों का कोर्स पूरा हो सके। अभिभावकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक से आग्रह किया है कि जिस विद्यालय के छात्र-छात्राओ का कोर्स पूरा नही हुआ हो, वहां आवश्यक रूप से अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन कराने के लिए हस्तक्षेप करें। ताकि छात्र बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सके।

### खेलकूद में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा, हुए पुरस्कृत



**मझौंवा (बलिया)।** मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल में बुधवार को सात दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रिंसिपल कुसुमलता सिंह ने मंत्रोच्चारण के साथ किया। साथ ही विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा चार तक के बच्चों ने विभिन्न खेलो में खो-खो, रस्साकसी, चम्मच दौड़, संतुलन दौड़, सैक दौड़ सहित आदि खेलो में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के पहले दिन नालंदा व तक्षशिला हाउस का दबदबा रहा। नर्सरी से लेकर कक्षा यूकेजी तक खेल प्रतियोगिता के पहले दिन हुए सैक दौड़, रस्साकसी व संतुलन दौड़ में पुष्टि पाठक, अर्शी सिंह, आराध्या केशरी, अथर्व गिरी, शिवांश सिंह व उन्नति अव्वल रहे। कक्षा एक से लेकर कक्षा चार तक हुई खो-खो प्रतियोगिता में बालकों में नालंदा व तक्षशिला हाउस तथा बालिकाओं में साकेत हाउस में जमकर मुकाबला हुआ। जिसमें बालकों में तक्षशिला हाउस व बालिकाओं में साकेत हाउस अव्वल रहे। खेल में रेफरी की भूमिका मुन्नी सिंह, अर्चना ओझा व कोच पूनम सिंह, मुस्कान सिंह ने निभाई। मौके पर प्रिंसिपल कुसुमलता सिंह, खुशहाल, सरिता, प्रियंका, पूनम देवी, आशा पांडे, नेहा, मनीषा, अक्षय मिश्रा, रुचि, आलोक, सुरेश व अरुण ने खेल को संपन्न करने में सहयोग किया।

# ओटीएस के लिए गांवों में लगेंगे कैंप, कराई जाएगी पैदल मुनादी



**रतसर (बलिया)।** 15 दिसंबर से ऊर्जा विभाग की ओर से ओटीएस (एकमुश्त समाधान योजना) की शुरूआत की जा रही है। इस योजना में पूर्वांचल के लाखों बिजली उपभोक्ता योजना का लाभ उठा पाएंगे। योजना को लेकर स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र के एसडीओ अनिल कुमार एवं अवर अभियंता कैलाश राव ने गांव-गांव कैंप लगाए जाने और पैदल मुनादी कर लोगों को योजना की जानकारी दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 15 दिसम्बर तक योजना की जानकारी प्रत्येक उपभोक्ता को मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत विद्युत बकाएदारों के लिए अधिभार में छूट दी जाएगी। कहा कि एकमुश्त समाधान योजना का पहला चरण 15 से 31 दिसम्बर, दूसरा चरण एक जनवरी से 15 तक और तीसरा चरण 16 से 31 जनवरी 2025 तक उक्त योजना चलाई जाएगी। उन्होंने योजना के तहत बकाएदार अपने विद्युत बिल का उपकेन्द्र पर पहुंचकर लाभ ले सकते है। साथ ही मूलधन का 30 प्रतिशत जमा कर पंजीकरण कराना जरूरी है। इसके बाद उक्त योजना का लाभ उपभोक्ता ले सकते है। अनिल कुमार ने बताया कि उन्हीं उपभोक्ताओं को योजना के तहत सरचार्ज छूट में सर्वाधिक अधिक लाभ मिलेगा, जो प्रथम चरण में पंजीकरण कराएंगे।

### प्रथम चरण में मिलेगा 100 प्रतिशत छूट

विलंबित भुगतान अधिभार में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त भुगतान पर प्रथम चरण में 100 प्रतिशत छूट, द्वितीय चरण में 80 प्रतिशत और तृतीय चरण में 70 प्रतिशत छूट दी जाएगी। उपभोक्ता योजना का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण विभागीय खंड/उपखण्ड कार्यालय, जनसेवा केंद्र या विभागीय वेबसाइट के माध्यम से करा सकते हैं। उन्होंने बिजली विभाग के कर्मचारियों से कहा कि योजना की मुनादी कराना सुनिश्चित करें। मन्दिर,मस्जिद, गुरुद्वारा आदि से योजना का अनाउन्समेंट कराए। गांव-गांव में लाउडस्पीकर द्वारा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। उपभोक्ताओं को योजना का लाभ देने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं।

## महाकुंभ के लिये चलेंगी दो नई बसें

**बलिया।** प्रयागराज में महाकुंभ में यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत न हो, परिवहन निगम इसका पूरा ख्याल रखेगा। महाकुंभ के लिए बड़ी संख्या में रोडवेज बसें प्रयागराज के लिए चलाई जाएंगी। अन्य मार्गों पर बसों के अभाव में यात्रियों को परेशानी न हो, इसके मद्देनजर डिपो को दो नई बसों की सौगात मिली है। साधारण सेवा की इन दोनों नई बसों को प्रयागराज तक चलायी जाएगी। बलिया डिपो में निगम की और अनुबंधित मिलाकर कुल 80 बसों का संचालन विभिन्न मार्गों पर किया जा रहा था। शासन से दो नई बसें मिलने से अब कुल बसों की संख्या 82 हो गई है। अभी फिलहाल नई बसों को लखनऊ तक चलाया जाएगा। महाकुंभ के दौरान इन बसों को प्रयागराज तक चलाया जाएगा। बलिया डिपो से महाकुंभ के लिए 40 बसों के संचालन की तैयारी है। बसों को भगवा कलर में किया जा रहा है। डिपो के अधिकारियों के मुताबिक अगले माह से कुंभ के लिए जिले के विभिन्न स्थानों से बसें लगाई जाएंगी, जिसकी सूची तैयार की जा रही है। एआरएम अजय कुमार ने बताया कि जिले में दो नई बसें मिली है। दो और नई बसों की डिमांड की गई है।

# आसान किश्तों में बकाया बिजली बिल जमा करा सकते हैं किसान

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया (बलिया)।** सरकार का फरमान है कि किसानों के निजी नलकूप के लिए फ्री बिजली का लाभ लेने के लिए 31 मार्च 2023 तक का बकाया बिजली बिल को शून्य करना होगा। किसान बिल का बकाया आसान किस्तों में जमा कर सकते हैं। इसके लिए 31 दिसम्बर 2024 तक पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निजी नलकूपो के किसानों को मुफ्त बिजली देने की घोषणा की थी। जिसके तहत क्षेत्र में बिजली से चलने वाला निजी नलकूपों को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन फ्री बिजली देगा। इसके लिए प्रबंध निदेशक द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर बताया है।

पत्र मे उल्लेख किया गया है कि 31 मार्च 2023 तक का बकाया बिल शून्य करना होगा। इसके बाद छः आसान किस्तो में बकाया बिल को आसान किस्तों में जमा किया जा सकता है।

बिजली विभाग के एसडीओ बैरिया अंबुज तिवारी ने बताया कि निजी नलकूपों को मुफ्त बिजली देने के संबंध में अधिकारियों का पत्र प्राप्त हुआ है।

योजना का लाभ पाने के लिए किसानों को अपने नजदीक के विद्युत उपकेंद्र कार्यालय पर पहुंचकर विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर योजना के तहत पंजीकरण नहीं कराया तो योजना समाप्त होने के बाद जांच कर कनेक्शन बिच्छेदन कर दिया जाएगा, वही अन्य विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

ऐसे में किसानों को अपने नजदीकी विद्युत उपकेंद्र पर आसान किस्तों में बकाया बिल जमा करने के लिए पंजीकरण कराया जा सकता है। ऐसा करने के बाद ही आने वाले वित्तीय वर्ष में किसानों को निशुल्क विद्युत बिजली नलकूप चलाने के लिए तभी मिलेगी। जब उनका 2023 तक का बकाया बिल जमा हो जाएगा, अथवा आसान किस्तो पर जमा करने के लिए पंजीकरण करा लेंगे।

# प्रधान के वित्तीय अधिकार पर लगी रोक डीएम ने हटाया

**बांसडीह (बलिया)।** डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने बेरूआरबारी ब्लाक के बड़सरी गांव के प्रधान बृजानंद तिवारी के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों तथा खाता संचालन पर लगाया गया रोक हटा दिया है। डीएम ने बड़सरी गांव के प्रेमसागर तिवारी के प्रधान बृजानंद तिवारी पर वित्तिय अनियमितता के लगाये आरोप को अंतिम जांच रिपोर्ट में गलत पाया है। डीएम ने गांव में कार्यरत खाता संचालन की तीन सदस्यों की कमेटी को भंग कर बृजानंद तिवारी को प्रधान पद के कर्तव्यों व दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया है। गांव के प्रेमसागर तिवारी ने डीएम को आवेदन देकर ग्राम पंचायत में कराये गये निर्माण कार्यों में वित्तिय अनियमितता का आरोप लगाया था। प्रथम दृष्टया अनियमितता प्रतीत होने पर डीएम ने 10 अक्टूबर को प्रधान के खाता संचालन पर रोक लगा दिया था। डीएम ने जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यों की जांच समिति का गठन कर जांच कराया। जांच टीम ने ग्राम प्रधान व तत्कालीन सचिव व अवर अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा। प्रधान बृजानंद तिवारी, सचिव व अवर अभियंता ने स्पष्टीकरण दिया। जांच टीम ने सभी आरोपो के विकास कार्यों का मौका पर जांच भी किया। जांच टीम ने प्रधान को शासकीय धन के अपव्यय का दोषी नही पाया है। जिसके आधार पर डीएम ने बड़सरी गांव के प्रधान को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया हैं। डीएम ने अंतिम जांच रिपोर्ट के बाद प्रधान बृजानंद तिवारी को अपने कर्तव्यों व दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया है। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष बृजानंद तिवारी को क्लीन चीट मिलने पर संगठन के सदस्यों ने बुधवार को बैठक कर उन्हें बधाई दिया। इस दौरान राम भवन, अरूण, ओम प्रकाश, चित्रेश्वर तिवारी, नगेन्द्र प्रताप, राघव, अनिल यादव, राजेश तिवारी आदि थे।

## बलिया के संगीत साधक ने किया बिहार बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा में टॉप

**बलिया।** जनपद के प्रसिद्ध संगीतज्ञ और शिक्षक डॉ अरविन्द कुमार उपाध्याय के शिष्य दीपक चौबे पुत्र मदन चौबे ग्राम भरखरा थाना सुखपुरा बलिया ने बिहार लोक सेवा आयोग की माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा में पूरे बिहार प्रांत में तृतीय स्थान प्राप्त करके परिवार और जनपद का नाम रौशन किया है। इसके अलावा डॉ अरविन्द कुमार उपाध्याय के एक और संगीत छात्र सूरज कुमार सिंह पुत्र रामकुमार सिंह निवासी श्रीनगर बैरिया जनपद बलिया ने श्री मुरली मनोहर टाऊन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया के कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपना लोहा मनवाया है। उपरोक्त दोनों छात्र संगीत के विद्यार्थी हैं और आरम्भ से ही संगीत विषय में अपना कैरियर बनाने के इच्छुक रहे थे। संगीत के प्राध्यापक डॉ उपाध्याय ने बताया कि अब संगीत के प्रति सरकार और समाज का ध्यान पुनः आकृष्ट हो रहा है। उपरोक्त दोनों होनहार छात्रों को पण्डित पारस नाथ मेमोरियल ट्रस्ट साहित्य संगीत कला केंद्र बलिया ने बहुत जल्द एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

# अवर अभियंता नलकूप को कारण बताओ नोटिस जारी

बैठक

## डीएम ने किसानों की सुनी समस्या, निस्तारण के दिये निर्देश




किसानों की समस्या सुनते डीएम।

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में किसान दिवस पर कृषि भवन सभागार में आयोजित बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्या को निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि किसानों को खाद, बीज, विद्युत एवं फसलों की सिंचाई हेतु किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। शासन द्वारा किसानों के हित में संचालित योजनाओं से पात्र किसानों को लाभान्वित किया जाय। जिलाधिकारी ने विगत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा के दौरान अवर अभियंता, नलकूप द्वारा किसान की समस्या के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुग्ध उत्पादकों का बकाया भुगतान में लापरवाही पाए जाने पर जिला प्रबंधक दुग्ध संघ के विरुद्ध कार्यवाही के लिए शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में किसान ओम प्रकाश कुशवाहा द्वारा विद्युत रोस्टर में बदलाव किए जाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, विद्युत को उच्च अधिकारी को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कृषक धीरेंद्र शर्मा द्वारा कृषकों के खेत पर गहरी अथवा मध्य बोरिंग करने के समय में संशोधन किए जाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता, लघु सिंचाई को शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, उप कृषि निदेशक व जिला कृषि अधिकारी पवन प्रजापति सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण तथा किसान उपस्थित रहें।

## संक्षेप

### सुरक्षा के साथ 'गुड टच बैड टच' की दी गयी जानकारी



**बेल्थरारोड (बलिया)।** सरकार व शासन की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे महिला, बालिका जागरूकता मिशन शक्ति फेज 5 के तहत न्यू सेंट्रल पब्लिक एकेडमी बिल्थरारोड थाना उभांव में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में महिला जागरूकता एवं सुरक्षा के संबंध उभांव थाने की महिला आरक्षी निकुंबला द्वारा महिला हेल्पलाइन नंबर 1098, 1090, 1076, 181, 112 ,102, 198, 101 व साइबर न 1930 के नम्बर पर काल करने के बारे में विस्तार से बताया गया तथा सुरक्षा के बारे में गुड टच व बैड टच आदि के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही सरकार द्वारा चलाए गए योजनाओं जैसे राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार लाभ, पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार योजना, वृद्धा आश्रम संचालन, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगल योजना आदि के बारे में जानकारी दिया गया। महिला आरक्षी निकुंबला द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं, बालकों को 1930 पर काल करने के बारे में बताया गया तथा बच्चों को साइबर फ्रॉड के संबंध में बताया गया कि ओटीपी नहीं शेयर करना है। मोबाइल में आए अनजान लिंक को ओपन नहीं करना है। साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट के बारे में वीडियो चला कर भी माइक के माध्यम से सुनाया गया। मौके पर महिला आरक्षी निकुंबला महिला आरक्षी अर्चना, मुख्य आरक्षी आत्मा यादव, आरक्षी ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

### बिहार सिविल कोर्ट में असिस्टेंट स्टेनोग्राफर बने प्रिंस



**सिकन्दरपुर (बलिया)।** तहसील क्षेत्र के ज्ञानकुंज एकेडमी बंशीबाजार के छात्र प्रिंस राज पाण्डेय पुत्र नलीन कुमार पाण्डेय ने बिहार सिविल कोर्ट में असिस्टेन्ट स्टेनोग्राफर (निजी सहायक) के पद पर सफलता अर्जित कर ज्ञानकुंज सहित पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है। प्रिंस के इस उपलब्धि पर प्रिंस के गांव लखोलिया सहित पूरे परिवार में हर्ष ब्याप्त है। प्रिंस का प्राम्भिक शिक्षा दीक्षा ज्ञानकुंज एकेडमी बंशी बाजार में हुई है। प्रिंस ने अपने सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्या सुधा पाण्डेय, क्लास टीचर राकेश पाण्डेय सहित अपने माता, पिता, बहन को दिया है। बताया कि यह सफलता बिद्यालय परिवार व परिजनों के समय समय पर मिले मार्गदर्शन की बदौलत आसानी से प्राप्त हो सका।

### सिलेंडर लिकेज से मकान में लगी आग, हजारों का नुकसान



**सिकंदरपुर (बलिया)।** थाना क्षेत्र के बरहुचा गांव में मंगलवार की शाम गैस सिलेंडर से हुए लीकेज से पक्के मकान में आग लग गई जब तक लोग आग बुझा पाए तब तक लगभग 20 हजार रुपये के घरेलू सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बरहुचा गांव निवासी राजाराम वर्मा की घर की महिलाएं मंगलवार की शाम को खाना बनाने के लिए जैसे ही गैस जलाई तब तक पाइप में आग लग गई। महिलाएं डर कर चिल्लाते हुए बाहर भाग गई जब तक लोग कुछ समझ पाए तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया घण्टो प्रयास के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया तब तक रजाई गद्दा कपड़ा खाने-पीने का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस व तहसील प्रशासन को दे दिया है।

### 46 जगहों पर चेकिंग अभियान, 244 वाहनों का चालान

**बलिया।** पुलिस ने आपरेशन सेफ सिटीजन अभियान चलाकर अवैध तरीके से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने 46 स्थानों पर चेकिंग की, 1117 वाहनों की जांच की और 244 वाहनों का चालान किया। दो वाहनों को सीज किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखना, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना और अवैध असलहा, वाहनों और मादक पदार्थों को पकड़ना था। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपा शंकर और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अनिल कुमार झा के पर्यवेक्षण में इसका संचालन किया गया।

### मारपीट व छिनैती में 12 पर मुकदमा दर्ज

**बांसडीह (बलिया)।** कस्बे के बाजार से सब्जी खरीदकर लौट रहे युवकों के साथ मारपीट व छीनाझपटी के मामले में पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने पांच नामजद व सात अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वार्ड नं 11 के अभिषेक तिवारी ने पुलिस को बताया कि वह सब्जी खरीदकर अपने दोस्त विशाल के साथ घर लौट रहा था। तभी रास्ते मे उसकी बाइक डगमगा गयी और इसी बात को लेकर वहां खड़े बिट्टू तिवारी, काजू, शप्पू, अनुराग, आयुष व सात अन्य अज्ञात लोगों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। बीच बचाव करने पर दोस्त विशाल के सिर पर धारदार हथियार से मार दिया। साथ ही बाइक को तोड़फोड़ कर मोबाइल छीन कर लेते गये। मामले में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर सभी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में आगे की कारवाई कर रही है।

### दहेज उत्पीड़न में पति, सास समेत पांच पर मुकदमा

**बैरिया (बलिया)।** स्थानिय थाना क्षेत्र के बैजू टोला नई बस्ती सिताब दियर निवासी विवाहिता को दहेज के लिए मारने पीटने व घर से निकाल देने के मामले में बैरिया पुलिस ने पति, सास व देवर सहित कुल पांच लोगों पर जांचोपरान्त दहेज उत्पीड़न का मामला बुधवार को दर्ज किया है। बता दे कि बैजू टोला नई बस्ती सिताब दियर निवासी पूजा कुमारी पुत्री हरिवंश की शादी विगत सन 2018 में चांदपुर निवासी जयप्रकाश से हुई थी। शादी के कुछ दिनो बाद तक सब कुछ ठीक-ठाक चला,किंतु बाद में उसे दहेज के लिए मारने पीटने और घर से निकाल देने की घटनाएं होने लगी। कई बार इस तरह की घटनाएं हुई। पंचायत हुई किंतु समस्या का स्थाई समाधान नहीं हुआ। अंततः पीड़िता ने बैरिया थाने में तहरीर देकर पति जयप्रकाश, सास शैल कुमारी देवी, देवर विजय कुमार, अक्षय कुमार व विरोधी के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी देते हुए कोतवाल बैरिया रामायण सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ जांचोंपरान्त कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल उनकी तलाश जारी है।

### पुलिस ने छापेमारी कर लहन किया नष्ट, एक तस्कर गिरफ्तार

**मनियर (बलिया)।** स्थानीय थाना पुलिस ने मंगलवार को बहेरापार पुलिया के पास खड़े होकर आने व जाने वाले संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि दियरा टुकड़ा नंबर 2 में कुछ लोग एकत्र होकर भट्ठी पर देशी शराब बना रहे हैं। इस सूचना पर वहां पहुंची पुलिस ने देखा कि 3 लोग भट्ठी पर लोहे के ड्रम में शराब बनाते हुये दिखायी दिये। पुलिस टीम को दूर से आता देखकर शराब बनाने वाले भागने लगे, जिसमें से एक अभियुक्त को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस द्वारा नाम पूछने पर उसने गोलू चौहान पुत्र जीकुन चौहान निवासी परशुराम स्थान मनियर बताया। भागने वाले में सुमेर राजभर पुत्र शिवमुनी राजभर निवासी दियरा टुकड़ा नं0-01 थाना असांव जनपद सिवान (बिहार) व अशोक यादव पुत्र सीरी यादव निवासी टुकड़ा न0- 01 थाना असांव जनपद सिवान (बिहार) है। हम लोग मिलकर अवैध अपमिश्रित शराब भट्ठी पर बना रहे थे। मौके पर अवैध शराब के हो रहे निष्कर्षण लोहे के ड्रम को फोर्स की मदद से लगभग 1000 कुन्तल लहन नष्ट किया गया व मौके पर शराब बनाने के उपकरण बरामद किया गया।

### किशोरी को भगाने के मामले में युवक पर मुकदमा

**बांसडीह (बलिया)।** दुबहड़ थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ बांसडीह स्थित अपने गांव पर लाने के मामले में पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सारंगपुर का युवक सतीश तुरहा उनके पड़ोस में अपनी रिश्तेदारी में आता जाता रहता था। इसी दौरान उसने उनकी पुत्री को फांस लिया और दो दिन पूर्व वह उसे एक स्थानीय बाजार से लेकर अपने घर सारंगपुर चला गया। काफी खोजबीन के बाद मैं उसके घर पहुचा जहां मेरी पुत्री घर में बंद थी। इसके बाद पुलिस बुलाकर अपनी पुत्री को थाने लेकर पहुचा। मामले में पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### 31 को सुबह 10 से रात 11 बजे तक खुली रहेंगी मदिरा की दुकानें

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने बताया है कि क्रिसमस के उत्सव पर 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व से अर्थात 24 दिसम्बर व 25 दिसम्बर को तथा नव वर्ष के अवसर पर मनाये जाने वाले उत्सव अर्थात 31 दिसम्बर को जनपद के समस्त मदिरा की फुटकर दुकानों से बिक्री का समय प्रातः 10 बजे से रात्रि 11 बजे तक किया जाता है।

# आधी रात गोदाम में लगी भीषण आग

## दीवाल तोड़ 15 घंटे में आग पर पाया गया काबू

**हादसा**

**लाखों का सामान जलकर खाक, बेसुध व्यसायी ने कहा सब हो गया बर्बाद**

**मोहल्लेवासियों की नींद हुई हराम, रात भर डरे सहमे जगे रहे लोग**





**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** स्थानीय कोतवाली व नगर पंचायत के मुहल्ला गांधीनगर में रात के 11 बजे के करीब एक व्यवसायी के बड़े गोदाम में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गयी। पड़ोसियों द्वारा सूचना पाकर पहुँचे व्यवसायी ने स्थानीय पुलिस व अग्निशमन केंद्र को सूचित किया। करीब आधा दर्जन दमकल की गाड़ियों, दमकल कर्मियों, नगर पंचायत व दो चिकित्सकों के पानी संयत्रों के अथक प्रयास के बावजूद 15 घंटो में आग पर काबू पाया गया। आग के बड़े दायरे को देखते हुये अंततः सुबह जेसीबी द्वारा दीवाल तोड़कर आग को बुझाने का प्रयास किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद करीब अर्धरात्रि 11 बजे लगी आग को दिन में 02 बजे बुझाया जा सका। इसके बाद भी गोदाम से धुआं निकल रहा था। कस्बा निवासी सैयाम खां का गांधीनगर मुहल्ले में खाद्य तेल, आटा, चावल, माचिस, साबुन, वाशिंग पाउडर, बिस्किट, नमक आदि का बड़ा गोदाम है। इसमें आधी रात करीब 11 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गयी। उठती दुर्गंध व धुएं से परेशान मोहल्लेवासियों ने निकलकर देखा तो गोदाम से धुआं निकल रहा था। व्यवसायी को फोन कर बुलाया गया तत्पश्चात व्यवसायी सैयाम खां ने अग्निशमन केंद्र व स्थानीय पुलिस को सूचना दी।

### 15 घंटे में आग पर पाया गया काबू

दमकल की आधा दर्जन गाड़ियों, दमकल कर्मियों, कोतवाली प्रभारी रविन्द्रनाथ राय, कस्बा चैकी प्रभारी लाल साहब गौतम, साथियों संग नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक गुप्ता डायमंड की अथक मेहनत, नगर पंचायत, डॉक्टर प्रवीण मद्धेशिया व डॉक्टर आनंद गुप्ता के जल संयत्रों की जलापूर्ति के बावजूद अंततः जेसीबी से दीवाल तोड़कर 15 घंटे बाद आग को काबू किया गया। दो बजे खबर लिखे जाने तक धुआं निकलना बंद नहीं हुआ था।

### आग के बड़े दायरे के कारण दीवार तोड़कर पाया गया काबू

आग का दायरा व गोदाम का आकार व आग की विभीषिका बड़ी होने के कारण अंततः अलसुबह जेसीबी बुलाकर दीवाल तोड़नी पड़ी। उसके बावजूद पूरी तरह आग को काबू करने में घंटो लगे। जाड़े के सर्द मौसम में इतनी भीषण आग की कल्पना व आग बुझाने की सुविधाओं से लोग निश्चित रहे, इसके कारण आग बुझाने में इतनी मेहनत व समय लगा। हालांकि आग बुझने की सूचना पर सबने राहत की सांस ली और राहत व बचाव कार्य में लगे लोंगो की कड़ी मेहनत व योगदान की सराहना की।

### व्यवसायी बोला- सब कुछ हो गया बर्बाद

व्यवसायी सैयाम अहमद आंखों के सामने जीवन भर की कमाई जलता देख बेसुध व हताश हो गये। स्थानीय लोग उन्हें ढांढस बधा रहे थे। उन्होंने कहा कि सब कुछ बर्बाद हो गया। हालांकि बेसुध व्यवसायी आग के कारणों एवं हुये नुकसान का आंकलन लगाने में असमर्थ महसूस कर रहे थे।

### आधा दर्जन घर प्रभावित, धुएं व दुर्गंध से परेशानी

गोदाम से उठती लपटों के कारण आसपास के आधा दर्जन मकान भी प्रभावित हुये हैं। मोहल्लेवासी डरे-सहमे रात भर सो नहीं पाये। भयंकर धुएं एवं उठती दुर्गंध से परेशान नजर आये। अपने-अपने घरों से सिलेंडर व अन्य ज्वलनशील पदार्थ को सुरक्षित स्थान पर ले गये। सभी लोग अनजाने भय से ग्रस्त रहे। मोहल्लेवासियों ने आग बुझने के बाद राहत की सांस ली।

### नगर पंचायत व चिकित्सक द्वय का पानी संयंत्र बना संजीवनी

आग पर काबू पाने में अग्निशमन विभाग के जिला अधिकारी, नगर पंचायत के युवा अध्यक्ष प्रतिनिधि, दमकल कर्मियों व पुलिस प्रशासन की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही। 15 घण्टे की कड़ी मशक्कत, जेसीबी द्वारा दीवाल तोड़कर और पानी की निरंतर आपूर्ति प्रदान कर आग पर काबू पाया जा सका। इसमें नगर पंचायत, डॉक्टर प्रवीण मद्धेशिया व डाक्टर आनंद कुमार के हॉस्पिटल से पानी की आपूर्ति की गई।

### व्यापार मण्डल ने किया निरीक्षण, व्यवसायी को बंधाया ढांढस

व्यापार मंडल के बड़े पदाधिकारी उमाशंकर ओमर ने वरिष्ठ व स्थानीय पदाधिकारियों संग मौके का जायजा लिया। नुकसान का आंकलन कर व्यवसायी को ढांढस बंधाया। साथ ही उन्हें इस विपदा में हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

## खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग की हुई बैठक

**मऊ।** कलेक्ट्रेट सभागार में सहायक आयुक्त (खाद्य) खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, आजमगढ़ मण्डल श्रवण कुमार मिश्र की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सहायक आयुक्त (खाद्य), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ द्वारा लाइसेंस/ पंजीकरण की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि मुख्यालय द्वारा निर्धारित 10 प्रतिशत वृद्धि के लक्ष्य को दिसम्बर 2024 तक किसी भी स्थित में प्राप्त कर लिया जाय। खाद्य प्रतिष्ठानों के किये गये निरीक्षणों के सापेक्ष सुधार सूचना निर्गत किये जायें। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली, भारत सरकार द्वारा संचालित ईट राईट इनेसिएटिव्स की विभिन्न योजनाओं की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुये सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वारा निर्देशित किया गया कि ईट राईट इनेसिएटिव्स से सम्बन्धित योजनाओं को पूर्ण किया जाय।फॉस्टैक प्रशिक्षण के अन्तर्गत मेसर्स-हाट एण्ड कूल, श्री छप्पनभोग स्वीट्स, गृहस्थ प्लाजा, फाईन डाईन रेस्टोरेण्ट, बेको स्ट्रीट स्वीट्स एण्ड ब्रेकर्स तथा मोहन एण्ड सन्स से सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ताओं को सहायक आयुक्त (खाद्य), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य), ग्रेड-2, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, सुरेश कुमार मिश्र, सुशील मिश्र, वेद प्रकाश मिश्र सहित तीनों जनपदों के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, तीनों जनपदों के खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा सम्मानित खाद्य कारोबारकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### शक्ति सिंह के हिस्से भाजपा की एक और बड़ी जिम्मेदारी



**मऊ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। 9 जनवरी 2022 को गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को 10 वें सिख गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों साहबजादो बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके निमित्त साहबजादो के त्याग और बलिदान के बारे में आगामी 20 दिसंबर से लेकर 30 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा। इन सब कार्यक्रमों के संयोजन की राष्ट्रीय टीम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओ के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष शक्ति सिंह का नाम है। इसके अलावा कमेटी में राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग, दिलीप सैंकिया, वानिथी श्रीनिवासन, सरदार भूपेन्द्र, तरनजीत सिंह संधू भी है। शक्ति सिंह ने मीडिया से बात करते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताया साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो काम दिया है उसे पूरी मेहनत और लगन के साथ करेंगे।

### जनपद में मरीजों के लिए 24 घंटे चिकित्सा सुविधा का विस्तार

**मऊ।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर प्रगति कर रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल सिंह ने बताया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 24 घंटे निःशुल्क चिकित्सा सुविधा और जांच सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जीवन रक्षक उपकरण पूरी तरह क्रियाशील हैं और ईडीएल मानकों के अनुसार दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। चिकित्सालयों में मरीजों की सुविधा के लिए पर्याप्त ओपीडी काउंटर, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। एंबुलेंस की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ डॉक्टरों और कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार तय की गई है। जनपद में स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाने और स्टाफ के संवेदनशील व्यवहार को प्राथमिकता देने के निर्देश जारी किए गए हैं। यह पहल जिले को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी बना रही है।

### पत्रकारों के सम्मेलन में उठी निष्पक्ष पत्रकारिकता की आवाज

**रसड़ा (बलिया)।** पत्रकारिता कार्य नहीं अपितु एक मिशन है। पत्रकारों को निष्पक्ष भावना से अपनी मूल आवाज को उजागर करना चाहिए ताकि सशक्त समाज व राष्ट्र का नव सृजन हो सके। प्रगतिशील ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला ईकाई के तत्वावधान में बुधवार को रसड़ा एक हाल में आयोजित जिला पत्रकार सम्मेलन एवं संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जन नायक चंद्रशेखर विश्व विद्यालय बलिया के कुलपति संजीत कुमार गुप्ता ने उपर्युक्त बातें कहीं। इसके पूर्व उन्होंने विशिष्ट अतिथि जय प्रकाश नारायण विश्वविद्यालय सारण के पूर्व कुलपति हरिकेश सिंह के साथ मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि हरिकेश सिंह ने कहा कि पत्रकारों को अपनी कलम की ताकत पहचाननी होगी तभी समाज व राष्ट्र का कल्याण संभव है। सम्मेलन में दोनों अतिथियों ने एक दर्जन से अधिक पत्रकारों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह, रसड़ा तहसील अध्यक्ष मतलूब अहमद ने प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा, प्रदेश सचिव पुष्पेन्द्र तिवारी सिन्धु सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया। सम्मेलन को गोविंद नारायण सिंह, गिरिश नारायण सिंह, शिवेंद्र बहादुर, द्वारिका सिंह आदि ने संबोधित किया। संचालन शशिकांत ओझा व आभार मतलूब अहमद ने की।

### राष्ट्र की एकता व अखण्डता के लिए खतरा है भाजपा सरकार की नीतियां: माले



**बलिया।** भाकपा माले के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव कामरेड विनोद मिश्र की 26वीं स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को कार्यकर्ता सम्मेलन एवं संकल्प सभा का आयोजन सिकन्दरपुर कब्जा के एक उत्सव गृह के सभागार में किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम पार्टी का झण्डा-तोलन एवं कामरेड विनोद मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि देने के साथ ही आगामी 15-16 फरवरी को जनपद में आयोजित पार्टी का राज्य सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर संकल्प सभा में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए पार्टी के केन्द्रीय कमेटी के सदस्य श्रीराम चौधारी ने देश की जो राजनीतिक हालात पर चर्चा करते हुए कहा कि आज देश की स्थिति बेहत गम्भीर और नाजूक है। आज समय की मांग और जरूरत है कि युवा शक्ति फांसीवादी चेहरों और साम्प्रदायिक नफरतों के खिलाफ सड़क पर उतरकर बदलाव का वाहक बनें। वहीं कामरेड ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि साम्प्रदायिक फासीवाद के खिलाफ लड़ाई में कामरेड विनोद मिश्र के विचार आज भी प्रसांगिक है। लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए भाजपा सरकार के खिलाफ लोगों को एकजूट करने की जरूरत है। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से बसन्त कुमार सिंह, लक्ष्मण यादव, प्रेमा, शम्भू राजभर, राजू, शिवजी, रमाशंकर राम, योगेन्द्र राम, आदि ने सम्बोधित किया। संचालन लाल साहब एवं अध्यक्षमता मुख्तार अहमद एडवोकेट ने किया।

### अज्ञात बाइक के धक्के से अधेड़ चोटिल, रेफर

**बेल्थरारोड।** स्थानीय नगर के बस स्टेशन के पास स्थित पिच रोड पर बुधवार की देर शाम 7.30 बजे करीब एक अज्ञात बाइक के धक्के से शेषनाथ वर्मा (44) नामक व्यक्ति गंभीर रूप से चोटिल होकर अचेत हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर में उपचार के लिए भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर स्थिति में जिला चिकित्सालय हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। अस्पताल में चोटिल वर्मा के पॉकेट में स्वास्थ्यकर्मियों को मिले पर्स में आधार कार्ड के अनुसार वह मऊ जिला के मधुबन थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम जजौली का निवासी एवं पशुपति नाथ वर्मा का पुत्र है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है।

### वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक को मिला प्रमाण पत्र

**बलिया।** जिला महिला चिकित्सालय में वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक का 6 माह का प्रशिक्षण उपरान्त प्रयोगशाला प्राविधिक का प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम क्रम में जिला महिला चिकित्सालय बलिया सीएमएस डॉ. सुमिता सिंन्हा, वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट डॉ. पूनम गुप्ता एवं वरिष्ठ प्रयोगशाला प्राविधिक मनोज कुमार राय, वरिष्ठ सहायक उत्तम वर्मा एवं उत्तर प्रदेश प्रयोगशाला सहायक संघ बलिया के अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह और कार्यवाहक मंत्री कृष्ण मोहन तिवारी, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार, देवेश कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष सदेव जी प्रसाद पप्पू एवं मंडलीय मंत्री राहुल पाठक मंडलीय सचिव संतोष राव एवं अन्य पदाधिकारी और हमारे सभी प्रयोगशाला सहायक एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## हमारी कोशिश किसी भी पेंशनर को न हो परेशानी




**बलिया।** सेवानिवृत्ति कर्मचारी अधिकारी कल्याण समिति के बैनर तले गंगा बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित पेंशनर दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद दूबे ने कहा कि सरकार और विभाग पेंशनों की समस्याओ को लेकर काफी गम्भीर है। उन्होंने कहा कि सेवा काल के बाद सेवानिवृत के दौरान कोई भी समस्या हो तो हम लोग हमेशा आपके लोगो की सेवा में उपलब्ध हूं। हमारी कोशिश है कि किसी भी पेंशनर को पेंशन प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो, तत्काल पेंशनर को सुविधा पूर्वक पेंशन मिलती रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बीएन पांडेय ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में गत वर्ष की उपलब्धियों के साथ पेंशनरो के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं पटल पर रखते हुए समाधान की अपील किया। उन्होंने वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा पेंशनरों की परेशानियों को दूर करने मे अभूतपूर्व सहयोग के प्रति उनका आभार व्यक्त किया। समारोह के समापन के पश्चात टीओ साहब के कक्ष मे पेंशनरो के सम्मान मे अल्पहार का आयोजित किया। इस अवसर राम कुमार, सिंह, प्रेम सुख, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, रमाशंकर पाण्डेय, सुरेंद्र सिह, अशोक श्रीवास्तव, राजेश पाण्डेय, अनुरोध सिह, कमला सिह, सुमरखी देवी, जगदीश शर्मा, रामजी प्रसाद सोनी, पति राम भारती, आदि मौजूद रहे।

### फेफना विधानसभा: चार मंडलों पर किसकी होगी विजय

**बलिया।** भाजपा मंडल अध्यक्षों के चुनाव को लेकर विधायक, मंत्री और सांसद ने भी जोर लगा रहे है। विधानसभाओं में मंडल अध्यक्ष को लेकर चुनावी प्रकिया चल रही है उम्मीद है कि इसी सप्ताह में फैसला भी हो जायेगा। वैसे जिले में कुल 31 मंडल है और सभी मंडलों में लगभग 3 सौ उम्मीदवार है। प्रत्येक मंडलों से तीन-तीन नाम क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर में जिले से भेजा जायेगा और वहाँ से हर मंडलों से एक नाम लखनऊ भाजपा कार्यालय जायेगा, उसके बाद जिले के कुल 31 मंडलों के अध्यक्षों के नाम कि घोषणा होगी। चर्चा यह भी चल रही है कि कुछ मंडल अध्यक्ष पुनः रिपीट कर सकते है, बहरहाल जो भी हो लेकिन फेफना विधानसभा क्षेत्र में कुल चार मंडलों में तीन मण्डलों पर जबरदस्त लड़ाई हो सकती है, क्यों कि तीन मंडलों में चितबड़ागांव, सोहावं और गड़वार मंडलों में करीब 21 से ज्यादा उम्मीदवार है और दो प्रमुख नेताओं ने अपने उम्मीदवारों के लिए अपनी प्रतिष्ठा बनाई है। देखना यह होगा कि कौन सफल होता है और किस खेमे के उम्मीदवार की विजय होती है।

## कुम्भ मेले को लेकर मऊ से चलेंगी दो विशेष ट्रेनें

**मऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में लगने वाले महाकुम्भ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 01455 पुणे-मऊ कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 08, 16, 24 जनवरी, 06, 08 एवं 21 फरवरी, 2025 को पुणे से 10.10 बजे प्रस्थान कर दौंड कॉर्ड लाइन से 11.22 बजे, जलगॉव से 18.02 बजे, भुसावल से 18.40 बजे, दूसरे दिन इटारसी से 00.10 बजे, मानिकपुर से 09.02 बजे, प्रयागराज छिवकी से 11.30 बजे, मिजार्पुर से 12.50 बजे, वाराणसी से 17.20 बजे, शाहगंज से 19.45 बजे तथा आजमगढ़ से 20.40 बजे छूटकर मऊ 22.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 01456 मऊ-पुणे कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 09, 17, 25 जनवरी, 07, 09, एवं 22 फरवरी, 2025 को मऊ से 23.50 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन आजमगढ़ से 00.50 बजे, शाहगंज से 02.10 बजे, वाराणसी से 05.35 बजे, चुनार से 07.02 बजे, मिजार्पुर से 07.32 बजे, प्रयागराज छिवकी से 09.20 बजे, तीसरे दिन भुसावल से 04.53 बजे, अहमदनगर से 11.30 बजे तथा दौंड कॉर्ड लाइन से 14.30 बजे छूटकर पुणे 15.45 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी कुसीर्यान के 06, एलएसएलआरडी का 01 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

01033 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई)-मऊ कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 09, 17, 22, 25 जनवरी, 05, 22 एवं 26 फरवरी, 2025 को शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) से 11.30 बजे प्रस्थान कर दादर से 11.43 बजे, भुसावल से 18.40 बजे, दूसरे दिन इटारसी से 00.10 बजे, मानिकपुर से 09.02 बजे, प्रयागराज छिवकी से 11.30 बजे, मिजार्पुर से 12.50 बजे, चुनार से 13.20 बजे, वाराणसी से 17.20 बजे, शाहगंज से 19.46 बजे तथा आजमगढ़ से 20.40 बजे छूटकर मऊ 22.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 01034 मऊ-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 10, 18, 23, 26 जनवरी, 06, 23 एवं 27 फरवरी, 2025 को मऊ से 23.50 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन आजमगढ़ से 00.50 बजे, शाहगंज से 02.10 बजे, वाराणसी से 05.35 बजे, चुनार से 07.02 बजे, मिजार्पुर से 07.32 बजे, प्रयागराज छिवकी से 09.20 बजे, मानिकपुर से 12.20 बजे, इटारसी से 22.40 बजे, तीसरे दिन भुसावल से 04.55 बजे, तथा दादर से 14 बजे छूटकर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) 14.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 06 तथा एसएलआरडी के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

## गोंड समाज ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते गोंड समाज के लोग।

**बलिया।** शासनादेश का अनुपालन करो, गोंड अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र जारी करो नारे के साथ ऑल गोंडवाना स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आगसा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज शाह के नेतृत्व में गोंड समुदाय के छात्र नौजवानों ने कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन कर शासनादेश के अनुपालन में गोंड अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र सुगमता पूर्वक जारी कराने की मांग को लेकर ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। आगसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज शाह ने कहा कि गोंड अनु.जनजाति प्रमाणपत्र निर्गत करने हेतु 2 दिसंबर 2024 को लखनऊ से विशेष सचिव का शासनादेश आया है। आगसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज शाह ने आगे कहा कि गोंड जाति को अनुसूचित जनजाति का प्रमाणपत्र निर्गत करने हेतु लखनऊ से शासन का बार-बार शासनादेश आता है लेकिन उक्त शासनादेश का अनुपालन लेखपाल व तहसीलदार गण द्वारा नहीं किया जाता है। गोंड जाति प्रमाणपत्र हेतु ऑनलाइन आवेदन करने पर आवेदन अस्वीकृत कर दिया जा रहा है। गोंड नौजवानों ने एक स्वर में कहा कि आंदोलन के अगले क्रम में जाति प्रमाण पत्र जारी होने तक अनिश्चितकानील धरना प्रदर्शन बलिया मॉडल तहसील पर प्रारम्भ किया जाएगा। दादा छीतेश्वर गोंड, संजय गोंड, कन्हैया गोंड, रंजीत गोंड, सूचित गोंड, विश्वेश्वर गोंड, नैना देवी, शिवजी, गुलाब चन्द गोंड, सुरेश शाह, अशोक गोंड, बलेश्वर गोंड, रोहित गोंड आदि मौजूद रहे।

## वेतन के लिये शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का धरना जारी



बलिया। लगातार 6 माह से वेतन भुगतान ना होने के कारण 179 माध्यमिक शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का वेतन भुगतान की समस्या को लेकर लगातार दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ और ना ही कोई आश्वासन मिला। शिक्षकों का कहना है कि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद अकारण 6 माह से वेतन रोका गया है। वेतन की समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो सभी कर्मचारी आमरन अनशन के लिये बाध्य होंगे। कर्मचारियों का कहना है की वेतन ना मिलने से उन्हें अनेको प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि अगर किसी भी कर्मचारी के साथ अगर कोई अनहोनी होती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक बलिया एवं जिला प्रशाशन बलिया की होगी। इस अवसर पर विनय सिंह, शिव मंगल सिंह, गौरी शंकर सिंह, कृष्णपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश में दो पक्ष भिड़े, जमकर मारपीट, कई गंभीर

**विवाद**

**पुलिस ने दोनों पक्षों से 22 लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा**

**सिकंदरपुर (बलिया)।** खेजुरी थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव में मंगलवार की रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज सीएचसी खेजुरी में चल रहा है। उधर दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने कुल 22 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव निवासी सुरेश तुरहा और छोटेलाल तुरहा के बीच कुछ पुराना विवाद था, जिसको लेकर करीब एक माह पूर्व भी दोनों पक्षों में कहासुनी और मारपीट हुई थी, जिसकी शिकायत मिलने पर शांति भंग का मुकदमा भी पंजीकृत किया गया था। हालांकि बाद में दो पक्षों ने आपस में सुलझ समझौता कर लिया था। मंगलवार की रात उक्त पुरानी रंजिश को लेकर एक बार फिर दोनों पक्ष आपस में उलझ गए और देखते ही देखते यह मामला खूनी संघर्ष में बदल गया, जिसमें सुरेश तुरहा की तरफ से तीन और छोटेलाल तुरहा पक्ष से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रथम पक्ष का आरोप है कि दूसरा पक्ष लामबंद हो मेरे घर में घुस गया और धारदार हथियार सहित लाठी डंडे से मारना-पीटना शुरू कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष द्वारा रास्ते में रोक कर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। प्रथम पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 14 और द्वितीय पक्ष की तहरीर के आधार पर 8 लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस संबंध में एसएचओ अनिता सिंह ने बताया कि घायलों का इलाज चल रहा है। तहरीर के आधार पर क्रास मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई प्रचलित है।

### बाइक व साइकिल की टक्कर में दो घायल

**बेल्थरारोड (बलिया)।** उभांव थाना क्षेत्र के बेल्थरा रोड-मधुबन राज मार्ग पर बुधवार को ग्राम कुशहाभाड़ के सामने तरछापार जाने वाले मोड़ पर बाइक एवं साइकिल की जोरदार टक्कर में दो लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार साइकिल सवार फूलचंद कुमार (50) वर्ष बेल्थरा रोड से साइकिल पर सवार होकर अपने घर तरछापार जा रहे थे कि बाइक सवार किशन कुमार (17) वर्ष पुत्र राजकुमार ग्राम बासपार बहोरवां ने मोड़ पर पीछे से जोरदार धक्का मार कर बीच सड़क में बाइक संग पलट कर चोटिल हो गया। स्थानीय लोग दोनों चोटिलों को सीएचसी सीयर में उपचार के लिए लेकर चले गए। बताते चले कि डीएवीं रेलवे ढाला बन्द हो जाने के बाद ग्राम सभा कुशहा भाड़ से होकर तरछापार होते हुए जाने वाला मार्ग करीब आधे दर्जन गांव को जोड़ने वाला यही एक मात्र मार्ग है, जहां आए दिन सड़क दुर्घटना में लोग जख्मी होते रहते हैं। इस मोड़ के समीप ग्राम प्रधान रामाधार राजभर द्वारा संबंधित अधिकारियों से स्पीड ब्रेकर बनाने संबंधित अधिकारियों से अपील की गई थी, किन्तु आज तक नहीं बन सका। अगर यहां एक स्पीड ब्रेकर नहीं बनता है तो किस न किसी दिन एक बड़ी दुर्घटना के लोग शिकार हो सकते हैं। इस मोड़ पर करीब एक दर्जन से अधिक लोग दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं।

### सड़क हादसे में अज्ञात वाहन पर मुकदमा

**बांसडीह (बलिया)।** कोतवाली क्षेत्र के कैथवली में बीते 14 तारीख को आयी बारात में एक व्यक्ति के वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल होने के मामले में पुलिस ने घायल के रिश्तेदार की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वीरबहादुर सिंह निवासी असेगा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके रिश्तेदार रणजीत सिंह निवासी भरसौता थाना हल्दी अपने गांव से कैथवली एक बारात में आये थे। वहां अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनका गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। मामले में पुलिस ने शिकायतकर्ता की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**बेल्थरारोड (बलिया)।** स्थानीय नगर के वार्ड नम्बर 7 में मधुबन मार्ग पर जहीरगंज मोहल्ले के समीप मंगलवार की शाम करीब 7 बजे सड़क पर पैदल घर जा रहे नगर पंचायत के कर्मचारी विवेकानंद उर्फ बड़े (48) वर्ष को अनियंत्रित बाइक सवार द्वारा पीछे से जोरदार टक्कर मारने से गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने सीएचसी सीयर पहुँचाया गया। जहाँ डॉक्टर ने हालत गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के कर्मचारी विवेकानंद उर्फ बड़े नगर पंचायत गली से लाइट चालू करके अपने घर जा रहे थे। कि बेल्थरा रोड-मधुबन राज मार्ग पर जहीरगंज मोहल्ले के समीप विपरीत दिशा से आकर अनियंत्रित बाइक सवार ने पीछे जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे विवेकानंद सड़क पर दूर जा गिरे। आनन-फानन में आस-पास के लोगों ने सीएचसी सीयर पहुँचाया जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद भदोही, जनपद-भदोही

पत्रांक: 3544/न0पा0प0भ0/2024 दिनांक 18.12.2024

### अति अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद भदोही द्वारा राज्यवित/बोर्ड फण्ड/स्वच्छ भारत मिशन मद अन्तर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु सीलबन्द निविदा दिनांक 24.12.2024 को अपरान्ह 02.00 बजे से अपरान्ह.......बजे तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी, जो उसी दिन तत्काल बाद अर्थात अपरान्ह 03.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष, सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 23.12.2024 तक निर्धारित मूल्य जमाकर निविदा प्राप्त कर सकते हैं। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत शर्तें एवं जानकारी कार्यालय दिवस में स्वास्थ्य लिपिक/सफाई एवं खाद्य निरीक्षक से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य/सामग्री का नाम | अनुमानित धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत | निविदा शुल्क | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महाकुम्भ-2024 के प्रचार-प्रसार एवं नगर के सुन्दरीकरण के लिए वॉल पेन्टिंग का कार्य। | 09.90 (जी0एस0टी0 सहित) | 19,800/- | 990.00+GST | 15 दिवस |

निविदा हेतु शर्तें :- निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि जो पोस्ट आफिस/एन0एस0सी0 अथवा एफ0डी0आर0 के रूप में अधिशासी के पद नाम से बन्धक होगा, जमा करना अनिवार्य होगा। 2-सशर्त अथवा दशमलव में निविदा मान्य नहीं होगा। 3-निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। 4-निविदा सम्बन्धी किसी भी जानकारी हेतु कार्यालय कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। 5-आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घटाई-बढ़ाई जा सकती है। 6-जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन एवं पैन कार्ड होना अनिवार्य है।

(धर्मराज सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, भदोही

# गालीबाज जेई निलंबित, मुकदमा दर्ज

**आडियो वायरल**

## राजपूत और ब्राम्हण समाज के लोगों ने पावर हाउस पर किया धरना-प्रदर्शन

**जनसंदेश न्यूज**

**मनिहारी।** गालीबाज बिजली विभाग के अवर अभियंता का आडियो वायरल होते ही राजपूत और ब्राम्हण समाज के लोगों ने पावर हाउस पर धरना दिया। आक्रोशित धरनार्थियों ने मांग किया कि अभियंता को निलंबित कर उसके खिलाफ मुकदमा कायम किया जाए। धरना प्रदर्शन की जानकारी होते ही उच्चाधिकारियों ने अवर अभियंता के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। उधर धरना प्रदर्शन के बाद अधीक्षण अभियंता ने अवर अभियंता अनिल कुमार को निलंबित कर दिया। वहीं पुलिस मुकदमा कायम कर जांच में जुट गई है।

अवर अभियंता अनिल कुमार द्वारा जाति विशेष के लोगों को गाली देने का आडियो वायरल होते ही बुधवार की सुबह 11 बजे हंसराजपुर पावर हाउस पर सुभासपा नेता पंकज दुबे, अशोक सिंह पप्पू, बृजेश सिंह काकन, क्षत्रिय युवा महासभा के जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह, छात्र नेता सियाराम सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अवर अभियंता के खिलाफ नारे लगाए। अभियंता के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरना पर बैठ गए। धरना प्रदर्शन की सूचना मिलते ही शादियाबाद थानाध्यक्ष श्याम जी यादव धरना स्थल पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। धरना प्रदर्शन में सुशील सिंह, प्रफूल्ल सिंह, पियूष यादव, शैलेश सिंह, प्रदीप सिंह, कर्मवीर सिंह सोनू, डॉ. विपिन सिंह, गप्पू सिंह प्रधान, विवेक दूबे आदि उपस्थित रहे।


थानाध्यक्ष को तहरीर देते ग्रामीण, इनसेट में निलंबित जेई अनिल कुमार

### नायब तहसीलदार को बनाया बंधक

धरना की सूचना पर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार जखनियां रवि रंजन को लोगों ने बंधक बना लिया। धरनार्थियों ने कहा कि जब तक सक्षम अधिकारी मौके पर नहीं आएंगे तब तक नायब तहसीलदार को बंधक बनाकर रखा जायेगा। आधे घंटे बाद पहुंचे अधिशासी अभियंता देवेन्द्र शाहू ने धरनास्थल पर पहुंच कर दोषी अवर अभियंता के खिलाफ कार्रवाई और यहां से हटाने का आश्वासन दिया। वहीं, उच्चाधिकारियों से टेलिफोनिक वार्ता कर सस्पेंड करने की बात कही। तब जाकर समाज के लोगों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

### प्राइवेट लोगों से कराता था वसूली

दरअसल, गालीबाज अवर अभियंता अनिल राव बेदी हंसराजपुर पावर हाउस का चार्ज लेते ही चर्चा में आ गया था। वह अपने साथ आधा दर्जन प्राइवेट लोगों को लेकर चार पहिया वाहन से चलता था। बिजली चेक करने के बहाने गांवों में निकल जाता था। उन्हीं प्राइवेट लोगों से वसूली करवाता था। लोगों को मुकदमा में फंसाने की धमकी भी देता था।

### बिना नियम 11 हजार लाइन की शिफ्टिंग

आरटीआई कार्यकर्ता डॉ.एम खालिद ने बीते 11 नंबर को अधिशासी अभियंता पूर्वांचल विद्युत निगम से इस मामले में शिकायत की थी। उन्होंने अधिशासी अभियंता को लिखित शिकायत में बताया था कि अवर अभियंता अनिल राव का बिजली उपभोक्ताओं के साथ कार्य प्रणाली ठीक नहीं है। अभियंता उपभोक्ताओं से अभद्र व्यवहार करता है। लोगों को आतंकित एवं भयभीत कर धन उगाही करता है। विभागीय नियमों का पालन किये बिना व्यक्तिगत हित के लिए लाइन को शिफ्ट कर देने के साथ ही त्रिलोकपुर में पीच रोड से घनश्याम तिवारी के घर तक पोल शिफ्टिंग का कार्य ग्यारह हजार लाईन शिफ्टिंग करना घोर अपराध है।

### राजपूत समाज का कर दूंगा खटिया खड़ी

मोबाइल पर ग्रामीण से बातचीत में राजपूत और ब्राम्हण बिरादरी को जमकर गाली दे रहा है। आडियो में साफ-साफ कह रहा है कि यदि इस बिरादरी का कोई जेई होता तो सब ठीक रहता, यह सभी एक हैं। आरक्षण को लेकर भी सवर्ण समाज को ताना मार रहा था। सर्वण समाज के लोगों के खिलाफ इतना इसके अंदर जहर था कि वह बिना गाली बात ही नहीं कर रहा था। बातचीत में बिरादरीवाद साफ झलक रही है। कह रहा था कि यदि समाज के लोग हमारा साथ देंगे तो सवर्ण समाज के लोगों की खटिया खड़ी कर दूंगा। इसके अलावा कहा कि नौकरी में ही तो राजनीति होती है।

# सड़कों पर दौड़ रहे परिवहन विभाग से निलंबित 35 हजार वाहन

**गाजीपुर।** जिले में 15 वर्ष की अवधि पूरा करने वाले 35 हजार निलंबित वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। वाहन मालिकों ने न तो पंजीयन-फिटनेस का नवीनीकरण कराया है। बीमा व वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र भी नहीं हैं। ये वाहन एक तरफ जहां सड़कों पर दुर्घटना की वजह बन रहे हैं तो वहीं वातावरण को दूषित कर रहे हैं। इतना ही नहीं निलंबित दोपहिया वाहनों के पीछे बॉडी बनाकर जुगाड़ वाहन बनाए जा रहे हैं, जिनका शहर से लेकर गांव तक धड़ल्ले से संचालन हो रहा है।

कार्रवाई के नाम पर पुलिस ने परिवहन विभाग से जुड़ा मामला बताकर पल्ला झाड़ लिया। वहीं परिवहन विभाग इन वाहनों पर कार्रवाई करने को तैयार नहीं हैं। मोटर वाहन विभाग पंजीकृत निजी प्राइवेट वाहनों की पंजीयन सीरीज यूपी 23, यूपी 23ए, यूपी 23बी और यूपी 23सी के करीब 35 हजार निजी/प्राइवेट वाहन 15 वर्ष से अधिक की समय अवधि पार कर चुके हैं। विभाग ने इन वाहनों का पंजीयन भी निरस्त नहीं किया। इन वाहनों दो पहिया, चार पहिया वाहन और कृषि ट्रैक्टर शामिल है जो बिना पंजीयन फिटनेस नवीनीकरण कराए जनपद में सड़कों पर दौड़ रहे हैं। मामले की शिकायत आईजीआरएस पर भी की तो पुलिस ने वाहनों पर कार्रवाई से पल्ला झाड़ लिया। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया कि वाहनों पर कार्रवाई एआरटीओ परिवर्तन के द्वारा कराई जाए।

इसमें थाना स्तर से कार्रवाई की आवश्यकता ही नहीं है। हैरत की बात ये है कि ये वाहन खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं। वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं। ऐसे अनफिट वाहनों से लोगों की जान को खतरा बना हुआ है लेकिन जिम्मेदार कार्रवाई करने के मुंह मोड़ रहे हैं।

इतना ही नहीं वाहन मालिकों ने दो पहिया वाहन को पीछे से काटकर जुगाड़ बना लिए हैं जो खुलेआम सड़कों पर माल ढोते देखते हैं। इसके बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं करती।

# ग्राम प्रधानों के निजी खाते में 50 लाख का भुगतान

## आरटीआई कार्यकर्ता डॉ.एम खालिद ने अपनी रिपोर्ट में किया दावा, साक्ष्य के तौर पर दिया आंकड़ा

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** योगीराज में भ्रष्टाचार रूकने का नाम नहीं ले रहा है। जीरो टॉलरेंस नीति की धज्जियां उड़ाई जा रही है। जांच के नाम पर अधिकारी खानापूर्ति कर रहें है। ऐसा ही मामला बिरनो विकास खंड के ग्राम पंचायतों में देखने को मिला है।

जहां ग्राम प्रधान के निजी खाते में सरकारी धनराशि भेजी गई है। इसका खुलासा आरटीआई कार्यकर्ता डॉ.एम खालिद अपनी रिपोर्ट में बताया है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमन्त्री, जिलाधिकारी, उपनिदेशक पंचायतीराज, जिला पंचायतराज अधिकारी को भेजने की तैयारी की है। आरटीआई कार्यकर्ता ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि विकास खंड बिरनो की ग्राम पंचायत तियरा, भैरोपुर, सरदरपुर, जयराम पुर में 50 लाख से अधिक की धनराशि का ग्रामप्रधानों के निजी बैंक खाते में भुगतान किया गया है।

आरटीआई कार्यकर्ता ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान से मिलीभगत कर 20 लाख से भी अधिक का भुगतान ग्राम प्रधान के व्यक्तिगत बैंक खाता में किया है। जिसमें ग्रामप्रधान और सचिव का संयुक्त हस्ताक्षर है। सर्व प्रथम तियरा ग्राम पंचायत को परिक्षण के लिए देखा जा सकता है। वर्ष 2020-21 से अब तक ग्राम तियरा में क्रमशः सचिव बेचन और जयप्रकाश नियुक्त रहे हैं। इन सचिवों के पास सरदरपुर और जयरामपुर गांव का भी कार्यप्रभार रहा है। आरटीआई कार्यकर्ता ने ऑनलाइन रिपोर्ट के आधार पर बताया कि चारों ग्राम पंचायतों में पचास लाख का निजी खाते में भुगतान किया है। ग्राम पंचायत तियरा में 21 लाख 29 हजार 429 रुपए धनराशि उतारी गई है। ग्राम पंचायत भैरोपुर 13 लाख 99 हजार 75 रुपए धनराशि उतारी गई। वहीं, जयरामपुर में 6 लाख 70 हजार 466 रुपए और सरदरपुर में 16 लाख 33 हजार 227 रुपए निजी खाते में ली गई है। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में चारों ग्राम पंचायतों के अनियमित भुगतान का ब्योरा अलग अलग दिया है। ग्राम पंचायत तियरा में 43 कार्य, भैरोपुर में 30, जयरामपुर में 29 और सरदरपुर में 24 कार्यो का भुगतान हुआ है।

### अपंजीकृत मिस्त्री नहीं करेंगे हैंडपंप मरम्मत

आरटीआई कार्यकर्ता ने शासनादेश का हवाला देते हुए बताया कि ग्रामप्रधान के परिवार के सदस्य के नाम से अतिरिक्त ग्राम प्रधान के मानदेय, यात्रा भत्ता दिए जाने के कोई भुगतान नहीं किया जा सकता। ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्यों में कुशल और अकुशल श्रमिकों की मजदूरी मजदूरों के खातों के माध्यम से दी जाएगी। जिनका पंजीयन श्रमिक के रूप में मनरेगा/श्रम विभाग में हो। मजदूरी के भुगतान का उल्लेख उनके जाबकार्ड में किया जाएगा। किसी व्यक्ति को किसी सामाग्री के लिए भुगतान किया जा सकता है और नहीं किसी फर्म को मजदूरी का भुगतान किया जा सकता है। यदि किसी फर्म ने किसी कार्य के लिए निविदा दिया हो और उसे कार्य कराये जाने की स्वीकृति मिल गई हो तों मजदूरी का भुगतान फर्म को किया जा सकता है। हैण्डपम्पों की मरम्मत के लिए ट्रेन्ड मिस्त्री का होना जिनका पंजीयन विकास खण्ड स्तर पर अधिकृत हैं और अपंजीकृत मिस्त्री हैन्डपम्पों की मरम्मत के लिए अहर्य नहीं हैं।

आरटीआई कार्यकर्ता डॉ.एम खालिद ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि शासन द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के कार्यो की पारदर्शिता के लिए विभागीय स्तर से लेकर आडिट विभाग को जिम्मेवारी सौंपी है। ग्राम पंचायतों की दो वर्ष अथवा तीन वर्ष में आडिट भी की जाती है। लेकिन उदाहरण स्वरूप चार ग्राम पंचायतों के लेखा अध्ययन नेट से करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि ग्राम पंचायते काली कमाई का सर्वोत्तम साधन हैं ।

# फर्जी बिलिंग में आठ मीटर रीडरों पर हुआ ऐक्शन

## बोले अधिशासी अभियंताः टेबल बिलिंग करते पकड़े गए कर्मचारियों को तत्काल कार्यमुक्त और दर्ज होगी एफआईआर

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** विद्युत विभाग में तैनात आठ मीटर रीडरों पर फर्जी बिलिंग करने का मामला सामने आया है। मीटर रीडरों पर अधिशासी अभियंता ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय अधिशाषी अभियंता आशीष शर्मा ने विद्युत वितरण उपखंड मुहमदाबाद क्षेत्र के आठ मीटर रीडर्स संजय तिवारी, पंकज यादव, रमेश यादव, राजनरायन कुशवाहा, अजय यादव, आजाद खान,संजय वर्मा दानिश अली सिद्दकी द्वारा मीटर रीडिंग का कार्य सही ढंग से नहीं किया जा रहा है।

बताया कि बिलिंग कार्यों में रुचि न लेने एवं उपभोक्ताओं का फर्जी बिल बनाने पर मीटर रीडरो को लगातार चेतावनी दी गई है लेकिन कार्य में सुधार नहीं किया जा रहा था। लगातार गलत बिल बनाने की शिकायत प्राप्त हो रही है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि गाजीपुर शहर एवं मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र में मीटर रीडिंग के कार्य इन लोगों द्वारा सही से नही किया जा रहा था।

> अधिशासी अभियंता ने बताया कि एक मुश्त समाधान योजना 15 दिसम्बर से लागू हो गई है। 17 दिसंबर तक गाजीपुर नगर खंड के अंतर्गत कुल 244 उपभोक्ताओं द्वारा पंजीकरण कराकर 40 लाख की धनराशि जमा कराई गई है। जिले के अंर्तगत कुल 966 उपभोक्ताओं द्वारा पंजीकरण कराकर 1 करोड़ 60 लाख की धनराशि जमा कराई गई है। योजना का प्रथम चरण 31 दिसम्बर को समाप्त हो रहा है।

इनकी शिकायत उपभोक्ताओं द्वारा डिविजन ऑफिस में बार बार दिया जा रहा था। इन लोगो के द्वारा बिना प्रोब एवं ऑटोमेटिक रीडिंग से बिल बनाया जा रहा था जो बिलिंग करने में घोर लापरवाही है। यह कार्य पिछले कई महीनों से किया जा रहा था।

आशीष शर्मा ने सभी मीटर रीडरों को अंतिम चेतावनी देते हुए बताया कि जो भी बिलिंग का टारगेट मिला है 100% ओसीआर बिलिंग एवं प्रोब सक्सेज बिलिंग अनिवार्य रूप करें। अगर जो भी टेबल बिलिंग या फर्जी बिलिंग करेगा उसको तत्काल कार्यमुक्त करके एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# भवन निर्माण में लापरवाही, अधिशासी अभियंता से डीएम ने मांगा जवाब

## कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में दर्जनों विभाग की समीक्षा

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में उ.प्र शासन द्वारा निर्धारित शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं, मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सीएम डैशबोर्ड दर्पण पर कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी को फैमिली पहचान पत्र अभियान चलाकार बनवाने का निर्देश दिया। समीक्षा में भवन निर्माण कार्य मे लापरवाही में अधिशासी अभियन्ता आरईडी को स्पष्टिकरण का निर्देश दिया। उन्होंने देवकली पंप नहर के अधिशासी अभियन्ता को नहरों की साफ सफाई कराने का निर्देश दिया ताकि किसानों को डिमाण्ड के अनुसार टेल तक पानी पहुंचाया जाये सके तथा किसानों को सिंचाई में किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारी को मुख्य मंत्री विवाह योजना के अन्तर्गत जनपद में प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों से जुड़ी योजनाओं की माह प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए उन्होने संबंधित अधिकारी को निर्धारित समय सीमा में विभागीय विकास परक योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं को पूरा करने के सख्त निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एस.के पाण्डेय, परियोजना निदेशक राजेश यादव, अर्थ एवं संख्याधिकारी चन्द्रशेखर प्रसाद एवं खगेन्द्र सिंह समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समेत समस्त सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेतीं डीएम आर्यका अखौरी।

# सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण, मांगा स्पष्टीकरण

**रेवतीपुर।** बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) अरूण कुमार दूबे ने बुधवार को बाल स्वास्थ्य पोषण माह के तहत रेवतीपुर, तिलवां, पकड़ी आदि गांवों के आधा दर्जन आंगनबाडी केंद्रों का औचक निरीक्षण के सिलसिले में धमक पड़े।सीडीपीओ के केंद्रों पर पहुंचते ही कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान उन्होंने बाल स्वास्थ्य पोषण माह के तहत केंद्र पर अनुपस्थित रहे और अन्य विभागीय लापरवाही पाए जाने पर एक आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों को नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण देने का सख्त निर्देश दिया।साथ ही सीडीपीओ ने हिदायत दिया कि जारी किए गये नोटिस का जबाब समय से और संतोषजनक न मिलने पर सम्बन्धित के खिलाफ सख्त विभागीय कार्यवाई तय है। निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ ने अभिलेखों का निरीक्षण किया,और दिए जा रहे बिटामिन ए की घोल,हाटकुक आदि के बारे में जानकारी ली,साथ ही उन्होंने सख्त निर्देश ?दिया कि शासन और विभाग की चलाई जा रही विभिन्न तरह की योजनाओं में किसी भी तरह की लापरवाही या अनियमितता न बरती जाए।सीडीपीओ अरूण कुमार दूबे ने बताया कि उनके द्वारा इलाके के कई गावों में आंगनबाडी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया,कहा कि लापरवाही पाए जाने पर एक आंगनबाडी के खिलाफ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है,कहा कि अनुपस्थित रहने और केंद्र समय से न खोलना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इस तरह का औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा।


आंगनबाडी केंद्रों का निरीक्षण करते सीडीपीओ अरुण कुमार दूबे।

# शौचालय का उद्घाटन किए बगैर बैरंग लौटे एसडीएम, जेई-ठेकेदार फरार

## कासिमाबाद तहसील मुख्यालय पर बन रहे शौचालय में अनियमिताओं का खेल

**जनसंदेश न्यूज**

**कासिमाबाद।** जिला पंचायत निधि से बने शौचालय का उद्घाटन करने पहुंचे एसडीएम ने मौके पर कूड़ा कचरा अंबार व मानक के विपरीत कार्य देख जेई और ठेकेदार पर भड़क गए और दोनों को फटकार लगाई। वही बिना उद्घाटन किए एसडीएम को बैरंग लौटना पड़ा।

इस दौरान एसडीएम द्वारा जांच और फटकार की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही जेई और ठेकेदार फरार हो गए। वहीं ग्रामीण शौचालय में नियमों को ताक पर रखते हुए सफेद गिट्टी व दोमा ईट का निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए फोटो दिखाने लगे। कासिमाबाद तहसील मुख्यालय पर फरियादियों की शौचालय की समस्या को लेकर जिला पंचायत निधि से सुलभ शौचालय का निर्माण हुआ है। निर्माण कार्य के दौरान भी लोगों के द्वारा अनियमितता का मौके पर शिकायत लोगों के द्वारा की गई थी ।

उसके बावजूद भी निर्माण कार्य पूरा हो गया।आनन-फानन में ठेकदार और जेई कासिमाबाद एसडीएम के हाथ फीता कटवा कर उद्घाटन करना चाहते थे।

लेकिन उनके सपनों पर उस समय पानी फिर गया। जब जिला पंचायत सदस्य रुदल राजभर के अनुरोध पर एसडीएम आशुतोष कुमार सुलभ शौचालय का फीता काटकर उद्घाटन करने के लिए पहुंचे तो देखा कि शौचालय का जाने का रास्ता और फर्श सुव्यवस्थित नहीं बना हुआ है। चारों तरफ गंदगी और कूड़े कचरे का अंबार लगा हुआ था।

इस दौरान ताला खोलवाकर जब अंदर निरीक्षण किया तो देखा कि नवनिर्मित सुलभ शौचालय के अंदर चारों तरफ गंदगी और कूड़ा कचरा लगा हुआ है। यह देख एसडीएम कासिमाबाद आशुतोष कुमार जेई और ठेकेदार पर भड़क गए। इस दौरान उन्होंने फटकार लगाते हुए कहा कि सुलभ शौचालय के मुख्य द्वार के पास फर्श और जाने के लिए सुगम व्यवस्था होनी चाहिए। मौके पर जेई और ठेकेदार को पूछा तो दोनों फरार मिले। उन्होंने फटकार लगाते हुए सीधे तौर पर कहा कि जब तक शौचालय का व्यवस्थित नहीं होगा तब तक उद्घाटन नहीं होगा।



कासिमाबाद तहसील मुख्यालय पर नव निर्मित शौचालय की जानकारी लेते एसडीएम।

## संक्षेप

### सेंट्रल बार एसो के अध्यक्ष बने विमल, महासचिव संतोष



**मुहम्मदाबाद।** सेंट्रल बार एसोसिएशन मुहम्मदाबाद 2025 के लिए नए पदाधिकारीयों का निर्विरोध निर्वाचन बुधवार को आम सभा के बैठक में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ ।चुनाव अधिकारी सत्येंद्र नाथ राय और सह चुनाव अधिकारी मृत्युंजय राय ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की। नए पदाधिकारी में अध्यक्ष के रूप में विमल राय, महासचिव के रूप में संतोष गुप्ता, सचिव के रूप में सीताराम राजभर ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह यादव,गोविंद नारायण सिन्हा और कनिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में प्रभास पाण्डेय ,सह सचिव मनीष कुमार राय और कोषाध्यक्ष रिपुसुदन राय शामिल है। निःवर्तमान अध्यक्ष आलोक कुमार राय ने नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ के इतिहास में अध्यक्ष और सचिव का निर्विरोध निर्वाचन उनकी लोकप्रियता का प्रतीक है। संयोजक दयाशंकर दुबे ने बैठक में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए सदस्यों के सम्मान पर खरा उतरने का वादा किया। बैठक की अध्यक्षता शिवदान तिवारी ने की और संचालन आलोक कुमार राय ने किया।

### सामुदायिक शौचालय पर वर्षों से लटका ताला, गांव ओडीएफ घोषित




**रेवतीपुर।** स्थानीय ब्लाक में स्वच्छता सर्वेक्षण के मैदान में उतरे पंचायत विभाग ने विजेता बनने के लिए कागजी आंकड़ों की खुशनुमा तस्वीर गढ़ डाली, अधिकारियों के द्वारा पिछले करीब आठ साल पहले गावों को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) घोषित कर दिया। लेकिन पंचायत विभाग का यह दावा पूरी तरह से हवा-हवाई साबित हो रहा हैं। शासन के द्वारा बीते आठ साल पहले 46 ग्राम पंचायतों में स्वच्छता मिशन के तहत करीब साढ़े तीन करोड़ की लागत से हरेक गावों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया,ताकि गावों में खुले में शौच मुक्त को बढावा दिया जा सके,यही नहीं यहाँ केयर टेकरों की भी तैनाती कर दिया गया,लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते अधिकतर सामुदायिक शौचालयों का ताला वर्षों बाद भी नहीं खुल सका।ग्रामीणों ने बताया कि इसके कारण आज भी लोग खुले में शौच को जहाँ मजबूर है,जिससे कि शासन की स्वच्छता मिशन मुहिम फ्लाप साबित हो रही है,बताया कि यही नहीं इन सामुदायिक शौचालयों के संचालन के लिए तैनात किए गये केयर टेकर भी अधिकारियों के रहमो करम से घर बैठे मानदेय उठा रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि करोड़ों की लागत से गांवों में बने यह शौचालय अब देखरेख और मरम्मत के अभाव में जीर्णशीर्ण होते जा रहे है,अगर यही हाल रहा तो यह कब जमींदोंज हो जाएगें,कुछ कहा नहीं जा सकता है। डीपीआरओ अंशुल मौर्या ने बताया कि गांवों में निर्मित सामुदायिक शौचालय पर ताला लटकना गम्भीर विषय है,बताया कि जल्द ही बंद पड़े इन शौचालयों को खुलवाया जाएगा,साथ ही इस पूरे मामलें की जांच कर लापरवाह के खिलाफ कार्यवाई भी की जाएगी।

### शासन से मंजूरी के बावजूद नहीं लगा दस एमबीए का ट्रांसफार्मर

**रेवतीपुर।** निर्बाध और बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग के द्वारा 33/11 ताडीघाट विद्युत उपकेंद्र में दस एमबीए के नये पावर ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए करीब छह करोड़ के भेंजे गये प्रस्ताव को शासन के द्वारा मंजूरी दिए एक साल से अधिक हो गया।लेकिन विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के लापरवाही के कारण अभी तक नया पावर ट्रांसफॉर्मर लगाने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है।जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर और निर्बाध तरीके से विद्युत आपूर्ति किए जाने की मंशा पूरी होती नहीं दिख रही है।हैरानी तो इस बात की है कि शासन के द्वारा दस एमबीए के पावर ट्रांसफॉर्मर लगाए जाने के लिए मंजूरी होने के इतने दिनों बाद भी अभी तक टेंडर की प्रक्रिया तक शुरू नहीं हो सकी है,जो विद्युत विभाग के लापरवाह रवैये को साफ प्रदर्शित कर रहा है।विभाग के अधिकारियों के इस उदासीनता का खामियाजा ग्रामीणों को उठाना पड रहा है।आए दिन ग्रामीणों को लो-वोल्टेज,ट्रिपिंग आदि विभिन्न तरह के समस्याओं से जूझना पड रहा है,वर्तमान समय में इस उपकेंद्र में पांच एमबीए के दो पावर ट्रांसफॉर्मर लगे है,इस दस एमबीए के नये पावर ट्रांसफॉर्मर के लग जाने के बाद इस सब स्टेशन की क्षमता कुल बीस एमबीए की हो जाएगी,जिसके बाद इलाके में जहाँ बेहतर विद्युत आपूर्ति होगी। इस विद्युत सब स्टेशन के तहत कुल 34 गाँव है,जहाँ करीब दस हजार विभिन्न तरह के उपभोक्ता है।

### हत्यारोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कासिमाबाद।** तीन दिन पूर्व सोनबरसा गांव के सिवान में धारवार कला गांव निवासी सुभाष राजभर उम्र 45 का शव मिला था। इस मामले में मंगलवार की देर शाम मृतक सुभाष राजभर की पत्नी उषा देवी ने पुलिस को तहरीर देते हुए धरवार गांव निवासी अशोक राजभर के खिलाफ नामजद तहरीर दिया था। जिसमें आरोप लगाया था कि मेरे पति के साथ काम करने गए साथी मजदूर अशोक राजभर के द्वारा पैसे के लेनदेन को लेकर दोनों में विवाद हुआ। जिसमें आरोपी अशोक राजभर ने पति को धक्का दे दिया था। जिसे उनके सिर पेड़ में टकराने से जमीन पर गिर गए और अशोक राजभर मौके से पति को छोड़कर भाग गया था। जिससे मौत हो गई थी। इस मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी हुई। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी अशोक राजभर को बुधवार की सुबह धरवार कला ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। इस संदर्भ में कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया गया है।

### तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

**जमानियां।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार को करमहरी बार्डर के पास से एक अदद देशी तमंचा 12 बोर मय दो अदद जिन्दा कारतूस के साथ एक अभियुक्त को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। कोतवाली प्रभारी अशेषनाथ सिंह ने बताया की अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस क्षेत्र मं भ्रमणशील थी, तभी मुखबिर की सुचना पर करमहरी बार्डर के पास से अभियुक्त पीयूष दूबे पुत्र सुभाष दूबे ग्राम कटसरिया थाना मोहनिया जिला भभुआ को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अदद देशी तमंचा 12 बोर मय दो अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाई की जा रही हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ०नि० अजय कुमार, उ.नि अजय कुमार पाण्डेय, हे.का संजय सिंह, हे.का सुमित सिंह, अनूप राय मौजूद रहे।

### आज हैण्डबाल-कुश्ती खेल में खिलाड़ियों का होगा चयन

**गाजीपुर।** जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में सीनियर महिला/ जूनियर बालिकाओ की हैण्डबाल खेल एवं जूनियर बालिकाओ की कुश्ती खेल का जिला स्तरीय चयन गुरूवार को प्रातः 10.00 बजे से नेहरु स्टेडियम गोराबाजार के प्रांगण में किया जाना सुनिश्चित हुआ है। पात्रता प्रमाण पत्र फोटोयुक्त व प्रधानाचार्य से प्रमाणित आयु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य होगा, प्रवेश निःशुल्क होगा। हैण्डबाल खेल में जूनियर बालिकाओ की जन्मतिथि 01-01-2005 के बाद या उसके पश्चात की हो। कुश्ती खेल में जूनियर बालिकाओ की जन्मतिथि वर्ष 2004-2006 में जन्में (18-20 वर्ष) और 2007 (17 वर्ष) की हो।

### 23 को किसान मेले का आयोजन

**गाजीपुर।** मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि स्व. चौधरी चरण सिंह (पूर्व प्रधानमंत्री) के जन्म दिवस पर किसान सम्मान दिवस के अवसर पर नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेशन योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय किसान मेला का अयोजन 23 दिसंबर को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र पी.जी कालेज में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। उन्होंने सम्बन्धित कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही साथ विभागीय स्टाल भी लगाना सुनिश्चित करें।

### रोजगार मेले में युवाओं को मिला रोजगार

**गाजीपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में आकांक्षात्मक विकास खण्ड-देवकली के परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रतिभागी कम्पनियाँ कल्पतरू इंडस्ट्रीज, क्वैस कॉर्पोरेशन लि., विजन इण्डिया प्रा.लि., खेतिहर आर्गेनिक, पीएनबी मेटलाइफ एवं बालकरू इन्टरनेशलन प्रा.लि. द्वारा, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, कन्शट्रक्शन वर्कर, ट्रेनी, मैकेनिक, नेप्स ट्रेनी, आपरेटर, सेल्स मैन, डिलिवरी ब्वॉय आदि पदों पर चयन किया गया। इस मेला में लगभग 310 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से विभिन्न पदों पर कुल 114 अभ्यर्थियों का अन्तिम राउंड हेतु चयन किया गया। आगामी रोजगार मेला- खण्ड विकास परिसर बाराचवर19 दिसंबर को आयोजित होगा।

### सिवान में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

**कासिमाबाद।** कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के धरवार गांव निवासी सुबास राजभर की तीन दिन पूर्व सोनबरसा गांव के सिवान में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला था। जिसमे में पत्नी के द्वारा एक आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को धरवार कला ब्रिज के पास से बुधवार को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया

## जनसंपादकीय

# बढ़ने लगी है किसान आंदोलन की एकजुटता

निर्मल रानी



पंजाब - हरियाणा की सीमाओं पर चलने वाला किसान आंदोलन धीरे धीरे और गंभीर रूप धारण करता जा रहा है। क्योंकि हरियाणा की सीमा खनौरी में गत 24 दिन से आमरण अनशन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (N.P.) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है। किसान नेता के स्वास्थ की देखरेख में लगे डॉक्टर्स उनकी सेहत को लेकर बेहद चिंतित हैं। डल्लेवाल 80 साल की उम्र में इतने दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी देखभाल में लगे डॉक्टर्स के अनुसार पहले से ही कैंसर रोग से पीड़ित डल्लेवाल के लिवर व किडनी को इस अनशन के कारण काफी नुकसान पहुँच चुका है। उनकी किडनी व लीवर की स्थिति काफी नाजुक होती जा रही है। गौरतलब है कि इसी वर्ष 13 फरवरी को पंजाब के किसान अपनी उन मांगों को पूरी करने के वादों को याद दिलाने के लिये दिल्ली जाना चाह रहे थे जो कि मोदी सरकार द्वारा तीन विवादित कृषि कानून वापस लेते समय सरकार द्वारा मानी गयी थीं। परन्तु हरियाणा सरकार ने उन्हें पंजाब सीमा से आगे बढ़कर दिल्ली पहुँचने से रोक दिया। तभी से यह किसान पंजाब - हरियाणा की खनौरी व शम्भू सीमाओं पर डटे हुये हैं और बीच बीच में दिल्ली जाने का प्रयास भी करते रहे हैं।

काबिल-ए-गौर है कि जब एक वर्ष से भी लंबे समय तक चले संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन ने नवंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे कभी 'न झुकने ' की छवि बनाने वाले नेता को तीन विवादित कृषि कानून वापस लेने के लिये मजबूर कर दिया था उस समय देश के किसानों के अधिकांश संगठन एकजुट थे। और इसी किसान एकता ने केंद्र सरकार को घुटने टेकने के लिये मजबूर कर दिया था। परन्तु उस समय भी कृषि कानून वापस लेने की घोषणा करते समय प्रधानमंत्री मोदी यह कहने से चूके थे कि -' हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए देश के कृषि जगत के हित में, गांव, गरीब के हित में पूर्ण समर्थन भाव से, नेक नियत से ये कानून लेकर आई थी। लेकिन इतनी पवित्र बात, पूर्ण रूप से किसानों के हित की बात हम कुछ किसानों को समझा नहीं पाए। शायद हमारी तपस्या में कमी रही। भले ही किसानों का एक वर्ग इसका विरोध कर रहा था। हमने बातचीत का प्रयास किया। ये मामला सुप्रीम कोर्ट में भी गया। हमने कृषि कानूनों को वापस लेने का फैसला किया।' यह बात मोदी ने तब कही थी जब कि उस समय देश के अधिकांश छोटे बड़े किसान व उनके अधिकांश संगठन एकजुट थे। परन्तु याद कीजिये उस समय भी सरकार ने अपने समर्थन में कई ऐसे संगठनों के नाम बता दिए थे जिनका नाम पहले न तो कभी सुना गया न ही वे संगठन अस्तित्व में थे। यानी फर्जी संगठनों को किसान संगठन बता कर किसानों में फूट डालने की कोशिश 2020-21 के किसान आंदोलन के समय भी की गयी थी।

परन्तु अब 13 फरवरी 24 से किसानों द्वारा शुरू किया गया आंदोलन जिसे कि शुरू से ही संयुक्त किसान मोर्चा से पूर्व में जुड़े सभी किसान संगठनों का समर्थन हासिल नहीं है, वह सिर्फ इसी आपसी फूट के चलते लंबा खिंचता जा रहा है। यहाँ तक कि आमरण अनशन पर बैठे 80 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का जीवन भी संकट में पड़ गया है। उधर सरकार तमाशाई बनी बैठी है तथा किसानों की आपसी फूट को देखते हुये आंदोलन को तब तक खींचे रखना चाहती है जब तक किसान थक हार कर आंदोलन समाप्त न कर दें या इनमें और अधिक फूट न पड़ जाये। मगर जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन का सरकार पर असर पड़े या न पड़े लेकिन किसान संगठनों व विपक्षी नेताओं पर इसका प्रभाव पड़ता जरूर दिखाई देने लगा है। जहां विभिन्न विपक्षी राजनैतिक दलों के नेता खनौरी स्थित डल्लेवाल के अनशन स्थल पर उनका स्वास्थ समाचार लेने बड़ी संख्या में पहुँचने लगे हैं वहीँ संयुक्त किसान मोर्चा के विभिन्न धड़ों में भी हलचल तेज हो चुकी है। एस के एम के कई महत्वपूर्ण घटकों से किसान एकता के स्वर उठने शुरू हो चुके हैं।

इनमें सबसे महत्वपूर्ण बयान किसान नेता राकेश टिकैत की ओर से आया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुये टिकैत ने कहा है कि-' किसान यदि अलग-अलग चलेंगे तो लुटेंगे। हमें एकजुट रहना होगा। 10 महीने पहले जब आंदोलन शुरू हुआ हमने सबको कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा और सब इकट्ठा हो जाएं। दिल्ली की कॉल अलग-अलग मत दें। जब तक इकट्ठा नहीं होंगे तब तक दिल्ली से दूर रहना चाहिए। हमें जगजीत सिंह डल्लेवाल की चिंता है। हम प्रदर्शनकारियों के साथ हैं।" राकेश टिकैत ने कहा है कि सरकार को जल्द ही बात करनी चाहिए। बात सरकार को करना है, नफा नुक़सान सरकार को देखना है। दिल्ली की तैयारी करनी है तो सभी लोगों को इकट्ठा होना होगा। सभी मोर्चे को इकट्ठा होकर बातचीत करनी चाहिए। गौरतलब है कि धरने पर बैठे किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा को आंदोलन को सहयोग व समर्थन देने सम्बन्धी चिट्ठी भी लिखी है।

पंजाब व हरियाणा के भी कई किसान संगठन, व्यापक किसान एकता की बात जोर शोर से करने लगे हैं। देर से ही सही परन्तु किसान नेताओं को अब यह समझ आने लगा है कि केंद्र सरकार 2020-21 के संगठित किसानों के आंदोलन को कमजोर व बदनाम करने के लिये कौन से हथकंडे नहीं अपना रही थी? फर्जी किसान संगठनों को खड़ा करने से लेकर किसान आंदोलन को बदनाम करने तक के लिए सरकार द्वारा कौन कौन से प्रोपेगण्डे नहीं किये गये ? इन्हें आन्दोलनजीवी,खालिस्तानी,देशद्रोही न जाने क्या क्या कहा गया ? आंदोलन के चरित्र पर सवाल खड़े किये गये। परन्तु इन सब आरोपों के बावजूद सरकार को इन्हीं तथाकथित 'आन्दोलनजीवी, खालिस्तानी व देशद्रोही' किसानों की मांगों के आगे घुटने भी टेकने पड़े। और स्वयं प्रधानमंत्री को सामने आकर कृषि कानून वापस लेने की घोषणा करते समय किसानों को संबोधित करना पड़ा। इसका कारण केवल एक था और वह था संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में चलने वाला ऐतिहासिक किसान आंदोलन। अब डल्लेवाल के अनशन व 18 दिसंबर को किसानों द्वारा पंजाब में आहूत रेल रोको आंदोलन के बाद ऐसा लगता है कि किसान संगठनों के एकजुट होने की कवायद फिर से शुरू हो चुकी है।

**( लेखिक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

---

(जो चीज भुला दी जाती है और जिसे हमारी याददाश्त से मिटाने की कोशिश की जा रही है वह यह है कि औरंगजेब ने असम के कामाख्या देवी मन्दिर और उज्जैन के महाकाल मंदिर को भारी धनराशि भेंट के रूप में दी थी. हम यह भी जानते हैं कि हिन्दू राजा हर्षदेव ने देवोत्पतननायक नामक अधिकारी की नियुक्ति की थी, जिसका काम था मन्दिरों की मूर्तियां उखाड़ कर उनके नीचे दबी दौलत को लूटना. यह बात कल्हण की 'राजतरंगिणी' में कही गई है. इसी तरह यह भी भुला दिया जाता है कि मराठा राजाओं ने श्रीरंगपटनम में एक मंदिर को नष्ट कर दिया था. मध्यकाल में धर्म का इस संदर्भ में कोई विशेष महत्व नहीं था. धार्मिक स्थलों को लूटने और तोड़ने के पीछे धार्मिक कारण नहीं थे. इसके विपरीत मौर्यकाल के अंत के बाद बौद्ध धर्म को उखाड़ फेंकने के लिए बौद्धविहारों को नष्ट किया गया था. )

# आखिर हम कितना पीछे जाएंगे

## समय-संदर्भ

राम पुनियानी



सन 1980 के दशक में देश में शांति-व्यवस्था और प्रगति पर गम्भीर हमले हुए. साम्प्रदायिक ताकतों के हाथ एक नया औजार लग गया. वे देश के पूजास्थलों के कथित अतीत का उपयोग साम्प्रदायिकता भड़काने के लिए करने लगे. लालकृष्ण आडवाणी ने रथयात्रा निकाली. उनकी मुख्य मांग यह थी कि जिस स्थल पर पिछले पांच सदियों से बाबरी मस्जिद खड़ी थी ठीक उसी स्थल पर एक भव्य राम मंदिर का निर्माण किया जाना चाहिए. इस मुद्दे पर बढ़ती कड़वाहट और तनाव के मद्देनजर संसद ने एक नया कानून पारित किया जिसके तहत पूजास्थलों की जो प्रकृति 15 अगस्त 1947 को थी, उसे बदला नहीं जा सकेगा और वही बरकरार रहेगी.

बाबरी मस्जिद मामले में अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून को उचित ठहराया और यह भी कहा कि भविष्य में देश में शांति बनाए रखने की दिशा में यह कानून एक महत्वपूर्ण कदम है. सुप्रीम कोर्ट ने बाबरी मस्जिद के ढहाए जाने को अपराध बताया और यह भी कहा कि इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि बाबरी मस्जिद के नीचे कोई मन्दिर दबा हुआ है. 'सबरंग' में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि ह्लएक शीर्ष पुरातत्ववेत्ता प्रोफेसर सुप्रिया वर्मा, जो सन 2000 के दशक में बाबरी मस्जिद की भूमि पर हुई पुरातात्विक खुदाई में, एक अन्य पुरातत्वविद जया मेनन के साथ पर्यवेक्षक थीं, ने एक विवादास्पद बयान में कहा था कि मस्जिद के नीचे कोई मन्दिर तो था ही नहीं बल्कि अगर हम बारहवीं सदी से और पीछे जाकर चौथीं या छठवीं सदी अर्थात गुप्तकाल की बात करें तो ऐसा लगता है कि वहां एक बौद्ध स्तूप था.

बाबरी मस्जिद को दक्षिणपंथी ताकतों के नेतृत्व में ढहाया गया था. ढहाने वाले नारे लगा रहे थे, ह्लये तो केवल झांकी है, काशी, मथुरा बाकी है.ह्व कुछ समय पहले काशी और मथुरा में सर्वेक्षण की बात कही गई थी. यह इसके बावजूद कि प्लेसेस ऑफ रिलीजियस वर्शिप एक्ट 1991 इसे प्रतिबन्धित करता है. जस्टिस चन्द्रचूड़ ने यह कहकर एक मुसीबत खड़ी कर दी है कि अधिनियम पूजा स्थलों की प्रकृति में परिवर्तन को तो प्रतिबंधित करता है मगर वह उनके सर्वेक्षण पर रोक नहीं लगाता. उन्होंने यह भी कहा कि हिन्दुओं को यह जानने का हक है कि जहां कोई मस्जिद खड़ी है, वहां पहले क्या था. इससे तोड़े-मरोड़े गए और काल्पनिक इतिहास का उपयोग अपने एजेण्डा को आगे बढ़ाने वालों की बन आई.

पहले उन्होंने कहा कि अगर अयोध्या, काशी और मथुरा में मस्जिदों के नीचे दबे मन्दिरों को उन्हें सौंप दिया जाता है तो वे अन्य पूजास्थलों के सम्बन्ध में यह मांग नहीं करेंगे. मगर अब स्थिति यह है कि अलग-अलग अदालतों में कम से कम 12 मस्जिदों और दरगाहों के सर्वेक्षण की मांग करते हुए याचिकाएँ लंबित हैं. इसके अलावा, कमाल मौला मस्जिद, बाबा बुधनगिरी दरगाह, हाजी मलंग दरगाह आदि पर भी हिन्दुओं द्वारा दावे किए जा रहे हैं. सम्बल की जामा मस्जिद के बाद सदियों पुरानी अजमेर दरगाह पर भी हिन्दू सेना नामक एक नए संगठन द्वारा दावा किया जा रहा है. यह संगठन शायद इसी काम के लिए बनाया गया है.

इन सभी मामलों में कुछ दस्तावेजों का हवाला दिया जाता है, और अक्सर ये दस्तावेज शंकास्पद होते हैं. इनमें से कई मामलों में ब्रिटिश शासकों की अत्यन्त संदेहास्पद भूमिका रही है. जैसे, 'बाबरनामा' के अपने अनुवाद में बीवरिज ने बिना किसी प्रमाण के एक फुटनोट डाल दिया जिसमें कहा गया था कि मस्जिद के नीचे कोई मन्दिर हो सकता है. इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने के असंख्य उदाहरण हैं. इसी तरह मन्दिरों को तोड़ने के भी अनेक कारण थे, जिनमें मुख्य थे उनकी सम्पत्ति को लूटना और हारे हुए राजा को बेइज्जत करना.

अगर हम इतिहास की बात करें तो अनेक बौद्ध विहारों को धार्मिक कारणों से नष्ट किया गया. स्वामी विवेकानंद लिखते हैं, ह्लजगन्नाथ मंदिर एक पुराना बौद्ध मन्दिर है. हमने इस पर और कई अन्य बौद्ध मन्दिरों पर कब्जा कर लिया और उनका पुनर्हिन्दूकरण किया...ह्व. अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'सत्यार्थ प्रकाश' में स्वामी दयानन्द सरस्वती, आदि शंकाराचार्य के योगदान की चर्चा करते हुए लिखते हैं, ह्लउन्होंने 10 साल तक पूरे देश का भ्रमण किया, जिस दौरान उन्होंने जैन धर्म का खंडन किया और वैदिक धर्म की पैरोकारी की. जमीन खोदने पर जो टूटी-फूटी मूर्तियां इन दिनों मिलती हैं वे शंकर के समय तोड़ी गई थीं और जो साबुत मिलती हैं उन्हें जैनियों ने खुद इस डर से जमीन में गाड़ दिया था कि उन्हें तोड़ दिया जाएगा.

प्राचीन भारतीय इतिहास के बौद्ध नरेटिव के अनुसार, मौर्य राज्यवंश के बौद्ध राजा बृहद्रथ की हत्या उसके ही सेनापति पुष्यमित्र शुंग द्वारा ईसा पूर्व 184 में की गई थी. इसके साथ एक सम्मानित और प्रतिष्ठित बौद्ध राजवंश (सम्राट अशोक भी जिसमें शामिल थे) का अंत हुआ और शुंग कुल के शासन की शुरूआत हुई. प्राचीन भारतीय इतिहास के लब्ध प्रतिष्ठित अध्येता डी. एन. झा लिखते हैं कि एक प्राचीन बौद्ध रचना 'दिव्यवदाना', जो संस्कृत में है, में वर्णित है कि बौद्धों के पीड़क पुष्यमित्र शुंग ने किस तरह अनेकानेक बौद्ध और जैन धार्मिक स्थलों को ढहाया था.

ऐसा बताया जाता है कि वो एक विशाल सेना के साथ पाटलीपुत्र से निकला और पूरे रास्ते स्तूपों को नष्ट करता गया. उसने बौद्ध विहारों को आग के हवाले कर दिया और बौद्ध भिक्षकों को मौत के घाट उतार दिया. वो पाटलीपुत्र से लेकर सकाल (जिसे अब सियालकोट कहा जाता है) तक गया और वहां पहुंचकर उसने यह घोषणा की कि किसी भी श्रमण व्यक्ति का कटा हुआ सिर लाने वाले को इनाम दिया जाएगा.

झा बताते हैं कि मथुरा, जो कुषाण युग में एक समृद्ध व्यापारिक केन्द्र था, वहां के कुछ मन्दिर जैसे भूतेश्वर और गोकरणेश्वर प्राचीन काल में बौद्ध पूजास्थल थे.

इतिहास की जो समझ हमारे समाज में है वह हिन्दू राष्ट्रवादी ताकतों द्वारा गढ़ी गई है. इसकी जड़ में है अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति जिसके अंतर्गत उन्होंने इतिहास का साम्प्रदायिक लेखन करवाया. इस इतिहास लेखन में राजाओं को उनके धर्म का प्रतिनिधि बताया जाता है. इस इतिहास लेखन का फोकस मध्यकाल पर है जिस दौरान देश में कई मुस्लिम शासक हुए.

जो चीज भुला दी जाती है और जिसे हमारी याददाश्त से मिटाने की कोशिश की जा रही है वह यह है कि औरंगजेब ने असम के कामाख्या देवी मन्दिर और उज्जैन के महाकाल मंदिर को भारी धनराशि भेंट के रूप में दी थी. हम यह भी जानते हैं कि हिन्दू राजा हर्षदेव ने देवोत्पतननायक नामक अधिकारी की नियुक्ति की थी, जिसका काम था मन्दिरों की मूर्तियां उखाड़ कर उनके नीचे दबी दौलत को लूटना. यह बात कल्हण की 'राजतरंगिणी' में कही गई है. इसी तरह यह भी भुला दिया जाता है कि मराठा राजाओं ने श्रीरंगपटनम में एक मंदिर को नष्ट कर दिया था. मध्यकाल में धर्म का इस संदर्भ में कोई विशेष महत्व नहीं था. धार्मिक स्थलों को लूटने और तोड़ने के पीछे धार्मिक कारण नहीं थे. इसके विपरीत मौर्यकाल के अंत के बाद बौद्ध धर्म को उखाड़ फेंकने के लिए बौद्धविहारों को नष्ट किया गया था.

भारतीय राजनीति और न्यायपालिका ने एक भस्मासुर पैदा कर दिया है जो समाज में धार्मिक विभाजन को और गहरा बना रहा है. आज हमें क्या करना चाहिए? क्या हमें हर मस्जिद को खोदकर देखना चाहिए कि उसके नीचे क्या कोई मन्दिर है? या फिर हमें पंडित जवाहरलाल नेहरू के शब्दों में 'आधुनिक मन्दिरों' का निर्माण करना चाहिए. भाखड़ानंगल बाँध की नींव रखते हुए पंडित नेहरू ने वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थाओं, इस्पात कारखानों, बिजली घरों और बाँधों को आधुनिक मन्दिर बताया था. हम आधुनिक मन्दिरों का निर्माण करेंगे या मस्जिदों के नीचे मन्दिर ढूंढते रहेंगे, इस पर ही हमारे देश की नियति निर्भर करेगी.

**(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया. लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

---

# सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है...

## शहादत दिवस पर

जाहिद खान



19 दिसम्बर पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, रोशन सिंह और अशफाकउल्लाह खॉं जैसे वतनपरस्त इंकलाबियों का शहादत दिवस है। मुल्क की आजादी के लिए जिन्होंने कम उम्र में ही अपनी जान कुर्बान कर दी। इन तीनों क्रांतिकारियों का क्रांतिकारी जीवन का आगाज भले ही अलग-अलग हुआ हो, मगर अपने मादरे वतन पर कुर्बान एक साथ हुए। जब ये फांसी पर चढ़े, तो बिस्मिल की उम्र महज तीस साल, तो अशफाकउल्लाह खॉं सत्ताईस साल के थे। देश में चल रहे आजादी के आंदोलन से बिस्मिल और अशफाकउल्लाह खॉं शुरू से ही मुतास्सिर थे। दोनों के दिल में अपने देश के लिए कुछ करने का जज्बा था। रामप्रसाद बिस्मिल पर आर्य समाजी भाई परमानंद, जो कि गदर पार्टी से जुड़े हुए थे, का काफी असर था। अंग्रेजी हुकूमत ने लाहौर कांड में जब परमानंद भाई को फांसी की सजा सुनाई, तो बिस्मिल बद-हवास हो गए। उन्होंने गुस्से में ये कौल ली, "वे इस शहादत का बदला जरूर लेंगे। चाहे इसके लिए उन्हें अपनी जान क्यों न कुर्बान करना पड़े।" आगे चलकर रामप्रसाद बिस्मिल ने मशहूर क्रांतिकारी पंडित गेंदालाल दीक्षित के संगठन 'मातृवेदी' से राब्ता कायम कर लिया। इस संगठन में पैदल सैनिकों के अलावा घुड़सवारों व हथियारों से लैस सैकड़ों क्रांतिकारियों का जत्था था। 'मातृवेदी' ने अंग्रेजों के खिलाफ जो सशस्त्र संघर्ष चलाया, पंडित गेंदालाल दीक्षित के साथ बिस्मिल ने उसकी लीडरशिप की। इन दोनों ने मिलकर उत्तर प्रदेश सूबे के मैनपुरी, इटावा, आगरा व शाहजहॉंपुर आदि जिलों में बड़े ही प्लानिंग से एक मुहिम चलाई और नौजवानों को इस संगठन से जोड़ा।

रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाकउल्ला खॉं दोनों का शुरूआत में कांग्रेस से भी वास्ता रहा। उन्होंने कलकत्ता और अहमदाबाद में हुए कांग्रेस अधिवेशनों में भी हिस्सा लिया। अहमदाबाद अधिवेशन में जब मौलाना हसरत मोहानी ने कांग्रेस की साधारण सभा में पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव रखा, तो रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खॉं और दीगर इंकलाबी खयालात के नौजवानों ने इसकी हिमायत की थी। लेकिन महात्मा गांधी ने इस प्रस्ताव को मानने से इंकार कर दिया। बहरहाल, चौरीचौरा कांड के बाद, महात्मा गांधी द्वारा अचानक असहयोग आंदोलन वापस लेने के फैसले से क्रांतिकारी विचारों के नौजवानों को काफी निराशा हुई। उन्होंने जल्द ही एक जुदा राह इख़्तियार कर ली। तमाम इंकलाबी खयालात के नौजवान जिसमें भगतसिंह, चंद्रशेखर आजाद, राजगुरु, भगवतीचरण बोहरा, रोशन सिंह, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी, यशपाल, मन्मथनाथ गुप्त और दुर्गा भाभी आदि के साथ रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाकउल्ला खॉं शामिल थे, इंकलाब की रहगुजर पर चल निकले।

पंडित रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाकउल्ला खॉं की मुलाकात कैसे हुई और ये दोनों किस तरह एक ही राह के हमसफर हुए ? इसका किस्सा मुख़्तसर में यूॅं है। अशफाकउल्ला खॉं जब स्कूल में ही थे, तो बंगाल के इंकलाबियों की सरगर्मियों की खबरें अखबारों में पढ़ते और सुनते रहते थे। मैनपुरी साज़िश के सिलसिले में उनके स्कूल और शाहजहॉंपुर में हुई गिरफ़्तारियॉं, खुद्दीराम बोस और कन्हैया लाल दत्त की कुर्बानियों के नुकूश उनके मासूम जेहन पर अपना असर छोड़ रहे थे। वे इन वाकि आत से इतना मुतास्सिर हुए कि खुद भी इंकलाबी बनने का ख़्वाब देखने लगे। अपने वतन के लिए कुछ करने का यही जज्बा था कि जब क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल मैनपुरी मामले के बाद शाहजहॉंपुर में अंडरग्राउंड थे, तो अशफाकउल्ला खॉं न सिर्फ. उनसे मिले, बल्कि इंकलाबी तहरीक में शामिल होने की अपनी मंशा का इजहार भी किया। बिस्मिल ने शुरू में अशफाकउल्ला की इस पेशकश को ठुकरा दिया, लेकिन जब उन्होंने इस बात का लगातार इसरार किया, तो उन्हें अपने क्रांतिकारी दल में शामिल कर लिया। आगे चलकर अशफाकउल्ला खॉं मुल्क की इंकलाबी तहरीक के एक जॉबाज इंकलाबी साबित हुए। यहॉं तक कि 'काकोरी ट्रेन एक्शन' मामले में अदालत के अंदर जब सुनवाई शुरू हुई, तो मजिस्ट्रेट ने अशफाकउल्ला खॉं को रामप्रसाद बिस्मिल का लेफ़्टिनेंट करार दिया।

साल 1924 में क्रांतिकारी पं. रामप्रसाद बिस्मिल ने अपने कुछ साथियों के साथ 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' की स्थापना की। सचिन्द्र नाथ सान्याल संगठन के अहम कर्ता-धर्ता थे, तो वहीं रामप्रसाद बिस्मिल को सैनिक शाखा का प्रभारी बनाया गया। इस संगठन के माध्यम से क्रांतिकारियों ने पूरे देश में आजादी के आंदोलन को एक नई रफ़्तार दी। संगठन की तमाम बैठकों में सिर्फ.एक ही नुक्ते, देश की आजादी पर बात होती। यही नहीं अंग्रेज हुकूमत से किस तरह से निपटा जाए, क्रांतिकारी इसके लिए नई-नई योजनाएं बनाते। क्रांति के लिए हथियारों की जरूरत थी और ये हथियार बिना पैसों के हासिल नहीं हो सकते थे। रामप्रसाद बिस्मिल और उनके क्रांतिकारी दल ने एक और बड़ी योजना बनाई। यह योजना थी, सरकारी खजाने को लूटना। 9 अगस्त, 1925 को सहारनपुर से लखनऊ जाने वाली ट्रेन को काकोरी स्टेशन पर लूट लिया गया। इस सनसनीखेज वाकए को रामप्रसाद बिस्मिल, राजेंद्र लाहिड़ी, चन्द्रशेखर आजाद, मन्मथनाथ गुप्त, शचीन्द्रनाथ बख्शी, ठाकुर रोशन सिंह, केशव चक्रवर्ती और अशफाकउल्लाह खॉं समेत दस क्रांतिकारियों ने अंजाम दिया। क्रांतिकारी, ट्रेन में रखे खजाने को लूटकर रफू–चक्कर हो गए। क्रांतिकारियों का यह वाकई दुःसाहसिक कारनामा था। इस वाकि आत से पूरे देश में हंगामा हो गया। अंग्रेजी हुकूमत की नींद उड़ गई। काकोरी ट्रेन एक्शन के बाद बौखलाए अंग्रेजों ने 'हिंदुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन' के चालीस क्रांतिकारियों पर डकैती और हत्या का मामला दर्ज.किया।

काकोरी कांड में शामिल सभी क्रांतिकारी एक के बाद एक गिरफ़्तार कर लिए गए। जेल में रामप्रसाद बिस्मिल और उनके क्रांतिकारी साथियों को पुलिस द्वारा कई प्रलोभन दिए गए कि वे सरकार से माफी मांग लें, उन्हें रिहा कर दिया जाएगा। मगर वे इन प्रलोभनों में नहीं आए। काकोरी ट्रेन डकैती मामला, अदालत में तकरीबन डेढ़ साल चला। इस दरमियान अंग्रेज सरकार की ओर से तीन सौ गवाह पेश किए गए, लेकिन वे यह साबित नहीं कर पाए कि इस वारदात को क्रांतिकारियों ने अंजाम दिया है। बहरहाल, अदालत की यह कार्यवाही तो महज एक दिखावा भर थी। इस मामले में फैसला पहले ही लिख दिया गया था। क्रांतिकारियों को भी यह सब मालूम था, लेकिन वे जरा सा भी नहीं घबराए। अदालत के सामने हमेशा बेखौफ बने रहे। आखिरकार, अदालत ने बिना किसी ठोस सबूत के रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खॉं और उनके दीगर साथियों को काकोरी कांड का गुनहगार ठहराते हुए, फांसी की सजा सुना दी। इस एक तरफा फैसले के बाद भी आजादी के मतवाले जरा सा भी नहीं घबराए और उन्होंने पुर–जोर आवाज में अपनी मनपसंद गजल के अशआर अदालत में दोहराए, "सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है/देखना है जोर कितना बाजू-ए-कातिल में है।" यह अशआर अदालत में नारे की तरह गूंजे, जिसमें अदालती कार्यवाही देख रही अवाम ने भी अपनी आवाज मिलाई।

अपने मादरे वतन की आजादी के लिए कुर्बान होने का जज्बा रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाकउल्ला खॉं के दिल में आखिर तक बना रहा। 8 अक्टूबर, 1927 को जेल से अपने परिवार को लिखे खत में अशफाकउल्ला खॉं ने बड़े ही फख्र से लिखा था, "मैं तख़्ता–ए–मौत पर खड़ा हुआ ये खत लिख रहा हूं, मगर मुतमइन व खुश हूॅं कि मालिक की मर्जी इसी में थी। बड़ा खुशकिस्मत है वो इंसान, जो कुर्बानगाह–ए–वतन पर कुर्बान हो जाए।" फांसी से चंद दिन पहले अशफाकउल्ला खॉं ने देशवासियों के नाम एक लंबा पैगाम भी भेजा था, जिसमें देशवासियों से सभी मतभेदों को भुलाकर मुल्क पर मर मिटने की अपील की गई थी। उन्होंने हिंदुओं और मुसलमानों से एकता और भाईचारा कायम करने की आरजू.का इजहार करते हुए लिखा, "हिंदुस्तानी भाईयो, आप कोई भी हों, लेकिन आप मुल्क के कामों को मुत्तहिद होकर अंजाम दीजिए, रास्ता चाहे मुख़्तलिफ हो, लेकिन सब की मंज़िल एक ही है।"

अशफाकउल्ला खॉं और पं.रामप्रसाद बिस्मिल का मकसद सिर्फ.आजादी हासिल करने तक ही महदूद नहीं था, बल्कि वे किस तरह की आजादी चाहते हैं और देश की भावी तस्वीर किस तरह की होगी ? इसके बारे में भी उनके खयालात साफ थे। उनके जेहन में आजादी का क्या तसव्वुर था और किसानों, मजदूरों के बारे में उनकी क्या राय थी ? इसका खुलासा अशफाकउल्ला खॉं ने अपने इस पैगाम में यूॅं किया है, "मेरा दिल गरीब किसानों और दुखी मजदूरों के लिए हमेशा फिक्रमंद रहा है। मेरा बस हो तो दुनिया की हर मुमकिन चीज उनके लिए समर्पित कर दूॅं। हमारे शहरों की रौनकें उनके दम से हैं। हमारे कारखाने उन की वजह से आबाद और काम कर रहे हैं।.....मैं हिंदुस्तान की ऐसी आजादी का ख़्वाहिशमंद था, जिसमें गरीब खुश और आराम से रहते और सब बराबर होते। खुद्दा मेरे बाद जल्द वो दिन लाए।" 19 दिसंबर, 1927 को अशफाकउल्ला खॉं को फैजाबाद में, तो पं. रामप्रसाद बिस्मिल को गोरखपुर की जेल में फांसी की सजा दी गई। फांसी देने से पहले जब बिस्मिल की आखिरी चाहत पूछी गई, तो उन्होंने बड़े ही बहादुरी से जवाब दिया, "मैं अपने मुल्क से ब्रिटिश हुकूमत का खात्मा चाहता हूॅं। ब्रिटिश साम्राज्यवाद का नाश हो।" उसके बाद उन्होंने बुलंद आवाज में यह शे'र पढ़ा, "अब न अहले वलवले हैं और न वो अरमॉं की भीड़/ सिर्फ.मिट जाने की इक हसरत दिल-ए-'बिस्मिल'में है !" जल्लाद फांसी का फंदा लेकर रामप्रसाद बिस्मिल की ओर बढ़ा, तो उन्होंने यह फंदा उससे छीनकर मुस्कराते हुए, खुद ही अपने गले में डाल लिया।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)**

---

## व्यंग्य

# फेसबुक-हवाई घुड़दौड़



वीना सिंह

फेसबुक एक ऐसी दुनिया है जिसमें जान-पहचान हो न हो, एक दूसरे को जाने या न जाने, लेकिन फिकरेवाजी करने का सबको हक है। फेसबुक, यूट्यूब, इंस्ट्राग्राम, वाट्सऐप क्या आया हम सब हवा-हवाई जिंदगी जीने लगे। बिना किसी आभास के आभासी दुनिया में चक्कर काटने लगे। हल्के और उथले हो गये। फेसबुक पर जो जी में आया पोस्ट कर दिया, किसी को भाये या न भाये मेरी बला से। जब जी चाहा, दूसरों की पोस्ट पर चहलकदमी करने चले गये, जी चाहा तो तारीफों के पुल बांध दिये, जी न चाहा तो चुपचाप निकल लिये। फेसबुक ने लोगों की गंभीरता हर ली है। फेसबुक की इस हवाई घुड़दौड़ में हम सब ऐसे भागे चले जा रहे हैं जैसे किसी दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिए हों, कि कोई मुझसे आगे न निकल जाये। हम जितनी तेज भाग रहे हैं, अपनी असली जिंदगी से उतना ही दूर होते जा रहे हैं, मानों अपनी पहचान खोते जा रहे हैं।

फेसबुक एक आभासी खुला मंच है, जहां जाने में कोई रोक-टोक नहीं है। न उम्र की सीमा न जन्म का बंधन और न समय का। आप किसी भी समय हाजिर हो सकते है, बात बेबात बहस कर सकते हैं। किसी भी टॉपिक पर अपनी नाइत्तफाकी दर्ज करा सकते हैं। नाराज हो सकते हैं, मान भी सकते हैं। पूरी बेहयाई के साथ खींसे निपोरकर हंस सकते हैं। यह मंच मन की भड़ास निकालने का सुगम साधन है। सबसे अच्छी बात यह है कि यहां पर कानूनी कार्यवाही का भी कोई प्रावधान नहीं है। इसीलिए निष्चिन्त और निर्भीक होकर लोग बैठे-ठाले इधर से उधर जुमले उछालते रहते हैं।

फेसबुक चलता रहता है, लोग बदलते रहते हैं, कहीं ये दिख गये तो कहीं वे दिख गये। आज जिनसे दिल खोलकर मिले, दोबारा मिलें कोई जरूरी भी नहीं। फेसबुक पर होना मानों चौराहे पर खड़े होना। लगता है चारो तरफ की भीड़ हमें देख रही है, ये सब ही हमारे अपने हैं, और कहीं गलती से डाटा खतम हो जाये तो पाते हैं, अरे हम तो नितांत अकेले हैं। यह फेसबुक हवाई घुड़दौड़ है जहां लोग जमीन पर चलते-फिरते तो दिखते हैं, लेकिन असल में वे अपने डिजिटल घोड़े पर सवार होते हैं, जो जमीन से कोसों दूर होते है।

हम इस खुले मंच का सदुपयोग और दुरूपयोग दोनों करने के लिए स्वतंत्र हैं। बच्चे,बूढ़े जवान सब यहां टहलना पसंद करते हैं। बुजुर्गों के लिए तो वरदान है फेसबुक। अकेलेपन का प्यारा साथी है। अब उन्हें समय काटना नहीं समय सुहाना लगता है। सच में इस खुले मंच की खुल्लम खुल्ला गलियों में यदि सैर करने निकल गये तो दो चार घंटे कब बीत गये पता ही नहीं चलता। एक से बढ़कर एक सुन्दर दृष्य, सुन्दर बातें, हर रोज नये लोगों से मुलाकातें। जितना पूरे जीवन में नहीं घूमें, यहां दो मिनट में घूम लीजिए। घर बैठे ही राजनीति, क्रिकेट पर्यावरण, सिनेमा से लेकर घरेलू मुद्दों पर दिल खोलकर बहस कर लीजिए। वातानुकूलित कमरे में बैठ कर गर्मी में झुलसते लोगों के लिए चिंता व्यक्त करते हुए आंसू बहाती इमोजी ठेल दीजिए। सर्दियों में ठंड से ठिठुरते लोगों के लिए रजाई से मुंह बाहर निकाले बगैर ही 'यह ठंड जान लेकर रहेगी' जैसा स्लोगन लिखकर पोस्ट कर दीजिए, कौन सा हमें कोई सामने से देख रहा है।

फेसबुक पर लाइव भला कौन नहीं आना चाहता। हर कोई खुद को और खुद के हुनर को दिखाना चाहता है। फेसबुक पर सुन्दर और खुषमिजाज दिखने का एक अनोखा दबाव बना रहता हैं। फेसबुक पर फेस ही सुन्दर न हो, यह तो कोई बात नहीं हुई। अब ऊपर वाले ने सबको खूबसूरत तो बनाया नहीं हैं लेकिन फेसबुक पर बैठे फिल्टर बाबा बडे ही भले मानुश हैं, वे अमीर-गरीब, ऊंच-नीच, स्त्री-पुरुश का बिना भेदभाव किये सब पर समान कृपा बरसाते हैं। कुरूप से कुरूप को भी ऐसा सौंदर्य प्रदान करते हैं कि देखने वाले की आंखें ही चौंधिया जाएं। खुद की आंखें खुद को भी न पहचान पायें। इसी तरह जीवन में चाहें जितनी मुसीबतें हो पर फेसबुक पर आप हंसते-मुस्कराते ही दिखें। फेसबुक पर लोग इतने हवाई हो चुके हैं कि उनकी प्रोफाइल पर जाये तो लगता है कि वे किसी हवाई जहाज से ही उतरते हैं। प्रोफाइल पिक्चर इतनी षानदार कि मन मुग्ध हो जाये और कहीं असल जिंदगी में सामना हो जाये तो मानों घूरा भी मुंह बिदकाये।

फेसबुक जैसे खुले मंच पर साहित्य की तो बल्ले-बल्ले है। कहानी, कविता, लेख आदि में होड़ मची है। सब एक से बढ़कर एक। मंचों पर बहसें जारी हैं पर नतीजा सिफड़ (जीरो)। कोई किसी से खुद को कम कैसे माने? इस खुले आभासी मंच पर पांचों अगुंली घी में तो सम्मान लेने और देने वालों की हैं जी! संमानित होने वाला अपने सम्मान के लिए सम्मान पत्र, षाल, फूल का फोटो के रूप में खुद ही तैयार कर लेता है और सम्मान करने वाले लोग हजारों मील दूर बैठे सम्मानपूर्वक सम्मान दे देते हैं, सम्मानित व्यक्ति गद्गद हो हाथ जोड़ लेता है। वाह-वाह और बधाई के कहकहे देर तक लगते रहते हैं। भई यह तो वहीं बात हुई, हर्र लगे न फिटकरी रंग चोखा।

फेसबुक 'हवाई घुड़दौड़'एक ऐसा मंच हैं, जहां असली जिंदगी से कुछ लेना-देना नहीं है, यहां सब कुछ दिखाबटी और बनावटी है। लाइक्स और कमेंटस ने असली रिष्तों की जगह ले ली है और चेक-इन, सेल्फी, और स्टेटस अपडेट्स ने जिंदगी की सच्चाई को धुंधला कर दिया है। इस झूठी दुनिया में झूठे लोगों के बीच, रोज एक नये झूठ के साथ जीवन जिये जा रहे हैं और कहते हैं आइ एम परफेक्ट।

गांव की एक कहाबत याद आ गई - झूठई लेना, झूठई देना, झूठई भोजन, झूठ चबेना।

भले ही फेसबुक है हवा-हवाई, लेकिन हम सबके मन को बहुत है भायी। इसीलिए फेसबुक वासियों को तेरी तरफ से भी खूब बधाई।

**( लेखिका व्यंग्यकार हैं)**

# शहर कोतवाली के सामने व्यापारी से 3.92 रुपये की लूट, हड़कंप

**दुस्साहस**

**गिलास-पत्तल कारोबारी के साथ पहले भी हो चुकी है लूट की घटना**

**लालडिग्गी बांध पर वारदात की खबर पर फोर्स के साथ एसपी भी पहुंचे**

**जनसंदेश न्यूज**



घटना स्थल का निरीक्षण करते एसपी हेमराज मीना।

**आजमगढ़।** अपराधियों पर लगाम लगाने की कोशिशों के बीच बुधवार को एक बार फिर अपराधी बेलगाम दिखे। शहर कोतवाली के सामने बदमाशों ने दिन में कारोबारी से 3.92 लाख रुपये लूट लिए और फरार हो गए। घटना की खबर मिलते ही हड़कंप मच गया और फोर्स के साथ खुद पुलिस अधीक्षक भी पहुंच गए। कटरा मोहल्ला निवासी गिलास-पत्तल कारोबारी चंदन अग्रवाल रुपये लेकर कारोबार के सिलसिले में निकले थे।

अभी वह बड़ा गणेश मंदिर के आगे बढ़े थे कि कोतवाली के सामने बंधे पर स्थित मोड़ के पास बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और किनारे ले जाकर बाइक की चाबी निकाल ली।

अभी वह कुछ समझ पाते कि उनके जैकेट में रखे रुपये निकालकर कच्चे रास्ते से भाग गए। पीड़ित चंदन ने बताया कि बैंक में पैसा जमा करने के लिए निकले थे। गणेश मंदिर से लगभग 150 कदम की दूरी पर कोतवाली के सामने बंधे पर ही घटना हो गई।

इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शहर मे लूट की घटना की खबर परएसपी हेमराज मीना ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया व मातहतों से जानकारी ली। इस दौरान एसपी ने कहा कि व्यापारी से बाइक सवार बदमाशों ने 3 लाख 92 हजार की लूट की वारदात को अंजाम दिया है।

पुलिस के लिए घटना बड़ी चुनौती है। पुलिस की टीमें बदमाशों की तलाश में लगी हैं। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# निर्माण रोकने से नाराज महिलाओं ने किया प्रदर्शन



विरोध प्रदर्शन करती मोइयां मकदूमपुर की महिलाएं।

**जनसंदेश न्यूज**

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** क्षेत्र के मोइयां मकदूमपुर गांव में निर्माण कार्य रोके जाने के विरोध में महिलाओं ने तहसील मुख्यालय पर बुधवार कोधना-प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए महिलाओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

गांव की गुंजा सोनकर ने बताया कि मोइयां मकदूमपुर गांव में 19 बिस्वा हमारी बैनामाशुदा जमीन है, जिसपर तहसील प्रशासन द्वारा मापी कर पत्थर स्थाई कर दिया गया। इसके बाद आठ फीट ऊंची बाउंड्रीवाल भी बन गई। अब प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है। बताया कि पैमाइश में बैनामाशुदा जमीन में से लगभग 14 बिस्वा कम भी दिया गया। इसके बादजूद भूमाफिया द्वारा प्रशासन की मिलीभगत से निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। महिलाओं ने कहा कि कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस अवसर पर प्रेमा, शारदा, संगीता, मनीषा, सीमा, प्रभावती देवी, राधिका, गुलाबी आदि उपस्थित रहीं।

# राजस्व टीम ने की विद्यालय भूमि की मापी

**माहुल (आजमगढ़)।** खंड शिक्षा अधिकारी अहरौला संतोष कुमार सिंह की मौजूदगी में बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय की भूमि की राजस्व कर्मियों द्वारा मापी की गई जिससे अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय माहुल के परिसर का संपूर्ण रकबा राजस्व अभिलेखों में आठ बीघे का है। रविवार को उसके दक्षिणी पूर्वी हिस्से पर दोपहर बाद चहारदीवारी का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसपर भाजपा नेताओं के अलावा स्थानीय लोगों ने निर्माण को अवैध बताते हुए जिले और तहसील के आलाधिकारियों से फोन के माध्यम से शिकायत की थी। इस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने सोमवार को यहां पहुंच कर चारदीवारी का निरीक्षण कर उपजिलाधिकारी फूलपुर सुरेंद्र नाथ तिवारी से भूमि की मापी के लिए आग्रह किया था।

उपजिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक देवेंद्र राम और क्षेत्रीय लेखपाल सुग्रीव तिवारी ने विद्यालय की भूमि की मापी की। इस मापी में निर्मित चहारदीवारी के साथ ही साथ आधा दर्जन लोगों के मकान विद्यालय की भूमि में पाए गए। उसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने अधिशासी अधिकारी को दो दिन पहले बनी चहारदीवारी को गिरवाने का निर्देश दिया। इस मौके पर एआरपी अरविंद सिंह, शिव शर्मा, महेंद्र मौर्य, हरिकेश, रमेश, बिमलेश पाण्डेय, फुन्नन पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



मापी के लिए उपस्थित राजस्व विभाग की टीम।

इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी अहरौला संतोष कुमार सिंह का कहना था कि विद्यालय की जितनी भी भूमि है उसे अवैध कब्जे से मुक्त कराने के साथ ही साथ संबंधित पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# दीवानी बार के लिए 2012 अधिवक्ता आज करेंगे मतदान

## वोटिंग के लिए बार एसोसिएशन के सभागार में बनाए गए 50 बूथ

**चुनाव**

**अध्यक्ष और मंत्री समेत 22 पदों के लिए मैदान में हैं 55 उम्मीदवार**

**जनसंदेश न्यूज**



चुनाव की तैयारियों का जायजा लेते चुनाव अधिकारी व अन्य।

**आजमगढ़।** दीवानी बार एसोसिएशन के 22 पदों के लिए मतदान की तैयारियां बुधवार को पूरी कर ली गईं। मतदान गुरुवार को होगा। बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कुल 2012 अधिवक्ता नई कार्यकारिणी के लिए मतदान करेंगे। मतदान करने के लिए बार एसोसिएशन के सभागार में कुल 50 बूथ बनाए गए हैं।

जनपद के सबसे बड़े अधिवक्ता संगठन दीवानी बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी बृजेश सिंह ने बुधवार को बताया कि मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कुल 2012 अधिवक्ता नई कार्यकारिणी के लिए मतदान करेंगे। मतदान करने के लिए बार एसोसिएशन के सभागार में कुल 50 बूथ बनाए गए हैं जबकि मत पत्रों के वितरण के लिए पांच टेबल लगाए गए हैं। मतदान सुबह 9 बजे से शाम 4.30 बजे तक होगा। बताते चलें कि अध्यक्ष व मंत्री समेत 22 पदों के लिए कुल 56 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया था, जिसमें से एक उम्मीदवार ने नामांकन पत्र वापस ले लिया था।अब 55 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। उसमें से भी कनिष्ठ कार्यकारिणी के लिए केवल 6 प्रत्याशी होने के कारण इन सभी 6 प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। शेष 16 पदों के लिए कुल 49 प्रत्याशी मैदान में है।

अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशी, मंत्री पद के लिए सात प्रत्याशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए कुल छह प्रत्याशी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए पांच प्रत्याशी, सहमंत्री के तीन पदों के लिए ग्यारह प्रत्याशी, ऑडिटर पद के लिए दो प्रत्याशी, कोषाध्यक्ष के लिए दो प्रत्याशी,जबकि वरिष्ठ कार्यकारणी के छह पदों के लिए ग्यारह प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बुधवार को सभी प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दी थी।

# एमएलसी ने सदन में तिरंगे के अपमान का उठाया मुद्दा

**मांग**

**शहर स्थित शिब्ली कालेज का मामला**

**दोषी के खिलाफ हो दण्डात्मक कार्रवाई**

**जनसंदेश न्यूज**



सदन में मुद्दा उठाते एमएलसी रामसूरत राजभर।

**माहुल (आजमगढ़)।** शिब्ली नेशनल कालेज आजमगढ़ का चर्चित तिरंगा झंडा प्रकरण मंगलवार को विधान परिषद में छाया रहा। भाजपा के विधान परिषद सदस्य रामसूरत राजभर ने नियम-115 के अन्तर्गत इसे सदन में उठाया। सदस्यों ने आश्चर्य व्यक्त किया कि अल्पसंख्यक संस्था-शिब्ली नेशनल कालेज के प्राचार्य ने कैसे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा का अपमान किया।

रामसूरत राजभर ने कहा कि अल्पसंख्यक संस्था शिब्ली नेशनल कालेज में बीते 15 अगस्त-2024 स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वज सलामी के दौरान प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का अपमान करने का कुकृत्य किया गया था। उक्त घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर लाखों लोगों ने देखा। इस घटनाक्रम से समूचा आजमगढ़ अपमानित महसूस कर रहा है। किसी देश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान, उस राष्ट्र का अपमान होता है और यह अपमान जानबूझकर किया गया है। प्रश्नगत प्रकरण में गृहविभाग और मुख्यमंत्री कार्यालय से शिकायतों के बाद डीएम और एसपी ने जांच समिति गठित की। जांच कमेटी की रिपोर्टो के बाद घटना सही पायी गई है। प्राचार्य द्वारा वायरल वीडियो में स्वयं के होने की बात भी स्वीकार की गई है। प्राचार्य के दोषी सिद्ध होने पर जिलाधिकारी द्वारा शिब्ली के मैनेजमेंट/नियुक्ति प्राधिकारी को प्राचार्य के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इसके बाद डीएम ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी वाराणसी को कार्रवाई करने की रिपोर्ट भेजी। बावजूद मैनेजमेंट द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी। बल्कि आरोपी प्राचार्य को ही बचाने में सभी लग गये। यह विधि व्यवस्था और कानून के राज पर सवाल खड़ा करता है। दोषी प्राचार्य के विरुद्ध वैधानिक, विभागीय तथा दंडात्मक कार्रवाई करने की जाय जिससे ऐसे घटनाक्रमों की पुनरावृत्ति न हो।

# 45 लोगों ने दिया आजमगढ़ आइकॉन फैशन शो के लिए आडीशन

**उत्साह**

**हरिऔध कला केंद्र में पांच जनवरी को होगा ग्रैंड फिनाले**

**30 लोगों को फाइनल के लिए किया गया सलेक्ट**



आडीशन के दौरान उपस्थित महिलाएं।

**आजमगढ़।** दुर्गा शक्ति सेवा ट्रस्ट के बैनर तले होने वाले आजमगढ़ आइकॉन फैशन शो का बुधवार को टैलेंट राउंड शहर स्थित एक होटल में संपन्न हुआ। ग्रैंड फिनाले 5 जनवरी को हरिऔध कला में भवन में होगा। इस कार्यक्रम में मिस्टर आजमगढ़ आइकॉन, मिस आजमगढ़ आइकॉन और मिसेज आजमगढ़ आइकॉन का कंपटीशन कराया गया जिसमें शहर के युवा एवं कई बड़े चेहरों ने भाग लिया।

जनपद में पहली बार आयोजित होने वाले इस प्रोग्राम में न सिर्फ नए चेहरे शामिल हुए बल्कि घर की नारी शक्ति कही जाने वाली गृहणी भी इस प्रोग्राम का मुख्य हिस्सा बनी। कार्यक्रम में कुल 45 लोगों ने हिस्सा लिया था जिसमें 30 लोगों को फाइनल के लिए सलेक्ट किया गया जबकि 15 लोगों को सेमीफाइनल में बाहर कर दिया गया। आयोजक दुर्गा शक्ति सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष व मिसेज इंडिया आइकॉन पूजा सिंह ने बताया कि जनपद में पहली बार मिस्टर आजमगढ़ मिसेज आजमगढ़ और मिस आजमगढ़ आइकॉन जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसका टैलेंट राउंड आज कराया गया है। सबसे खास बात यह रहा कि इस कार्यक्रम में युवा लड़के लड़कियों के साथ कुछ ग्रहणियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेविका हिना देसाई रही। जजमेंट रागिनी बरनवाल,पूनम सिंह,अम्मी पांडेय व वरिष्ठ समाजसेविका विजय लक्ष्मी ने किया। संचालन हुनर संस्थान के सचिव सुनील विश्वकर्मा ने किया।

इस अवसर पर गाइनी डा.विपिन यादव,अभिषेक राय,वाराणसी के वरिष्ठ समाजसेवी आशीष सिंह, आरबी शुक्ला, प्रतिभा पांडेय, संगीता वर्मा, अनीता सिंह, पूजा सेठ, एकता आदि उपस्थित रहीं।

# वेदांता इंटरनेशनल स्कूल ने राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा में आयोजित राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप रायल चैलेंजर्स कप में वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश टीम की तरफ से खेलते हुए परचम लहराया। रघुराज प्रताप सिंह, सक्षम सिंह और रुद्र प्रताप सिंह ने कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय, जनपद और प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्या डॉली शर्मा ने छात्रों के साथ प्रशिक्षक को बधाई दी। कहा कि हमारे विद्यालय का विजन यही है कि हम सबसे बेहतरीन हैं और हमेशा अगला कदम और भी बेहतर उठाएंगे। स्कूल के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने सभी छात्रों के साथ प्रशिक्षक आलोक चतुर्वेदी को बधाई दी। यह उपलब्धि न केवल वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के लिए एक गर्व का क्षण है, बल्कि यह पूरे शहर और राज्य के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। विद्यालय के द्वारा कराटे जैसे खेलों में बच्चों को प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभाओं को निखारने की प्रक्रिया में निरंतर सफलता मिलने से यह साबित होता है कि वेदांता इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक विकास में भी अग्रणी है।



छात्र को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते प्रबंध निदेशक शिवगोविन्द सिंह।

# सीनियर महिला बैडमिंटन एकल में रितिका अव्वल, रागिनी को दूसरा स्थान

**प्रतियोगिता**

**युगल में पल्हनी प्रथम और दूसरे स्थान पर रही अतरौलिया की टीम**

**सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम में ग्रामीण स्तरीय खेल प्रतियोगिता**

**जनसंदेश न्यूज**



स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

**आजमगढ़।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से स्व. सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल संघों के समन्वय से आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत आयोजित तीन दिवसीय जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता में विभिन्न विधा के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीनियर वालीबॉल पुरुष में अजमतगढ़ प्रथम, अतरौलिया द्वितीय, जूनियर वालीबॉल पुरुष में अतरौलिया प्रथम, महराजगंज द्वितीय, सीनियर महिला बैडमिंटन एकल में रितिका यादव पल्हनी प्रथम, रागिनी पवई द्वितीय, बैडमिंटन युगल में पल्हनी प्रथम, अतरौलिया की टीम द्वितीय स्थान पर रही। जूनियर पुरुष बैडमिंटन एकल में कमर मोहसिन प्रथम, शिखर शास्त्री द्वितीय, बैडमिंटन युगल में पल्हनी प्रथम, सठियांव की टीम द्वितीय, जूनियर महिला बैडमिंटन एकल में डाली भारती प्रथम, आंचल सिंह द्वितीय, बैडमिंटन युगल में फूलपुर प्रथम, सबजूनियर पुरुष बैडमिंटन एकल में मो. अहमद प्रथम,युगल में सठियांव प्रथम, सब जूनियर महिला बैडमिंटन एकल में शालिनी प्रथम, राजश्री वर्मा द्वितीय, बैडमिंटन युगल में फूलपुर प्रथम, पल्हनी द्वितीय, जूनियर कुश्ती 50 किग्रा महिला वर्ग में सारिका प्रथम, प्रियंका चौहान द्वितीय, 53 किग्रा में अन्नू यादव प्रथम, खुशबू यादव द्वितीय स्थान पर रहीं। 55 किग्रा में कंचन प्रथम, करिश्मा पटेल द्वितीय, 57 किग्रा में रिषा चौहान प्रथम, प्रिया यादव द्वितीय पर रहीं।

जिला युवा कल्याण अधिकारी सुल्तान सिंह ने प्रतिभाग करने वाले समस्त खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। निर्णायक मंडल में अवधेश यादव, अमरजीत यादव, भैयालाल, रामफल, ठाकुर प्रसाद, संजय यादव, करन श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, कमलेश पाण्डेय शामिल रहे। संचालन देवेश कुमार मिश्र ने किया। स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### प्रतियोगिता आगे बढ़ने का बेहतर प्लेटफार्मः सूरज

खेल प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा लालगंज के जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रतियोगिता आगे बढ़ने के लिए बेहतर एक प्लेटफार्म है। सभी विजयी खिलाड़ी जोन, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर अपने जनपद का नाम रोशन करें एवं प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ी अनवरत परिश्रम कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

## संक्षेप

### फसलों के अवशेषों को खाद बनाने की विद्या बताएंगे विद्यार्थी



**आजमगढ़।** फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना अंतर्गत मोबिलाइजेशन ऑफ स्कूल स्टूडेंट्स कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र कोटवा के नवनियुक्त वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. अखिलेश यादव के नेतृत्व में गुरुकुल इंटर कालेज, कोटवा, रानी की सराय में किया गया। छात्र एवं छात्राओं को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया। मकसद यह कि फसलों के अवशेष को खाद में परिवर्तित करने की विद्या विद्यार्थी अपने क्षेत्र में बता सकेंगे। डॉ. अखिलेश यादव ने बताया कि फसलों के अवशेषों को जलाने से मृदा, वायु, वातावरण आदि में गंभीर नुकसान होते हैं। केंद्र के वरिष्ठ मृदा वैज्ञानिक डॉ. रणधीर नायक ने बताया कि फसलों के अवशेषों को खाद बनाकर उसको अपने मृदा में मिलाकर अपनी खेत की मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के साथ ही साथ वातावरण को प्रदूषित होने से बचा सकते हैं। डॉ. रणधीर नायक ने बताया कि फसल अवशेष को खेत में सड़ाने के लिए वेस्ट डीकंपोजर का घोल का प्रयोग कर खेत में ही फसल अवशेष को सड़ा सकते हैं। उद्यान वैज्ञानिक डॉ. विजय कुमार विमल ने बताया कि फसल अवशेष को सब्जियों की खेती व बगीचों में फैलाकर खरपतवार नियंत्रित कर सकते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन की जागरूकता को बढ़ाने के लिए स्कूल के छात्राओं के बीच निबंध, क्विजऔर पेंटिंग आदि की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसमें 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पेंटिंग, क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थानल पाने वालों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### नहरों में नहीं आ रहा पानी, कैसे हो किसानी



**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** धान की कटाई के बाद अब गेहूं की फसल की बोआई के लिए खेतों को भरने के लिए किसानों को नहर में पानी की जरूरत है तो नहर में पानी ही नहीं है। इससे किसान परेशान हैं। नहरों में अभी सफाई का कार्य चल रहा है, जिससे नहरों में पानी के आने की उम्मीद को लेकर किसान आस लगाए बैठे हैं। नहरों की सफाई तो लगभग हो चुकी है, लेकिन यहां नहरों में पानी नहीं आ रहा है। छोटी नहरों की बात तो दूर अभी बड़ी नहर में ही पानी नहीं है। इसके कारण इन छोटी नहरों में पानी का अकाल बना हुआ है। क्षेत्र के किसानों ने नहरों में पानी जल्द छोड़ने की मांग की है। इस शारदा सहायक नहर में पानी न आने से सैकड़ों गांव प्रभावित हैं जिनमे बरौना, बर्रे, दुबारा, चिकसावां, बडगहन, बरदह, बकेश, अहिरौली, छतरपुर, घाटमपुर, असवानियां, गोडहरा, कुड़िहर, हदीशा, राजेपुर, आदि सैकड़ों गांवों के किसान शारदा सहायक नहर के पानी के ऊपर आश्रित है।

### डॉ.आराधना बनीं प्रादेशिक विकास सेवा संगठन की जिलाध्यक्ष



**आजमगढ़।** प्रादेशिक विकास सेवा संगठन की बैठक जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन में आयोजित की गई। बैठक में प्रादेशिक विकास सेवा संगठन के पुनर्गठन पर विचार किया गया, जिसमें संगठन के संरक्षक की अनुमति से कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से प्रादेशिक विकास सेवा संगठन के अध्यक्ष डॉ.आराधना त्रिपाठी एवं महामंत्री श्वेतांक सिंह को चुना गया। तत्पश्चात प्रादेशिक विकास सेवा संगठन इकाई की कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन राय, उपाध्यक्ष रवि कुमार, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार यादव, मीडिया प्रभारी विकास शुक्ला को चुना गया। इस अवसर पर प्रादेशिक विकास सेवा संगठन आजमगढ़ के मंडल संरक्षक राम उदरेज यादव, संजय कुमार सिंह, विजय कुमार यादव,ऋचा सिंह ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। प्रादेशिक विकास सेवा संगठन की दूसरी बार सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष बनने पर डॉ.आराधना त्रिपाठी ने कहा कि वह संगठन की लड़ाई के लिए हमेशा तत्पर रहेंगी तथा अपने कार्यों एवं दायित्वों का बखूबी निर्वहन करेंगी।

### निःशुल्क ग्रामीण चिकित्सा शिविर के 15 वर्ष पूरेः डॉ.डीडी सिंह



**अजमतगढ़।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के छपरा सुल्तानपुर गांव निवासी शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. डीडी सिंह विगत 15 वर्षों से अनवरत निःशुल्क परामर्श व दवाएं शिशुओं को देते आ रहे हैं। 13 दिसम्बर 2009 से लगातार प्रत्येक रविवार को अपने पैतृक गांव छपरा सुल्तानपुर आवास पर ग्रामीण शिशुओं का इलाज कर रहे हैं। क्षेत्र के साल्हेपुर, अजगरा, हरई इस्माइलपुर, खर्रा रास्तीपुर, इमिलिया, टनकपुरा, कठरा, कोठिया, छपरा, रसूलपुर आदि गांवों के लोग इस शिविर से लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही दूर दराज के मरीज भी पता लगाकर पहुंचते हैं। डॉ.सिंह के सामने कई शिशु ऐसे आये जो धनाभाव में इलाज नहीं करा पाते। उन बच्चों को इनके निःशुल्क शिविर से काफी लाभ मिला। डॉ. डीडी सिंह कहते हैं कि पिताजी की प्रेरणा से यह कार्य हमने शुरू किया। आज अबोध बच्चों का इलाज कर हमें आत्म संतुष्टि मिल रही है। निःशुल्क चिकित्सा शिविर के 15 वर्ष पूरे होने पर आज पिताजी भले ही हमारे साथ नहीं हैं, लेकिन उनकी दिखाई राह मुझे हमेशा प्रेरणा देती रहेगी। उनकी याद में यह निःशुल्क ग्रामीण चिकित्सा शिविर आगे भी ऐसे ही अनवरत चलता रहेगा, जिससे कुछ जरूरतमंद बच्चों का इलाज तो हम कर सकेंगे। उनके इस कार्य से क्षेत्रीय लोगों में हर्ष का माहौल है और लोग उनकी मुक्त कंठ से सराहना कर रहे थे।

### नहीं जल रहा प्रशासन का अलाव, राहगीर परेशान

**मार्टिनगंज(आजमगढ़)।** सर्दी अपना असर दिखा रही है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से अलाव के साथ रैन बसेरे की व्यवस्था की गई है, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी से अलाव नहीं जल रहे हैं। इससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कड़ाके की ठंड के बावजूद तहसील प्रशासन के अलाव सार्वजनिक स्थानों, चट्टी चौराहों इत्यादि जगहों पर कहीं जलते नहीं दिख रहे हैं। लोग ठिठुर-ठिठुर कर जीवन यापन करने को मजबूर हैं, लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ठंड लगातार अपना विकराल रूप धारण करती जा रही है, लेकिन फिर भी अलाव जलाने को लेकर प्रशासन सतर्क नहीं दिख रहा है। मार्टिनगंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत विगत दिनों पारा 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके बावजूद भी चट्टी चौराहों, बस स्टैंड, टैंपो स्टैंड इत्यादि सार्वजनिक स्थानों पर अलाव नहीं जल रहे हैं। इस संबंध में तहसीलदार मार्टिनगंज राजू कुमार ने बताया कि कर्मियों को अलाव जलाने के निर्देश दिए गए हैं, जल्दी समस्या का समाधान किया जाएगा।

### भूकंपरोधी भवन का दावा झूठा, प्रा.वि. सेमरी का भवन जर्जर

**महराजगंज (आजमगढ़)।** जहां सरकार प्राथमिक विद्यालयों को भूकंपरोधी बनाकर बच्चों को सुरक्षित भविष्य देने का दावा कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत सरकार की नीयत और कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। प्राथमिक विद्यालय, सेमरी शिक्षा क्षेत्र महाराजगंज, का नया भवनवर्ष 2023-24 में बनाया गया था, अब दरारों और टूट-फूट की कहानी बयां कर रहा है। ग्राम प्रधान दशरथ निषाद ने खुलासा किया कि भवन का निर्माण प्रधानाध्यापक हरिकेश यादव की देखरेख में हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, जिसमें अधिकतर सफेद बालू का उपयोग किया गया। इतना ही नहीं, विद्यालय भवन में पिलर जैसी बुनियादी संरचनाएं भी नहीं लगाई गईं। प्रधान का आरोप है कि यह भवन जमीन की सतह से सीधे खड़ा किया गया, जिससे उसकी नींव कमजोर हो गई। दीवारों और छत में दरारें हैं, फर्श टूट रहा है, और हर जगह लापरवाही की छाप दिखाई देती है। यह स्थिति बच्चों की सुरक्षा और उनके भविष्य दोनों पर गंभीर खतरा पैदा कर रही है।ग्रामीणों ने बताया कि भवन निर्माण के समय भी अधिकारियों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

### सिपाही से हाथापाई करने वाला फौजी हिरासत में

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** क्षेत्र के मदियापार मोड़ पर मंगलवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे सिपाही से हाथापाई करने वाले फौजी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बताते हैं कि उप निरीक्षक रमेश सिंह, कांस्टेबल धर्मेंद्र गुप्ता द्वारा वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान हैदरपुर निवासी फौजी अर्जुन यादव कुछ पुराने मामले को लेकर कांस्टेबल धर्मेंद्र गुप्ता से बहस करते हुए उलझ गए। उप निरीक्षक रमेश सिंह के हस्तक्षेप पर अर्जुन यादव हाथापाई करने पर उतारू हो गए और देखते ही देखते दोनों लोगों में हाथापाई होने लगी। इसी दौरान उप निरीक्षक द्वारा थाने से और फोर्स बुलाकर फौजी अर्जुन यादव को अतरौलिया थाने लाया गया। मुकदमा दर्ज किया गया।

### एक सप्ताह तक बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**माहुल (आजमगढ़)।** 133केवी/32 केवी ट्रांसफार्मर द्वारा पवई और माहुल क्षेत्र में की जाने वाली विद्युत आपूर्ति 19 से 25 दिसंबर तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बाधित रहेगी। इसकी जानकारी उप खंड अधिकारी माहुल महेश गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि आरडीएसएस योजना के तहत जर्जर तार और खंभों को बदला जा रहा जिसके कारण विद्युत आपूर्ति बाधित किया जा रहा। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की।

# शॉर्ट सर्किट से कमरे में आग लगने से दो की मौत

**दु:खद**

**किराये के कमरे में रहकर करते थे सिलाई का काम**

**आस-पास के लोगों ने पुलिस को दी सूचना**

जनसंदेश न्यूज



घटना के बाद मौके पर मौजूद अधिकारी व मृतक निराला की फाइल फोटो (इनसेट)

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनीपुर गांव में मंगलवार की देर रात बिजली के तार में शार्ट सर्किट होने से कपड़ा सिलाई का काम करने वाले दुर्जनीपुर गांव निवासी 55 वर्षीय दर्जी बृजलाल उर्फ निराला हरिजन और उसके साथी 57 वर्षीय हरिश्चंद्र उर्फ कल्लू कोल की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्जनीपुर गांव निवासी बृजलाल उर्फ निराला गांव निवासी पूर्व प्रधान छोटे लाल तिवारी के मकान में एक कमरा किराए पर लेकर करीब पंद्रह वर्षों से अपने साथी हरिश्चंद्र उर्फ कल्लू के साथ कपड़ा सिलाई का काम करते थे। मंगलवार की रात खाना खाने के बाद दोनों लोग शटर गिराकर कमरे में सो गए। जहां देर रात बिजली के तार में शार्ट सर्किट होने से कमरे के भीतर आग लग गई। आग की चपेट में आने से दोनों लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बुधवार की सुबह बगल में गुमटी में चाय की दुकान लगाने वाली निर्मला देवी पहुंची तो देखा कि कमरे के भीतर से धुआं सुलग रहा है। टेलर के कमरे से धुआं सुलगता देख महिला ने अगल बगल के लोगों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना ड्रमंडगंज पुलिस और परिजनों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शटर उठाकर देखा तो बृजलाल और उसके सहयोगी हरिश्चंद्र दोनों मृत अवस्था में पड़े थे। कमरे में रखा सिलाई का कपड़ा, बिस्तर तथा खाद्य सामग्री जलकर राख हो गया था। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार लालगंज तरूण प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक अरविंद सरोज ने घटना की जांच पड़ताल की। तहसीलदार तरूण प्रताप सिंह ने बताया कि टेलर बृजलाल और उसके सहयोगी हरिश्चंद्र दोनों के पास भूमि है। दोनों को कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिलवाया जाएगा। मृतक बृजलाल उर्फ निराला की पत्नी की मृत्यु तीस वर्ष पूर्व हो चुकी है। बृजलाल का इकलौता बेटा बृजेश गुजरात में किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता है। वहीं प्रयागराज जिला के कोरांव थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी हरिश्चंद्र उर्फ कल्लू कोल बीस वर्ष पूर्व अपने ननिहाल नदौली में आकर बस गए थे । पत्नी प्रमिला देवी और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर दोनों गांव के प्रधान प्रतिनिधि धीरज मिश्र और बैजनाथ बिंद ने परिजनों को ढाढस बंधाते हुए शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि दुर्जनीपुर गांव में बिजली के तार में शार्ट सर्किट होने से आग लगने से किराए के कमरे में कपड़े की सिलाई का काम करने वाले बृजलाल और उसके सहयोगी हरिश्चंद्र की मौत हो गई है। परिजनों की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है। घटना की जांच की जा रही है।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने सीएम को सम्बोधित सौंपा ज्ञापन



पत्रक सौंपते भाकियू कार्यकर्ता

**चुनार।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिलाध्यक्ष धर्मदेव उपाध्याय के नेतृत्व में सैकड़ों की जनसंख्या में यूनियन के सदस्यों ने चुनार पीडीएनडी इंटर कालेज से चक्रमण करते हुए चुनार थाने पर पहुंचकर हुए विगत दिनों जनपद गौतम बुद्धनगर में विगत 3 दिसंबर को अपनी मांगों को लेकर सत्याग्रह कर रहे किसान प्रतिनिधियों को बर्बरता पूर्वक गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिये जाने के विरोध में राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशन पर 18 दिसंबर को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की तरफ से थाना चुनार प्रभारी के पास पहुंचकर गिरफ्तारी धरना देकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ता उनके बिना शर्त रिहाई के लिए अनवरत शांतिपूर्वक तरीके से धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। ज्ञापन देने वालों में बजरंगी कुशवाहा प्रमुख महासचिव, जटाशंकर पांडेय प्रांतीय संगठन मंत्री, अली जमीर खान, अकिलुद्दिन मोहम्मद, राम मनोहर सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रदीप पटेल, राजकुमार सिंह, अखिलेश मौर्या, जमुना प्रसाद सिंह, विवेक कुमार सिंह, राधेश्याम गौड़, तेज बहादुर सिंह, चंद्रशेखर, उत्कर्ष मिश्रा, तपेश सिंह, विवेकानंद सिंह, शिवशंकर सिंह पटेल, राजकुमार सिंह, शशि कला सिंह उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### अधिवक्ताओं ने व्यक्त की शोक संवेदना

**लालगंज।** उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष राजकुमार पांडेय की अध्यक्षता में अधिवक्ता सभागार में एक बैठक की गई। बैठक में समिति के सदस्य प्रमोद कुमार के चाचा की असामायिक निधन होने पर गहरा शोक व्यक्त किया गया तथा न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव की कॉपी सभी न्यायालयों में भेजा गया। इस अवसर पर सचिव बालेंद्र यादव, पूर्व सचिव हृदय शंकर चतुवेर्दी, अनिल शुक्ला, राकेश दुबे, प्रभु नाथ दुबे, जगत नारायण मिश्रा, विपिन तिवारी, हरिनंद सिंह, परमानंद सिंह, अनिल मौर्य आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर के टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत मुजेहरा खुर्द गांव के पास ट्रैक्टर के टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत हो गयी और पुत्र घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कछवा थाना क्षेत्र के बजहा गांव निवासी बाईक सवार रामनिहोर 54 वर्ष अपने पुत्र अमित कुमार के साथ बाइक से मुजेहरा कला गांव से मंगलवार की रात अपने घर लौट रहे थे कि मीरजापुर-औराई मार्ग पर मुजेहरा खुर्द गांव के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को इलाज हेतु मंडलीय चिकित्सालय भेजवाया। जहां इलाज के दौरान राम निहोर 54 वर्ष पुत्र स्वर्गीय जगपाल निवासी बजहा थाना कछवां का इलाज के दौरान मौत हो गई।

### ग्रीन आर्मी से जुड़ी 375 महिलाओं को संबोधित करेंगी राज्यपाल

**इमलियाचट्टी।** अहरौरा थाना क्षेत्र के जंगल महल स्थित बरही बेचूबीर मंदिर के पास धमही पहाड़ी पर ग्रीन आर्मी से जुडी महिलाओं को सम्बोधित करने राजयपाल आनंदी बेन पटेल का आगमन हो रहा है। बुधवार को सभी महिलाओं ने पहाड़ी के पास बने कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने पहुंची। जहां महिलाओं ने रिहल्सल भी किया और एक समूह मे खड़े होकर चलने का अभ्यास किया और साथ ही ग्रुप बना कर खड़े होकर छाया चित्र भी लिया। इस दौरान उपस्थित रहने वालों महिलाओं में दुर्गावती देवी, सुनीता देवी, मुनका देवी, माधुरी, छाया, तरुण निशा, मंजू देवी, रीता, सरिता देवी, मुन्नी देवी, चंद्रावती देवी, हीरावती देवी, राजमणि, प्रभावती, अनीता, निशा, सावित्री, रीता, माया, निर्मला, रामप्यारी, कुसुम, उषा देवी, शीला, रानी देवी, निर्मला, सरिता, लीलावती, चिंता देवी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थिति रही।

### जल शक्ति मंत्री ने मां विंध्यवासिनी का किया दर्शन

**मीरजापुर।** मां विंध्यवासिनी देवी दरबार में बुधवार की दोपहर में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पुरानी वीआईपी मार्ग पहुंचे। हाथों में नारियल चुनरी माला प्रसाद लेकर गणेश द्वार होते हुए मां के चरणों में शीश अर्पित कर आशीर्वाद लिया। दर्शन पूजन करने के उपरांत त्रिकोण पर परिक्रमा पथ पर विराजमान काली खोह में स्थित महाकाली मंदिर व मां अष्टभुजी देवी दरबार में दर्शन पूजन करने के उपरांत विंध्याचल धाम से



करीब आठ किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा में स्थित परम हंस बाबा देवरहा बाबा आश्रम में पहुंच कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

### कोटेदार की कालाबाजारी से आक्रोशित है क्षेत्र की जनता

**गैपुरा।** छानबे क्षेत्र के काशी सरपती गांव में कोटेदार की कालाबाजारी के चलते कार्डधारकों में आक्रोश उत्पन्न हो गया है। यहां 21 अंत्योदय तथा 448 कार्डधारकों व उनके परिवार फांकेमारी करने के लिए मजबूर हो गए है। ग्राम प्रधान संजू देवी पत्नी जगदीश उर्फ रमाशंकर निषाद ने जिलाधिकारी व जिला आपूर्ति अधिकारी को पत्रक सौंपकर कार्यवाई की मांग किया है। चेतावनी दी है कि कार्डधारकों को शीघ्र खाद्यान्न नहीं मिला तो आंदोलन किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। अनीता, देवराजी, नेबुला, सुशीला, परमीला, छेदीलाल आदि निकाले कार्डधारकों ने बताया कि गेंहू, चावल खाद्यान्न के लिए लिए तरसना पड़ रहा है। प्रधान ने बताया कि वितरण में धांधली के चलते गांव के दो सौ कार्डधारकों को पड़ोसी गांव की दुकानों से खाद्यान्न ले रहे हैं। आपूर्ति निरीक्षक अनुराग मिश्रा ने बताया कि फिलहाल आपराधिक मामले में कोटेदार प्रवीण कुमार यादव जेल में हैं। वितरण व्यवस्था बाधित हो गया है। शीघ्र ही पड़ोसी गांव की दुकान से वितरण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। जबकि कार्डधारकों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### पेन स्टैंड प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया हुनर

**अदलहाट।** लालता सिंह राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अदलहाट में बुधवार को गृह विज्ञान विभाग की ओर से सेल्फी प्वाइंट, पेन स्टैंड व बुके प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने अपने हुनर को प्रदर्शन किया। पेन स्टैंड प्रतियोगिता में अंकिता विश्वकर्मा प्रथम, बाबी सिंह द्वितीय व प्रियंका तृतीय रही। बुके प्रतियोगिता में बाबी सिंह प्रथम, प्रिया



त्रिपाठी द्वितीय तथा पूजा विश्वकर्मा तृतीय एवं सेल्फी प्वाइंट प्रतियोगिता में गृह विज्ञान ग्रुप थर्ड प्रथम, ग्रुप सेकेंड द्वितीय व ग्रुप फस्ट तृतीय स्थान पर रही। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि ऐसे प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्राओं के हुनर निखरते हैं। कार्यक्रम का संचालन संयोजक गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डा0 अंजू सोनकर ने किया। इस अवसर पर डॉ0 जितेंद्र कुमार सिंह, डा0 प्रदीप मिश्र, डा0 राजकुमार सिंह आदि रहे।

### वन विभाग की जमीन पर पौधरोपण को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा पत्रक

**लालगंज।** बबुरा रघुनाथ सिंह गांव में ग्राम समाज की जमीन पर वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण किए जाने से गुस्साए ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर विवादित जमीन की नाप-जोख कराने की मांग की। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ग्राम समाज और वन विभाग की जमीन के निस्तारण पर जोर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि वे



वर्षों से इस जमीन को ग्राम समाज की मानकर जोताई और बुवाई करते आ रहे हैं। लेकिन अब वन विभाग ने उनकी बोई गई फसल पर वृक्षारोपण कर दिया है। जिससे भूमिहीन किसानों की आजीविका संकट में पड़ गई है। ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीणों में बल्लू पाल, कमला, याकूब, पन्ना, अनिल, अभिलाष, मठल्लू, केवल, लोकमन पाल, रमेश और वनपाल सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### सहकारी समिति की वार्षिक निकाय बैठक सम्पन्न

**मड़िहान।** विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत पथरौर क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक स्थानीय निकाय की बैठक बुधवार को संपन्न हो गई। पथरौर क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक निकाय की बैठक समिति के अध्यक्ष राजेश तिवारी की अध्यक्षता में समिति के हाल में संपन्न हो गई। बैठक की शुरूआत ईश वंदना व राष्ट्र गान के बाद समिति के सचिव नितेश कुमार मिश्र ने बताया कि समिति का पुराना ऋण सीमा एक करोड़ चार लाख का था जिसके सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023-24 में डेढ़ करोड़ की ऋण सीमा स्वीकृत हुई है। जिसमें एक करोड़ बयालीस लाख रुपए किसानों को अंश क नगद व अंश ख खाद के रूप में चेक से वितरित किए गए है। बैठक में संतोष तिवारी, हौशिला प्रसाद मिश्र, नागेंद्र मिश्र, भगवान प्रसाद मिश्र, अशोक मिश्र, भानू पटेल, दशरथ पटेल, रामासरे पटेल, दीपक मिश्र के साथ सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय खंड स्तरीय खेल लीग का हुआ आयोजन

**मड़िहान।** विकास खंड के पटेहरा मल्टी पर्पज हाल खेल मैदान में खंड स्तरीय खेल लीग के आयोजन युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में दूसरे दिन कबड्डी, कुश्ती, बैडमिंटन के साथ फुटबाल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि जग प्रकाश कोल ने दीप प्रज्वलन कर खेल का शुभारंभ किया। बैड मिंटन बालिका वर्ग सब जूनियर में देवरी की पूजा मौर्या बैडमिंटन सीनियर वर्ग में उत्कर्ष मिश्रा गुलालपुर, कुश्ती 35 किलो भार वर्ग में इंद्रेश गेरुआ 57 किलो भार वर्ग में निशांत यादव मलुआ, 45 किलो भार वर्ग में आदर्श मलुआ, 50 किलो भार वर्ग में राहुल यादव मलुआ ने बाजी मारी। कबड्डी सीनियर वर्ग में कलवारी की टीम प्रथम रही। बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अभय कुमार सिंह द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान कर पुरष्कृत किया।

### बालू लदे ट्रैक्टर को खान अधिकारी ने पुलिस को सौंपा

**जिगना।** गैपुरा जोपा मार्ग पर पुलिस के सहयोग से बुधवार की सुबह खान अधिकारी ने एक ट्रैक्टर ट्राली बालू अबैध परिवहन करते हुए पकड़ कर सीज कर गैपुरा पुलिस चौकी के हवाले किया है। खान अधिकारी ने बताया कि जोपा गंगानदी से अवैध तरीके बालू लाद कर परिवहन किया जा रहा था जिसे पकड़ कर सीज किया गया है। चर्चा है कि जोपा मे अवैध तरीके से बालू का खनन किया जा रहा है।

# नल की टोटी से पानी देने की ग्रामीणों ने की मांग

**समस्या**

**निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों की खामियां हुईं उजागर**

**लालगंज।** जल जीवन मिशन लालगंज स्कीम से 222 गांव को पानी देकर पेयजल समस्या का निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान समस्या यह आ रही है कि जगह-जगह कनेक्शन धारी पानी का दुरुपयोग करना शुरू कर दिए है। क्षेत्र में अभी कुछ स्थानों पर पानी संचालित हो रहा है और कुछ स्थानों पर कनेक्शन तो कर दिया गया है किंतु पानी नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने नल में लगाई गई टोटी से पानी देने की मांग की है। लालगंज तहसील मुख्यालय जल जीवन मिशन योजना के शुभारंभ होने पर 34 हजार कनेक्शन धारी लाभान्वित हो रहे हैं। इसमें 222 गांव शामिल है। सुबह शाम पानी की जलापूर्ति की जा रही है। प्रत्येक गांव में पानी आपूर्ति निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों को खामी उजागर मिली है। जिसमें कनेक्शन धारी पानी का दुरुपयोग करते पाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने ऐसे चिन्हित गांव मे पानी सप्लाई कराने की मांग की है। क्षेत्र के दर्जनों गांवों में प्रमुख रूप से समस्याएं आ रही हैं। कंपनी के लाइजिंग मैनेजर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि ऐसे प्रत्येक गांव में पानी का दुरुपयोग करने वालों का नाम चिन्हीकरण कराया जा रहा है। यह सब कार्रवाई पानी के दुरुपयोग को रोकथाम के लिए की जाएगी। क्योंकि अनावश्यक रूप से दुरुपयोग होने पर डोर-टू-डोर पानी आपूर्ति नहीं हो पाएगी। बताया कि जिन गांवों में नल लगाया गया है और पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है वहां पानी की आपूर्ति कराया जाएगा।

## छात्रों ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नुक्कड़ नाटक कर किया जागरूक

**मड़िहान।** विकास खंड के दीपनगर चौराहे पर बुधवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय के छात्र और छात्राओं ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के साथ बेटी पढ़ेगी, भारत बढ़ेगा का संगीतबद्ध नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाजार वासियों का मनमोह लिया। नवोदय के छात्रों ने बालिका शिक्षा विषय पर नुक्कड़ नाटक कर सोचने पर विबस कर दिया। नुक्कड़ नाटक देखने आई बालिकाओं को प्रतियोगिता की किताब, कॉपी, पेन एवम पेंसिल आदि वितरण किया। विद्यालय के प्राचार्य डाक्टर एसपी त्रिपाठी उपप्राचार्य राम सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम पीएम श्री के अंतर्गत आयोजित किया गया जिसका मूल उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का आयोजन वेद प्रकाश मिश्र, अनामिका भारतीय के नेतृत्व में किया गया। जिसमे स्वेच्छा वर्मा, सौरभ मिश्र, इंद्रजीत, सीसीए कैप्टन, शिवांश, अदिति, अनामिका, अर्पिता आदि शिक्षक, छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# दुर्घटना को दावत दे रही टूटी पुलिया



टूटी पुलिया

**परेशानी**

**ग्रामीणों ने अधिकारियों का आकृष्ट कराया ध्यान**

जनसंदेश न्यूज

**राजगढ़।** विकास खंड राजगढ़ क्षेत्र अंतर्गत जगह-जगह बनाए गए रपटा, पुलिया व पुल जर्जर होकर टूट गए हैं जिससे लोगों को रात्रि में आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन लोग खाईं में गिरकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पुल, पुलिया व रपटा आदि का नव निर्माण कराने व लोगों के जीवन के सुरक्षा की गुहार लगाई है। राजगढ़ क्षेत्र अंतर्गत मीरजापुर सोनभद्र मुख्य मार्ग के सम्पर्क मार्गों पर बनाए गए वर्षों पुराने पुलों की दिवारें दरककर गिर चुकी हैं जिससे न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि जानलेवा भी साबित हो रहा है। विकास खंड क्षेत्र के भीटी, दरवान, भवानीपुर, चौखड़ा, निकरिका, खोराडीह, खटखरियां आदि दर्जनों गावों के सम्पर्क मार्ग पर दो गांवों को जोड़ने के लिए बनाए गए वर्षों पुराने पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं और सड़क निर्माण विभाग ने अब तक संज्ञान नहीं लिया है जिससे पुलों के पास सड़क किनारे खाईं बना हुआ है और जानलेवा साबित हो रहा है। जबकि इन्हीं पुलों के सहारे किसानों की जिविका टिकी हुई है और फल सब्जी और अनाज सहित निर्माण संबंधी सामानों की ढुलाई होती है। ऐसे में किसी दिन बड़ी दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पुलों के निर्माण पर संज्ञान लेने की मांग किया है और संबंधित विभाग को निर्देश देकर मजबूत व टिकाऊ पुलों के निर्माण की गुहार लगाई है।

# यातायात विभाग का ऑटो व ई-रिक्शा पर चला डंडा, 25 वाहन हुए सीज

**कार्रवाई**

**रूट निर्धारण के लिए 20 तक यातायात कार्यालय में प्रपत्र जमा करने के दिये निर्देश**



**मीरजापुर।** आरटीओ विभाग, जिला पुलिस व यातायात विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाकर शीतला मंदिर तिराहे के आसपास के क्षेत्र में फिटनेस फेल, बिना रजिस्टर्ड के 25 ऑटो ई रिक्शा वाहनों पर सीजर की कार्यवाही की है। ज्ञात हो कि शासन के निर्देशानुसार बिना रजिस्टर्ड वाहन, फिटनेस फेल व नाबालिक द्वारा वाहन चलाना आदि यातायात अपराधों पर अंकुश लगाने और प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसी क्रम में ऑटो ई रिक्शा संचालकों को 15 दिसंबर तक अपने वाहन संबंधित दस्तावेजों को ठीक करने व रजिस्टर्ड करने की संबंध में दिशा निर्देश दिए गए थे जिसकी समय अवधि बीत जाने पर बुधवार को यह कार्यवाही की गई। भविष्य में ऐसी भी कार्यवाही जारी रहेगी। यातायात प्रभारी विपिन कुमार पांडेय ने वाहनों को जल्द से जल्द रजिस्टर्ड करा कर वाहन संबंधी सभी दस्तावेजों को पूर्ण कराकर वैध ड्राइविंग लाइसेंस के साथ अपने वाहन का संचालन करने के लिए निर्देश दिया है। साथ ही सभी ऑटो ई रिक्शा संचालकों को निर्देश दिया कि अपने-अपने ऑटो ई रिक्शा के रूट निर्धारण हेतु यातायात शाखा में प्रार्थना पत्र 20 दिसंबर तक अवश्य जमा कर दें जिससे ऑटो ई रिक्शा कलर, कोडिंग व नंबरिंग कर रूट का निर्धारण किया जा सके। जिससे शहर में यातायात को सुगम बनाया जा सके। कार्यवाही के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात विवेक जावला, यातायात प्रभारी विपिन कुमार पांडेय, एआरटीओ एसपी सिंह, एआरटीओ विजय प्रकाश, पीटीओ महेंद्र पांडेय, पीटीओ कन्हैया प्रसाद गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कटरा मय टीम मौजूद रहे।

## धान खरीद के लिए सहकारी समिति पर पहुंचा बोरा

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के साधन सहकारी समिति अहुगी कला में दो दिन से बोरे के अभाव में किसानों की शिकायत पर बुधवार को संभागीय खाद्य नियंत्रक आर0बी0 प्रसाद के निर्देशन में यूपी यस यस के आर एम शिव अवतार कुशवाहा, एडीसीओ सुशील मिश्रा, एडीओ क्वाआंपरेटिव संजय सिंह समिति पर पहुंच गए किसानों का बयान दर्ज करते हुए एक हजार बोरा उपलब्ध कराया तथा जिन किसानों ने अपने बोरे में धान की तौल कराई थी उन्हें वापस करने के लिए सचिव अजय सिंह को निर्देशित किया। यूपी यस यस के आर एम शिव अवतार कुशवाहा ने बताया कि एक हजार बोरा उपलब्ध करा दिया गया है तथा तीन हजार बोरा शाम तक समिति पर उपलब्ध करा दिया जाएगा। धान तौल कराने के लिये किसी किसान को बोर के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। उपस्थित किसान अवधेश सिंह, प्रभू नारायण पांडेय, गुलाब चंद गुप्ता, इज्जत अली, कन्हैया लाल सहित अन्य किसानों का अधिकारियों ने बयान दर्ज किया है। समिति पर बोरा पहुंचने पर किसानों से खरीदी गई धान के साथ बोरा लिया गया था। बोरा पहुंचने पर किसानों को वापस करा दिया गया है।

# जीआरपी ने कसी कमर पकड़ा शातिर चोर

**सफलता**

**ट्रेनों में चोरी की घटना को देता था अंजाम**

जनसंदेश न्यूज



गिरफ्तार चोर के साथ जीआरपी प्रभारी

**मीरजापुर।** ट्रेनों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोरों के विरुद्ध अभियान चलाकर जीआरपी पुलिस ने कमर कस ली है। इसी अभियान के क्रम में जीआरपी ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म से एक चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज अभिषेक कुमार यादव के निर्देशन के क्रम में रेलवे स्टेशनों, सकुर्लेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में बढती चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं पूर्व में घटित चोरी की घटनाओं का अनावरण करने तथा अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु चलाये जा रहे। अभियान के क्रम मे प्रभारी निरीक्षक रामदवर थाना जीआरपी के नेतृत्व में उ0नि0 सुनील कुमार गौड़ प्रभारी जीआरपी विन्ध्याचल, उ0नि0 रमेश चन्द्र, हे0का0 विनोद कुमार चौकी जीआरपी विन्ध्याचल, हे0का0 राजीव कुमार सिंह व हे0का0 पवन कुमार बुधवार को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर चेकिंग की जा रही थी कि पानी टंकी बरगद के पेड़ के पास से शातिर चोर दीपक कुमार बिन्द पुत्र रामकुबेर बिन्द निवासी रोडवेज के पीछे विन्ध्याचल थाना कोतवाली विन्ध्याचल से कुल तीन टच स्क्रीन मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार है। गिरफ्तार चोर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत का जेल भेजा गया।

# उल्टी व दस्त के दौरान युवक की मौत से परिजनों में कोहराम

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरी गांव में मंगलवार की शाम घर के पास बैठे एक युवक को अचानक उल्टी दस्त होने लगी परिजन आनन फानन में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

मंडलीय चिकित्सालय से वाराणसी ले जाते समय युवक की रास्ते में मौत हो गयी, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के बरी गांव निवासी 22 वर्षीय बबुन्दर सोनकर घर के पास बैठा था कि अचानक उसे उल्टी दस्त होने लगी जिसे परिजन आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया, कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि उल्टी के दौरान काबोर्हाइड्रेट सांस की नली में फस जाने से व्यक्ति का बचना मुश्किल हो जाता है। ग्राम प्रधान विजय कुमार ने बताया कि युवक दिव्यांग था उसे उल्टी होने के बाद ड्रामा सेंटर वाराणसी ले जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

## ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के महोगढ़ी गांव निवासी प्रमोद सरोज ने बुधवार शाम को प्रयागराज जिला के कोरांव थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा कराया है। दी गई तहरीर में प्रमोद सरोज ने आरोप लगाया कि बीते 31 अक्टूबर को शाम छह बजे भाई श्याम बाबू सरोज व राजकुमार पटेल बाइक से जा रहे थे कि दुर्जनीपुर गांव में लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाते हुए प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी ट्रैक्टर चालक राम बाबू पटेल ने बाइक में धक्का मार दिया जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने तहरीर पर ट्रैक्टर चालक राम बाबू पटेल के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281 व 125 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

## बकाया वसूली के लिए पहुंची टीम, बकायेदारों में मचा हड़कंप

**कलवारी।** स्थानीय तहसील मड़िहान के अंतर्गत गोपालपुर सहकारी समिति पर विभिन्न मतों से बकाया वसूली के लिए बकायेदारों के खिलाफ बैंक द्वारा जारी आरसी वसूली अमीनों के बस्तों में ही सिमट कर रह गई। तहसील प्रशासन पर वसूली का दबाव जिले से पड़ा तो उपजिलाधिकारी मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, तहसीलदार लालता प्रसाद, शाखा प्रबंधक इंडियन बैंक मड़िहान राजा कुमार व संग्रह अमीन के साथ गोपालपुर फार्म हाउस पर तहसील टीम पहुंची। कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता के फार्म हाउस पर तहसील टीम धमक पड़ी। गोपालपुर फार्म हाउस पर उपजिलाधिकारी मड़िहान युवंतर त्रिपाठी ने पुराने जमाने के दिग्गज नेता पर पिता व पुत्र को मिलाकर विभिन्न मदों में बकाया 64 लाख रुपए की बकाया धनराशि को जमा करने की बात कही। वहीं तहसील के बड़े बकायदाओं में शामिल अमोई गांव के एक दल के मृतक नेता के स्वजनों के ऊपर भी कई लाखों रुपए बकाया धनराशि को अभिलंब जमा करने की मृतक नेता के पुत्रजनों को जमा करने के लिए अवगत कराया। तहसील प्रशासन के देखते ही बकायेदारों में हड़कंप मच गया।

# शहीद जवान के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे डीएम व एसपी



परिजनों को ढाढस बंधाते डीएम व एसपी

**कछवां।** विकास खण्ड मझंवा, कछवां के ग्राम पंचायत नरायनपुर के जमुआ के रहने वाले भारतीय सेना (आर्मी) में कार्यरत रहे शहीद चन्द्र प्रकाश पटेल के घर पहुंचकर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनंदन से शहीद चन्द्र प्रकाश कि चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शहीद चन्द्र प्रकाश पटेल 99 बटालियन सूरजगढ़ राजस्थान में भारतीय सेना में कार्यरत रहे है। जिनकी ड्यूटी के दौरान एक बंकर में बारूद फटने से उनकी मृत्यु हो गई। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक इस अवसर पर उनके पिता व माता तथा शहीद की पत्नी व भाईयों से मुलाकात कर शोक व्यक्त करते हुए सांतवना दी। जिलाधिकारी ने उप जिला मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा अनुमन्य 50 लाख की सहायता राशि हेतु आज ही प्रस्ताव बनाकर उपलब्ध कराएं ताकि गृह विभाग को भेजकर सहायता उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय उपस्थित रहें।

## पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**सीखड़।** नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहा में चल रहे पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर बुधवार को समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 दिनेश कुमार यादव तथा विशिष्ट अतिथि हरगेंद्र कुशवाहा, जिला कमिश्नर वयस्क रोवर्स रेंजर रहे। सभी अतिथियों का स्वागत रोवर्स रेंजर के द्वारा किया गया। रेंजर्स प्रशिक्षिका संगीता विश्वकर्मा, जिला संगठन आयुक्त गाइड तथा रोवर्स प्रशिक्षक दिनेश यादव को स्मृति चिन्ह, शाल देकर सम्मानित किया गया। रोवर्स रेंजर्स द्वारा पांच दिवसीय शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त विभिन्न विधियों जैसे टेंट, पुल, गांठ फांस बंधन, स्ट्रेचर बनाने की विधियों को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का संचालन डा0 सुशील कुमार ने किया। रेंजर प्रभारी डा0 नीलम यादव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के आरोप में दुद्धी के पूर्व विधायक का पुत्र गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**दुद्धी इलाके की रहवासी महिला ने विधायक पुत्र पर लगाया था शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप**

जनसंदेश न्यूज



गिरफ्तार आरोपी मंगलम चेरो

**दुद्धी।** दुद्धी विधानसभा के पूर्व विधायक हरिराम चेरो के पुत्र को दुष्कर्म करने सहित जान से मारने की धमकी देने जैसे मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने बीते महीने पुलिस को दी तहरीर में मंगलम चेरो पुत्र हरिराम चेरो निवासी गड़दरवा थाना हाथीनाला पर शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म करने के साथ ही मारा-पीटा व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बीते नवंबर माह में इलाके के एक गांव की महिला ने तहरीर देकर विधायक पुत्र पर शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। उसने तहरीर में यह भी कहा था कि जब उसने शादी के लिए मंगलम पर दबाव बनाया तो उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई।

पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान मुखबीर की सूचना पर बुधवार को रजखड़ गांव से मंगलम चेरो को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद चालान कर दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम कोतवाल मनोज कुमार सिंह, हेका अमरनाथ यादव, का अनुराग शामिल थे।

## जंगल में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**डाला।** हाथीनाला थाना क्षेत्र स्थित ढेरहवा जंगल के एक पेड़ पर बुधवार की सायंकाल संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता हुआ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई। हाथीनाला पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जूट गई। जानकारी के अनुसार हाथीनाला पुलिस ने बताया कि थाना स्थित बहेराडोल के चौकीदार अंटूराम ने फोन करके बताया कि ढेरहवा के जंगल में 35 वर्षीय सिद्धनाथ पुत्र कैलाश निवासी डाला पीपर थाना हाथीनाला का शव लाल गमछे के सहारे धौरा के पेड़ पर लटका हुआ है। सूचना को सत्य मनकर हाथीनाला पुलिस मौके पर गई और पेड़ से शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी अस्पताल भेज दिया। हाथीनाला थाना प्रभारी भैय्या एसपी सिंह ने बताया कि सिद्धनाथ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी अस्पताल भेज दिया गया है। प्रथम द्दष्टया आत्महत्या का मामला प्रतित हो रहा है बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। इधर कुछ माह में हाथीनाला थाना क्षेत्र विभिन्न क्षेत्रों मे जब भी शव मिले को केवल आत्महत्या का ही मामला सामने आया जिससे क्षेत्र में तरह तरह की चचार्ओं का माहौल गर्म है।

# अबूझ हाल में खड़ी हाइवा की केबिन में लगी आग



जली हाइवा

**बीजपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नकटू पेट्रोल पंप के सामने खड़ी एक हाइवा की केबिन में गुरुवार सुबह अबूझ हाल में आग लग गयी। आग की लपटें देख मौके से चालक और खलासी भाग खड़े हुए।

थोड़ी देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोग आग बुझाने में लग गए तो किसी ने एनटीपीसी रिहंद फायर सर्विस को फोन कर घटना की सूचना दी। मौके पर फायर वाहन से पहुंचे सीआईएसएफ जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आगलगी की घटना में हाइवा का केबिन सहित कीमती पाट्र्स और अन्य समान जलकर खाक हो गया। आग किस कारण से लगी यह तो पता नही प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो हाइवा में लाखों रुपए की क्षति हुई है। इस दौरान सीआईएसएफ फायर टेंडर के उपनिरीक्षक के. बुईन, आरक्षी सुनील कुमार, आकाश, अभिषेक शर्मा, कपिल मुनि राम शामिल थे।

## संक्षेप

### अल्पसंख्यकों के विकास को चलाई जा रही योजनाओं की दी गई जानकारी

**सोनभद्र।** शासनादेश क्रम में बुधवार को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला सैनिक एवं पुनर्वास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) तथा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की उपस्थिति में अल्पसंख्यक समुदाय के सिख जसबीर सिंह, भगवंत सिंह, कमलेश खाम्बे तथा कौनेन अली, नजीर अहमद, मु. उस्मान, मो. मुस्तकीम अहमद, जफरुद्दीन, कमालुद्दीन, सलाउद्दीन मदरसा दारूल उलूम कादरिया नूरिया बघाडू दुद्धी एवं अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस दौरान अल्पसंख्यक समुदाय हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए चर्चा की गयी। उक्त के बाद हज प्रशिक्षक मो. अब्दुल तलहा को हज यात्रियों को बेहतर प्रदान किये जाने हेतु, प्रबन्धक शरीफ अहमद मदरसा रजा मेमोरियल पब्लिक स्कूल पगिया बेहतर प्रबन्धन कार्य हेतु, सहायक अध्यापक कौनेन अली मदरसा दारूल उलूम कादरिया नूरिया बघाडू दुद्धी को बेहतर शिक्षण कार्य हेतु तथा मदरसा दारूल उलूम कादरिया नूरिया बघाडू दुद्धी कक्षा 8 की छात्रा कु. अफशा नूरी एवं कक्षा 10 का छात्र जियाउल मुस्तफा को सर्वोतम प्रर्दशन प्राप्त करने हेतु प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) वैभव त्रिपाठी एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी एके चौधरी व अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधियों द्वारा धार्मिक सहिष्णुता, घर्म सद्भाव एवं धर्म समभाव के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आईटीआई कॉलेज में 72 विद्यार्थियों को दिया गया टैबलेट



**डाला।** शम्भूनाथ आई टी आई कालेज परासपानी में वर्ष 2023-24 के पास आऊट 72 छात्र छात्राओं को निःशुल्क टैबलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता मुकेश जैन रहे। आयोजन की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा की समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। मुख्य अतिथि मुकेश जैन ने कहा डबल इंजन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को अन्तर्गत छात्रों को टैबलेट वितरण है, टैबलेट वितरण का उद्देश्य आप जागरुक हो, जिससे समाज समृद्ध होगा। योजना के तहत युवाओं को मुफ्त में डिजिटल एक्सेस भी प्रदान किया जाएगा। छात्र इन टैबलेट और स्मार्टफोन के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। आने वाले समय में छात्रों को इन स्मार्टफोन और टैबलेट के जरिए नौकरी ढूंढने में भी आसानी होगी। सरकार की समस्त योजनाएं आन लाइन है जिसका आप टैबलेट के माध्यम से उपयोग कर-के आप घर की जिविका चल सकते है। आईटीआई कालेज के प्रबंधक श्री कांत त्रिपाठी ने बताया कि सरकार के दिशा निर्देशन अन्तर्गत स्कूल के शत प्रतिशत बच्चों को टैबलेट और स्मार्ट फोन का वितरण किया जा चुका है। इस दौरान प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह, शिक्षक कुश पाण्डेय, केपी पाण्डेय, राकेश कुमार, अंकित कुमार, किशन कुमार समेत सैकड़ों छात्र छात्राएं मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन राघवेन्द्र त्रिपाठी ने किया।

### पिकअप से छह गोवंश बरामद, तस्कर फरार

**रामगढ़।** पशु तस्करों के विरूद्ध चलाए गए अभियान के क्रम में बुधवार को थाना रायपुर पुलिस को पिकअप वाहन में क्रुरता पूर्वक लादकर ले जा रहे आध दर्जन गोवंश को बरामद करने में सफलता हाथ लगी है। हालांकि इस अपराध में शामिल तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। क्षेत्राधिकारी सदर संजीव कटियार ने बताया कि रायपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर नकटुआ बंधा चौराहा के पास से एक पिकअप पर क्रुरता पूर्वक लादकर तस्करी हेतु ले जा रहे छह राशि गोवंश (बैल) बरामद किया गया। पुलिस इस मामले में गोवध निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गयी।

### अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**दुद्धी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बीआरडी पीजी कालेज में हो रहे परीक्षा फॉर्म में गड़बड़ी को लेकर कालेज प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्राचार्य डॉ रामसेवक यादव को ज्ञापन देते हुए नगर मंत्री राजन सोनी, कालेज इकाई मंत्री गीतांजलली, इकाई उपाध्यक्ष शुभम जायसवाल, सोशल मीडिया ईशा और कॉलेज इकाई के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### संकट मोचन वार्षिकोत्सव रामायण कीर्तन के साथ संपन्न

**दुद्धी।** स्थानीय कस्बा के मेन चौक पर स्थित श्री संकट मोचन मंदिर में वार्षिकोत्सव मनाया गया। पूजा पाठ समपन्न होने के बाद हवन आरती कराई गई। तत्पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी कल्याण मिश्रा व रामलीला कमेटी के महामंत्री संदीप गुप्ता ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्पूर्ण रामायण के साथ पूजा पाठ संकट मोचन मंदिर पर किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

### युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने दी दबिश

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के महगांव बार्डर के पास बंशीपुर नहर के बगल में खेत मे 35 वर्षीय युवक मुन्ना यादव की हत्या के मामले में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। कुछ लोगों को उठाकर पुलिस द्वारा पूछताछ किया जा रहा है। बताते हैं कि बंशीपुर स्थित अमिलाई नहर के पास महगांव बार्डर पर खेत मे सकलडीहा थाना क्षेत्र के देवरापुर के युवक मुन्ना यादव का शव मंगलवार की सुबह मिला था। सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर बलुआ इंस्पेक्टर डॉ.आशीष मिश्रा व कैलावर चौकी इंचार्ज पहुचकर पूछताछ किया। उसका गला रेता हुआ था व पेट मे तीन चार जगह पर चोट था। शव के पास पुलिया के नीचे नहर में दारू की शीशी, चीखना, मोबाइल व पुल पर दो पहिया वाहन मिला था। हत्या में प्रयुक्त चाकू भी मिला था। शव का पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस मंगलवार की रात व बुधवार को कई जगहों पर दबिश दिया। इस मामले में कई लोगो को उठाकर पुलिस पुछताछ कर रही है। इस संदर्भ में बलुआ इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा ने बताया कि कुछ लोगो को उठाकर पूछताछ किया जा रहा है। कुछ सुराग मिला है जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा।

# सेफ्टी टैंक में गिरने से दो मासूम की मौत

जनसंदेश न्यूज

**दु:खद**

**विंढमगंज थाना क्षेत्र के केवाल गांव में हुआ दर्दनाक हादसा**

**सोनभद्र।** विंढमगंज थाना क्षेत्र के केवाल गांव में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां खेलते समय दो मासूमों की शौचालय के लिए बने सेफ्टी टैंक में गिरने से मौत हो गई। घटना बच्चों के खेलते समय टैंक पर रखी गई पटिया के टूटने से हुई। हादसे को लेकर जहां परिजनों में कोहराम की स्थिति बनी हुई है। वहीं पुलिस बच्चों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुटी हुई है।

बताया जा रहा है कि मंगलवार की शाम विंढमगंज थाना क्षेत्र के केवाल गांव में शौर्य कुमार 5 वर्ष पुत्र राधेश्याम, अंकित 5 वर्ष पुत्र भगवान दास घर के पास स्थित शौचालय के सेफ्टी टैंक पर बैठकर खेल रहे थे। बताया जा रहा है कि इस दौरान अचानक से टैंक की पटिया टूट गई और दोनों बच्चे नीचे जा गिरे।

अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि घटना विंढमगंज थाना क्षेत्र के केवाल गांव की है।

एक सेफ्टी टैंक जिसका ढक्कन पहले से टूटा हुआ था, के पास दोनों बच्चे खेल रहे थे। इस दौरान दोनों सेफ्टी टैंक में गिरने के कारण डूब गए। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला। उन्हें दुद्धी सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रारंभ में परिजन पंचायतनामा, पोस्टमार्टम की कार्रवाई नहीं चाहते थे। बाद में पुलिस के समझाने बुझाने पर तैयार हो गए। अब आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कलश यात्रा के साथ रामकथा का आगाज

**रेणुकूट।** नगर में स्थित हिंडाल्को के रामलीला मैदान में से बुधवार की शाम से शुरू होने वाली श्रीराम कथा की शुरूआत के पूर्व नगर में सुबह कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल 251 महिलाओं ने रेणुकेश्वर महादेव मंदिर से कलश उठाकर मिताली क्लब स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर होते हुए कॉलोनी का भ्रमण करते हुए अन्य मंदिरों पर भी गई। रामलीला मैदान में पहुंचकर कलश यात्रा का समापन हुआ। आयोजन समिति के शशिकांत ने बताया कि राम कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से 8 बजे तक रामलीला मैदान में आयोजित की गई है। जिसमें अयोध्या से आए राष्ट्रीय कथा वाचक निलेश महाराज द्वारा कथा कहीं जाएगी। 18 दिसंबर से शुरू हो रही राम कथा 26 दिसंबर तक चलेगी और 27 दिसंबर को भंडारे के साथ कथा का समापन किया जाएगा। कलश यात्रा के दौरान केएन त्रिपाठी, सुनील रूँथला, रामप्रकाश त्रिपाठी, सुनील पांडेय, श्याम सुंदर मिश्रा, विजय पांडेय, पवन पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने एनटीपीसी रिहंद में की समीक्षा बैठक, बनवासी समाज को बांटेंगी खतौनी

**बैठक**

**दो दिवसीय सोनभद्र दौरे पर यूपी की राज्यपाल**

जनसंदेश न्यूज



एनटीपीसी रिहंद में अधिकारियों संग समीक्षा बैठक लेतीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल

**सोनभद्र।** जनपद भ्रमण दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को एनटीपीसी रिहन्द गेस्ट हाउस बीजपुर सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अपराह्न 2:00 बजे एनटीपीसी रिहंद में बने हेलीपैड पर उतरीं।यहां से सीधे एनटीपीसी के विश्राम गृह पहुंची। शाम 4 बजे से एनटीपीसी रिहंद के सभागार में विकास योजनाओं से जुड़े अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा के उपरांत उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में पाई गई कमियों को तुरंत दूर किया जाए। बता दें कि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल 19 दिसंबर को सेवाकुंज आश्रम चपकी में सुबह 9:15 बजे पहुंचेंगी।

जहां आदिवासी बनवासी समाज के लोगों को वनाधिकार पट्टे के खतौनी का वितरण करेंगी। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकताओं को पोषण किट भी प्रदान करेगी।समीक्षा बैठक के दौरान इसके पूर्व हेलीपैड पर जिलाधिकारी बीएन सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा व भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल ने राज्यपाल को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। इस दौरान एडीएम सहदेव मिश्रा, एसडीएम निखिल यादव, सीएमओ अश्वनी कुमार, बीएसए मुकुल आनंद पाण्डेय, डीपीआरओ नमिता शरण अन्य अधिकारी समेत एनटीपीसी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेलहत्थी बौद्ध बिहार का विदेशी सैलानियों और बौद्ध भिक्षुओं ने किया भ्रमण

**आयोजन**

**बौद्ध बिहार के विकास के लिए हर संभव मदद का दिया आश्वासन**

जनसंदेश न्यूज



बेलहत्थी में बौद्ध बिहार पहुंचे विदेशी सैलानी

**सोनभद्र।** बेलहत्थी बौद्ध बिहार में थाईलैंड, रूस और तिब्बत के बौद्ध भिक्षुओं ने भ्रमण तथा धम्म उत्सव दिवस पर सारनाथ में होने वाले आयोजन का आमंत्रण भी दिया। थाई वाराणसी मॉनेस्ट्री थाईलैंड के बौद्ध भिक्षु जित्तरपू अर्थीपण्यो ने कहा कि बेलहत्थी विहार के लिए 40 टन की थाई बुद्ध मूर्ति की भेंट 17 जनवरी को सारनाथ मे धम्मदिवस के दिन किया जाएगा तथा बिहार के उत्थान के लिए पूर्ण सहयोग करने की बात कही।

तिब्बत से साउथ इंडिया मॉनेस्ट्री के बौद्ध भिक्षु शिवलहा रिंपोचे ने बुद्ध विहार के निर्माण में आर्थिक सहयोग भेंट की तथा विकाश शाक्य एडवोकेट को बौद्ध बिहार बनवाने और धम्म को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने पर अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया। रूस से आयीं बौद्ध भिक्षुणी अनेता ऊर्जाक ने भी आर्थिक सहयोग करते हुए बौद्ध विहार को समृद्ध तथा धम्म के विचारों का सशक्त केंद्र बताया। थाईलैंड से आयी बौद्ध भिक्षुणी माताजीसरीरात् ने भी आर्थिक सहयोग की और बिहार को बिपस्सना का प्रमुख केंद्र की संभावना बतायी। सैलानियों के साथ वाराणसी से बच्चूलाल मौर्य, सिद्धार्थ मौर्य आये। सभी विदेशी सैलानी बौद्ध भिक्षु बौद्ध बिहार में स्नान कर भोजन ग्रहण कर सारनाथ के लिए प्रस्थान किये। पूरे कार्यक्रम को बौद्ध साधक मंगल मौर्य, राजेश कुमार, जगदीश खरवार तथा स्थानीय ग्रामीणों ने व्यवस्थापन किया।

# रामकथा के प्रसंगों का सुन हर्षित हुए श्रोता

जनसंदेश न्यूज

**चोपन।** प्रीतनगर स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर पर बुधवार को नौ दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ भव्य तरीके से हुआ। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और श्रीराम कथा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

कथा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। कथा व्यास अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक दिलीप कृष्ण भारद्वाज द्वारा पहले दिन भगवान श्रीराम से जुड़े प्रसंगों का विस्तारपूर्वक से वर्णन किया गया। श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ कथा का श्रवण किया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि इस नौ दिवसीय आयोजन के दौरान रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। जिसमें श्रीराम जन्म, राम-वनगमन, सीता-हरण और लंका विजय जैसे प्रमुख प्रसंग शामिल हैं। इस धार्मिक



आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा का संचालन मनोज चौबे ने किया।

आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कथा का श्रवण कर धर्मलाभ लेने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रथम दिन के यजमान शिव जी सिंह सप्तनिक, वरिष्ठ भाजपा नेता राजा मिश्रा, नवल किशोर चौबे, अधिवक्ता अमित सिंह, श्यामाचरण गिरी, गणेश तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में रामकथा प्रेमी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया मयफोर्स मौजूद रहे।

# खेल महाकुम्भ के लिए विधायक ने सीएम को किया आमंत्रित

**सोनभद्र।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के अवसर पर राबर्ट्सगंज शहर के हाईडिल मैदान में विधायक खेल महाकुम्भ का आयोजन 25 दिसम्बर से होगा। इस खेल महाकुम्भ के आयोजन हेतु सदर विधायक भूपेश चौबे ने सूबे के मुख्यमंत्री को आमंत्रण पत्र सौंप आने का आग्रह किया।

कार्यक्रम के संदर्भ में सीएम ने विधायक मार्गदर्शन दिया। इसके अलावा विधायक ने युवा कल्याण व खेल विभाग के मंत्री गिरीश यादव व परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह से मिलकर निमंत्रण दिया। आयोजक विधायक ने बताया कि क्रिकेट, कबड्डी, बालीबाल, खो-खो, दौड़, कैरम, शतरंज, चित्रकला व सांस्कृतिक गीत-संगीत प्रतियोगिता आयोजित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की प्रेरणा से शुरू हुआ विधायक खेल महाकुम्भ गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में गांव-गांव के खिलाड़ियों का प्रतिभा सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन ब्लाक स्तर पर किया जा रहा है। जिसमें विजेता टीमों का निश्चित क्रम में जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे। इसके लिए 15 दिसम्बर से ही पंजीकरण शुरू हो गया है।



सीएम योगी आदित्यनाथ को आमंत्रण पत्र देते सदर विधायक भूपेश चौबे

# प्रत्याशी घर-घर जाकर मांग रहे वोट

जनसंदेश न्यूज

**चुनाव**

**वकील मतदाताओं की हो रही फजीहत**

**अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महामंत्री, कोषाध्यक्ष व सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे पद के लिए 20 दिसंबर को होगा मतदान**

**सोनभद्र।** सोनभद्र बार एसोसिएशन के निर्वाचन के लिए हो रहे मतदान के लिए 20 दिसंबर को मतदान कराया जाएगा और 21 दिसंबर को मतगणना के बाद विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। बावजूद इसके अभी से ही प्रत्याशी समर्थकों के साथ घर-घर जाकर वोट मांग रहे हैं ,जिससे वकील मतदाताओं की फजीहत बढ़ गई है और चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है।

बता दें कि सिर्फ 10 पदों पर मतदान होना है,जिसमें अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी अरुण कुमार मिश्रा, अशोक प्रसाद श्रीवास्तव व ओमप्रकाश पाठक शामिल हैं। इसी प्रकार से वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी गोविंद प्रसाद मिश्र व शारदा प्रसाद मौर्या, महामंत्री पद के लिए तीन प्रत्याशी अखिलेश कुमार पांडेय, अरुण कुमार सिंघल व योगेश कुमार द्विवेदी, कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों आशीष कुमार मिश्र उर्फ मंटू, वंशीधर पांडेय व वीरेंद्र कुमार सिंह शामिल हैं। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर सात प्रत्याशी अविनाश रंजन त्रिपाठी, आशीष कुमार पाल, कंचन, प्रमोद कुमार सिंह, रामशंकर चौधरी, राहुल जैन व श्याम किशोर मिश्र शामिल हैं। इन पदों के लिए 21 दिसंबर को मतदान कराया जाएगा और 22 दिसंबर को मतगणना के साथ ही विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।

## सरकार की योजनाओं से व्यापारियों को कराया अवगत

**दुद्धी।** स्थानीय कस्बा स्थित एक निजी होटल में बुधवार को व्यापार मंडल व प्रशासन के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश जिला उद्योग व्यापार संगठन जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने किया। बैठक में प्रशासन द्वारा अमित कुमार सिंह एडिशनल कमिश्नर जीएसटी, ताराचंद उपाध्याय एसटीओ जीएसटी, अभिषेक रंजन उपायुक्त उद्योग, बीएस मंगलराज खाद्य सुरक्षा अधिकारी, तीर्थराज एसडीओ विद्युत दुद्धी, रामकुमार श्रम परिवर्तन अधिकारी ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को सभी व्यापारी बंधुओं के समक्ष रखा। सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापारियों को जागरूक किया। किसी भी तरह की कोई समस्या होती है। तो सम्बंधित अधिकारियों से संपर्क कर योजनाओं का लाभ लें। और किसी अन्य के बहकावे ने न आयें। व्यापारी रूपेश जौहरी, अनिल गुप्ता सहित अन्य लोगों ने दुकान का रजिस्ट्रेशन सहित अन्य मुद्दों पर जानकारी लिया। मौके पर अमरनाथ जायसवाल महामंत्री जशवंत मौर्य, भोलानाथ आढ़ती, संतोष, गणेश जौहरी, कलीमुल्ला खां सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे। संचालन शिव शंकर ने किया।

# जीजीआईसी में लगा कॅरियर मेला, दिए गए सुझाव



कैरियर मेला का अवलोकन करते अतिथिगण

**सोनभद्र।** समग्र शिक्षा माध्यमिक उप्र के निर्देशन में जनपद स्तरीय कैरियर गाइडेंस मेला कार्यक्रम का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह के दिशा-निर्देश पर पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रॉबर्ट्सगंज परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं एसीएमओ राधा गोविंद यादव द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व पूजन अर्चन से किया गया।

इस दौरान विद्यालय परिवार की छात्राओं द्वारा सुंदर सरस्वती वंदना, स्वागत गीत सहित रोजगार विषयक सुंदर नाटक की प्रस्तुति की गई। कक्षा 9 वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं के कैरियर निर्माण विषयक पर आधारित इस मेले में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित पंख योजना अंतर्गत अपनी रुचि व प्रतिभा अनुरूप रोजगार क्षेत्र के चयन संबंधित जानकारी मुहैया करा उनके कैरियर निर्माण संबंधी कई उपादानों की सुंदर प्रस्तुति की गई। आयोजन में विशिष्ट अतिथि रूप में विवेकानंद मिश्र, प्रधानाचार्य, डीपी सिंह प्रधानाचार्य, शैलेंद्र चतुर्वेदी प्रधानाचार्य, उषा सिंह प्रधानाचार्या, सुशील चौबे प्रबंधक, जनता इंटर कॉलेज परासी सहित आयोजक विद्यालय प्रधानाचार्या वंदना सिंह, जीजीआईसी दुद्धी की प्रभारी प्रधानाचार्या डा. रितिका श्रीवास्तव व जनपदीय नोडल संजय कुमार जीआईसी दुद्धी व अन्य गणमान्यों द्वारा अपने उद्वबोधन सत्र में विद्यार्थियों के द्वारा अपने कैरियर निर्माण संबंधी सावधानियां और सरकार द्वारा संचालित योजना के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। एडिशनल एसपी कालू सिंह ने छात्र-छात्राओं को अपने बेहतर कैरियर निर्माण संबंधी मूल मंत्र भी दिए गए। जिला समन्वयक समग्र शिक्षा अरविंद सिंह चौहान एवं विद्यालय प्रधानाचार्या वंदना सिंह द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम का सुंदर संयोजन किया गया। साथ ही इस आयोजन में विशिष्ट प्रतिभागिता हेतु प्रतिभागी विद्यालयों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया।

# मतगणना स्थल पालीटेक्निक कॉलेज में रहेगी कड़ी सुरक्षा


मतगणना कक्ष का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।


मतगणना के मद्देनजर आयोजित बैठक में उपस्थित एसपी व कर्मचारी।

**चंदौली।** सैयदराजा नगर अध्यक्ष पद के उप चुनाव में गुरुवार को पालिटेक्निक कालेज परिसर में मतगणना की जाएगी। इसके मद्देनजर प्रशासन की ओर से सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। छह टेबलों पर तीन चक्र में मतगणना का कार्य संपन्न कराया जाएगा। इस दौरान मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहेंगे।

नगर पंचायत अध्यक्ष पद (सैयदराजा) के लिए शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतगणना की तैयारी को लेकर

**तैयारी**

### डीएम-एसपी ने मतगणना स्थल का लिया जायजा, दिए निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने पालिटेक्निक कालेज स्थित मतगणना स्थल का जायजा लिया। कालेज परिसर का निरीक्षण कर ड्यूटी में लगे कार्मिकों को निर्देश दिया कि मतगणना परिसर में केवल ड्यूटी में लगे अधिकारी व कर्मचारी, उम्मीदवारों व उनकी ओर से नामित एजेंट ही रहेंगे। एक भी अनाधिकृत व्यक्ति परिसर में प्रवेश न करने पाए। यदि ऐसा करता हुआ कोई पाया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मतगणना परिसर में किसी भी उम्मीदवार या नामित एजेंट की ओर से खाने या पीने का सामान साथ लेकर जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष (सैयदराजा) के शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतगणना के लिए कुल 24 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें छह टेबलों पर तीन चक्र में मतगणना की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मतगणना स्थल के अंदर और बाहर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। किसी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रिटर्निंग आफिसर विराग पाण्डेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# यातायात पुलिस ने मतगणना को लेकर रास्ते का हुआ परिवर्तन

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** नगर पंचायत सैयदराजा अध्यक्ष पद के उपचुनाव के मतगणना को लेकर यातायात विभाग शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर मार्ग का परिवर्तन किया गया है। यह परिवर्तन सुबह 6 बजे से मतगणना की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा।

पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देश पर यातायात प्रभारी सुरेंद्र ने शुक्रवार को मुख्यालय पर सैयराजा नगर पंचायत के उपचुनाव के मतगणना चंदौली पॉलिटेक्निक कॉलेज में किया जाएगा। कहा कि इसे देखते हुए पॉलिटेक्निक कॉलेज के सकलडीहा रोड की तरफ जाने वाले वाहनों की आवागमन को देखते हुए रास्ते में बदलाव किया गया।

इसमें बसारिकपुर तिराहा सकलडीहा की तरफ से मुख्यालय वाले समस्त वाहनों को मतगणना स्थल में आने वाले वाहनों को छोड़कर को बसारिकपुर नहर से बिछियां मोड एन एच-19 की तरफ से अपने गंतव्य को भेजा जाएगा। कोई भी वाहन बसारिकपुर से कस्ब की तरफ नही आएगा। सकलडीहा (अलीनगर तिराहा) बलुआ, धानापुर एवं धीना से आने वाले समस्त वाहन सकलडीहा बाजार के अलीनगर तिराहा से अपने गन्तव्य की ओर प्रस्थान करेंगे और मुख्यालय की तरफ नही आने दिया जाएगा।

रेलवे ओवर ब्रीज चंदौली से सकलडीहा की तरफ रेलवे ओवर ब्रीज पार करके वाहनों को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। केवल मतगणना स्थल पर जाने वाले वाहन मान्य होंगे। सकलडीहा की तरफ जाने वाले समस्त वाहन सैयदराजा, कंदवा की तरफ से अपने गन्तव्य को प्रस्थान करेंगे। कमलापति त्रिपाठी जिला अस्पताल अण्डर पास से मतगणना स्थल में जाने वाले वाहनों के अतिरिक्त समस्त वाहनों को एन एच-19 से अलीनगर व सैयदराजा की तरफ को भेजा जाएगा।

भारत लान (एन एच-19 कट) सर्विस लेन की उत्तरी तरफ सैयदराजा की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को रोका व मार्ग में बदलाव जाएगा। इसमें सभी लोग पुलिस का सहयोग करें ताकि कानून व्यवस्था सुदृढ़ रहे।

# न्यायालय के फैसले का प्रशासन करे सम्मान, बिना मुआवजा न तोड़े मकान

**डीडीयू नगर।** दुलहीपुर महाबलपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा और किसान न्याय मोर्चा ने दुलहीपुर से बाहों पर काली पट्टी बांध कर पैदल मार्च किया। पैदल चलते हुए मोर्चा के पदाधिकारी और व्यवसायी नगर स्थित पीडब्लूडी कार्यालय पहुंचे और मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हुए बिना मुआवजा दिए मकान न तोड़ने की मांग की।

पड़ाव से गोधना तक सिक्स लेन निर्माण चल रहा है। दुलहीपुर बाजार के लोग यहां फोर लेन बनाने अथवा भूमि अधिग्रहित कर मुआवजा देकर सड़क के किनारे के मकानों को तोड़ने की मांग कर रहे हैं। प्रशासन सड़क के किनारे बने मकान और दुकानों को अतिक्रमण मान रहा है। वहीं दुलहीपुर महाबलपुर बाजार के लोगों के न्यायालय में जाने पर न्यायालय ने बिना मुआवजा दिए मकान तोड़ने का आदेश दे चुकी है। बावजूद इसके पड़ाव रामनगर रोड पर कई मकानों को तोड़ा जा चुका है। इससे दुलहीपुर बाजार के रहवासियों में आक्रोश है। पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मोर्चा के सदस्य बाजार में एकत्र हुए। यहां बाजार के लोगों ने दुकानों को बंद कर प्रदर्शन किया। बाद में बाहों पर काली पट्टी बांध कर नारेबाजी करते हुए पदयात्रा की शुरूआत की। व्यवसायियों के साथ मोर्चा के सदस्य चार किमी की दूरी तय करते हुए पीडीडीयू नगर में नई सट्टी स्थित पीडब्लूडी के कार्यालय पर पहुंचे। यहां एक्सईएन के न रहनेपर सहायक अभियंता शैलेन्द्र सिंह को सर्वोच्च न्यायालय के फैसले और कोर्ट के आदेश पर प्रदेश सरकार के शासनादेश की प्रतिलिपि सौंपी।

इस दौरान मोर्चा के संरक्षक समाजसेवी रतन कुमार श्रीवास्तव और महेन्द्र यादव ने कहा कि जिस तरह डीडीयू नगर बाजार में सिक्स लेन की जगह फोर लेन सड़क बनाई जा रही है। उसी तरह दुलहीपुर में भी सड़क को फोरलेन बनाया जाए। यदि सड़क सिक्स लेन बनती है तो बिना मुआवजा दिए सड़क के किनारे के मकानों को न तोड़ा जाए। चेताया कि यदि शासनादेश का पालन नहीं किया गया तो मोर्चा आंदोलन करेगा। पदयात्रा में पूर्व प्रधान जलालुद्दीन, नंदलाल शर्मा,चितरंजन सोनकर, डॉ. आरके शर्मा, डॉ. एसके यादव, डॉ. स्वामीनाथ, शमीम मिल्की, इंद्रजीत शर्मा आदि शामिल रहे।

### 20 दिसंबर से आयोजित होगा भर्ती रजिस्ट्रेशन कैम्प

**चंदौली।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ, के निर्देश के क्रम में सेवायोजन कार्यालय की ओर से जनपद में ब्लाक स्तर पर एसआईएस के द्वारा भर्ती रजिस्ट्रेशन कैम्प आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। भर्ती रजिस्ट्रेशन कैम्प आयोजित में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम सेवायोजन विभाग के पोर्टल के जॉब सीकर कालम में अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इस भर्ती कैम्प में एसआईएस सर्विसेज लिमिटेड द्वारा सुरक्षा गार्ड (ट्रेनिंग चार्ज अप्लाइड) हेतु प्रतिभागी अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। साथ ही अनुरोध है कि मेले में भाग लेने वाले हाईस्कूल इंटरमीडिएट एवं आईटीआई उपरोक्त ट्रेड पास (आयु सीमा 19 वर्ष से 40 वर्ष) के अभ्यर्थी अपने सभी (मूल शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, 06 पासपोर्ट साइज फोटो व बायोडाटा) एवं उसकी छायाप्रति सहित प्रातः 10 बजे आयोजन स्थल विकास खण्ड पर निम्न तिथि के अनुसार प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। इस हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा। जनपद के नियामताबाद में 20 दिसंबर, चहनियां में 21 दिसंबर, चकिया में 23 दिसंबर, सकलडीहा में 24, शहाबगंज में 26 दिसंबर, धानापुर में 27 दिसंबर, नौगढ़ में 28 दिसंबर, बरहनी में 30 दिसंबर, चंदौली में 31 दिसंबर को रजिस्ट्रेशन कैम्प आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

# किसानों के लिए काम नहीं, सिर्फ बातें करती है सरकार : मनोज सिंह डब्लू

जनसंदेश न्यूज


किसानों के धरने को संबोधित करते सपा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू।

**चंदौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू बुधवार को गुरैनी पम्प कैनाल पर आयोजित किसानों के धरने में शरीक हुए। इस दौरान उन्होंने धरनास्थल से किसानों की मांगों को मजबूती से उठाया और उसके निराकरण के लिए एक्सईएन से वार्ता की। बातचीत में एक्सईएन ने पूर्व विधायक को बताया कि गुरैनी पम्प कैनाल की क्षमता 30 क्यूसेक रह गयी है, जिस पर सपा नेता मनोज सिंह डब्लू ने सूबे की सरकार व सैयदराजा विधायक पर जमकर सवाल किए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सैयदराजा विधायक फर्जी वोट डलवाने के लिए धरने पर बैठ सकते हैं लेकिन किसानों के साथ धरने पर बैठने से उन्हें परहेज है। कहा कि 20 साल से विधायक रहते हुए एक भी कैनाल किसानों के हित में बनवाने का काम नहीं किया गया। ऐसे जनप्रतिनिधि से किसान हितों की अपेक्षा व कैनाल निर्माण की उम्मीद लगाना खुद से बेमानी होगी। कहा कि पांच साल विधायक रहते हुए कई कैनालों की क्षमता वृद्धि कराई, जिसमें गुरैनी पम्प कैनाल भी शामिल है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सत्ता परिवर्तन के साथ ही गुरैनी पम्प कैनाल की क्षमता को घटा कर 30 क्यूसेक करने का काम भाजपा सरकार ने किया है। यह किसानों के साथ छलावा है।

उन्होंने कटाक्ष किया कि यदि किसान ऐसे ही धरने पर बैठे रहे तो सरकार गुरैनी पम्प कैनाल की क्षमता को घटाकर 20 भी कर सकती है। कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले किसानों से वादा किया था कि सपा की सरकार बनते ही गुरैनी पम्प कैनाल से जुड़ी नहरों का पक्कीकरण किया जाएगा, लेकिन सूबे सपा सत्ता में लौट नहीं सकी, जिसका खामियाजा आज किसान भुगत रहे हैं। सरकार किसानों की बात करती है, लेकिन उनके लिए काम नहीं करती।

# इंडियन आयल के अधिकारियों ने की पाइप लाइन की पेट्रोलिंग


पाइप लाइन की पेट्रोलिंग करते इंडियन आयल के अधिकारी।

**नियामताबाद।** इंडियन ऑयल बरौनी कानपुर पाइपलाइन मुगलसराय के अधिकारियों द्वारा पुलिस बल के साथ क्षेत्र के संघति, ककरही खुर्द आदि गांव के पास से गुजरी पाइपलाइन पर पेट्रोलिंग किया। इसके माध्यम से ग्रामीणों को इसकी सुरक्षा को लेकर जागरूक करने का काम भी किया।

पेट्रोलिंग के दौरान बताया कि इंडियन ऑयल की बरौनी कानपुर पैट्रोलियम पाइपलाइन से अत्यधिक दबाव के साथ पेट्रोल एवं डीजल का निरंतर प्रवाह होता रहता है। यह भारत सरकार का एक उपक्रम है। भूमिगत क्रॉस कंट्री पाइपलाइन के माध्यम से विभिन्न पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के लिए बरौनी कानपुर पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का संचालन करता है। यह पर्यावरण के अनुकूल सबसे सुरक्षित और परिवहन का सबसे किफायती तरीका भी है। यह पाइप लाइन इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के बरौनी रिफाइनरी से निकलती है। इससे बिहार व उत्तर प्रदेश के विभिन्न खपत केन्द्रों पटना, मुगलसराय, इलाहाबाद, कानपुर, लखनऊ के पेट्रोलियम उत्पादों की मांग को पूरा करता है। इस पैट्रोलियम पाइपलाइन से अत्यंत ज्वलंतशील पेट्रोलियम पदार्थ का उच्च दबाव में निरंतर प्रवाह होता रहता है। इस संयुक्त पेट्रोलिंग का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को जागरूक करना है। ताकि आपके क्षेत्र से गुजर रही पाइपलाइन की सुरक्षा करना आप सभी की जिम्मेदारी है। इस पाइप लाइन से कभी रिसाव या अप्रिय घटना होती है तो इसकी जानकारी तत्काल दें। यह भी जानकारी दिया कि पाइपलाइन किस-किस गांव से होकर गुजरी है। अगर कोई असामाजिक तत्व तेल चोरी का भी प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल टोल फ्री नंबर 18003456105 पर दे। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक सुमन कुमार, सहायक प्रबंधक आकाश कुमार उपस्थित रहे।

## मत्स्यजीवी सहकारी समिति को लेकर की बैठक

**नियामताबाद।** मत्स्यजीवी सहकारी समिति के गठन को लेकर बुधवार को कैली गांव स्थित उद्धव ब्रह्म बाबा आश्रम पर कमेटी की सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। इसमें समस्याओं का गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मत्स्यजीवी सहकारी समिति की बैठक के दौरान आयोजक राजकुमार निषाद ने बताया कि 20 दिसंबर को भूपौली गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में निषादों की बैठक आयोजित की गई है। इसमें मत्स्य पालन हेतु समस्याओं पर चर्चा के साथ-साथ समिति का गठन कर पदाधिकारी का चयन किया जाएगा। इसमें समिति से जुड़े तमाम सदस्य उपस्थित होने का भी काम करेंगे। बैठक के दौरान इन्होंने कहा कि निषाद समाज के लोगों की मत्स्य पालन सहित तमाम समस्याएं बनी हुई है। इसकी लड़ाई हम लोग संगठन के माध्यम से लड़ने का काम करेंगे। बैठक में सतीश कुमार, अश्वनी निषाद, देवनाथ, गंगाराम, लालचंद निषाद, मथुरा, गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

# बेहतर कॅरियर, संभावनाओं व अवसर के बारे में दी जानकारी


प्रमाण पत्र के साथ प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी।

**चंदौली।** स्किल सेतु और एचआर कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड ने जिले में कौशल विकास प्रशिक्षण पूरा करने वाले 240 से अधिक उम्मीदवारों के लिए पीएमकेवीवाई प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कौशल विकास प्रशिक्षणार्थियों के बेहतर करियर संभावनाओं और अवसरों के लिए आवश्यक कौशल के साथ सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र तथा पोशाक प्रदान किया गया। इस दौरान सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। स्किल सेतु और एचआर कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड समुदाय के उत्थान और पीएमकेवीवाई योजना के तहत कौशल विकास में योगदान देने के लिए और जिले में ऐसी पहल जारी रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। इस मौके पर स्किल सेतु के अजीत सिंह यादव, मारकंडे कुमार, ज्योति पांडे, सहित प्रशिक्षणार्थी ज्योति ध्रुव, सिमरन, चंद्रहास साहू, रविशंकर पटेल, भूमिका सांगा, ममता साहू, देवनाथ, डेविड पटेल, देविका साहू व अन्य लोग मौजूद थे।

# प्राकृतिक खेती को अपनाएं चंदौली जनपद के किसान

**चंदौली।** कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में बुधवार को उद्यान विभाग की ओर से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत किसानों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। पहले दिन किसानों को प्राकृतिक खेती व पशुपालन के जरिए कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने की जानकारी दी गई। आह्वान किया कि किसान प्राकृतिक खेती को अपनाएं।

इस दौरान कृषि वैज्ञानिक डा. अमित सिंह ने किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से मृदा की सेहत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। ऐसे में किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर होना होगा। इससे स्वयं का स्वास्थ्य तो बेहतर होगा ही मृदा की सेहत में भी सुधार होगा। कहा कि किसान फसल उत्पादन के लिए खेतों में गौ मूत्र, गाय का गोबर, चने का बेसन, गुड़ आदि यानि जीवा मृत का घोल बनाकर खेती करें तो मृदा की सेहत सुधरेगी और पौष्टिक उपज भी प्राप्त होगी। पशुपालन विज्ञानी डा प्रतीक सिंह ने किसानों को एकीकृत कृषि प्रणाली को अपनाने पर बल दिया। धान, गेहूं की खेती के साथ सब्जी, बागवानी व पशुपालन को भी अपनाएं। किसान बकरी, मुर्गी पालन के जरिए कम लागत में अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकते हैं। इसके पूर्व उप कृषि निदेशक भीम सेन ने प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। किसान पराली जलाने से परहेज करें, ताकि मृदा में मौजूद पोषक तत्व नष्ट न होने पाए। किसानों को केवीके के प्रभारी डा नरेंद्र रघुवंशी, शैलेंद्र देव दुबे ने भी संबोधित किया। जिला कृषि अधिकारी विनोद यादव, उद्यान निरीक्षक अनुराग सिंह सहित किसान उपस्थित थे।

### चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**नौगढ़।** थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को सुबह औराही गांव में दबिश देकर चोरी की बिना नंबर प्लेट लगी हुई स्प्लेंडर बाइक बरामद कर अभियुक्त दलजीत उर्फ हसनू को गिरफ्तार किया है। सीओ आपरेशन कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि बुधवार को सुबह मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार निषाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के औराही गांव में दबिश देकर बिना नंबर प्लेट लगी हुई चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद कर के अभियुक्त दलजीत उर्फ हसनू को गिरफ्तार किया है। बताते हैं कि चकरघट्टा थाना क्षेत्र के औराही गांव निवासी गिरफ्तार अभियुक्त दलजीत उर्फ हसनू के विरुद्ध नौगढ व चकरघट्टा थाना में आयुध अधिनियम चोरी मारपीट एनडीपीएस एक्ट आदि के अन्तर्गत पूर्व में 07 मुकदमा भी दर्ज है। बरामद बाइक को सीज कर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर के न्यायालय में पेश किया गया। जिसे न्यायाधीश की अनुमति पर जेल भेजे जाने की कार्रवाई किया गया है।

# उपपरिवहन आयुक्त ने एआरटीओ दफ्तर का किया निरीक्षण


एआरटीओ कार्यालय कर निरीक्षण करते उपपरिवहन आयुक्त।

**चंदौली।** उपपरिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) वाराणसी भीम सैन सिंह द्वारा उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय चन्दौली का बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से कार्यालय में एक मुश्त शास्ति समाधान योजना-ओटीएस की समीक्षा की गयी, जिसमें उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) वाराणसी द्वारा ओटीएस योजना का जनपद में और व्यापक स्तर प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान उन्होंने कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति पंजीका के साथ-साथ कार्यालय में वाहनों से सम्बन्धित पत्रावलियों का भी निरीक्षण किया। जिसमें सब कुछ सामान्य पाया गया। वाहन स्वामियों से प्राप्त आवेदनों का निरस्तारण समयान्तर्गत किये जाने हेतु कार्यालय के लिपिकों को निर्देशित किया गया।

आयुक्त द्वारा कार्यालय में अनाधिकृत बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय चन्दौली के कार्यालयाध्यक्ष डॉ. सर्वेश गौतम, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), ललित कुमार मालवीय, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) अशोक कुमार यादव व कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### आश्वासन पर समाप्त हुआ अनिश्चितकालीन धरना



**कमालपुर।** गुरैनी पम्प कैनाल पर चलाए जा रहे अनिश्चितकालीन धरना को अधिकारियों के आश्वासन पर बुधवार को समाप्त हो गया। धरनास्थल पर पहुंचे सहायक अभियंता माजिद अली खान द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया कि 15 फरवरी दो हजार पच्चीस से गंगा कटान रोकने के लिए कार्य शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही लघु डाल नहर के सहायक अभियंता अंजनी सिंह ने भी लिखित आश्वासन दिया कि बीस दिसम्बर से गुरैनी लिफ्ट कैनाल की सभी नहरों का सिल्ट सफाई का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसी आश्वासन पर भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन द्वारा धरना समाप्त कर दिया गया। इस दौरान दीनानाथ श्रीवास्तव, दीपक कुमार, शेषनाथ यादव, रविन्द्र नाथ सिंह मुन्ना, राम अवध यादव, नामवर यादव,पप्पू पाण्डेय, शिवराज यादव, बुलेट चौधरी, अशोक चौधरी, नगीना यादव, अंगद यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### तालाब की झाड़ियों में सड़ा गला शव मिलने से हड़कंप

**डीडीयू नगर।** स्थानीय डाउन लाइन के पुराना माल गोदाम तालाब के पास झाड़ियों में युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद पुलिस टीम नाव पर सवार होकर मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। लाश कई दिन पुरानी लग रही है। युवक की हत्या कर शव तालाब के पास झाड़ियों में फेंके जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। बुधवार की सुबह कुछ लोग मालगोदाम तालाब की तरफ गए। वहां झाड़ियों में एक व्यक्ति की लाश पड़ा दिखाई दिया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस नाव पर सवार होकर तालाब पारकर झाड़ियों तक पहुंची। युवक की लाश तार के सहारे लटकी हुई थी। काफी मशक्कत के बाद लाश को झाड़ियों से निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान झारखंड के हजारीबाग निवासी रामप्रसाद भूनिया पुत्र लेसारी (42 वर्ष) के रूप में हुई।लोगों की मानें तो युवक की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंक दिया गया। जिस जगह पर लाश मिली, वह एरिया आरपीएफ के कब्जे में आता है। वहां आरपीएफ जवानों का हमेशा आना-जाना रहता है। ऐसी जगह पर हत्या कर शव फेके जाने की घटना से रेलवे सुरक्षाबलों की चुस्ती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में अलीनगर थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### सात तस्करों के पास से 1.30 लाख की शराब बरामद

**डीडीयू नगर।** राजकीय रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल व सीआईबी की संयुक्त टीम ने स्थानीय रेलवे स्टेशन से अलग अलग समय पर 1.30 लाख मूल्य की शराब बरामद की है। इसके साथ ही सात तस्करों को गिरफ्तार किया है। लाख प्रयास के बाद भी रेलवे से शराब तस्करी रुक नहीं पा रही है। बुधवार को आरपीएफ, जीआरपी और सीआईबी की संयुक्त टीम अपराधियों की धड़ पकड़ के लिए अभियान चला रही थी। इसी बीच प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर युवकों की टोली दिखाई दी। उनके पास के बैग की तलाशी लेने पर उसमें अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पकड़े गए सातों युवकों ने अपना नाम क्रमशरू शब्बीर अंसारी निवासी दल्लू चक खगौल, शाहिल कुमार निवासी यादव चक थाना परसा पटना, कंचन कुमार निवासी ग्राम डीहरा थाना चंडी, नालंदा, सूरज कुमार निवासी मीठापुर पटना, आदित्य राज निवासी मकदुमपुर, इस्लामपुर, नालंदा, दीपक कुमार निवासी मीठापुर, पटना, परवीन कुमार निवासी ग्राम फजीलापुर टोला खरजम्मा, इस्लामपुर, नालंदा बिहार बताया। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बरामद अंग्रेजी शराब की कीमत 1.30 लाख रुपये है। इसके पहले मंगलवार को संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक और दो के हावड़ा छोड़ पर एक व्यक्ति को 48 शीशी देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बबलू पांडेय निवासी दौलतपुर थाना भगवानगंज जिला पटना बिहार का चालान कियागयाहै। बरामद शराब की कीमत 5280 रुपये है।

### कार्मिकों को पढ़ाया कर्तव्य का पाठ

**चंदौली।** सैयदराजा नगर अध्यक्ष पद के उप चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए बुधवार को पालिटेक्निक कालेज में जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे व पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने सुरक्षा व्यस्था में लगे पुलिस कर्मियों को कर्तव्य का पाठ पढ़ाया। कहा कि निष्पक्ष मतगणना कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्मिक ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। किसी भी पार्टी या उम्मीदवार की ओर से उपलब्ध कराए गए चाय व भोजन को स्वीकार न करें। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मतगणना केंद्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की जिम्मेदारी है। किसी प्रकार के विवाद होने की संभावना हो तो संबंधित अधिकारियों तुरंत सूचना दें। मतगणना में बाधा पहुंचाने, गड़बड़ी फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए।

### न्यायिक कार्य से विरत रहे आक्रोशित अधिवक्ता

**नौगढ़।** तहसीलदार की नियुक्ति दो माह से तहसील में नहीं होने से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने बुधवार को भी न्यायिक कार्यों से विरत रहकर विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसील में राजस्व कर्मी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। संरक्षक राजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि तहसील में तहसीलदार पद पर दो माह से नियुक्ति नहीं होने से वादकारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नियुक्त अमीन लेखपाल आदि पर मनमानी किए जाने का आरोप लगाया। बैठक में बार एसोसिएशन अध्यक्ष सत्यानंद, महामंत्री रणविजय यादव, केएन मौर्य, रामचंद्र, अजीत कुमार, बाबूलाल, बबुंदर, विभूति नारायण आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

### संजीव को अतिविशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार मिलेगा

**डीडीयू नगर।** स्थानीय रेल मंडल में तैनात मुख्य वाणिज्य पर्यवेक्षक वर्तमान में मुख्य रिजर्वेशन पर्यवेक्षक संजीव कुमार को अतिविशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार मिलेगा। 21 दिसंबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में संजीव कुमार को रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव सम्मानित करेंगे। इसकी घोषणा होने से मंडल के रेलकर्मियों में खुशी का माहौल है। रेलवे ने नवाचार, आय में वृद्धि के लिए प्रयास करने, उत्पादकता में वृद्धि के लिए समर्पण और आयात पर निर्भरता को कम करने, स्वदेशी तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 101 कर्मचारियों और अधिकारियों को अतिविशिष्ट देव सेवा पुरस्कार दिया जाएगा। पूर्व मध्य रेलवे में एक अधिकारी और चार कर्मचारियों का चयन किया गया है। इसी कड़ी में पीडीडीयू में मुख्य वाणिज्य पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत संजीव कुमार को रेल राजस्व में वृद्धि के लिए वित्त वर्ष 2023-24 में ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को रेल के माध्यम से माल की बुकिंग के लिए प्रोत्साहित करने पर सम्मानित किया जा रहा है।


### उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज

**चंदौली।** सैयदराजा नगर अध्यक्ष के रिक्त पद पर उप चुनाव को लेकर भाजपा व कांग्रेस पार्टी की ओर से अपना उम्मीदवार उतारा गया है। वहीं छह निर्दलीय उम्मीदवार भी अपना भाग्य आजमा रहीं हैं। भाजपा की ओर से आभा जायसवाल, कांग्रेस की शहनाज बेगम के साथ निर्दलीय उम्मीदवारों में इशरत खातून, उम्मे हवीबा, विजया लक्ष्मी, शहनाज, श्वेता व सवीना अपना भाग्य आजमा रही हैं।

### 31 मवेशियों को पुलिस ने किया बरामद

**नियामताबाद।** प्रभारी निरीक्षक अलीनगर विनोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना अलीनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान 01 ट्रक से वध हेतु ले जा रहे कुल 31 पशुओं को बरामद करते हुए मौके से 02 गौ तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त में शरीफ पुत्र फल्जे अहमद व सानूर खान पुत्र फिरोज खान बताए जाते है। जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### राष्ट्रीय महिला व बाल सुरक्षा पदक से सम्मानित होंगी एके मीना



**डीडीयू नगर।** आरपीएफ डीडीयू स्टेशन पोस्ट पर तैनात एसआई अर्चना मीना राष्ट्रीय महिला एंव बाल सुरक्षा पदक से सम्मानित होंगी। रेलमंत्री के हाथों यह पुरस्कार दिया जाएगा। महिला और बच्चों की सुरक्षा में विशेष योगदान देने के लिए यह पुरस्कार दिया जाएगा। रेल मंत्रालय की ओर से आरपीएफ को राष्ट्रीय स्तर पर बहादुरी पदक, जीवन रक्षक पदक, बेस्ट इन्वेस्टिगेशन पदक और महिला एवं बाल सुरक्षा पदक दिए जाते हैं। मंगलवार को रेल मंत्रालय ने चारों पदक विजेता की घोषणा की है। इसके तहत आरपीएफ डीडीयू स्टेशन पोस्ट पर तैनात एसआई अर्चना मीना को महिला एवं बाल सुरक्षा पदक मिलने की घोषणा हुई है। इसके तहत एक लाख रुपये नकद और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। आरपीएफ डीडीयू पोस्ट की महिला एसआई को राष्ट्रीय पदक मिलने की घोषणा होने के बाद से आरपीएफ जवानों में खुशी की लहर दौड़ गई। अर्चना मीना ने आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत के कुशल निर्देशन का धन्यवाद दिया है। वहीं वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज ने कहा कि राष्ट्रीय पदक आरपीएफ जवानों को सुरक्षा के प्रति और जिम्मेदार बनाएगा। यह अच्छे कार्य का इनाम है।

# स्पोर्ट्स



लास वेगास, नेवादा,मिल्वौकी में बक्स फॉरवर्ड जियानिस एंटेटोकोउनम्पो (34) ने टी-मोबाइल एरिना में ओक्लाहोमा सिटी थंडर के खिलाफ एमिरेट्स एनबीए कप बास्केटबॉल चैंपियनशिप गेम जीतने के बाद ट्रॉफी उठाई और खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ जश्न मनाया।

## रविचंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास



भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज

मैच 287 | विकेट 765

**नई दिल्ली।** बुधवार को भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। वहीं यह घोषणा अश्विन ने ब्रिसबेन में तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि यह भारतीय टीम के क्रिकेटर के रूप में मेरा आखिरी दिन है। वहीं उन्होंने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 287 मैच खेले और 765 विकेट लिए। अश्विन भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने 953 विकेट लिए हैं। वहीं 38 साल के अश्विन ने गाबा टेस्ट खत्म होते ही रिटायरमेंट का ऐलान किया। वे कप्तान रोहित शर्मा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे। उन्होंने कहा, आज भारतीय टीम के क्रिकेटर के तौर पर मेरा अंतिम दिन था। मैं क्लब क्रिकेट खेलता रहूंगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने संन्यास लेने वाले ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देकर कहा कि उनका नाम खेल में महारत, जादू, प्रतिभा और नवाचार लाने का पर्याय रहेगा। बुधवार को ब्रिस्बेन में तीसरा टेस्ट ड्रॉ होने के तुरंत बाद, अश्विन ने प्रेसवार्ता में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तुरंत संन्यास लेने की घोषणा की, इस ऐलान के बाद भारत के लिए सभी प्रारूपों में खेलने का उनका 14 साल का लंबा करियर खत्म हो गया।

### बीसीसीआई सहित दिग्गजों ने दी शुभकामनाएं

### संन्यास की घोषणा से पहले ड्रेसिंग रूम में विराट के साथ हुए भावुक

अश्विन के संन्यास की घोषणा के बाद से ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस अनुभवी स्पिनर को शुभकामनाएं देने वालों की बाढ़ आ गई है। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने लिखा, आपको एक युवा गेंदबाज से आधुनिक क्रिकेट के दिग्गज के रूप में विकसित होते देखने का सौभाग्य कुछ ऐसा है जिसे मैं दुनिया के लिए भी नहीं बदलूंगा! मुझे पता है कि आने वाली पीढ़ियां गेंदबाजों को कहेंगी कि मैं अश्विन की वजह से गेंदबाज बना! तुम्हारी कमी खलेगी भाई! अश्विन ने 106 टेस्ट मैचों में 24 की औसत से 537 विकेट लेकर अपने करियर का अंत किया और दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। उन्होंने बल्ले से छह टेस्ट शतक और 14 अर्द्धशतक भी लगाए। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट था, जहां उन्होंने 1-53 विकेट लिए थे। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने लिखा, शानदार क्रिकेट करियर के लिए अश्विन को बधाई। एक टेस्ट क्रिकेटर के रूप में आपकी महत्वाकांक्षा सराहनीय थी। एक दशक से भी ज्यादा समय तक भारतीय स्पिन के ध्वजवाहक बने रहे इसके लिए बधाई। अपनी उपलब्धियों पर बहुत गर्व है और उम्मीद है कि अब हम आपसे और भी ज्यादा मिलेंगे। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने लिखा, एक बेहतरीन मैच विजेता, टेस्ट क्रिकेट में भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के तौर पर संन्यास लेना किसी यादगार पल से कम नहीं है। इसे उनके अमूल्य बल्लेबाजी योगदान के साथ जोड़ दें, तो आपको खेल के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक मिल जाएगा। शाबाश, ऐश!

भारत के पूर्व विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने लिखा, एक महान खिलाड़ी ने संन्यास लिया। एक शानदार करियर के लिए शाबाश। पूर्व क्रिकेटर डब्ल्यूवी रमन ने लिखा, बहुत बढ़िया .. शानदार लंबे स्पैल को शालीनता और संयम के साथ समाप्त किया। आपकी यात्रा को देखने में मजा आया और सबसे महत्वपूर्ण बात, अपनी स्वतंत्र भावना को बाधित न करने के लिए आपको बधाई। आपकी भविष्य की यात्राओं के लिए शुभकामनाएं।

अश्विन ने भारत के लिए 116 वनडे मैच भी खेले, जिसमें उन्होंने 156 विकेट लिए और 2011 वनडे विश्व कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीमों के सदस्य रहे। अश्विन ने 65 टी20 मैच भी खेले और 72 विकेट लिए। टेस्ट में, अश्विन भारतीय टीम के 12 साल लंबे घरेलू वर्चस्व में केंद्रीय व्यक्तियों में से एक थे और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में 2020/21 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अश्विन टेस्ट में 3000 रन और 300 विकेट का डबल हासिल करने वाले 11 ऑलराउंडरों में से एक थे। उन्होंने मुथैया मुरलीधरन के बराबर रिकॉर्ड 11 प्लेयर-ऑफ-द-सीरीज पुरस्कार भी जीते।

### बीसीसीआई ने लिखा, धन्यवाद अश्विन। एक ऐसा नाम जो महारत, जादू, प्रतिभा और नवाचार का पर्याय है। बेहतरीन स्पिनर और टीम के अमूल्य ऑलराउंडर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। शानदार करियर के लिए बधाई

## बुमराह, आकाशदीप ने ऑस्ट्रेलिया के इरादों पर फेरा पानी, मैच कराया ड्रा

### विटोरी ने कहा-भारतीय बल्लेबाजों की साझेदारी हमारे लिए निराशाजनक रही

### भारतीय निचले क्रम की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया की फॉलोऑन योजना पर पानी फेरा, सीरीज 1-1 से बराबर

**ब्रिस्बेन।** भारतीय निचले क्रम के बल्लेबाज जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप की संघर्षपूर्ण साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया की फॉलोऑन देने की योजना को विफल कर दिया। भारतीय टीम ने तीसरे टेस्ट के चौथे दिन, ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया, मैच को ड्रॉ की ओर मोड़ दिया। लोकेश राहुल (84) और रविंद्र जडेजा (77) ने भारत के लिए अर्धशतक लगाया, लेकिन आखिरी विकेट पर जसप्रीत बुमराह (नाबाद 10) और आकाश दीप (नाबाद 27) की 39 रनों की साझेदारी निर्णायक साबित हुई। भारत का स्कोर नौ विकेट पर 213 रन था और उसे फॉलोऑन से बचने के लिए 33 रनों की जरुरत थी। बुमराह और आकाश ने समझदारी से बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के इरादों पर पानी फेर दिया।

ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि भारतीय बल्लेबाजों की यह साझेदारी उनकी टीम के लिए बेहद निराशाजनक रही। उन्होंने कहा कि हमने सोचा था कि जडेजा के आउट होने के बाद हमें आखिरी विकेट जल्द मिल जाएगा, लेकिन बुमराह और आकाश दीप ने शानदार खेल दिखाया। यह साझेदारी हमारे लिए अप्रत्याशित और कठिनाई भरी रही। ऑस्ट्रेलिया ने बारिश से प्रभावित इस मैच के दूसरे दिन तक सात विकेट पर 405 रन बनाए थे, लेकिन तीसरे दिन पारी घोषित नहीं की। उनकी पहली पारी 445 रन पर सिमट गई। पारी घोषित करने में देरी को लेकर उठे सवालों पर विटोरी ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमने कोई गलती की। इस मैच में पहली पारी के रन बेहद महत्वपूर्ण थे, और मौसम के पूवार्नुमान पर भरोसा करना हमेशा जोखिम भरा होता है।

तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पिंडली की चोट के कारण मैच से बाहर हो गए, जिससे ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी योजना पर असर पड़ा। विटोरी ने कहा कि हेजलवुड जैसे विश्वस्तरीय गेंदबाज की गैरमौजूदगी निश्चित रूप से टीम के लिए बड़ा झटका है। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि बारिश के कारण मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस को आराम का मौका मिला, जिससे टीम को राहत मिली। भारत ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक नौ विकेट पर 252 रन बना लिए। इस प्रकार, फॉलोऑन टालकर भारत ने मैच में अपनी स्थिति को मजबूत किया। पांच मैचों की श्रृंखला का यह तीसरा टेस्ट फिलहाल ड्रॉ की ओर बढ़ता दिख रहा है, लेकिन बुमराह और आकाश दीप की यह साझेदारी भारतीय टीम के लिए प्रेरणा साबित हो सकती है।



ब्रिसबेन में बुधवार को ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत तीसरा टेस्ट के पांचवें दिन स्टीवन स्मिथ को आउट करने के बाद मोहम्मद सिराज खुशी से झूम उठे।

### टीमों की प्लेइंग-11

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

ऑस्ट्रेलिया : पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और जोश हेजलवुड।

### सुंदर पिचाई और एलन मस्क ने कहा शाबाश बुमराह फॉलोऑन बचाने के लिए!

नई दिल्ली। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रेस कॉन्फ्रेंस का एक वीडियो वायरल हो रहा है। बुमराह के इस वीडियो पर गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ब्रिस्बेन में खेले गए सीरीज के तीसरे टेस्ट के चौथे दिन के खेल के बाद वीडियो पर कमेंट किया। उन्होंने लिखा- मैंने इसे गूगल किया। जो कोई कमिंस को छक्का लगा सकता है, वो बल्लेबाजी करना जानता है! शाबाश जसप्रीत बुमराह, दीप के साथ फॉलोऑन बचाने के लिए!

### फॉलोआन से बचने के बाद भारतीय टीम ने मनाया जश्न, पूर्व आस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने हैरानी जाहिर की

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के चौथे दिन फॉलोआन बचाने के बाद ड्रेसिंग रूम में भारतीय खिलाड़ियों के जश्न पर मौजूदा और पूर्व आस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने हैरानी जाहिर की है। आकाश दीप और जसप्रीत बुमराह ने आखिरी विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी करके भारत को फॉलोआन से बचाया। ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन ने कहा, खेल के बाद हम उनके जश्न से हैरान थे, खासकर मैच में हमारे प्रदर्शन को देखते हुए। हमें अपने प्रदर्शन पर गर्व है। मुझे लगता है कि मैच में अपनी स्थिति को लेकर वह संतुष्ट थे। पूर्व क्रिकेटर ब्राड हाडिन ने कहा, मैं यह देखकर हैरान रह गया। उन्होंने फॉलोआन ही बचाया था और मैच में काफी कुछ होना बाकी था। पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने कहा, ह्यमुझे याद है कि 2005 में इंग्लैंड ने भी ऐसा ही कहा था जब हम ड्रॉ के लिए खेल रहे थे और हम लोगों ने थोड़ी खुशी जाहिर की थी। आकाश दीप ने चौथे दिन चौका लगाकर जैसे ही फॉलोआन का आंकड़ा पार किया।

### गूगल बुमराह का दीवाना पोस्ट में लिखा- मैं जस्सी भाई पर यकीन करता हूं



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) का चौथा दिन टीम इंडिया के लिए संघर्ष भरा था। भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप ने पांचवें दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम को फॉलोऑन न देकर संभावित और शर्मनाक पारी की हार को टाल दिया। फॉलो-ऑन और संभावित पारी की हार से बचने की चुनौती के साथ, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के अर्धशतकों के साथ-साथ बुमराह और आकाश दीप के बीच साझेदारी ने भारत को चौथे दिन का अंत 252/9 पर करने में मदद की। इन पारियों ने भारत को टेस्ट में लड़ने का मौका दिया। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 76 रन देकर छह विकेट लेने के बाद फैंस बुमराह के रनों का शुक्रिया अदा नहीं कर सके। आभार में शामिल होते हुए गूगल इंडिया ने भी बुमराह के लिए एक प्रशंसा पोस्ट साझा की, जिसे प्यार से जस्सी भाई कहा जाता है। गूगल इंडिया की एक पोस्ट में लिखा है- मैं केवल जस्सी भाई पर विश्वास करता हूं। एक्स पर पोस्ट में एक ट्विटर उपयोगकर्ता के पोस्ट को उद्धृत करता है, जिसने बुमराह के पहले पोस्ट मैच कॉन्फ्रेंस वीडियो को कैप्शन के साथ साझा किया था। गूगल इट से बेहतर वापसी का नाम बताएं।

## शमीम हुसैन, मेहदी हसन के शानदार प्रदर्शन के दम पर जीता बांग्लादेश

### वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त



**सेंट विंसेंट।** शमीम हुसैन (नाबाद 35), मेहदी हसन मिराज (26) रनों की पारी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश ने दूसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज को 27 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही बंगलादेश ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। बांग्लादेश के 129 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम बांग्लादेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 102 रनों पर ढ़ेर हो गई। वेस्टइंडीज के लिए रॉस्टन चेज ने सर्वाधिक (32) रनों की पारी खेली। अकील हुसैन ने (31) और जॉनसन चार्ल्स ने (14) रन बनाए।

वेस्टइंडीज के बाकी आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बांग्लादेश के लिए तसकीन अहमद ने तीन विकेट झटके। महेदी हसन, तनजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन को दो-दो विकेट हासिल किए। हसन महमूद ने एक बल्लेबाज को आउट किया। शमीम हुसैन को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए ह्यप्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। इसके पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम ने महज 11 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। कप्तान लिटन कुमार दास (तीन) और तंजिद हसन (दो) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सौम्य सरकार भी (11) रन आउट होकर पवेलियन लौट गए। मेहदी हसन मिराज और जाकेर अली ने पारी संभालने का प्रयास किया। मेहदी हसन मिराज (26) और जाकेर अली (21) रन बनाकर आउट हुए। शमीम हुसैन ने बंगलादेश के लिए 17 गेंदों में (35) रनों की पारी खेली। बांग्लादेश की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 129 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से गुडाकेश मोती ने दो विकेट लिए। अकील हुसैन, रॉस्टन चेज, अल्जारी जोसेफ और ओबेद मकॉए ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### डैरेन सैमी वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के कोच नियुक्त

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** मशहूर क्रिकेटर डैरेन सैमी को वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के सभी प्रारुपों का कोच नियुक्त किया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के निदेशक माइल्स बैसकॉम्ब ने यह नियुक्ति की है। वह अप्रैल 2025 में वर्तमान टेस्ट कोच आंद्रे कोले का स्थान लेंगे। सीमित ओवर कोच डैरेन सैमी सभी प्रारूपों के लिए कोच बनाये जाने पर कहाकि किसी भी प्रारुप में, किसी भी पद पर वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए हमेशा से सम्मान की बात है। हालांकि इस खबर की कल्पना मैंने भी नहीं की थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कोच बनूंगा, लेकिन जिस तरह से अभी तक चीजे सामने आयी हैं उससे मुझे इस काम से प्यार हो गया है।

### खंडवारी प्रधान ने चौराहे पर जलवाया अलाव

**चहनियां।** उपजिलाधिकारी सकलडीहा अनुपम मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार की देर शाम को चहनियां चौराहे पर ग्राम प्रधान खण्डवारी सावित्री गुप्ता व लेखपाल सुभाष बिंद ने अलाव जलवाया। अलाव पूर्व प्रधान सरिद्वार यादव ने जलाकर शुभारंभ किया। विगत एक सप्ताह से ठंड में काफी इजाफा हुआ है। ठंड से कस्बा व क्षेत्र के लोग शाम होते ही घरों में दुबक जा रहे है। किंतु बाहर से आने जाने वाले लोग शाम को ठंड से हाल बेहाल है। सबसे ज्यादा रात्रि में ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मियों को होती है। जिसे देखते हुए एसडीएम अनुपम मिश्रा के निर्देश पर प्रधान सावित्री गुप्ता व लेखपाल सुभाष बिंद ने चहनियां चौराहे पर अलाव जलवाया। जिसका शुभारम्भ पूर्व प्रधान सरिद्वार यादव ने अग्नि प्रज्वलित करके किया। प्रधानपति सतीश गुप्ता ने बताया कि ठंड को देखते हुए कस्बा में जगह जगह अलाव की व्यवस्था कर दी गयी है।


## बॉलीवुड न्यूज

### सलारः पार्ट-1 सीजफायर ने बनाया नया रिकॉर्ड




**मुंबई।** सलारः पार्ट 1 सीजफायर ने बड़े पर्दे पर तूफान की तरह दस्तक दी, और इसके डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होने के बाद फैन्स का जोश और भी बढ़ गया। फिल्म ने अपने बड़े पैमाने, एक्शन से भरपूर सीन्स, आकर्षक कहानी और शानदार परफॉर्मेंस से सफलता के नए स्टैंडर्ड सेट किए। एक तरफ फिल्म ने सभी को प्रभावित किया और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़े। वहीं दूसरी तरफ इसने डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होने के बाद, और ज्यादा लोगों तक पहुंची और एक नया कमाल करते हुए 300 दिनों तक एक बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड करती रही। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी सलारः पार्ट 1 सीजफायर, जिसमें प्रभास लीड रोल में हैं, ओटीटी पर धमाल मचा रही है। यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर 300 से ज्यादा दिनों तक ट्रेंड कर रही है, जो दर्शकों के प्यार को साफ दिखाता है। यह फिल्म लगातार टॉप 10 में बनी हुई है। यह देखना वाकई कमाल है कि रिलीज के काफी समय बाद भी फिल्म ओटीटी पर छाई हुई है। सलारः पार्ट 1 सीजफायर की यह सबसे बड़ी सफलता है, क्योंकि यह लगभग एक साल से ओटीटी पर ट्रेंड कर रही है। किसी फिल्म के लिए ऐसा जुनून देखना बहुत ही दुर्लभ होता है। सलारः पार्ट 1 सीजफायर ने अपने हिंदी टीवी प्रीमियर के साथ नए रिकॉर्ड बनाए, जहां इसे 3 करोड़ दर्शकों ने देखा। सलार पार्ट 2: शौर्यांगा पर्वम के लिए पूरी तरह से मंच तैयार करता है। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी।

### फिल्म 'वेदा' हौसले और अन्याय के खिलाफ जंग की एक दिलचस्प दास्तान




**मुंबई।** इस वीकेंड जी सिनेमा लेकर आ रहा है 'वेदा', जो हौसले, इंसाफ और उम्मीद की एक शानदार मिसाल है। जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ जैसे शानदार कलाकारों के साथ यह फिल्म शनिवार, 21 दिसंबर को रात 8 बजे दिखाई जाएगी। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह कहानी दमदार एक्शन, गहरे इमोशन और सोचने पर मजबूर करने वाले लम्हों से लबरेज है। फिल्म के डायरेक्टर निखिल आडवाणी ने इसमें समाज के अहम मुद्दों को उठाया है, जैसे भेदभाव और समानता के लिए संघर्ष। इस फिल्म में जॉन अब्राहम ने एक ऐसे फौजी का किरदार निभाया है, जो अपने सिद्धांतों के लिए लड़ते हैं और हर सीन में अपना जज्बा दिखाते हैं। शरवरी वाघ ने एक छोटे शहर की लड़की का किरदार निभाया है, जो मुश्किल हालात में भी हिम्मत नहीं हारती। उनका किरदार न सिर्फ युवाओं को प्रेरित करता है, बल्कि समानता के लिए लड़ाई का प्रतीक भी बनता है।

## रेलवे सलाहकार समिति के सदस्यों ने स्टेशन का किया निरीक्षण

**जाना हाल**

### स्टेशन भवन निर्माण में तेजी लाने और ओवर ब्रिज निर्माण शुरू कराने की मांग

जनसंदेश न्यूज




**सोनभद्र।** स्टेशन अधीक्षक राममनी सारस्वत व मुख्य वाणिज्य निरीक्षक मिर्जापुर पूर्व राजेश प्रसाद के नेतृत्व में बुधवार को स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्यों के साथ बैठक संपन्न हुई। इस दौरान रेलवे स्टेशन के हो रहे विकास कार्यों कस टीम के सदस्यों ने निरीक्षण किया। सलाहकार समिति के सदस्य बलराम सोनी, राकेश मेहता, यादवेन्द्र दत्त द्विवेदी, रजनीश रघुवंशी ने यात्री सुविधा के विकास के साथ अन्य महत्वपूर्ण पहलू पर चर्चा की।

चर्चा के दौरान समिति के सदस्यों द्वारा निम्न मांग व सुझाव प्रस्तुत किये गये। जिसमें चोपन से दिल्ली के लिए एक सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन, वर्तमान में जो ट्रेन चल रही हैं उसका लाभ स्थानीय जनता को नहीं मिल रहा है गाड़ी पकड़ने के लिए लोगों को बनारस या दीनदयाल उपाध्याय नगर तथा मिर्जापुर जाना पड़ता है और लखनऊ के लिए जाने वाली त्रिवेणी एक्सप्रेस के संचालन टाइम को मैनेज किया जाए ताकि स्थानीय यात्री समय से लखनऊ पहुंच सके। स्टेशन भवन निर्माण कार्य अतिसिघ्र गुणवत्तापूर्ण के साथ कराया जाए।

प्लेटफार्म पर हुए कार्य की गुणवत्ता में कमी है और बाकी निर्माण कार्य में अत्यधिक विलंब व धीमी गति से कराया जा रहा है।

रेलवे रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतिदिन घंटो जाम लगने की वजह से एंबुलेंस व सुबह विद्यालय वाहन आदि को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ओवरब्रिज निर्माण कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाए ताकि लोगों को आये दिन हो रहे जाम से मुक्ति मिल सके।

## पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का शुभारंभ



**चहनियां।** क्षेत्र के बैराठ स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ विद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें प्राचार्य संजय कुमार मिश्र व उप प्राचार्य शुभेंदु भट्टाचार्य ने ध्वज फहराने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य संजय कुमार मिश्र ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी छात्रों को शुभकामना देते हुए स्काउट के प्रशिक्षण का जीवन में महत्व के बारे में बताया। इस कार्यक्रम का संचालन चीनमय मिश्र एवं प्रभारी विनोद कुमार ने कार्यक्रम की योजना एवं रूपरेखा को अपने संबोधन एवं धन्यवाद ज्ञापन भाषण में विस्तार से समझाया। इस शिविर में स्काउट प्रशिक्षक चंद्रकांत प्रजापति, आनंद मौर्य गाइड प्रशिक्षक, अक्षता प्रजापति, अंगिका मौर्या के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया जाएगा।



सिरकोनी ब्लाक के कोतवालपुर गांव की वनवासी बस्ती में आवास व बिजली के लिए कई बार प्रधान के माध्यम से उच्च अधिकारियों को समस्या बताई गई लेकिन अभी तक कोई व्यवस्था नहीं हुई।

# जौनपुर

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**सनसनी**

### जफराबाद थाना क्षेत्र के रतीपुर गांव का मामला, हत्या की आशंका

जनसंदेश न्यूज



**जफराबाद।** थाना क्षेत्र के रतीपुर गांव में 34 वर्षीय युवक की लाश घर से एक किलोमीटर दूर सुनसान बगीचे में पेड़ से लटकती हुई मिली। बुधवार को सुबह ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना परिजनों को तथा पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जांच पड़ताल की जा रही है। मौके पर अन्य पुलिस अधिकारी तथा फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर जांच पड़ताल की। गांव वालों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। उक्त गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार यादव उम्र 34 साल एक प्राइवेट बैंक में फाइनेंस का कार्य करता था। मंगलवार को सुबह रोज की तरह अपनी बाइक से 10 बजे जौनपुर के लिए निकला। देर शाम तक घर नहीं लौटा। मंगलवार की रात करीब 10 बजे पत्नी सुनीता ने फोन पर हाल पूछने के लिए बात किया। धर्मेंद्र ने आखिरी बार 10 बजे के करीब थोड़ी देर में घर आने की बात कहकर फोन रख दिया। 11 बजे सुनीता ने पुनः फोन लगाया तो मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा था। सुबह धर्मेंद्र यादव की लाश घर से लगभग एक किलोमीटर दूर बगीचे में पेड़ की डाली से लटकती हुई मिली। लाश के बगल में मोटरसाइकिल तथा हेलमेट एवं जेब में मोबाइल पाया गया। धर्मेंद्र की लाश की स्थिति को देखते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। गांव वाले दबी जुबान से हत्या होने की बात कर रहे हैं। धर्मेंद्र यादव के भाई जितेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर ले लिया है। धर्मेंद्र अपने पांच भाइयों में सबसे छोटा है। 7 वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी जिससे एक 5 वर्ष का पुत्र भी है।

## कोटेदार के रवैए से आक्रोशित महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन



**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ताखा पूरब गांव में कोटेदार के मनमानी रवैए से नाराज गांव की महिलाओं ने तहसील परिसर में पहुंच कर नारेबाजी कर उपजिलाधिकारी कार्यालय के बाहर जमा हो गई।

बुधवार को क्षेत्र के ताखा पूरब के कोटेदार तीन महीनों से रजिस्टर पर अंगूठा लगवा लेता है मगर राशन नहीं देता। ऐसा ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उक्त भ्रष्ट कोटेदार के खिलाफ इसके पहले भी शिकायत की गयी थी मगर कोई कार्यवाई नही हुई जिससे कोटेदार और मनबढ़ हो गया। बुधवार को जब ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया तो सैकड़ों की संख्या में ग्राम प्रधान संगीता पासवान के नेतृत्व तहसील पहुंची और उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गयी। काफी हो हल्ला के बाद उपजिलाधिकारी ने किसी तरह समझा बुझाकर ग्रामीणों को वहां से हटाया और जांच का आश्वासन दिया। वहीं जब इस सम्बंध में आपूर्ति विभाग के सप्लाई इंस्पेक्टर से जानकारी मांगी गई तो वह कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने कहाकि सप्लाई इंस्पेक्टर को गांव में भेजकर जांच करायी जाएगी। जांच के बाद कोटेदार के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## संक्षेप

### चाइनीज मांझा बेच रही महिला गिरफ्तार

**जौनपुर।** नगर कोतवाली पुलिस ने चाइनीज मांझा बेचते हुए एक महिला दुकानदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित धागा बरामद होने का दावा कर रही हैं। एसपी डा. अजय पाल शर्मा द्वारा लोगो के जीवन रक्षार्थ चाईनीज मांझा बेचने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा बुधवार को चेकिंग के दौरान बेंगमगंज चुंगी से एक अभियुक्ता रिंकू केसरवानी पत्नी बद्री प्रसाद केसरवानी उम्र करीब 37 वर्ष बेगमगंज चुंगी को 40 अंटा चाइनीज माँझा के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद अवैध 40 अंटा चाइनीज माँझा के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 514/2024 धारा 223 बी/293/125 बीएनएस व 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 थाना कोतवाली में पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाई की जा रही है।

### पूर्व कानून मंत्री के चचेरे भाई के घर हुई चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**थानागद्दी।** केराकत में चोर इस कदर बेखौफ हैं कि गरीब किसानों के घर को तो निशाना बना ही रहे हैं लेकिन अब चोरों ने पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद के चचेरे भाई के घर में घुसकर चोरी कर ली। मामला तब प्रकाश आया जब किसी ने चोरी की खबर को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रवि शंकर प्रसाद के घर हुई चोरी। चोरी हुए एक सप्ताह बीत गया लेकिन स्थानीय पुलिस ने मामला दबाए रखा जिसके बाद यूपी पुलिस को टैग करते हुए तत्काल संज्ञान में लेकर कार्यवाही की मांग की गयी। एक्स पर पोस्ट होते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। आनन फानन में चौकी प्रभारी विद्यासागर सिंह मय टीम के साथ निहालापुर गांव पहुंच मौका मुआयना कर लिखित तहरीर लेकर कार्यवाही में जुट गए। मालूम हो कि केराकत कोतवाली के थानागद्दी चौकी अंतर्गत ग्रामसभा निहालापुर में भाजपा के दिग्गज नेता व पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद का पुस्तैनी आवास है। घर व खेती की देखभाल चचेरे भाई कन्हैया लाल करते है। जिन्होंने फोन पर बताया कि दस दिसंबर को विवाह समारोह में शामिल होने प्रयागराज गए हुए थे। सुबह जब घर वापस लौटे तो मेरे घर से गेहूं चावल की बोरी गायब थी। आस-पास खोजबीन की गई नहीं मिलने पर चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की हालांकि चोरी की तहरीर नहीं दी गई है केवल चोरी की सूचना दी गई। मगर आज लिखित तहरीर जरूर दी गई है। वह किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही नहीं चाहते हैं क्योंकि वह प्रयागराज में रहते हैं। चोरी मेरे घर हुई है न कि मंत्री के घर।

### सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा का हुआ आगाज

**खेतासराय।** कस्बा के उत्तरी छोर पर स्थित आदर्श भारती महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर बुधवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ जिसमें यजमान प्रबधंक अनिल कुमार उपाध्याय रहे और कथा वाचक पंडित अखिलेश चन्द्र मिश्र रहे। कथा का शुभारंभ वेद मंत्रों के उच्चारण, दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित अखिलेश चन्द्र मिश्र ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा के महत्व और उसकी आध्यात्मिक गहराइयों से परिचित कराया। कथा का पहला दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, उनके जन्म और माखन चोरी की घटनाओं पर केंद्रित रहा। कथावाचक की संगीतमय शैली और भावपूर्ण व्याख्यान ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दौरान बीच-बीच में संगीतमय भक्ति गीतों पर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। संगीत और कथाओं के मेल ने कथा को और भी अधिक रोचक और आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। आयोजन स्थल को भव्य तरीके से सजाया गया था, और श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और जलपान की व्यवस्था की गई। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से लेकर 3 बजे शाम तक चलेगी। श्रद्धालु इस आध्यात्मिक आयोजन का लाभ उठाकर भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके दिव्य उपदेशों को आत्मसात कर सकते है। इस अवसर पर प्राचार्य विनय सिंह, प्रधानाचार्या सुनीता मिश्रा, विभा पाण्डेय, आरसी विश्वकर्मा, डॉ. धर्मराज पाण्डेय समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

### गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम, अपराधियों की धरपकड़ व गैरजमानती वारंटियों की धरपकड़ अभियान के गैरजमानती वारंटी ताड़कनाथ गौतम पुत्र मुक्खू निवासी बनगांव, थाना पवांरा जो न्यायालय द्वारा वारंट जारी होने के बावजूद हाजिर नहीं हो रहा था। इसलिए न्यायालय ने उसके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया। बुधवार की सुबह उपनिरीक्षक विनोद कुमार अंचल ने हेड कान्सटेबल सर्वेश तोमर, कान्सटेबल धनंजय यादव के साथ बनगांव से उसको गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल



**सुजानगंज।** प्राथमिक विद्यालय गौहानी के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पीएमश्री योजना के अंतर्गत चयनित प्राथमिक विद्यालय गौहानी में बुधवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर किरण पांडेय ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पूजन किया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वागत गीत, राष्ट्रीय गीत, नृत्य, नाटक, प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। खेल-कूद में दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, कला प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम का प्रस्तुति करण किया जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को खंडशिक्षा अधिकारी, एवं प्रधान सहित एसएमसी अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि शेर बहादुर मौर्य (अध्यक्ष) पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, श्यामबली सरोज आदि द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं ग्राम प्रधान द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ग्राम प्रधान का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी अध्यापकगण, राधा कुमारी, मोहम्मद हारुन, वीरेंद्र कुमार, पुष्पा सिंह, रीना कुमारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान शिवसागर पाल एडवोकेट ने किया। अंत में प्रधानाध्यापक अमृतलाल रजक द्वारा सभी अभिभावकों, बच्चों, अतिथियों को आभार तथा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की गई जान

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत आजाद रेलवे क्रासिंग के समीप राजापुर गांव के पास मंगलवार की रात ट्रेन की चपेट में आकर एक वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान होने के बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खेतासराय थाना क्षेत्र के पाराकमाल गांव निवासी 65 वर्षीय जैतू राजभर का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। मंगलवार की शाम वह घर से निकला। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। रात्रि राजापुर गांव के पास किसी ट्रेन के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटनास्थल दो थानों की सीमा होने से शाहगंज और खेतासराय की पुलिस पहुंची। घंटों बाद शव की पहचान हुई। शाहगंज पुलिस ने शव को कब्जे में ले परिजनों को सूचना दे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


### पहलवान वीर बाबा मंदिर से पीतल के घंटे व दानपेटी उठा ले गए चोर

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र स्थित गोधना पहलवान वीर बाबा मंदिर से बीती रात पीतल के घंटे व दान पेटी चोरी हो गए। बुधवार को 4 बजे भोर मंदिर की साफ सफाई करने पहुंचे गौरी शंकर बिंद और त्रिभुवन सरोज ने बताया कि 51 किलो के 2 और छोटे बड़े 33 अन्य घंटे चोरी हुए हैं। उन्होंने बताया कि 3 कुंतल से अधिक पीतल के घंटे चोरी हुए हैं वहीं दान पेटी भी चोर उठा ले गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि इनवर्टर और लाइट कई दिनों से खराब रहने से कैमरा बंद है। उसी का फायदा चोरों ने उठाया है।

### शिविर लगाकर की गई दो लाख की वसूली

**खेतासराय।** क्षेत्र के पाराकमाल गांव में बुधवार को विद्युत विभाग की ओर से एकमुश्त समाधान योजना के तहत शिविर लगाया गया जिसमें दो लाख रुपए की राजस्व वसूली की गई। 25 उपभोक्ताओं ने एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठाया। बिल का भुगतान न करने वाले 20 बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काट दिए गए। एसडीओ धर्मेंद्र गुप्ता ने बिल का भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं से ओटीएस का लाभ उठाने को कहा। कनेक्शन विच्छेद से बचने के लिए उन्होंने बिल भुगतान करने की उपभोक्ताओं से अपील की। इस दौरान जेई भानू सिंह, लाइनमैन अखिलेश, प्रदीप, जसवंत, अजय आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ में पशु तस्कर घायल, साथी फरार



**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत निजामपुर गांव तिराहे के समीप गैंगस्टर एक्ट में वांछित गो-तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। गो-तस्कर के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगी है। वहीं बाइक पर सवार उसका साथी फरार हो गया। उसके पास से पुलिस ने बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद किया है। घटना मंगलवार देर शाम की है। आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत बैरकडीह गांव निवासी वर्तमान पता कोतवाली क्षेत्र का नटौली गांव निवासी 28 वर्षीय नौशाद पुत्र युनूस के साथ पुलिस का निजामपुर गांव में मुठभेड़ हो गया। बताया जाता है कि बाइक पर नौशाद अपने साथी के साथ जा रहा था। पुलिस के रोकने पर फायरिंग शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में नौशाद के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लग गयी। वहीं साथी अंधेरे का फायदा उठा मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि वांछित नौशाद पर सरपतहां थाना में गोवध अधिनियम एवं गैंगस्टर के तहत मामला दर्ज है। फिलहाल पुलिस ने राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उक्त की हालत गम्भीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। घटना स्थल से बाइक तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। इस दौरान कोतवाली निरीक्षक दिपेन्द्र सिंह मय फोर्स मौजूद रहे।

## उपली पाथने का विरोध करने पर वृद्धा को किया घायल

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के बूढ़ूपुर गांव में बुधवार को विवादित जमीन पर उपली पाथने का विरोध करने पर विपक्षियों ने दूसरे पक्ष की एक सत्तर साल की वृद्धा को मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को हिरासत में थाने ले जाकर वृद्धा का चिकित्सकीय परीक्षण कराया। बताया जा रहा है कि उक्त गांव में बुधवार को उक्त मामले में विरोध करने पर विपक्षियों ने दूसरे पक्ष की 70 साल की वृद्धा झिनका पत्नी बाबूराम को मारपीट कर घायल कर दिया। वृद्धा के सिर में चोट आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में थाने ले जाकर वृद्धा का स्थानीय सीएचसी पर चिकित्सकीय परीक्षण कराया। घटना विवादित जमीन में उपली पाथने को लेकर बतायी जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मॉडल प्रतियोगिता में दीपिका गिरि प्रथम

**आयोजन**

### 39 मॉडल सहित 70 छात्रों ने प्रतिभाग किया

### विजयी छात्र छात्राओं के प्रबन्धक ने किया पुरस्कृत

जनसंदेश न्यूज



**जफराबाद।** श्री केपी पाण्डेय इण्टर कालेज में बुधवार को आयोजित माडल प्रतियोगिता में कक्षा 10 की छात्रा दीपिका गिरि के माडल का दबदबा रहा।

दीपिका गिरि ने हाइड्रोइलेक्ट्रिक डैम पर अपना माडल बनाया था जो लोगों को काफी पसन्द आया। बुधवार को कालेज प्रांगण में विज्ञान माडल प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी जिसमें सिनियर वर्ग के कुल 70 छात्र-छात्राओं नें अपने-अपने कुल 39 माडल के साथ प्रतिभाग किया। ज्यूरी कमेटी की टीम में रहे रितेश चौबे, सनाउल्लाह, नितीन कुमार, शुभम दूबे, रीता मौर्य ने सभी छात्र-छात्राओं के माडल को परखने के बाद अपना निर्णय दिया जिसमें दीपिका गिरि को उनके माडल हाइड्रोइलेक्ट्रिक डैम के लिये प्रथम घोषित किया गया। इसके अलावा खुशी विश्वकर्मा व आमरीन को प्रकृति सुन्दरता के लिये द्वितीय स्थान, पल्लवी जायसवाल को मानव संरचना के लिये तृतीय स्थान घोषित किया। सभी विजयी छात्र-छात्राओं को प्रबन्धक संजीव कुमार पाण्डेय द्वारा पुरस्कृत किया गया। बाकी के 10 प्रतियोगियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को शुभकामना दिया। इस अवसर पर मंगलेश कुमार, उमांशकर, संतोष बरनवाल, एमपी यादव, वागीश चन्द्र उपाध्याय, ज्ञान कुंवर मिश्रा आदि रहे।

## मदरसा में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** मदरसा चश्मये हयात रेहटी त्रिलोचन बड़ागांव में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का भव्य आयोजन किया गया जिसमें मदरसा के छात्र शिक्षकगण एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वाराणसी मंडल के डिप्टी डायरेक्टर संजय मिश्रा एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जौनपुर अनीता ने प्रतिभाग किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डिप्टी डायरेक्टर संजय मिश्रा ने कहा कि आज का दिन अल्पसंख्यक समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष रूप से आयोजित किया जाता है ताकि देश के अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को जागरूक करके उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके और सरकार द्वारा चलाए जा रहे अल्पसंख्यकों के विकास के लिए कार्यक्रमों की जानकारी उन्हें दी जा सके। इस अवसर पर मदरसा में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित अनेक मॉडल पेश किए गए जिनका अवलोकन करने के बाद जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं डिप्टी डायरेक्टर मंडल वाराणसी द्वारा बच्चों से मॉडल संबंधित प्रश्न किए गए जिसका बच्चों द्वारा तथ्यात्मक उत्तर दिया गया।

बच्चों के तथ्यपरक उत्तर को सुनकर सभी उपस्थित लोग मंत्र मुग्ध हो गए। बच्चों द्वारा बनाए गए जल शुद्धीकरण मॉडल से प्रसन्न होकर डिप्टी डायरेक्टर संजय मिश्रा ने इस मॉडल को बनाने वाले बच्चे मोहम्मद आमिर एवं आफिया को पुरस्कृत किया। इसके अतिरिक्त बच्चों द्वारा प्रदूषण कम करने, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, मिसाइल, यातायात एवं संचार आदि से संबंधित वैज्ञानिक मॉडल पेश किए गए जिसके लिए बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदरसा के प्रधानाचार्य गुफरान सज्जाद द्वारा किया गया। मौके पर रवि साहू, अच्छे लाल, दिलशाद, शाहिद, हयात, अफजल, मोहम्मद जावेद, तौफीक, निशात, कलीमुल्लाह, शौकत, अबरार, फैजान, नसीम आदि मौजूद रहे।

### आबादी के बीच से शराब का ठेका हटाने को लेकर महिलाओं का हंगामा

**पवांरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत सजईकला मार्ग पर आबादी के बीच स्थित शराब की दुकान को बंद कराये जाने की मांग को लेकर सरोज बस्ती व गौतम बस्ती की महिलाओं ने ठेके पर जाकर हंगामा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। हंगामा की सूचना पाकर पुलिस पहुंची और किसी तरह से महिलाओं को शान्त कराया। बुधवार को महिलाओं ने ठेके पर जाकर हंगामा करते हुए कहा कि शराबी शराब पीने के बाद रास्ते में आने-जाने वाली महिलाओं व लड़कियों पर अभद्र टिप्पणी करते हैं तथा गाली-गलौज करते हैं। जिसका असर पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ता है। महिलाओं ने ये भी कहा कि जब से शराब की दुकान खुली है तब से हम लोगों के घर के बच्चे गेहूं, चावल बेचकर शराब पी रहे हैं तथा उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। यहीं नहीं प्रतिदिन शराबी ठेके पर व अण्डे की दुकानों पर बैठकर शराब पीकर मारपीट व गाली-गलौज करते हैं जिससे इसका प्रभाव बच्चों पर भी पड़ रहा है। हम लोग इन क्रिया-कलापों से त्रस्त होकर आज शराब की दुकान पर इकट्ठा हुए हैं ताकि शराब की दुकान आबादी से दूर स्थानान्तरित हो सके।

## पुलिस अधीक्षक ने किया थाने का औचक निरीक्षण, दिया निर्देश



**केराकत।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा ने स्थानीय थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपराधियों पर नकेल कसने और जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाने के विभिन्न हिस्सों, जैसे कार्यालय, हवालात, मालखाना, मेस, बैरक और कम्प्यूटर कक्ष का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय को निर्देश दिया कि सक्रिय आपराधिक गिरोहों की गतिविधियों पर सख्ती से नजर रखी जाए और उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर उन्होंने थाने में मेस, शस्त्र-कारतूस, राजकीय संपत्ति और सीसीटीएनएस प्रणाली की जांच की। साथ ही गैंगचार्ट, बीट बुक, हिस्ट्रीशीटर की निगरानी और कंप्यूटरीकृत अभिलेखों का भी अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों को अद्यतन रखने, थाने की साफ-सफाई बनाए रखने और जनता की शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस की कार्यशैली में सुधार और जनहित में पुलिस की छवि बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार और त्वरित कार्रवाई से पुलिस का भरोसा बढ़ाया जा सकता है।

## एक साथ 11 पुलिस कर्मी हुए निलंबित

**कार्रवाई**

### धन उगाही के संदेह के दायरे में आने पर चला एसपी का हंटर

### विभागीय जांच के भी आदेश महकमे में मची खलबली

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजयपाल शर्मा ने 11 थानों पर तैनात पासपोर्ट पटल देखने वाले चार हेड कांस्टेबलों व सात कांस्टेबलों को निलंबित कर दिया। ऐसा पहली बार हुआ है कि धन उगाही के संदेह में एक साथ इतनी बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों पर निलंबन की गाज गिरी है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार निलंबित किए गए हेड कांस्टेबलों में अजय तिवारी थाना जफराबाद, दिलीप कुमार लाइन बाजार, मिथिलेश कुमार सिंह शहर कोतवाली, रमेश सिंह मीरगंज, कांस्टेबलों में पवन साहनी चंदवक, अभय यादव सिकरारा, सत्यम सिंह तेजी बाजार, विकास गुप्त बक्शा, अजीत कुमार केराकत, रोहन कुमार गौराबादशाहपुर और संदीप कुमार थाना पवारा हैं। एसपी ने बताया कि मंगलवार को जनपद के विभिन्न थानों के पारपत्र रजिस्टर का अवलोकन किया गया। इसका मकसद आवेदकों से फीडबैक लेना था, लेकिन रजिस्टर में उनका मोबाइल नंबर अंकित नहीं मिला। इससे साफ जाहिर होता है कि ऐसा जान-बूझकर किया गया। आवेदकों का मोबाइल नंबर अंकित किए जाने को कई बार निर्देश दिए गए थे। यह इस बात का द्योतक है कि संबंधित पुलिस कर्मी कर्तव्य पालन में घोर उदासीनता बरतते हुए मनमानी कर रहे थे। इनके विरुद्ध विभागीय जांच भी कराई जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर आगे और भी कार्रवाई की जाएगी।

### जिला जज ने किया ग्राम न्यायालय का औचक निरीक्षण

**शाहगंज।** बुधवार की शाम तहसील मुख्यालय स्थित ग्राम न्यायालय का जिला जज अनिल कुमार वर्मा ने औचक निरीक्षण किया। जिला जज शाम लगभग साढ़े पांच बजे तहसील पहुंचे जहां सबसे पहले ग्राम न्यायालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में न्यायालय की फाइल, रजिस्टर, दस्वावेज, साफ सफाई और रिकार्ड का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण में कोई कमी नही पाई गई। वहीं आदेशित किया कि ग्राम न्यायालय नियमानुसार 25 हजार रुपये तक का सिविल वार अबसे स्थानीय स्तर पर दाखिल हो सकेगा। अभी तक जौनपुर न्यायालय में दाखिल होता रहा। लंबे समय से ग्राम न्यायालय के वरिष्ठ लिपिक रवि के खिलाफ मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए स्थानांतरण का आदेश दिया। सख्त हिदायत दिया की दोबारा शिकायत मिलने पर बर्खास्त कर दिया जाएगा। बतातें चले की तहसील के अधिवक्ताओं ने ग्राम न्यायालय के बड़े बाबू रवि के खिलाफ अभद्र व्यवहार, भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जिला न्यायालय और उच्च न्यायालय में शिकायत किया था।

## वाहन के टक्कर से बाइक सवार युवक घायल



**नेवढ़िया।** थाना क्षेत्र के भवानीगंज (खरगसीपुर) गाँव के पास सरकारी वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को थानाध्यक्ष अमित पांडेय ने उपचार के लिए रामपुर अस्पताल भेजा। वहीं ग्रामीणों ने जमालापुर-बाबतपुर मार्ग को जाम कर दिया। सूचना पर नेवढ़िया, रामपुर, सुरेरी थानों से भारी संख्या में फोर्स पहुंची और स्थानीय लोगों को समझाने में जुटी रही।

जानकारी के अनुसार खरगसीपुर के समीप बुधवार की सुबह पूरेलला गांव निवासी रामनरेश बनवासी बाइक से कही जा रहा था। जैसे ही वह खरगसीपुर के समीप पहुंचा था कि सामने से एक उत्तर प्रदेश सरकार लिखा वाहन आ रहा था जिसने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और नेवढ़िया थानाध्यक्ष द्वारा उपचार के लिए उसे रामपुर अस्पताल भेजा गया। वहीं नाराज ग्रामीणों ने जमालापुर-बाबतपुर मार्ग को जाम कर दिया। सूचना पाकर क्षेत्रधिकारी माड़ियाहूँ समेत सुरेरी, रामपुर, नेवढ़िया थाने की फोर्स मौके पर पहुंच कर जाम खुलवाने में जुटी रही। उधर ग्रामीण मुकदमा दर्ज करने की जिद पर अड़े रहे। रामपुर के ब्लॉक प्रमुख राहुल सिंह मंकू ने मौके पर पहुँचकर लोगों को समझा बुझाकर जाम को समाप्त कराया। घायल की माता पियारी देवी की तहरीर पर मिर्जापुर जनपद के विंध्याचल थाना क्षेत्र के खमरिया डमुआन गांव निवासी चालक राहुल कुमार दुबे पुत्र राजेंद्र प्रसाद दुबे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष नेवढ़िया अमित कुमार पाण्डेय ने बताया घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज कर विधिक कार्यवाई की जा रही है।

# तीन गौ तस्करों को गोपीगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज



**गोपीगंज।** पुलिस अधीक्षक डॉ मीनाक्षी कात्यायन के निर्देश पर जनपद में गौ तस्करी पर पूर्णतः विराम लगाने के निर्देश के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार पशु तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

लाला नगर टोल प्लाजा के पास से कंटेनर ट्रक वाहन में क्रूरतापूर्वक वध हेतु जनपद के रास्ते बिहार से पश्चिम बंगाल ले जाए जा रहे 30 राशि गोवंश (सांड) के साथ गौ-तस्करी में लिप्त गिरोह के तीन शातिर गौ-तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तारशुदा आरोपियों के कब्जे से तीन नाजायज चाकू भी बरामद किया गया है। गोवंश व वाहन को कब्जे लेते हुए गौ-तस्करी में प्रयुक्त वाहन के स्वामी सहित गौ तस्करों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया। गिरफ्तारशुदा गौ तस्कर उजैर खॉ पुत्र स्व. इजहार खॉ निवासी पनकरा थाना डुमरिया बिहार आजम पुत्र आलम निवासी कस्बा फलावदा थाना फलावदा मेरठ, मोहम्मद इस्लाम पुत्र तोतिया निवासी कारी कुंआ कस्बा लावण इंचौली जनपद मेरठ के निवासी हैं गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद, राजेश यादव, मुख्य आरक्षी गोविंद सिंह यादव, शिवसहाय उपाध्याय, अखिलेश दुबे, जितेंद्र सिंह, अतुल कुमार, जयप्रकाश मौर्य व दिनेश कुमार शामिल रहें।

# भदोही के युवक की कोलकाता में हुई हत्या

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के बंजारी गांव निवासी प्रशांत उर्फ शिवम पांडेय उम्र 25 वर्ष की कोलकाता में हत्या कर दी गई। कोलकाता में पोस्टमार्टम किये जाने के बाद भवानीपुर घाट पर शव का परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। मृतक के पिता ने सरकार से न्याय की गुहार लगाई है।

घटना के बारे में बताया जाता है कि गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के बंजारी गांव निवासी विद्या शंकर पांडेय का छोटा पुत्र प्रशांत उर्फ शिवम कोलकाता में प्राइवेट नौकरी करता था और अकेले ही रूम लेकर रहता था। पिता विद्या शंकर पांडेय ने बताया कि पुत्र की हत्या 15 दिसंबर की रात को की गई थी मामले में कोलकाता पुलिस लीपा पोती करने में लग गई है, जबकि उनके पुत्र का हत्या किया गया है। उन्होंने बताया प्रशांत का जन्मदिन 15 दिसंबर को था जिस मकान में रहता था उस मकान का

**दुःखद**

**जिस दिन हुई हत्या उसी दिन था उसका जन्म दिन**

एक युवक तथा चार बाहरी युवक रूम पर आए थे, जिसके बाद सुबह जानकारी मिली उनके पुत्र का शव कमरे में अर्द्ध जला हुआ मिला है, पिता ने आरोप लगाया कि जिस कमरे में पुत्र रहता है उस कमरे का दरवाजा भी खुला था। कोलकाता पुलिस का कहना है कि नशे की हालत में सिगरेट से कमरे के बिस्तर में आग लग गई होगी जिससे युवक जल गया और धुएं से दम घुट गया। बताते चलें प्रशांत उर्फ शिवम दो भाई थे प्रशांत छोटा था और अभी प्रशांत की शादी भी नहीं हुई है। वही बुधवार को कोलकाता में पोस्टमार्टम होने के बाद शव घर पहुंचा जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल रहा, भवानीपुर घाट पर पुत्र का परिजन अंतिम संस्कार किया।

## संक्षेप

### रेडक्रॉस सोसायटी ने दर्जनों टीवी मरीजों में वितरित किया पोषण आहार पोटली

**भदोही।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को रेडक्रास कार्यालय पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा पचास टीवी मरीजों को पोषण आहार पोटली का वितरण किया गया। जिसमें एक एक किलोग्राम चना, गुड़, मूंगफली, सत्तू व आधा किलोग्राम हॉर्लिक्स प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेडक्रास के नोडल अधिकारी एडिशनल सीएमओ डॉ.ओपी शुक्ला ने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि रेडक्रास हमेशा दीन दुखियों की सेवा के लिए आगे रहता है। रेडक्रास के एक्जक्यूटिव मेम्बर डॉ केपी मिश्रा ने रेडक्रास के सेवा कार्यों की जानकारी प्रदान की। क्षयरोग के विभागाध्यक्ष एडिशनल सी.एम.ओ डॉ विवेक श्रीवास्तव ने सभी टीबी मरीजों को नियमित दवा एवं पोषण आहार लेने की सलाह दी। कोषाध्यक्ष हरेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए उपस्थित सदस्य आर.सी त्रिपाठी, अब्दुल वाहिद अंसारी, डॉ. आर यन सिंह, आलोक गुप्ता, आनंद गुप्ता, अभय श्रीवास्तव, डॉ. राजेश, शकील खान, डॉक्टर कृष्ण सिंह आदि सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### नील गाय को बचाने में बाइक सवार युवक घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के रामपुरघाट रोड पर नील गाय को बचाने में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि राज पुत्र कंपोटर ग्राम पूरे प्रताप थाना गोपीगंज बुधवार को ही सूरत से घर वापस आया था और आने के साथ ही अपने एक मित्र डब्बू पुत्र स्वर्गीय नेता के साथ बाइक से गंगा नहाने को निकला था। रामपुर घाट के नजदीक पहुंचा ही था कि सड़क पर अचानक नील गाय सामने आ गई, जिसे बचाने का प्रयास किया किंतु नीलगाय से टकराकर सड़क पर गिर गए। घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में में भर्ती किया वहीं दूसरे घायल युवक को निजी नर्सिंग होम में भर्ती किया गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच गए।

### विज्ञान व गणित प्रदर्शनी का आयोजन

**ज्ञानपुर।** जिलाा शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उदघाटन जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर डायट प्राचार्य विकास चौधरी एवं प्रतियोगिता के नोडल गुनराज सिंह, गणेश कुमार, जय प्रकाश, योगेंद्र यादव के निर्देशन में संपन्न हुई। प्रदर्शनी में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने बढ़ चढ़ के प्रतिभाग किया।

### सत्तर प्लस उम्र वाले अधिवक्ताओं का बनाया गया आयुष्मान कार्ड

**भदोही।** जिला सत्र एवं न्यायालय में बुधवार को सत्तर प्लस उम्र वाले अधिवक्ताओ का कार्ड बनाने का कैंप आयोजित किया गया। जिलाधिकारी विशाल सिंह के निर्देश पर जिला सत्र एवं न्यायालय में कैंप लगवा कर अधिवक्ताओं का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। अधिवक्ताओं ने जिला अधिकारी का आभारव्यक्त किया। इस मौके पर मनीष कुमार, आशीष श्रीवास्तव, शैलेंद्र प्रताप सिंह, नितेश मौर्य, कृष्ण कुमार यादव उपस्थित रहे।

### मदरसा में धूमधाम से मनाया गया अल्पसंख्यक अधिकार दिवस



**जौनपुर।** मदरसा अरबिया रियाजुल उलूम मछलीशहर में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मदरसा के छात्र छात्रा शिक्षकगण एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर संजय मिश्रा को हाजी मोहम्मद इमरान खान ने शाल पहनाकर और बुके देकर एवं प्रधानाचार्या महजबीं बेगम ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अनीता को शाल पहनाकर और बुके देकर उनका स्वागत किया। इसी क्रम मे जमाल अख्तर ने बताया कि हम लोग जो आज के दिन यहां इकट्ठा हुए हैं यह अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाने के लिए इकट्ठा हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष रूप से आयोजित किया जाता है ताकि देश के अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को जागरूक करके उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। इस अवसर पर मदरसे में बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्राफ्ट मेले का भव्य आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित अनेक क्राफ्ट माडल दिखाए गए जिनका अवलोकन करने के बाद अध्यापक रिजवान अहमद के द्वारा बच्चों से मॉडल संबंधित प्रश्न किए गए जिसका बच्चों द्वारा उत्तर दिया गया। बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल से प्रसन्न होकर मोहम्मद इमरान खान ने मॉडल को बनाने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहल्ले के युवा सभासद फराज सिद्दीकी द्वारा किया गया। इस अवसर पर नफीस अहमद, फैजान अहमद, मोहम्मद वकील, शकील, यूनुस, तौफीक, शमसुददीन, फरहत, तहसीन, सुहैल सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# मदरसे में लगी प्रदर्शनी देख सरवर सिद्दीकी ने बढ़ाया उत्साह



**भदोही।** नगर के मदरसा अरबिया मदिनतुल इल्म पीरखानपुर में बुधवार को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य और उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति, उत्तर प्रदेश सरकार में सदस्य सरवर सिद्दीकी मुख्य अतिथि रहे। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर मदरसा में कक्षा दो से लेकर आठ तक के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रोजेक्ट बना कर प्रदर्शनी लगाया गया। जिसका मुख्य अतिथि ने अवलोकन कर हौसला अफजाई किया। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा काबा शरीफ, पृथ्वी ज्वालामुखी, पानी फिल्टर करने के लिए गिट्टी, बालू, कॉटन द्वारा प्रोजेक्ट बनाया, बच्चियों ने थर्मोकॉल से प्रोजेक्ट बनाया कि कैसे वर्षा होती है और बारिश का का पानी कैसे भाप के जरिये वापस बादलों में जा कर दोबारा वर्षा होती है। गुब्बारे और पाइप के जरिये फेफड़ों में कैसे हवा भर्ती है और निकलती है, सिलाई कढ़ाई द्वारा गलाफस, सर्दी की टोपी, मोजा आदि दर्जनों प्रोजेक्ट बच्चों द्वारा बनाया गया था। जिसका मुख्य अतिथि सरवर सिद्दीकी ने अवलोकन करने के बाद बच्चो को बताया कि देश के मिसाइल मैन के नाम से जाने और पहचान बनाने वाले पूर्व राष्ट्रति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की प्राथमिक पढ़ाई मदरसे से ही हुई।

इस मौके पर प्रिंसपल मौलाना रज्जब अली, मौलाना अब्दुल समद, हाजी हसीन सिद्दीकी, मौलाना अर्शे आजम, लईक नैयर, ताहिर अली आदि मौजूद रहे।

### विधानसभा का घेराव करने से पहले कांग्रेस नेता किए गए हाउस अरेस्ट

**भदोही।** कांग्रेस के 18 दिसंबर को प्रस्तावित लखनऊ विधानसभा घेराव के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिले के कांग्रेसी काफी दिनों से तैयारी कर रहे थे। दर्जनों कांग्रेसी 17 को सुबह ही विधान सभा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकल गए थे, लेकिन जो कांग्रेसी शाम को घर से निकलने वाले थे, उनके मंसूबे को पुलिस ने उस वक्त नाकाम कर दिया जब जिले के बड़े कांग्रेस नेताओं को घर से निकलने से पहले ही उनके घर पर ही पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया।कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के विधान सभा घेराव के आह्वान पर गोपीगंज नगर के कार्यकर्ता पूर्व जिलाध्यक्ष माबूद खान, औराई व चौरी क्षेत्र के कार्यकर्ता जिला महासचिव जजलाल राय और भदोही शहर के कार्यकर्ता कांग्रेसी नेता मसूद आलम के नेतृत्व में लखनऊ जाने की तैयारी की थी। मंगलवार की शाम तक विभिन्न पुलिस टीमें कांग्रेस नेताओं के आवास पर पहुच कर लखनऊ जाने के पूर्व घर मे ही रोक दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से कांग्रेस कार्यकर्ता लखनऊ नही पहुच सके। इस दौरान जिला महासचिव जजलाल राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बैठी योगी सरकार पूरी तरह से तानाशाही और हिटलर शाही का रूप पकड़ कर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी कार्यकताओं को पूरी तरह से दबाने का काम कर रही है और घर जाकर कार्यकताओं को गिरफ्तार करवा रही है ताकि लखनऊ विधानसभा घेराव कार्यक्रम सफल न हो सके।

# अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करने से ही उन्नति : प्राचार्य

**शिविर**

**पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का दूसरे दिन के कार्यक्रम संपन्न**

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही में बुधवार को रोवर्स-रेंजर्स के द्वारा आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन छात्रों ने विभिन्न कलाएं और कौशल सीखे।

प्राचार्य प्रोफेसर शाहिद परवेज ने बताया कि रोवर्स प्रभारी डॉ अनीश कुमार मिश्र और रेंजर्स प्रभारी डॉ भावना सिंह के नेतृत्व में छात्रों के दल को जिला स्काउट प्रशिक्षण आयुक्त चंद्रेश राय और जिला आईटी कोऑर्डिनेटर नागेश्वर प्रजापति ने प्रशिक्षण दिया। शिविर में प्राचार्य ने छात्रों को अनुशासित रहकर शिविर में प्राप्त प्रशिक्षण को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया और बताया कि अच्छा नागरिक बनने के लिए हमें सदाचार, अनुशासन, इमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करना चाहिए तभी हमारी उन्नति संभव हो पाएगी। आकस्मिक घटना के दौरान घायल व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने की विभिन्न विधियों से परिचित कराया गया तथा प्राथमिक चिकित्सा किट में शामिल होने वाली दवाओं और आवश्यक उपकरणों का प्रयोग कर बताया गया। प्रशिक्षकों ने छात्रों को बीपी सिक्स व्यायाम और मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया और उन्हें प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर डॉ अनुराग सिंह डॉ राजकुमार सिंह यादव डॉ सुजीत कुमार सिंह आदि प्राध्यापक गणों ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया।

# गुणवत्तापूर्ण व मानक के अनुरूप हो निर्माण कार्य : डॉ. दिनेश चंद्र



**जौनपुर।** जिलाधिकारी/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीडा डा. दिनेश चन्द्र द्वारा सतहरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण (सीडा) का औचक निरीक्षण और सीडा सभागार में बैठक की गयी।

सीडा प्राधिकरण के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा आवास निर्माण के कार्य की प्रगति को देखा गया और कार्य की गति धीमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा अर्द्धनिर्मित भवन (टाईप-4) को 7 जनवरी 2025 तक पूर्ण रूप से तैयार कर सीडा को हस्तगत कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये और कार्यदायी संस्था को नोटिस निर्गत किये जाने के निर्देश भी दिये गये।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और मानक के अनुरूप होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण कार्य की प्रगति को देखा और निर्देशित किया कि सीडा में सड़क संख्या-11 को शीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु कार्यदायी संस्था को नोटिस निर्गत किया जाय एवं किसी भी प्रकार की शिथिलता संस्था द्वारा न बरती जाय। इसके साथ ही उन्होंने पिछले निरीक्षण में जो भी दिशा-निर्देश दिये थे उनके अनुपालन का अवलोकन किया तथा कार्य की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सीडा के उद्यमी संगठन के प्रतिनिधि, अध्यक्ष, नगर पालिका मुंगराबादशाहपुर एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ महाकुम्भ-2025 में आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा के दृष्टिगत सीडा के उद्यमी संगठनों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-31 से होकर गुजरने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा हेतु 1 होल्डिंग एरिया का निर्माण कराया जाय जिसमें आवश्यकतानुसार बेड, विस्तर, कम्बल एवं प्रसाधन की अस्थायी व्यवस्था करायी जाय। इस दौरान उन्होंने मुरली बिन्द नामक वयोवृद्ध को कंबल प्रदान करते हुए उनका कुशलक्षेम भी पूछा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर, उपायुक्त उद्योग सन्दीप कुमार, औद्यागिक संगठन एवं प्रमुख उद्यमीगण सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग आकार मंदिर का जल शक्ति मंत्री ने किया भूमि पूजन

**ज्ञानपुर।** जिले के सुंदरबन राम जानकी मंदिर परिसर में बुधवार को विश्व के सबसे बड़े 180 फीट ऊंचे शिवलिंग आकार मंदिर का भूमि पूजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विद्वान पंडितों के मंत्रोचार के बीच भूमि पूजन किया। इसके पूर्व जल शक्ति मंत्री का भाजपा कार्यकताओं ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। भदोही विकासखंड क्षेत्र के सुंदरवन राम जानकी मंदिर परिसर में राजलक्ष्मी मंदा के द्वारा विश्व के सबसे बड़े शिव मंदिर का निर्माण का संकल्प लिया गया। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि इस मंदिर के निर्माण से जहां क्षेत्र वासियों को रोजगार मिलेगा तो वही जिले की दिव्यता को बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि काशी प्रयाग के मध्य भदोही जनपद अपने आप में तीर्थ स्थल है। जहां पर मां वैदेही एवं लव कुश का जन्म स्थली हो ऐसे भूमि अपने आप में एक तीर्थ स्थल है।

# जनपद में यूरिया की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता रहे : डीएम




**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के अवसर पर उपनिदेशक कृषि ने फार्मर रजिस्ट्री के सम्बध में जानकारी दी। डिप्टी आरएमओ ने धान क्रय के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराये।

धान क्रय 28 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि बाजरा के खरीद की तिथि 31 दिसम्बर 2024 निर्धारित है जो किसान बेचना चाह रहे, नजदीक के धान क्रय केन्द्र पर अपना बाजरा विक्रय कर सकते है।जिलाधिकारी ने एक्सईएन सिंचाई को निर्देश दिया कि समय से नहरों में पानी पहुचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी और एआर कापरेटिव को निर्देश दिया कि जनपद में यूरिया की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता रहे कहीं से भी शिकायत न आने पाये। उन्होने एलडीएम को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक किसानों को केसीसी के माध्यम से लोन वितरित कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए उन्होने उप निदेशक कृषि, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को सहयोग करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर सुनते हुए निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर डिप्टी पीडी आत्मा रमेश चन्द्र यादव सहित किसान संगठन के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महिला को धप्पड़ जड़ना दरोगा को पड़ा भारी



**गुस्सा**

**ग्रामीणों का आक्रोश देख भाग खड़े हुए**

**जलालपुर थाना क्षेत्र के मेघपुर गांव का मामला**

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जमीनी विवाद की सूचना पर गांव में पहुंचे एक दरोगा ने वर्दी की हनक दिखाते हुए एक महिला को धप्पड़ जड़ दिया। फिर क्या सरेआम हुई महिला की पिटाई से ग्रामीण आक्रोशित हो गये और गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस टीम को दौड़ा लिया।

ग्रामीणों का गुस्सा देख अपनी जान बचाते हुए दरोगा वहां से भाग निकले। पूरा मामला जलालपुर थाना क्षेत्र मेघपुर गांव का है। बताया जाता है कि गांव के दूधनाथ सिंह और लाल बहादुर पटेल के बीच आबादी की जमीन को लेकर काफी दिनों से न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। उक्त विवादित जमीन पर बुधवार की सुबह लाल बहादुर पटेल के पक्ष के लोग टीन शेड रखने लगे जिसके बाद दूधनाथ सिंह के पक्ष ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही मौके पर हल्का दरोगा विजय सिंह और मोहन प्रसाद पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। आरोप है कि लाल बहादुर पटेल पक्ष के एक सदस्य को पुलिस गांव में ही मारने पीटने लगी और उसे पकड़कर अपने साथ ले जाने लगी। लाल बहादुर पटेल पक्ष के लोग पुलिस पर एक तरफा कार्यवाही का आरोप लगाकर पुलिस कार्यवाही का विरोध करने लगे। विरोध से तिलमिलाए दरोगा विजय सिंह अपना आपा खो बैठें और एक महिला को धप्पड़ जड़ दिया। महिला की पिटाई के बाद वहां मौजूद काफी संख्या में लोग आक्रोशित हो गये और पुलिस को दौड़ा लिया। ग्रामीणों का आक्रोश देख दरोगा विजय सिंह और मोहन प्रसाद पुलिस टीम के साथ भाग निकले। हालांकि बाद में पुलिस ने टीम पर हमला करने के मामले में लालबहादुर पटेल पक्ष के दो पुरुष और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। चर्चा है कि दरोगा विजय सिंह की एक नादानी ने पुलिस को बैकफुट पर ला दिया है।

# पुलिस ने विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों को किया नजरबंद



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को प्रस्तावित विधानसभा घेराव करने जा रहे जिले के समस्त कांग्रेस नेताओं और पदाधिकारियों को योगी सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन द्वारा आधी रात से ही घरों मे नजरबंद कर दिया गया।

ज्ञात हो कि कांग्रेस पार्टी ने सरकार की हर नाकामी से पर्दा उठाने के लिए सड़क पर उतरकर संघर्ष करने का निर्णय लिया और 18 दिसंबर को विधानसभा घेराव करके सोई हुई सरकार को जगाने का आह्वान किया गया था। आज प्रदेश मुख्यालय मे होने वाले विधानसभा घेराव के शांतिपूर्ण प्रदर्शन का दमन करने की नियत से आधी रात को युथ कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनकर, एनएसयूआई अध्यक्ष अमन सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र वीर बहादुर विक्रम सिंह, जिला महासचिव एड. उस्मान अली, जिला महासचिव राकेश सिंह डब्बू, पूर्व एनएसयूआई अध्यक्ष शशांक राय, आदिल, आरिफ खान, शाहनवाज मंजूर सभासद और दर्जनों नेताओं समेत कांग्रेस शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम को घर में नजरबंद कर दिया गया। नजरबंद किए जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए विशाल सिंह हुकुम ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पुलिस प्रशासन के द्वारा विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार की दमनकारी नीति हमारी आवाज को नहीं दबा सकती है। हम आने वाले समय मे दुगनी ताकत से किसानों बेरोजगारों पिछड़ों और मजलूमों की आवाज को सदन से लेकर सड़क तक उठाने का काम करेंगे।

# जेल से रिहा हुए राघवेंद्र यादव का सपाइयों ने किया जोरदार स्वागत



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राघवेंद्र यादव का जेल से रिहा होने पर जौनपुर-मुंगराबादशाहपुर बॉर्डर पर पूर्व जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव की नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया।

उत्तर प्रदेश PCS व RO/ARO में भर्ती परीक्षा व तमाम अनियमितताओं को लेकर आंदोलन कर रहे समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव छात्र नेता इलाहाबाद विश्वविद्यालय राघवेंद्र यादव को जेल जाना पड़ा था।

बुधवार को नैनी जेल से छूटने के बाद जौनपुर बॉर्डर मुंगराबादशाहपुर में पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। वहीं राष्ट्रीय महासचिव राघवेंद्र यादव ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा सरकार के इशारे पर जेल भेजा गया है ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। एक दिन, एक परीक्षा कराने की माँग छात्रों की जायज थी परंतु सरकार पूर्ण रूप से नाकाम रही क्योंकि सरकार की मंशा परीक्षाओं को पारदर्शी तरीके से करवाने की थी ही नहीं। बेरोजगार युवाओं की बढ़ती संख्या प्रदेश के लिए खतरनाक है। उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध करवाकर के उन्हे सरकार द्वारा सही दिशा मे अग्रसर करना चाहिए था परंतु सरकार की कथनी और करनी मे बहुत अंतर है। युवाओं को नौकरी के सपने दिखाकर उन्हें छलने में पास हो गयी है। बीजेपी सरकार नौकरी पर जाने की बजाय युवा कोर्ट और जेल के चक्कर लगा रहे है। बीजेपी सरकार की मंशा साफ है कि वह सिर्फ बेरोजगार युवाओं को परेशान करना चाहती है।

उन्हें नौकरी देने की सरकार की कोई मंशा नहीं है। इस सरकार के अन्य अत्याचार के खिलाफ लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। इस मौके पर पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राज बहादुर यादव, रामलाल पाल, रामजतन यादव, नन्हकू यादव, संजय यादव, संदीप यादव, सावन यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# प्रयागराज महाकुंभ: काशी से है जुड़ा है कनेक्शन

## महाकुंभ में स्नान करने के बाद काशी में डुबकी लगाना होता है जरूरी





**महत्व**

### अन्यथा महाकुंभ स्नान का नहीं मिल पाता पुण्य

### प्रयागराज में स्नान करने के बाद लोग काशी का करते हैं रुख

**राधेश्याम कमल**

**वाराणसी।** प्रयागराज में महाकुंभ 13 जनवरी 2025 से प्रारंभ होने जा रहा है। महाकुंभ 26 फरवरी 2025 महाशिवरात्रि तक चलेगा। कहते हैं कि महाकुंभ में स्नान करने के बाद काशी आकर गंगा में डुबकी लगाना जरूरी होता है। महाकुंभ में स्नान करने के बाद अगर कोई काशी आकर गंगा में डुबकी नहीं लगा पाता है तो उसे महाकुंभ में स्नान करने का पुण्य नहीं मिल पाता है। यही वजह है कि कोई भी प्रयागराज में डुबकी लगाने के बाद काशी जरुर आते हैं। इसी के चलते काशी का सीधा कनेक्शन प्रयागराज से जुड़ा है। महाकुंभ 12 साल के बाद लगने जा रहा है। इसके पूर्व 1913 में कुंभ लगा था। अब 13 जनवरी 2025 को महाकुंभ लग रहा है। जो लोग प्रयागराज नहीं जा सकते हैं वह लोग काशी में दशाश्वमेधघाट के बगल में प्रयागघाट पर स्नान करके बंदी देवी मंदिर में जाकर प्रयागेश्वर महादेव का दर्शन करते हैं। इनका दर्शन करने से प्रयागराज कुंभ में स्नान करने का 10 गुना लाभ यहां मिलता है। ऐसा महर्षि वेदव्यास ने लिखा है। काशी से प्रयागराज महाकुंभ जाने का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है। यहां से मठों व आश्रमों के साधु-सन्यासियों का प्रयागराज में शिविर लगाने का काम भी शुरू हो गया है।

### ब्रह्मलीन दंडी स्वामी शिवानंद ने शुरु की थी यात्रा

धर्म सम्राट स्वामी करपात्री महराज के शिष्य ब्रह्मलीन दंडी स्वामी शिवानंद सरस्वती ने 1972 से काशी प्रदक्षिणा दर्शन समिति की ओर से अनवरत यात्रा प्रारंभ की थी। इस परम्परा को उमाशंकर गुप्ता जीवंत रखे हैं। यह यात्राएं नि:शुल्क चलायी जाती है।



ब्रह्मलीन स्वामी शिवानंद

### प्रयाग में बनायी जा रही विश्वनाथ धाम की प्रतिकृति: जगजीतन पांडेय

प्रयागराज में अखिल भारतीय धर्मसंघ दुर्गाकुंड की ओर से 108 फुट ऊंचा भव्य गेट बनाया जा रहा है। इसके साथ ही काशी विश्वनाथ धाम की प्रतिकृति भी बनायी जा रही है। यह जानकारी धर्मसंघ के सचिव जगजीतन पांडेय ने दी। बताया कि यहां से लगभग 400 साधु सन्यासी व भक्त तथा शिष्य प्रयागराज जा रहे हैं। वैसे 10 जनवरी से भक्तों के जाने का सिलसिला प्रारंभ हो जायेगा। इसके अलावा अतिरूद्र महायज्ञ का आयोजन भी होगा। इसमें 25 लाख आहुतियां डाली जायेगी। इस अवसर पर मुरलीधर (जोधपुर), राममोहनजी व गोपालजी आदि कई कथा वाचकों की कथा भी होगी। इसके अलावा गौशाला भी बनायी जा रही है।



जगजीतन पांडेय

### कब-कब होगा महाकुंभ का स्नान

ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक महाकुंभ का स्नान पौष पूर्णिमा 13 जनवरी 2025 से प्रारंभ होगा। इसके बाद 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर शाही स्नान होगा जिसमें साधु-संतों के अलावा विभिन्न अखाड़ों के नागा सन्यासी भी शामिल होंगे। इसके बाद 29 जनवरी मौनी अमावस्या, 3 फरवरी वसंत पंचमी, 12 फरवरी माघी पूर्णिमा, 26 फरवरी महाशिवरात्रि पर महाकुंभ का स्नान होगा। महाकुंभ पौष पूर्णिमा से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि तक चलेगा। यह महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा। महाकुंभ का महात्म्य यह है कि प्रयागराज में महाकुंभ पर स्नान करने पर सभी पाप दोष दूर हो जाते हैं। जितना भी विध्न बाधा है सभी का शमन हो जाता है। महाकुंभ में स्नान करने से पूर्वज (पितर) काफी प्रसन्न होते हैं। उनका भी हमें आशीर्वाद प्राप्त होता है।



पं. विमल जैन

### समुद्र मंथन के दौरान चार जगहों पर छलका था अमृत: पं. शिव प्रसाद पांडेय

दशाश्वमेघघाट सिद्धपीठ बड़ी शीतला माता मंदिर के महंत पं. शिव प्रसाद पांडेय लिंगिंया महराज ने बताया कि जब समुद्र मंथन हुआ तब उसमें से अमृत निकला जिसे लेने के लिए देवताओं व असुरों में युद्ध होने लगा। अंत में भगवान विष्णु मोहिनी रुप धारण कर अमृत को निकाल लिया और उसे गरुण को सौंप दिया। अमृत ले जाते समय चार जगहों पर छलका जिसमें 1- प्रयागराज, 2- हरिद्वार, 3-नासिक व 4- उज्जैन रहा। जहां अमृत गिरा वहां 12 साल के बाद महाकुंभ व छह साल के बाद अर्धकुंभ लगता है। इसका प्रथम स्नान मकर संक्रांति से शुरू होगा। प्रयागराज में कल्पवास का भी बहुत महत्व है। सृष्टि की रचना के समय भगवान ब्रह्मा ने प्रयागराज में प्रथम यज्ञ किया था। कल्पवास एक महीने का होता है। कल्पवास करने वाले ज्यादातर गृहस्थ होते हैं। वैसे साधु- सन्यासी भी कल्पवास करते हैं।



पं. शिवप्रसाद पांडेय

### काशी में बाबा विश्वनाथ ने सब व्यवस्था की है: उमाशंकर गुप्ता

काशी प्रदक्षिणा दर्शन यात्रा समिति के संचालक उमाशंकर गुप्ता बताते हैं कि काशी में बाबा विश्वनाथ ने सभी व्यवस्था की है। काशीवासियों को बाबा विश्वनाथ कहते हैं कि आपको कहीं भी जाने की जरुरत नहीं है। यहां पर चारों धाम भी है। यहां काशी 15 आना अंश में विराजमान है। जो लोग बाहर जाकर चार धाम या सप्तपुरी यात्रा या 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा करते हैं उन सभी यात्राओं का लाभ काशी में ही विराजमान है।



उमाशंकर गुप्ता

### काशी से प्रयागराज कई अखाड़े जायेंगे

महंत शंकरपुरी बताते हैं कि काशी से प्रयागराज महाकुंभ में कई अखाड़े जायेंगे। यहां पर जूना अखाड़ा (हनुमानघाट), निरंजनी (शिवाला), निर्वाणी,साधु बेला (रवीन्द्रपुरी) निर्मोही, उदासीन, अटल समेत कुल 14 अखाड़े हैं। यहां से नागा सन्यासी प्रयाग में जाकर स्नान करते हैं। इस बार भी काशी के अखाड़ों से प्रयागराज जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रयागराज में शिविर बनाने का काम भी शुरू हो गया है। बनारस से हर अखाड़ों से सैकड़ों नागा साधु प्रयागराज स्नान करने जाते हैं। पिछले दिनों नागा साधुओं का एक जत्था बनारस से रवाना हुआ है।



महंत शंकरपुरी

# क्रिसमस पर आईआरसीटीसी ने दिया राजस्थान का पैकेज

**वाराणसी।** सर्दियों की छुटियों को ध्यान में रखते हुए आईआरसीटीसी ने रंगीला राजस्थान का हवाई टूर पैकेज, यह पैकेज सात रात एवं आठ दिन का है। जिसमें-जयपुर, पुष्कर, जैसलमेर, बीकानेर और जोधपुर का भ्रमण कराया जाएगा यह पैकेज तीन जनवरी से 10 तक है। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म आईआरसीटीसी भारत सरकार के रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है। आईआरसीटीसी को स्टेशनों, ट्रेनों और अन्य स्थानों पर खानपान और आतिथ्य सेवाओं को उन्नत करने एवं पेशेवर बनाने और प्रबंधित करने और घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेलवे की एक विस्तारित शाखा के रूप में स्थापित किया गया है। इस टूर में यात्रियों को लखनऊ से जयपुर जाने की सीधी फ्लाइट की व्यवस्था, और जोधपुर से लखनऊ आने की व्यवस्था फ्लाइट के माध्यम से की गई है। खान-पान एवं ठहरने के लिए तीन सितारा होटल/कैंप में व्यवस्था की गयी है। यात्रा के दौरान जयपुर में, आमेर किला, सिटी पैलेस, जंतर मंतर, बिरला मंदिर, हवा महल, जल महल। पुष्कर में, पुष्कर मंदिर। बीकानेर में, जूनागढ़ किला, करणी माता मंदिर। जैसलमेर में, ऊँट की सवारी, लोक नृत्य, पटवों की हवेली और गढ़ी सागर झील। जोधपुर में, मेहरानगढ़ किला, मोती महल, फूल महल आदि का भ्रमण कराया जायेगा। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी।

# वास्तुकला के अद्भुत नमूने की मिसाल है सेंट पॉल चर्च

**अश्वनी कुमार श्रीवास्तव**

**आने को है क्रिसमस**

### इंग्लैंड से मंगाई गई थीं तीन घड़ियां, जो थीं आकर्षण का केंद्र

### चर्च में टंगा घंटा 150 किलो का है, जो ब्रिटेन से मंगाया गया था

**वाराणसी।** प्रोटेस्टेंट मसीही समुदाय के इस प्राचीन चर्च की इमारत आज भी वैसे ही खड़ी है। 1841 में निर्माण के बाद से चर्च का संचालन इंग्लैंड मिशनरी सोसाइटी करती थी। आजादी के बाद 1970 में जब चर्च ऑफ नॉर्थ ईस्ट संस्था बनी तो यह भी उससे संबद्ध हो गया। वर्तमान में पादरी सैम जोशुआ बताते हैं कि चर्च में टंगा घंटा 150 किलो का है। जो ब्रिटेन से मंगाकर टांगा गया था। ब्रिटिश वास्तुकला का शानदार उदाहरण सिगरा का सेंट पॉल चर्च ने बेशकीमती इतिहास समेटे रखा है। चर्च में आज भी ऐसी धरोहर है जो सैकड़ों साल से उसी रूप में है। उस समय इंग्लैंड से मंगाई गईं तीन घड़ियां आज भी मौजूद हैं। एक दौर ऐसा भी था कि इन घड़ियों का घंटा बजते ही पूरे शहर के लोग अपनी घड़ी की सुई मिलाते थे। बनारस आने वाले सैलानियों के लिए आज भी यह आकर्षण का केंद्र रहता है। सवा सौ फीट लंबा चर्च दूर से ही दिख जाता है। लखोटिया ईंट से खड़े इस चर्च को अंग्रेज आर्किटेक्ट जॉन पॉल ने तैयार किया था। प्रोटेस्टेंट मसीही समुदाय के इस प्राचीन चर्च की इमारत आज भी वैसे ही खड़ी है। 1841 में निर्माण के बाद से चर्च का संचालन इंग्लैंड मिशनरी सोसाइटी करती थी। आजादी के बाद 1970 में जब चर्च ऑफ नॉर्थ ईस्ट संस्था बनी तो यह भी उससे संबद्ध हो गया। वर्तमान में पादरी सैम जोशुआ बताते हैं कि चर्च में टंगा घंटा 150 किलो का है। जो ब्रिटेन से मंगाकर टांगा गया था। सिगरा और महमूरगंज इलाके के क्रिश्चियन कॉलोनी के लोग यहां प्रार्थना करते हैं। रविवार के अलावा यहां क्रिसमस, न्यू ईयर, गुड फ्राइडे, ईस्टर, मसीही और रोजा जैसे त्योहारों पर मसीही कलिसिया जुटती हैं।



# आर्य महिला नागरमल मॉडल स्कूल में बच्चों ने मचाया धमाल

**66वां वार्षिकोत्सव**

### गुरुकुल की मूल्यपरक शिक्षा प्रणाली वर्तमान युग की मांग: विद्यासागर



**वाराणसी।** आर्य महिला नागरमल मॉडल स्कूल का 66वां वार्षिकोत्सव बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच संपन्न हुआ इस मौके पर मेधावी बच्चों का सम्मान भी किया गया। चौकाघाट स्थित पद्म भूषण गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल में सांस्कृतिक युग का स्वर्णिम काल' नाम से आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी महानगर के अध्यक्ष विद्यासागर राय ने दीप प्रज्वलित कर किया, इस मौके पर डॉ अनुराग दीक्षित, श्रीमती पूजा दीक्षित, शशिकांत दीक्षित मौजूद रहे। महानगर अध्यक्ष ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन काल में गुरुकुल युवा सपनों को पंख देने के लिए उनकी निखरती प्रतिभा को सम्मानित करने के लिए एक सात्विक वातावरण तैयार करता था। आज यही कार्य मूल्यपरक दृष्टि वाले महाविद्यालय कर रहे हैं। वर्तमान युग में विद्यालय युवाओं के हौसले को प्राचीन मूल्य से सींचकर उन्हें आधुनिक कला कौशल सीखा रहे हैं। यह सब देखकर ऐसा लगता है कि वर्तमान युग की शिक्षा प्रणाली एक बार फिर गुरुकुल परंपरा की ओर लौट रही है जिसकी महती आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के नए 'लोगो' का भी लोकार्पण किया।

शुभारंभ की औपचारिकता के बाद विद्यालय के वार्षिकोत्सव की सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत गणेश पंचरत्न स्तोत्र से की गई जिसे भावना ग्रुप ने बखूबी प्रस्तुत किया। मां दुर्गा द्वारा महिषासुर वध तथा शिव तांडव नृत्य प्रस्तुत कर मुद्रिका और सौभाग्य ग्रुप ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। बाल वाटिका के नन्हे मुन्नों ने लिटिल लीजेंड्स नाम से नृत्य कर सभी का मन मोह लिया।रेट्रो टू मेट्रो और शास्त्रीय गायन छाप तिलक सब छीनी तथा कव्वाली का अनूठा संगम भी देखने को मिला। सांस्कृतिक संध्या का विशेष आकर्षण किंग द ग्रेट अशोक नामक नृत्य नाटिका रही। इस नाटक में सम्राट अशोक के जन्म से लगाकर कलिंग युद्ध तक की विभीषिका को मार्मिक बड़े ढंग से प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक संध्या की भव्यता और उसकी खूबसूरती बढ़ाने में विद्यालय की 434 छात्राओं का योगदान रहा।

### प्रतिभाओं का सम्मान

शैक्षणिक तथा खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित भी किया गया। कक्षा 12 में कला वर्ग में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं में मनीषा यादव, 97%,आयुषी उपाध्याय 96% तथा परी सेठ 95% वाणिज्य वर्ग में काव्या शर्मा 95% मेघना मुखर्जी 94% तथा समृद्धि कपूर 93% , विज्ञान वर्ग में दृष्टि दत्ता 94% अर्पिता सिंह 93% तथा स्मृति यादव 90% अंक प्राप्त कर क्रमश: प्रथम ,द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर सम्मानित हुई। कक्षा 10 में श्रेयांशिका कॉल 95% प्रज्ञा दुबे 94% तथा यशिका सिंह 93% क्रमश: प्रथम ,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त कर सम्मानित हुई। शैक्षणिक उपलब्धियो के अतिरिक्त मुख्य अतिथि द्वारा सांसद खेलकूद प्रतियोगिता काशी, 2024 में स्वर्ण तथा कांस्य पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुन: एक बार सम्मानित किया गया। इन छात्राओं में जिला स्तर पर बूसो गेम में पलक सिंह , टग ऑफ वार में शांभवी श्रीवास्तव ,प्रिया यादव, समरीन बानो, इच्छा मौर्या , अंचमई जायसवाल ,अमृता सिंह , सिद्रा फातिमा, लाइबा खान ने स्वर्ण पदक , एथलेटिक में आयुषी जायसवाल , बैडमिंटन में प्रिया यादव, आर्या यादव तथा ताइक्वांडो में आयुषी जायसवाल को कांस्य पदक प्राप्त किया था। मुख्य अतिथि सहित अतिथियों का स्वागत डॉक्टर अनुराग दीक्षित ने तथा पूजा दीक्षित ने सम्मिलित रूप से किया। डॉक्टर शशीकांत दीक्षित सहित श्री राजेश राय,श्री अशोक सिंह,श्री अमूल्य शर्मा,प्रोफेसर शंभू उपाध्याय, श्री अमूल्य शर्मा ,डॉ अखिलेंद्र त्रिपाठी, श्री मुकुंद लाल अग्रवाल सहित नगर के प्रतिष्ठित गणमान्य अतिथिगण, छात्रों के अभिभावक शिक्षक शिक्षिकाएं तथा गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे। इस भव्य कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दीपा जोशी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती अंजना दीक्षित ने दिया।

# तंडेल का नया गाना 22 दिसंबर को होगा लॉन्च

**वाराणसी।** युवा सम्राट नागा चैतन्य की बहुप्रतीक्षित फिल्म तंडेल, जिसका निर्देशन चंदू मोंडेती ने किया है और जिसका निर्माण बनी वासु ने प्रतिष्ठित गीता आर्ट्स बैनर के तहत किया है, जिसे अल्लू अरविंद प्रस्तुत कर रहे हैं, जिसमें बहुत ही प्रतिभाशाली साई पल्लवी मुख्य महिला भूमिका में हैं। रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद ने संगीत दिया है, और पहला एकल बुज्जी थल्ली 30 मिलियन से अधिक व्यू के साथ पहले से ही सभी संगीत चार्ट में शीर्ष पर है।

आज, निमार्ताओं ने 22 दिसंबर को काशी के दिव्य घाटों पर फिल्म के दूसरे एकल- शिव शक्ति को लॉन्च करने की घोषणा की। यह गीत संगीत की दृष्टि से आकर्षक और दृश्यात्मक रूप से आश्चर्यजनक होने की उम्मीद है, जो श्रीकाकुलम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन श्री मुखलिंगम शिव मंदिर को दशार्ता है। निमार्ता एक शानदार अनुभव का वादा करते हैं जो त्यौहार को उसकी पूरी महिमा में मनाएगा। इस जथारा गाने की कोरियोग्राफी शेखर मास्टर ने की थी। शिव शक्ति का पोस्टर इस रहस्य को और बढ़ाता है, जिसमें नागा चैतन्य और साई पल्लवी शक्तिशाली शिव और शक्ति मुद्राओं में कैद हैं, जो एक-दूसरे को गहन ध्यान से देख रहे हैं। भारी भीड़ से घिरे, उनके पारंपरिक परिधान और जथारा का जीवंत माहौल गाने के आध्यात्मिक विषय को जीवंत कर देता है। इस गाने को बड़े बजट में बड़े पैमाने पर शूट किया गया था, जिससे यह नागा चैतन्य का अब तक का सबसे महंगा ट्रैक बन गया। फिल्म में एक उल्लेखनीय क्रू भी है, जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार देवी श्री प्रसाद ने संगीत दिया है, शमदत ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है, और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नवीन नूली संपादक हैं। श्रीनागेंद्र तंगला कला विभाग के प्रमुख हैं। तंडेल 7 फरवरी को रिलीज के लिए तैयार हो रही है। फिल्म में नागा चैतन्य और साई पल्लवी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि चंदू मोंडेती लेखक और निर्देशक हैं। अल्लू अरविंद द्वारा प्रस्तुत और प्रतिष्ठित गीता आर्ट्स बैनर के तहत बनी वासु द्वारा निर्मित, इस फिल्म में एक असाधारण तकनीकी दल है। संगीत देवी श्री प्रसाद द्वारा रचित है, छायांकन शमदत द्वारा किया गया है और संपादन नवीन नूली द्वारा किया गया है। कला निर्देशन श्रीनागेंद्र तंगला द्वारा संभाला गया है, जबकि वामसी-शेखर पीआरओ के रूप में काम करते हैं, और मार्केटिंग का प्रबंधन फर्स्टशो द्वारा किया जाता है।




### बच्चों का भविष्य बनाने में अभिभावकों की अहम भूमिका



**चौबेपुर।** स्थानीय बाजार के डालिम्स सनबीम स्कूल मे नई दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने विद्यालय में प्रतिभाग किया इसके पहले विद्यालय में फूलों की बारिश के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया बच्चे उनको को देखकर उत्साहित हो गए। आये अतिथियों का स्वागत चेयरमैन चंद्रप्रकाश मिश्रा गुडू ने किया तत्पश्चात दीप प्रज्वलंन कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। सांसद मनोज तिवारी ने सर्व प्रथम बच्चो तथा अभिवावको के मांग पर उन्होने कई गाने सुनाये जिसमे बबुआ हमार डीएम होइए, जिया हो बिहार के लाला जिया तु हजार साला, बाड़ी शेर पर सवार रुपवा मनवा मोहत बा प्रमुख रूप से रहे उसके बाद उन्होंने अपने उधद्बोधन मे कहाँ, बच्चों का भविष्य बनाने में अभिभावकों की अहम भूमिका होती हैं। अभिभावक अपने बच्चों के लिए समय निकालें। घरों में स्वाध्यय के लिए प्रेरित करें। साथ ही नई शिक्षा पॉलिसी पर जोर दिया. कार्यक्रम के अंत में भोजपुरी गायक रितेश पाण्डेय ने अपने विख्यात गाने हैलो कौन से और निशा उपाध्याय ने अपने गाने जोत से जोत जलाते चलो से लोगो को मन्त्रमुग्ध कर दिया। उसके बाद विद्यालय के बच्चों ने दर्जनों गानों पर नृत्य सहित विभिन्न प्रकार के नाट्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किया, कार्यक्रम के दौरान नन्हें-मुन्ने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान डीआईओएस अवध किशोर सिंह. सत्य प्रकाश त्रिपाठी एडी बेसिक कार्यक्रम विनोद कुमार राय सीकेट्री एजुकेशन बोर्ड यूपी संगीता राय, डा अशोक राय अल्का मिश्रा शुभम मिश्रा के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल तरुण रुपाणी किया इनके साथ मंच का सफल मंचन प्रियांशी चौबे और प्रभु नाथ राय दाढ़ी में संयुक्त रूप से किया इनके साथ स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाएं के साथ अन्य लोगो की उपस्थिती रही ।

# हाइवे से खेतों तक आवारा पशुओं का फैला है आतंक

**समस्या**

### किसान सहित राहगीर परेशान, जिम्मेदार मौन

**जनसंदेश न्यूज**

**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** जिलेभर में बेसहारा पशुओं का इस तरह आतंक है कि यह पशु खेतों में घुसकर किसान की फसल उजाड़ रहे हैं, हाइवे पर हादसे का कारण बनते हैं। आए दिन हादसे हो रहे हैं। इनको पकड़कर गोशाला भेजवाने के जिम्मेदार पशुपालन विभाग लापरवाह बना हुआ है जिससे किसान से लगायत राहगीर परेशान हैं।

हाइवे पर घूम रहे ये बेसहारा पशु हादसे का कारण बन रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में यह बेसहारा पशु खेतों में घुसकर फसल चौपट कर रहे हैं। इन्हें भगाने किसान खेतों में पहुंचता है तो यह उन पर हमला कर देते हैं। खेतों में इनकी रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयास विफल साबित हो रहे हैं। जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। किसानों की परेशानी अब हद से ज्यादा बढ़ गई है। फसल रखाने के लिए रात जागकर काटनी पड़ रही है। इसके बावजूद भी पशुओं को रोक पाना मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि हाइवे पर विचरण करते ये बेसहारा पशु हादसे का कारण बन रहे हैं।

इन्हें पकड़कर गोशाला भेजने का काम नहीं हो रहा है, जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी ठेकमा आलोक सिंह ने बताया कि हर समय बेसहारा पशुओं को पड़कर गोशाला भेजा जाता है।



हाइवे के पास विचरण करते आवारा पशु।

### टीजीटी में कमल नारायण का चयन ग्रामीणों ने जताया हर्ष

**हलिया।** क्षेत्र के पुरवा औसान सिंह गांव निवासी 35 वर्षीय कमलनारायण त्रिपाठी का बिहार टीजीटी परीक्षा में हिंदी विषय के शिक्षक पद पर चयन होने पर परिजनों और ग्रामीणों में खुशी व्याप्त है। पुरवा औसान सिंह गांव निवासी रमाशंकर त्रिपाठी के पुत्र कमल नारायण त्रिपाठी ने बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित टीजीटी हिंदी विषय में 136 वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।कमल नारायण त्रिपाठी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरू जनों को दिया है। कमल नारायण त्रिपाठी के बिहार टीजीटी परीक्षा में सफलता हासिल करने पर प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ग्राम प्रधान सूरज मौर्य, राजेश मौर्य, सुखबली सिंह, मुकुंद लाल त्रिपाठी आदि ने हर्ष जताया है।

### आयुक्त ने जन प्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्ताव के सम्बंध में की समीक्षा

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त डॉ0 मुथु कुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में पूर्वांचल विकास निधि जिलांश अंतर्गत जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्ताव के संबंध में समीक्षा की गई। मीरजापुर का प्रस्ताव अभी प्राप्त नहीं हुआ है। सोनभद्र का प्रस्ताव प्राप्त हो गया है एवं भदोही का आंशिक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिन जनपदों से अभी तक प्रस्ताव उपलब्ध नहीं कराया गया है, तत्काल जनप्रतिनिधि से सम्पर्क कर उपलब्ध कराएं। समीक्षा के दौरान बताया गया कि तीनों जनपदों में कुछ कार्य पूर्ण हो गए हैं कुछ कार्य प्रगति पर है कुछ कार्य पूर्ण हो गए हैं किंतु गुणवत्ता संतोषजनक न पाए जाने पर कराए गए कार्यों की टीम गठित कर मुख्य विकास अधिकारी को जांच करने का निर्देश मण्डलायुक्त ने दिया। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, भदोही शिवाकांत द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शशिकांत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

